3/6/23

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

Acc 6523

# विश्रामसागर

S.P.S. MUSEUM SRINAGAR

## जिसमें

षट शास्त्र अठारहों पुराण का मत और श्री त्रिभुवनपति कृष्ण चन्द्रावतार के चरित्र जन्म से निज लोक गमन पर्य्यन्त और श्री सच्चिदानन्द परब्रह्म रामावतार की कथा बहुत से ग्रन्थों के मत से उत्तम २ छन्दों में वर्णित है

## उसको

श्रीमन्महा महोपाध्याय गुणि गण मण्डली मण्डन श्री परब्रह्म रामचन्द्र जी के पादारविन्दानुरागी परम वैष्णव महन्थ श्री रघुनाथ दास राम सनेहीजी ने महात्माओं और हरि भक्तों और विद्या रसामृत स्पर्शियों के निमित्त अतीव परिश्रम करके सम्पूर्ण ग्रन्थों के आशय लेकर भाषा उल्था किया

दूसरी बार
मुन्शी नवलकिशोर के छापेखाने में छापागया
अक्टूबर सन् १८८० ई०
श्री सम्वत् १९३७ ई०

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

# विज्ञप्ति

इस महीने अर्थात अकूबर सन १८८० ई० पर्य्यन्त जो पुस्तकें बेच के लिये तैय्यार हैं वह इस फ़ेहरिस्त में लिखी हैं और उनका मोल भी बहुत किफ़ायत से घटा कर लिखा है परन्तु व्यौपारियों के लिये और भी सस्ती होंगी जिन को व्यौपार की इच्छा हो वह छाप खाने के मुहतमिम अथवा मालिक के नाम ख़त भेजकर क़ीमत का निर्णय करलें।

| नाम किताब | नाम किताब | नाम किताब |
|---|---|---|
| भाषा पुराण इतिहास | दोहावली रामायण | शुक बहत्तरी |
| काव्य कोष | विनय पत्रिका | बकावली सुमन- |
| महाभारत भाषा छन्द | सुख सागर टैप | चहार दरवेश |
| प्रबन्ध | तथा उत्तम पत्थर के छा- | क़िस्सा हातम ताई |
| विजय मुक्तावली महा- | पे की | अपूर्व्व कथा |
| भारत का संक्षेप | सती विलास | क़िस्सा गुल सनोबर |
| रामायण तुलसी कृत मू- | प्रेमसागर | इन्द्र सभा |
| तथा सटीक मानस दीपि- | ब्रजविलास | सहस्र रजनी चरित्र |
| का कोष इत्यादि सहित | भक्तमाल | दास्तान अमीर हमज़ा |
| तथा मोटे अक्षरों की मये | बिक्रम बिलास | मनोहर कहानी |
| तसवीर | श्री राम व्याहोत्सव | अवतार कथा ऽ मृत |
| रामायण कवितावली | बैताल पचीसी | कमीशन बड़ोदा |
| तथा गीतावली | सिंहासन बत्तीसी | सूरसागर |
| रामायण राम बिलास | पद्मावती खण्ड | कृष्ण सागर |
| कृष्णप्रिया | दान लीला नाग लीला | देवी भागवत |

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

6523. Price R. /8/

SRI RANBIR LIBRARY JAMMOO No.____

# सूची पत्र

## विश्राम सागर की कथा का॥


| अध्याय | विषय | पृष्ठ से | पृष्ठ तक | अध्याय | विषय | पृष्ठ से | पृष्ठ तक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | मंगल चरण | १ | ६ | | वर्णन | ६६ | ७२ |
| २ | कथा प्रसंग वर्णन | ६ | १२ | २४ | गौतमी सुव्रता धर्म | | |
| ३ | गुरु माहात्म्य और नारद | | | | प्रसंग वर्णन | ७२ | ७६ |
| | कथा | १२ | १६ | २५ | मुदगल प्रसंग वर्णन | ७६ | ८१ |
| ४-५ | गुरु माहात्म्य और कृष्णा | | | २६ | वीरभद्र प्रसंग वर्णन | ८१ | ८६ |
| | दत्त कथा | १७ | २७ | २७ | हरिश्चन्द्र सुधन्वा कथा | | |
| ६ | नाम माहात्म्य | २७ | ३४ | | वर्णन | ८६ | ९५ |
| ७ | बालमीकि-गज-गणिका | | | २८ | राजा सिदिघा देवदत्त प- | | |
| | यमन उद्धारण | ३४ | ३८ | | संग वर्णन | ९३ | ९९ |
| ८ | अजामिल कथा वर्णन | ३८ | ४३ | १९ | सुदर्शन कथा वर्णन | ९९ | १०३ |
| ९ | यमदूत कथा वर्णन | ४३ | ४६ | २० | बकुला गऊ की कथा | | |
| १० | गृहधर्म अधिक कपोत | | | | वर्णन | १०३ | १०८ |
| | संवाद | ४६ | ५१ | २१ | मोरध्वज कथा वर्णन | १०८ | ११३ |
| ११ | यमपुरी वर्णन | ५१ | ६० | २२ | मोरध्वज आख्यान व- | | |
| १२ | गृह धर्म कर्म विपाक | | | | र्णन | ११३ | ११७ |
| | वर्णन | ६० | ६६ | २३ | ध्रुव चरित्र वर्णन | ११७ | १२३ |
| १३ | सुव्रता यम राज प्रसंग | | | २४ | ध्रुव मधुबन आगमन | १२३ | १३० |


CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

| अध्याय | विषय | पृष्ठसे | पृष्ठतक | अध्याय | विषय | पृष्ठसे | पृष्ठतक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| २५ | प्रह्लाद कथा वर्णन | २३० | १३६ | ३९ | सत्संग माहात्म्य वर्णन | २२३ | २२७ |
| २६ | श्री नृसिंह अवतार व- | | | ४० | अम्बरीष कथा वर्णन | २२७ | २३१ |
| | र्णन | १३६ | १४४ | ४१ | चन्द्रहास आख्यान | | |
| २७ | ब्रह्मा की उत्पत्ति अयो- | | | | वर्णन | २३१ | २३६ |
| | ध्या की उत्पत्ति स्वाम्भू म- | | | ४२ | नृग प्रसंग संत लक्षण | | |
| | नु कथा वर्णन | १४४ | १५० | | वर्णन | २३६ | २४७ |
| २८ | सातों द्वीप नव खण्ड प्र- | | | ४३ | राजा व्यास आख्यान | | |
| | मान श्री सरयू की उत्पत्ति | | | | वर्णन | २४७ | २५२ |
| | वर्णन | १५१ | १५८ | ४४ | राजा व्यास नारद संवाद | | |
| २९ | श्री गंगा की उत्पत्ति वर्णन | १५८ | १६४ | | वर्णन | २५३ | २५७ |
| ३० | एकादशी उत्पत्ति वर्णन | १६४ | १६९ | ४५ | व्यास पित्र उद्धार वर्णन | २५७ | २६३ |
| ३१ | | | | ४६ | नवधा भक्ति वर्णन | २६३ | २७२ |
| ३२ | एकादशी माहात्म्य वर्णन | १६९ | १८२ | ४७ | छओं शास्त्र की जुदी | | |
| ३३ | श्री तुलसी माहात्म्य वर्णन | १८२ | १८९ | | जुदी वाक्य | २७२ | २८२ |
| ३४ | युधिष्ठिर यक्ष वर्णाश्रम | | | १ | कृष्णायन प्रसंग वर्णन | | |
| | धर्म हरि भक्ति साधन वर्णन | १८९ | १९७ | २ | कृष्ण जन्म उत्साह पूत- | २८२ | २९१ |
| ३५ | जाजुल्य ऋषि तुलाधार | | | | ना काग असुर तृणावर्त | | |
| | प्रसंग वर्णन | १९७ | २०३ | | बध वर्णन | २९१ | २९९ |
| ३६ | भक्ती दत्तात्रेय संवाद चौ- | | | ३ | कृष्ण दधि चोरी बाक्य | | |
| | बिस गुरु कथा वर्णन | २०३ | २१० | | बिलास वर्णन | २९९ | ३०७ |
| ३७ | पिता पुत्र संवाद अलरक | | | ४ | कृष्ण ऊखल बन्धन | | |
| | प्रसंग | २१० | २१५ | | यमलार्जुन उद्धार राधि- | | |
| ३८ | लखन जीत प्रसंग वर्णन | २१५ | २२३ | | का विवाह ब्रह्मा बच्छ- | | |


CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

| अध्याय | विषय | पृष्ठ से | पृष्ठ तक | अध्याय | विषय | पृष्ठ से | पृष्ठ तक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | हरण धेनुक बध वर्णन | ३०७ | ३१५ | ४ | श्रीराम चन्द्र बाल ली- | | |
| ५ | कृष्ण चतुर्मासा चीर ह- | | | | ला वर्णन | ३९५ | ४०३ |
| | रण दान लीला गोवर्द्ध- | | | ५ | राम चरित्र वर्णन | ४०३ | ४१५ |
| | न लीला वर्णन | ३१५ | ३२३ | ६ | विश्वामित्र मख रक्षण | | |
| ६ | कृष्ण रास लीला वर्णन | ३२३ | ३२७ | | वर्णन | ४१५ | ४२४ |
| ७ | कृष्ण मथुरा आगमन | | | ७ | श्रीरामचन्द्र रंगभूमि | | |
| | वर्णन | ३२७ | ३३५ | | आगमन | ४२४ | ४३६ |
| ८ | कृष्ण कुबरी गृह आग- | | | ८ | श्री परस राम बनयात्रा | | |
| | मन वर्णन | ३३५ | ३४० | | वर्णन | ४३६ | ४४२ |
| ९ | उद्धव ब्रज आगमन | ३४० | ३४३ | ९ | श्रीरामचन्द्र विवाह | | |
| १० | कृष्ण जरासंध समर | | | | वर्णन | ४४२ | ४५३ |
| | वर्णन | ३४३ | ३४८ | १० | श्रीराम कलेवा वर्णन | ४५३ | ४५५ |
| ११ | कृष्ण रुक्मिणी हरण | | | ११ | श्रीरामचन्द्र श्री अयो- | | |
| | वर्णन | ३४८ | ३६४ | | ध्या आगमन | ४५५ | ४६३ |
| १२ | रुक्मिणी मंगल प्रद्यु- | | | २२ | श्री राम बन यात्रा नृप | | |
| | म्न उत्पत्ति अरु रति | | | | विषाद वर्णन | ४६३ | ४७३ |
| | संग विवाह वर्णन | ३६४ | ३६९ | १३ | श्री राम चित्रकूट आगमन | | |
| १ | रामायण प्रसंग रावण | | | | वर्णन | ४७३ | ४८० |
| | उत्पत्ति अरु युद्ध विषय | | | १४ | श्री भरत चित्रकूट गम- | | |
| | जय पराजय वर्णन | ३७० | ३७८ | | न वर्णन | ४८० | ४८८ |
| २ | मेघनाद आदि रावण | | | २५ | श्री भरत चित्रकूट आ- | | |
| | विजय वर्णन | ३७८ | ३८४ | | गमन वर्णन | ४८८ | ४९६ |
| ३ | राम जन्म उत्सव वर्णन | ३८४ | ३९४ | २६ | श्री भरत पादुका प्र- | | |


CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

| अध्याय | विषय | पृष्ठसे | पृष्ठतक | अध्याय | विषय | पृष्ठसे | पृष्ठतक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | भिषेक वर्णन | ४९६ | ५०५ | | न वर्णन | ५५९ | ५६२ |
| १७ | श्रीराम दंड कवन आगमन वर्णन | ५०५ | ५२३ | २५ | अंगद रावण सम्बाद वर्णन | ५६३ | ५६६ |
| १८ | श्रीराम सेवरी गृह आगमन वर्णन | ५२३ | ५२४ | २६ | लक्ष्मण छिन राम बिरह वर्णन | ५६६ | ५७६ |
| १९ | श्रीराम सुग्रीव मित्रता वर्णन | ५२५ | ५३१ | २७ | मेघनाद बध और सुलोचना सती वर्णन | ५७६ | ५८३ |
| २० | बालि बध सैन आगमन वर्णन | ५३१ | ५३५ | २८ | कुम्भकरण बध राम रावण समर वर्णन | ५८३ | ५९० |
| २१ | मारुत नन्दन श्री सीता प्रति श्रीराम संदेशा वर्णन | ५३६ | ५४२ | २९ | श्रीराम करके रावण बध श्री अयोध्या आगमन वर्णन | ५९० | ५९४ |
| २२ | हनुमान लंका पुरी विध्वंस वर्णन | ५४२ | ५४९ | ३० | श्रीराम भरत मिलाप श्रीराम राज्य अभिषेक वर्णन | ५९३ | ६०६ |
| २३ | श्रीराम सिंधु तट आगमन वर्णन | ५४९ | ५५८ | | इति | | |
| २४ | श्रीराम सुबेल आगम | | | | | | |


CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

تصویر رگھناتھ داس رام سنیہی




CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

श्रीगणेशायनमः

# अथबिश्रामसागर

## रघुनाथदासरामसनेहीकृतप्रारम्भः

## श्लोक

सीतारामेति युगुलं वस्तुतस्त्वेकरूपिणं॥
परमानन्दसन्दोहं सर्व्वाराध्यं नतोस्म्यहम्॥

तत्प्राप्त्यै परिमार्गिताहि बहुधा लोके जनानैव तद्दातारं हरिभक्तदासगुरुतोन्यान्यं क्वचिद्दृष्टवान्। तेषामेवतुपाद पद्म सुभवायासु स्व चक्षा जिहं रघुनाथाखिलग्रन्थसारसुखदं बिश्राम सिन्धौ कृते॥

दो॰ सुमिरि राम सिय सन्त गुरु गणप गिरा सुखदानि।
नाना ग्रन्थन केर मत कहौं बन्दना बखानि॥
बन्दौं शारद के चरण हरण अविद्या मूल॥
बुधि सुधि विद्या देसुमति है मो पर अनुकूल॥

छप्पै एकरदन करिवदन सदन सुख के दुखनाशक। ईश तनय गण ईश शीश रजनीश प्रकाशक॥ ऋद्धि सिद्धि बुधि लेत देत हरि कुमति नजा गत॥ जो सुमिरै मन लाय विघ्न गत जन के भागत॥ जय जय गणेश गिरजा सुवन भुवन विदित यश अघ हरण। रघुनाथ दास बन्दन करत बार बार पाद

तिचरगा॥ जै अनङ्ग अरिसङ्ग उमा अर्धङ्ग बिराजत। मुराड
माल मृगछाल कराह बिषब्याल जो छाजत॥ शीस गङ्ग सार-
ङ्ग भस्म सर्वाङ्ग लगावत। तीन नयन मृदु बैन अमन सुख दुः
ख नशावत॥ दीनदयाल कृपाल हर कर त्रिशूल वर गौर तन।
रघुनाथदास बन्दन करत करौ कृपा मोहिं जानि जन॥ बन्दौं
द्विज पद कमल अमल सुन्दर सबलायक। बन्दौं रघुपति सचि-
व सखा सेवक सुखदायक॥ बन्दौं गङ्ग तरङ्ग मेदिनी कुमुद
बिभाकर। बन्दौं सुर मुनि मनुज दनुज बिधि जीव चराचर॥ ब-
न्दौं कवि कोबिद बिमल जिन बरगो सिय राम यश। सब मोपर
किरपा करहु कहौं कथा बल पाय तस॥
चौ॰ राम चरित्र बिचित्र अपारा॥ गावत निगम न पावत पारा॥
निज मति सरिस तदपि मुनि गावैं॥ मन चञ्चल तेहि तहां रमावैं॥
श्रवण कीर्तन सुमिरण सेवा॥ भक्ति अङ्ग भाषत महिदेवा॥
करण पवित्र गिरा अघहारी॥ सब प्रकार मुद मङ्गलकारी॥
अस बिचारि बरणत रघुनाथा॥ भाषा करि हरि प्रेरित गाथा॥
कबित दोष गुण ग्रंथ मझारा॥ कहे नागपति यहि परकारा॥
दो॰ छं॰ मगण नगण अरु भगण यगण शुभ चारि कहा-
वैं। जगण रगण पुनि सगण तगण कवि अशुभ बतावैं॥
मगण तीन गुण आदि देव महि सब सुखकारी। नगण
तीन लघु देव नाग दायक बुधि भारी॥ भगण आदि
गुरु देव चंद्र मंगलदा होई। यगण आदि लघु देव नी-
र आनन्द प्रद सोई॥ जगण मध्य गुरु देव सर सुख सक-
ल बिनाशै। रगण मध्य लघु देव अग्नि दाहक तनु नाशै॥
सगण अन्त गुरु देव काल निज देत उदासी। तगण अ-
न्त लघु देव ब्योम निरफल फल नासी॥ मनुज कबित

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

के आदि महं लीजे इन्हें विचारि सुख। कहै रघुनाथ श्री राम गुण वरणत अशुभौ होत शुभ ॥

दो० तहां मित्र कोउ दास हैं उदासीन रिपु कोउ।
अक्षर शुद्ध अशुद्ध कोउ सुनो कहौं मैं सोउ।
खग कच घन इ जड़ परत छुतडुलि सुरवअद अड्डु।
शेष परें जो कवित्त तो करे रावते रङ्कु ॥

चौ० यहि विधि पिङ्गल कहत बखानी। सो है मम विशेष नहिं जानी ॥
तेहि ते सबै कहौं कर जोरी। जो कछु चूक परै लखि मोरी ॥
सुजन सुधारि लहेउ तुम ताही। लघु गुरु वरण जहां जस चाही ॥
मोहिं न ज्ञान बुधि बल चतुराई। कीन्ह चहौं हरि कथा सोहाई ॥
अति अति क्षीन पीन रुचि मोरी। चाहत नभै छुवन कर जोरी ॥
यह ढीठता समुझि वर ज्ञानी। क्षमिहैं निज शिशु सेवक जानी ॥
सुनिहैं मुदित सबहि सराही। राम सिया पद रत मति जाही ॥
जिमि बालक बोलत तुतराई। सुनत मात पितु अति हरषाई ॥
निंदिहैं कपटी खल अभिमानी। जे हरि विमुख भक्ति नहिं जानी ॥
तासु वचन सुनि सुजन सुछन्दा। तजहिं न उड़प दाख शिव निन्दा ॥
रविहि उलूक कहै भल नाहीं। साखी किमि धारें मन माहीं ॥
निंदा फल नहिं कह्यो बखानी। पैहैं जब तब जैहैं जानी ॥ ॥

दो० राम कथा सब का सुखद उत्तर तुव पी की नाई ॥
अर्क जवासा दुष्ट जन ते आपुइ जरि जाइं ॥

चौ० यदपि रहै मम भनित भदेशी। परिहरि जन गुण नाम तेलेशी ॥
तातें भई अनूपम नीकी ॥ जिमि मनि मंदिर चौलनी फीकी ॥
हरि जन बिन जो कवि बलाई। सुभग प्रान बिन जिमि वपु भाई ॥
खल बायस कर तीरथ सोई। सुजन हंस तहं रमैं न कोई ॥ ॥
कलुष प्रबंधन हरि गुण गावै। संजीवनि सोइ काव्य कहावै ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

कहैं सुनैं मिलि सज्जन ताही॥ करौं प्रणाम प्रीतिगुण ग्राही।
यथा बक्र गति सरित निहारी॥ तासु साथ पावन सुखकारी।
मज्जहिं ताहि महा मुनि देवा॥ ऽपर न का को बरणों भेवा॥

दो० श्रीपति धीपति यज्ञ पति ऽखिल लोक पति जोपि।
ऽराधैं भूपति प्रजा पति करौ कृपा प्रभु सोपि॥
बन्दौं हरिजन पद कमल ऽमल लल्व प्रद रेनु॥
जिनके संग प्रभु फिरत इमि जिमि बच्छा संग धेनु।
यद्यपि कामी कुटिल खल सम लौ जन रघुनाथ।
तद्यपि ऽहैं तुम्हारो इ समुझि न छांड़ो हाथ॥
बड़ कुल ऽंगी कार जेहि प्रति पालत सजि ताहि।
ऽहि महि हर बिष दीध ऽग्नि नितजत न दुखप्रद ऽाहि।
बन्दौं खल मल रहित जे राम भक्ति गुण खानि॥
परदुख सोई सुख जिन्हें पर सुख मोटी हानि॥
हरिजन मणि की कोठरी ऽाशु सुता री ऽाहि॥
सुयहु न त्यागत टेक निज तेहि ते छांड़ेउ नाहिं॥
सन्त सुभाव प्रभाव लखि समुझि खलन के रीति॥
तब मैं कीन्हौं ग्रंथ यह हृदय न ऽान्यौ भीति॥
करि ऽरि केरे कुंवर को कहा सके करि स्वान॥
भक्त मार जाइ हैं यम के भवन निदान॥

सो० बन्दौं सन्त समाज शीस नाइ कर जोरि कहि॥
जहं हरिनाम जहाज ऽमित पतित चढ़ि भव तरहिं।

चौ० बन्दौं गुरु पद बारहिं बारा॥ जासु कृपा छूटत संसारा॥
होत बिमल मति मान बड़ाई॥ मिटत बिभेद कपट कुटिलाई।
सोहिं समय तित न यहि जग कोऊ॥ लघु मति ऽगुण ऽब गुण ल्लघु सोऊ।
सतगुरु गुरु मोका गुरु कीन्हा॥ यथा दंड कर बावन लीन्हा॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

करहु तासु केहि भांति प्रशंसा॥ जो कुल काग हि पिक बक हंसा
मलिन भक्ष तजि कपट कुसंगा॥ लागेउ नाम चुनन सत संगा।
दो० काशीवास निवास सुरसरि पद याथ सरूप।
गुरु मरति पशु पनि प्रकट तारक मंत्र अनूप।
चौ० बन्दौं अवध अवध पुर वासी॥ जे अनन्य सिय राम उपासी
बन्दौं सरयू विमल तरंगा॥ पाव न करणि करणि अघ भंगा॥
करहिं पान जल सुमिरें नामा। बसे अवध में जे बसु जामा॥
तेन पुनर्जन्म फिर जग नहिं आवें। अस प्रभाव निगमागम गावें
बन्दौं नृप दसरथ सब रानी॥ दुलराय जिन सारंग पानी॥॥
बन्दौं श्री मिथिलेश सुनयना। अवलोके रघुपति निज अयना
बन्दौं भरथ लषन रिपु आरी। रामानुज सब विधि सुख कारी
छप्पै जयति ब्रात संजात जय निरखि मंडल ग्रासक। जय-
ति सन्त सुर सुखद जयति निश्चर कुल नाशक॥ जयति
बिजय मद हरण जयति सिय शोच निवारण। जयति ज्ञान
गुण उदधि जयति सब संकट टारण॥ जयति जासु उर बस
त नित रघुकुल मणि सर चापधर। सोइ प्रभु सेवक जानि
के करौ कृपा रघुनाथ पर॥
दो० बन्दौं श्री जानुकी पद पदुम जोरि युग पानि॥
विधि हरि हर चिंतत जिन्हैं शक्ति सहित सुख खानि
छप्पै सारंग से द्रग लाल माल सारंग की सोहत। सारंग ज्यों
तन श्याम ब दन लखि सारंग मोहत॥ सारंग सम कटि हा-
थ माथ बिच सारंग राजत। सारंग लाये अंग देखि छबि सा-
रंग लाजत॥ सारंग भूप गायीत पद सारंग पद सारंगधर
रघुनाथ दास बन्दन करत सीतापति रघुवंश वर॥
दो० गुणागार गुण रहित हरि गुण निधान गुण [illegible]

गुण नायक गुण निधन कर गुण दायक गुण जाल
मातृपितृगोमित्र द्विज गुरु हा दुर्वृत कोउ ॥
जासु नाम कीर्तन किये शुद्ध होत जग सोउ ॥
अंधबिलोचन पंगु पग लहैं मूक बच नासु ॥
जासु कृपा ते तिमिमहू कहिहों गुण गण तासु ।

इति श्री बिश्राम सागर सब मत आगर ग्रंथ उक्त गद श्री रघुना-
थदास रामसनेही कृत वन्दना वरणो नो नाम
प्रथमो ऽध्याय ॥ १

दो० बन्दौं वेद पुराण जे करहिं राम गुण गान ॥
जो सुनि प्राणी पावहीं भोग भक्ति निर्वान ॥

चौ० बन्दौं राम नाम अघ नाशी ॥ अचल अखंड सदा घट वासी
सब सुख करण हरण दुख भारी ॥ जपैं जाहि शिव शैल कुमारी
भव निधान कलिमल मथ नारी ॥ पावन हू को पावन कारी ॥
मुक्ति पंथ बिश्राम स्थाना ॥ कबि सुसंत के जीवन प्राना ॥
धर्म बिटप वर बीज प्रकाशक ॥ मंगल करण शोक सब नाशक
मानस रोग अनेक प्रकारा ॥ भेषज नाम बिना मन हारा ॥
बिपति गहन घन वाण कुठारा ॥ करि अज्ञान मृगेश निहारा ।
मंत्रराज षट वरण समेता ॥ कहत सकल निगमागम वेता ।
परम सरल सुमिरत सुखदाई ॥ लोकानंद परलोक भलाई ।
जन मन सारंग सारंग हरि से ॥ जगदधि कूल कलपदल सरिसे
मुक्ति वाम श्रुति सुमन विहंगा ॥ मुनि मन पक्ष उड़न जिन संगा
कलिमल तम विधु वल्लभ गंजन ॥ अज्ञ नयन भ्रम धूम प्रभंजन
करम कोट करि दशन करालादु खीमना उडुप कस ताला ॥
जनेम सेरता विदि क्षुधा पियासा ॥ नाम पियूष प्रसन वर वास
ज्ञान विराग अथवा जल जाना ॥ कहें रघुनाथ मोर पितु माता ।

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

दो॰ राम नाम बसै जासु उर अखिल मंत्र को बीज।
प्रलय अनल विष मृत्यु ते सो न रहेइ उतीर्ज।
सो॰ छं॰ सोइ नाम सुमिरि सुभाय कहौं ग्रंथ एक बनाय॥
विश्राम सागर नाम सुनि लहैं नर आराम॥
दो॰ संवत् मुनि वसु निगम शत रुद्र अधिक मधुमास।
शुक्ल पक्ष कवि नौमि दिन कीन्हो कथा प्रकास।
अवधपुरी परसिद्ध जग सकल सुरनि सिर नाम।
रामघाट के बाट मे राम निवास सुधाम॥
तहाँ कीन आरम्भ मैं रघुपति आयसु पाय॥
श्री गुरु देवा दास के पद निज हृदय बसाय।
सत गुण रज गुण तमो गुण त्रैविधि के सुनि वाच।
मोक्षप्रद स्वर्गद तम देहैं धरिहौं सुखप्रद साँच।
उभा शम्भु सीता रमण जो मो पर अनकूल।
तौ वर्णौं मैं होइ फुर अन्त मध्य अरु मूल।
चौ॰ पर उपदेश न लेश बड़ाई। कहौं कथा निज मति हितगाई।
जग वन मन करि दुख दव दहई। हरि गुण सरि परि तब सुख लहई।
श्रुति पुराण बहु विधि सुर बानी। लघु मति मोरि परत नहिं जानी।
भाषा बन्ध काव्य मैं ताते॥ समुझि परै अस्माकस जाते॥
बचन बिभेद अरथ नहिं दूजा॥ यथा मिंदु शशि अर्चन पूजा
पुनि बहु मत बहु ग्रंथन माहीं॥ सब संग्रह बिन जानि न जाहीं
तेहि ते मैं एक ग्रंथ सम्हारा॥ धरब बरण कम अर्थ अपारा॥
बाल स्वर बर स्तुति हासा॥ भक्ति बिबेक सहित नहिं हासा।
सुनि सन्देह करै जनि कोई॥ देखै बेद पुराण बिलोई॥
सब का सार अंश मत लीन्हा॥ मैं बिश्राम सुसागर कीन्हा।
आदि अन्त दोउ जानि किनारा॥ राम सुयश पय पावन भारा

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

दो० अद्भुत हास सिंगार भय बीर बिभत्स विषाद।
रुद्र सुरुचि सम शान्त ये यामें नवरस स्वाद।

चौ० संशै भंवर करत मन संगा। अरथ गहिर अध आवर्त रंगा।
कमल कवित्त सोरठा दोहा। भक्ति सुबास संत अलि सोहा।
छन्दै विविधि भाँति की मीना। सीप सकल चौपाई लीना।
रामनाम मुक्ता हल भाई। जासु प्रभाव भुवन महं छाई।
सुजन मराल चुगन हर्षाहीं। दुष्ट काग बग की गति नाहीं।
नाना बिधि इतिहास पुरानी। सोइ यहि थल रतनन की खानी।
मन गिरि बासुकि सुरति लगावै। यहि बिधि मथे सोइ जन पावै।
क्षमा शील संतोष बिचारा। मोह सयन भक्षक धरि आरा।

दो० उक्ति युक्ति औ रव धुनि अरथ भावना केर।
चोज भास अन्वै जमक जलचर अपर घनेर।

चौ० बसत तहाँ श्री युत भगवाना। यामें राम सिया कर थाना।
जो चाहै प्रभु दरशन भाई। तासु युक्ति इमि आगम गाई।
प्रथमैं श्रद्धा सम्बल बाँधै। दूसर साधु संग शुभ साधै।
तीसर भजन क्रिया सोइ चलई। तुर्य अनर्थ बिरति बन लहई।
पंचम निष्ठा रुचि उपजावै। षष्ठ सुज्ञान ध्यान चित लावै।
सप्तम नामाशिक ह्वै जावै। जपत जीव त्रैताप नशावै।
अष्टम भाव हरै दुख नाना। नवम प्रेम पै करि अस्नाना।
दशम दरस रघुपति के पावै। जीव व्याधि सब तुरत नशावै।
निज सरूप सुख लहै हजूरी। यहि उपाय बिन दरशन दूरी।
राम कृपा बिन श्रम उपाई। पावै जिमि द्विज सुत समुदाई।
ग्रंथ अनेक नदी नद नारा। बहि आये शुचि जासु मझारा।

गी० छं० षट शास्त्र वेद पुराण मत बिश्राम याहीमें लह्यो।
यहि अर्थ ते बिश्राम सागर नाम मैं याको कह्यो। जन मुन-

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

हिं समुझहिं प्रीति करि हरि चरणमें चित लाइहैं। रघुनाथते गोपद सरिस संसार यह तरि जाइहैं॥

दो० कल्पद्रुम सम ग्रंथ यह सर्ब सुफलदातार॥
धर्म मोक्ष का मार्थ हरिभक्ति विराग विचार।
बुद्धि न ज्ञान विवेक कछु बढ़ै न हरिपद प्रीति।
तिन्हैं न प्रीलम लाग यह विश्रामो दधि रीति।
बिबिधि ग्रंथ देखे सुने जिनके कपट न शोक
ते प्रमुदित ह्वै बरणिहैं पद अप्रति अश्लोक।

चौ० येहैं सुख संपति यश पावन। ह्वैहैं हरिजन मन भावन।
कलपित ग्रंथ कहै जो कोऊ। याचौं ताहि जोरि कर दोऊ॥
यह मम कृत तुम बारक बारा॥ देखिजाउ सुचि सहित विचारा
जो मम मति कलपित कछु होई॥ तौ मिलि दोष देहु सब कोई
आगे मुनिन कथन जो कीन्हा॥ सोई मैं भाषा करि दीन्हा॥
बहु ग्रंथन माहैं जो बाता॥ सो एकै माधुरी सोहाता॥॥
तहं कोइ कहै कहा है भाखा। तेहिते मैं बुधीत बिन माखा।
सुरनर पशु पक्षी जो होई॥ निज बानी समुझत सब कोई।
रहैं विबिहु कोविद गिरि राया॥ गरुड़ै बायस पास पठाया॥
आपु धरयो पुनि हंस शरीरा॥ जब गुगा सुने भुशुंडी तीरा।
अजहं जे सुर बानी कहई॥ प्राकृत करि समुझावत अहई
तब सब हरषे प्रीति बढ़ावें। नाहित कोइ निकट नहिं आवें
तेहिते जोनि जहाँ की बानी॥ सोई ताहितहाँ सुखदानी॥
लेन देन बिधि जो कछु करई॥ देशवाक्यते कारज सरई॥

दो० जेहिते निज कारज सरै ताको नींद नीच॥
यथा कोलपथ पान करि पुनि करि डारत कीच।
जो भाषा मानन नहीं तो भाषा मति गाय॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

जो बोलेले तो स्वान सम उगिलि असन फिरि खाय॥
अब गुरु पद रज अंजि दृग राम चरण सिर नाय॥
चली कथा जेहि भाँति जहं सो सब कहौं बुझाय॥

चौ० षट ऋतु माहिं सिसिर ऋतु जानो। फाल्गुन शुक्ल पक्ष पहिचानो॥
नैमिष क्षेत्र अटन तब होई॥ पक्ष एक निवसे सब कोई॥
प्रथम चक्र तीरथ जल पावै॥ पुनि सब पंच प्राग चलि जावै॥
यहि विधि ब्रह्मसर दिन होई॥ धेनुमति हि आवे ऋषि सोई॥
तेहि तट व्यास देव कर थाना॥ ऋषि सौनक तहं रहें सुजाना॥
बहुरि सूत आये तेहि ठामा॥ लखि सौनक कियो दंड प्रणामा॥
चरण धोइ आसन बैठारी॥ धूप दीप आरती उतारी॥
बोले बचन सुचित करि गाढ़े॥ हाथ जोरि सन मुख भे ठाढ़े॥
नाथ बात कछु पूछा चहऊं॥ आयसु होय बचन तब कहऊं॥

दो० अतिशै प्रीति विलोकि तब कहा सूत हरषाय॥
मुनि मन जनि शंका करो पूछो जो जिय आय॥

चौ० बोले रिषि सुनिय महि देवा॥ तुम जानत तिहुं काल क भेवा॥
वेद रु शास्त्र सकल तव देखा॥ नित्या नित्य क कीन्हो लेखा॥
तुम दयाल दीनन सुखदाई॥ तुम तजि कहां पूछिये जाई॥
प्रथम कहो गुरु महिमा गाई॥ नाम महातम बहुरि सुनाई॥
कर्मा कर्म धर्म आधर्म्मा॥ ज्ञान विराग भक्ति को मर्मा॥
दुख सुख स्वर्ग नर्क सब भांती॥ कौन कर्म करि केहि मा जाती॥
माया ब्रह्म जीव जग जाना॥ हरि हरि जन गुन करो बखाना॥
ब्रह्म अनादि धरयो बपु आई॥ कीन्ह चरित कस कहो बुझाई॥
चारि खानि जग जीव अपारा॥ उत्पति पालन अरु संहारा॥

दो० योग यज्ञ ब्रत दान तप वर्णाश्रम कर भेउ॥
भिन्न भिन्न भाखो सकल हे रुहाय तेउ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

शास्त्र बिना नहिं ज्ञान भव ज्ञान बिना नहिं भक्ति
भक्ति बिना नहिं सत्य सुख ताते सुनिय सुशक्ति

कुं० शीश भार श्रुति सर्प बिल ग्रह मल मग सम लयन।
कर सनकार पग ऽफल तरु मोर पक्ष शशि नयन॥ मोर प-
क्ष शशि नयन ध्यान बिन विग्रह ऽसहई। नवैन गुरु जन चरण
राम गुन सुनै न कहई॥ करैन जो हरि कर्म हित ऽटन तीर्थ मु-
नीश॥ दारु जो बिवता सरिस मो धावत नावत शीश॥

दो० हरि विषयक जो होइ जन ताहि उचित है देह
महा मनोहर हरि चरित सुनै सदा करि नेह॥

चौ० सुनि मुनि बचन सूत सुख पावा॥ वेद व्यास पद शीश नवावा॥
छिन एक हरि कर ध्यान लगाई॥ पुनि मृदु बचन कहे हरषाई।
भेद तुम्हार हौं सब जाना॥ पूंछेउ जिमि मूरख ऽज्ञाना॥
सो मैं ऽब तुम्हार मत जाना॥ कीन्ह चहत सब कर कल्याना।
धन्य २ तुम मुनि बड़ भागी॥ पूंछ्यो राम कथा ऽनुरागी।
राम कथा शुभ चिंता मणि सी॥ दायक सकल पदारथ जनसी
मोह महा तम ग्रसि कर गासी॥ ऽहंकार करि हरि घरणीसी
ऽभिमत फल प्रद देव धेनु सी॥ स्वच्छ करण गुरु चरण रेणु सी
कलि मल भेक विपुल सर्पीसी॥ क्रोध महिष दुर्गा दर्पीसी।
सुजन समाज उडुप रजनी सी॥ साधु पोत पालन जननी सी
ब्रह्म लखन हित दृग धुतरीसी॥ मन मृग बन्धन हित सुतरीसी
लालच लोभ लवा बहरी सी॥ सद्गुण सकल कनक डहरीसी
दुर्बासना समूह सलभ सी॥ दीप सिखा सम दहन कलभ सी
हरि में हरिणा विभाव सुता सी॥ दुख द ऽविद्या तूल हुतासी।
धर्म कर्म वर बीज रसासी॥ सुमति बढ़ावन सुख सुद सासी।
ज्ञान भान भव सुरा बतीसी कवि कोविद हित ऽमज युवतीसी

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

कामभुवंगबिछैलहरीसी॥ मनिमयूरपालन गहरीसी॥ ॥
भर्मबलाहक जगतप्रानसी॥ ज्ञानखड्ग खरधरन सानसी
भवसरस्वान कमलबहनीसी॥ बिरतिबिचार कहनिरदनीसी
दालिद दुरव मृषकमिनकीसी॥ रघुपतिध्यानकरनपिनकीसी
सर्वभूतपादपमधुऋतुसी॥ कलिमलभञ्जन हेतमिरतुसी
बिरति निवेक नृपति मोहनीसी॥ सद संतोष क्षीरदोहनी सी।
शोक शुक्र भवभीम युसासी॥ पितर तरणा हरिभक्ति सुधासी।
प्रभुपद प्रीतिवढा वनिऐसी॥ अनुदिनलाभलोभकहँ जैसी।
रामहिप्रिय जिमिकाककजासी॥ भक्तिमुक्ति प्रदमंगल रासी

दो० मङ्गलबक्ताके भवन मङ्गलश्रोताधाम॥
मङ्गललेखक के करनि मंगल होतेहिं राम॥

इतिश्री बिश्रामसागरसबमतआगर ग्रंथ उजागर श्रीरघुनाथदा-
सराम सनेही कृत वन्दनावर्णनो नाम द्वितीयोऽध्याय २

दो० भगवतचरित पिऊषवर नित सेवै जो कोइ॥
अन्तकालके समै में तेहि उदवेग न होइ॥

चौ० असिहरि कथा कहौं सुखदाता॥ सुनौप्रथम गुरु महिमाताता।
गुरु ब्रह्मा गुरु बिष्णु पुरारी॥ गुरु परब्रह्म दीनदुरव हारी॥ ॥
गुरुशरणागत जो कोइ आवै॥ बहुरिन सो चौरासी जावै॥
गुरु कृपाल अगनितगत दाता॥ गुरु कृपा छूटै यमनाता॥
महा अधम पापीनर होई॥ गुरुशरणागत आवै सोई॥
फिरिते नर्क परै नहिं प्रानी॥ जो गुरु बचन लेइ फुरमानी।
कहौं एक इतिहास पुरानी॥ मनुलगाय सुनु मुनिवर ज्ञानी

सो० रहा बधिक एकनीच कौरे ठगाही बन विषे॥
नाम तासु मारीच अति निर्दै कपटी कुटिल॥

चौ० तेहिं एक दिन मन कीन्ह विचारा॥ मो सम पतित न कोउ संसार।

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

जबते धरयों देह जग आई। पाप करत सब उमिरि बिताई।
इन अपराध कौनि गति होई। यहि विधि विपिनि शोच कर सोई।
तेहि अवसर गौतम ऋषि आये। जात रहैं कछु सहज सुभाये।
मुनिहिं बिलोकि तुरत उठि धावा। चरण नाय सिर वचन सुनावा।
मैं पापी ठग कुटिल चवाई। तुम दयाल पतित तन गति दाई।
तेहि ते प्रभु कृपा अब कीजै। मोहि आपनो शिष्य करि लीजै।
कह मुनि तोहि शिष्य जो करहूं। अर्द्ध पाप अपने सिर धरहूं।
दो० सुनु ठग पदुम पुराण में देखी सब निरताय।
पाप पुण्य जेहि विधि बँटे सो तोहि कहौं बुझाय॥

चौ० एक तपसी विषयी एक होऊ। भोजन करें एक महं दोऊ।
भली बुरी सङ्गति होइ जाई। पाप पुण्य आधा बटि जाई।
कुवें सरोवर औ बन लावैं। दशवां अंश भले हो बटि जावै।
दरशन ध्यान वचन सुनु जाका। सतवौं अंश पाप पुनि ताका।
जप तप दान धर्म एक करई। एक सेवा वाकी अनुसरई।
दशौं अंश फल सोऊ पावै। पाप पुण्य जोई होइ आवै।
करज काढ़ि पुनि पाप जो करई। तीन भाग फल धन दहि परई।
चोरी करि धर्म करै जो कोई। पाप पुण्य तेहि कछु न होई।
जो कोउ काहू पेरि करावै। पुण्य पाप षट अंश सो पावै।
प्रजा जो धर्मी धर्म कमाई। षटा अंश राजा ढिग जाई।
होम पाठ सन्ध्या अस्नाना। जाप करत वा पूजा ठाना।
बात करै अथवा कुछ लेई। षटा अंश निज पुण्यहि देई।
आन के कर निज धर्म करावै। षटा अंश फल सोऊ पावै।
दो० पिता पुत्र नारि पुरुष गुरु शिष्य यहि भाय।
पाप पुण्य जो कछु करै अर्द्ध अर्द्ध बटि जाय॥
चौ० अस बिचारि शिष्य करों तोही। याते मोकु जानदे मोहीं।

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

बोला बधिक ज्ञान नहिं देहौं। जबलगि गुरु न तुम्हैं करि लेहौं
सुनि मुनि हृदय बिचारहि आना। यह है खल नहिं देहै ज्ञाना॥
सह सनेह चह निज भल भाई। धरी पर पथ देहु बनाई॥ ॥
कह ऋषि गुरुदक्षिणा दे मोहीं। तब तो शिष्य करौं मैं तोहीं।
बोला का दीजै सो कहहू। समरथ होइ लेव जो चहहू॥
अब जनि पाप किहेउ कछु भाई। रामनाम सो सुमिरहु जाई
परम जाप तारक ब्रह्म सही। ब्रह्महत्यादि पाप हरै जही॥
अस कहि ऋषि चलि भे जिउ पाई। बधिक नाम में प्रीति लगाई
यहि भाँतिन कछु काल बितावा। मरण काल का दिनु जब आवा
ताहि लेन यम दूत सिधाये। पाछेते हरिगण चलि आये॥
शीश मुकुट मणि कुण्डल काना। पीत बसन तन भूषण नाना।
भुज बिशाल अनुपम कर लाजै। हरि दर चक्र कौमुदी राजै।
गणन देखि यम दूत डराने। बोले बचन कपट छल साने॥
बड़ी भाग्य हम दरशन पाये। आजु कहाँ यहि ठौर सिधाये

दो० कहा गणन दूतौ सुनौ बधिक भक्त यहि ग्राम।
तेहि आने आयन इहाँ लै जैबे हरि धाम॥

चौ० सुनत बचन किंकर यम केरे। बोले निज नैनन भरे रे॥ ॥
बधिक नीच पापी अन्याई। जीव हतेसि नहिं जाय गनाई॥
बन के बन यहि कीन्हेसि नासा। तेहि तुम कहत राम कर दासा
कह गण जबते गुरु यहि कीन्हा। रामनाम में मन चित दीन्हा
किहिसि न तबते कछु अपराधू। यहि सम और कौन है साधू
अस कहि लीन बिमान चढ़ाई। हरिपुर का चलि भे हरषाई॥

गी० छं० चलि भे बिमान चढ़ाइ हरिपुर ताहि राख्यो जायकै।
अति देखि गुरु परताप यम के दूत गय खिसियायकै॥ अस
समुझि नर गुरु शरण है हरि भजन जिन नाहीं कियो॥ तिन

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

पाय नरतन आइ जग करि हानि नर्कहि चलि दियो ॥

दो॰ गुरु शरणागत आइ कै जो सुमिरै सियराम ॥
इहां रहै आनन्द में अन्त बसै हरि धाम ॥ ॥
ब्रह्मा बिष्णु महेश ते जो अघ की ह्वै जाय ॥
गुरु बिन भव निधि नाँ तरै कहत निगम अस गाय ।

चौ॰ यामें कछु सन्देह न पेली ॥ आदिहि ते सब गुरु करि लेली ।
ब्रह्म के शिष्य प्रकृति ही जानो ॥ प्रकृति शिष्य महंतत्व पिछानो ।
महातत्व शिष प्रणौ जो कहिये ॥ ओंकार ते बिष्णुहि लहिये ॥
बिष्णुहि शिष्य लक्ष्मी भयऊ ॥ तिनके बिधि बिधि के शिव कहेऊ
रामचन्द्र अवतार जो लीन्हा ॥ बिश्वामित्र गुरु तिन कीन्हा ॥
व्यास पुत्र शुक देव सुभाये । जन्म लेत ही बिपिनि सिधाये ॥
तिन्ह गुरु कीन्हों जनकै जाई ॥ तब हिरदे महं निष्ठा आई ॥
ब्रह्म पुत्र नारद मुनि जेऊ ॥ मनु भगवान केर मुनि लेऊ ॥
दिक्षा हीन जाइं हरि तीरा ॥ दरशन हेत सदा मुनि धीरा ॥
कछुक काल रहि जब फिरि आवैं । जब बैठैं सो ठांउ धोवावैं ।
एक बार नारद लखि लयऊ ॥ रमा नाथ ते पूंछत भयऊ ॥ ॥

दो॰ बोले हरि नारद सुनौ तुम गुरु अबै न कीन ॥
सो बिचार सती जगह नित्त पाक करि लीन ॥

चौ॰ दिक्षा हीन जहां चलि जावै । सो जागा अशुद्ध ह्वै जावै ॥ ॥
गुरुमुख चरण पै जब आई । तब सोइ धरा शुद्ध ह्वै जाई ।
कह नारद मुनिये सुर राया । प्रथमें तुम मोहि कत न बताया
कह प्रभु तुम अतिशै प्रिय मोरे । कहेउं न मुनि होइ दुख तोरे
तहिते अब गुरु कीजे जाई । काहि करौं प्रभु देहु बताई ॥
जो प्रथमैं मिलि जाय सकारे ॥ ताहि गुरु तुम कीन्ह्यो प्यारे ।
भोर भये निकसे मुनि जबहीं ॥ धीमर देह धरी हरि तबहीं ।

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

मुनि आगे होइ निकसे आई। नारद देखि धरे पग धाई॥ ॥
तेहि गुरु करि हरि के ढिग आये॥ देखत प्रभु निज हृदय लगाये

दो॰ कह गुरु कीन्हो कौन पै सुनि बोले हरिराउ॥
गुरु में पै जो तुम कही चौरासी कहं जाउ॥

चौ॰ सुनि नारद निज गुरु पहं आये॥ समाचार सब कहि समुझाये
गुरु दयाल बोले तुम जाओ॥ हरि लै चौरासी लिखि लाओ॥
लिखि जब होहिं लौटि तब जायो॥ हाथ जोरि युग वचन सुनायो
सुनि नारद आये प्रभु पाहीं॥ चौरासी जानत मैं नाहीं॥ ॥
सो लिखि मोहिं देहु समुझाई॥ ताहि देखि भुगतौं मैं जाई॥
कह हरि नौ लख जलचर जाती॥ सब योनिन भर मैं बहु भांती।
दस लख पक्षी को बिस्तारा॥ उड़त रहैं भय को उर धारा॥
ग्यारह लाख जाति कृमि कीटा॥ बीस लाख थन विटप जो दीठा
तीस लाख पशु योनिहि जानो॥ चारि लाख मानुष्य पिछानो।
यह चौरासी योनि कहावै॥ सब भुगतै बिन अंत न पावै॥

ह छं॰ सुनि गये नारद लौटि तासें देखि प्रभु बोलत भयो॥
केहि दीन मत यह तुम्हैं कह ऋषि आजु गुरु मो को दयो॥
तेहि कहत पै जिन एक छिन में मेटि चौरासी दई। अस और नाहिं कृपाल दीन दयाल गुरु सम जग हई॥ ॥

दो॰ गुरु गोविन्द ते अधिक हैं यह प्रतीत मन लाइ।
गोविन्द डारें नर्क जो तो गुरु लेइ बचाइ॥ ॥
तम गुकार रू तासु हर गुरु सोइ करै प्रकाश।
बरणी धर्म अरु शास्त्र की यह मैं बर इतिहास।

इति श्री बिश्राम सागर सब मत आगर ग्रंथ उजागर श्री रघुनाथ दास राम सनेही कृत मारीच नारद कथा बरणनो नाम

॥ तृतीयो ऽध्याय॥ ३

दो॰ बन्दि राम सिय सन्त गुरु भरतापगिरा सुखखानि।
बरणौ धर्म अरु शास्त्र को पुनि इतिहास बखानि॥

चौ॰ कही सत गुरु महिमा गाई॥ सुनि सौनक बोले हरषाई॥
नाथ मोहि निज किंकर जानो॥ गुरु प्रभाव कछु और बखानो॥
कहा सत गुरु बिन कछु करई॥ ताको काज एक नहिं सरई॥
गुरु बिनु मुक्ति पंथ नहि पावै॥ गुरु बिन नर चौरासी आवै॥
गुरु बिनु ज्ञान भक्ति नहिं जानै॥ गुरु बिन आतम नहिं पहिचानै

दो॰ बिन गुरु दिक्षा अफल सब जप तप होम क्रियादि
ज्यों पाहन में बीज बय उपजै नाफल बादि॥

चौ॰ तेहि पर एक इतिहास बखानो॥ सुन्दरता हि पुरातन जानो॥
अवध उत्तरे योजन चारी॥ रहे नगर एक अति सुखकारी
तामें कृष्ण दत्त द्विज रहई॥ सुंदरि नाम तासु त्रिय अहई॥
करें दान दिन प्रति अधिकाई॥ द्वारे अतिथ बिमुख नहिं जाई
हीरा हेम पदारथ नाना॥ देहिं विप्र कहँ वेद बिधाना॥ ॥
अस न बसन गजि बाजि मिठाई॥ शय्या दान करै मन लाई॥

दो॰ एक दिवस द्विज वर सोइ गयौ रहे कहुँ ग्राम।
नाम सुन्दरी तासु त्रिया रहे आपने धाम॥॥

चौ॰ तेहि दिन तेहि पुर नारद आये॥ कर बीना सिर तिलक लगाये
राम चरित गावन हरषाई॥ तेहि द्वारे है निकसे जाई॥ ॥
ऋषि हि देखि सुन्दरी उठि धाई॥ करि बहु बिनय भवन लै आई
उच्चासन नारद बैठारे॥ प्रेम धार लै चरण पखारे॥ ॥
कछु चरणोदक कीन्हो पाना॥ कछु छिरक्यौ सगरे अस्थाना
धूप दीप आरती उतारी॥ बड़ी भाग्य भै आजु हमारी॥
सुनि प्रसाद लै पाक बनाई॥ कहेउ स्वामि करिय भोग लगाई
तब नारद उठि भोजन कीन्हा॥ पुनि बहुरि आसन का दीन्हा

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

सुन्दरि बात करन तब लागी ॥ लखि नारद बोले अनुरागी
धन्य तुम्हार मात पितु चीन्हा ॥ जिनकी कोखि जन्म तुम लीन्हा
नारन पाय सफल तब भयऊ ॥ जो मन जन सेवा महँ दयऊ
धन्य तुम्हार गुरु सुखदाई ॥ साधु सेव जिन तुम्हैं दिढ़ाई
सो॰ मुनि बोली द्विज नारि मेरे तौ गुरु है नहीं ॥
अपने हृदय बिचारि देहु असन लखि क्षुधित कहँ ॥
चौ॰ सुनि अस बचन देव ऋषिनासू। डारे असन बान्त करि आसू
लखि सुन्दरि डरि बोलि लीन्हा ॥ केहि अपराध बमन प्रभु कीन्हा
कह मुनि होइ बैष्णव जो जन ॥ करै अबैष्णव के गृह भोजन
खावै तहाँ जलहु बिन जानै ॥ ताको यह प्राश्चित्त बखानै
चंद्रायन ब्रत ठानै सोई ॥ तेहि अघ ते तब पावन होई ॥
इष्टापूर्ति पुराय सब वाके ॥ किये अमिथ्या निष्फल ताके
तेहि ते अधिक पाप तेहि परई ॥ निगुरा क्षुधा जो भोजन करई
यहि ते नष्ट कर्म नहिं आना ॥ भ्रष्ट बुद्धि करि देत अयाना
दो॰ ताते सुन्दरि तब क्षुधा भोजन कीन अजान ॥
कियो बान्त या कारणो नष्ट भयो मम ज्ञान ॥
चौ॰ सुनि सुन्दरि मन कीन बिचारा ॥ कत मैं कीन्ह धर्म अधिकारा
कत मैं बिबिध दान ब्रत किहऊँ ॥ कत मैं तीर्थाटन मन देहऊँ ।
कत मैं सुरसरी सीं गमढ़ाई ॥ दई गऊ बिप्रा समुदाई ॥
गुरु बिन धर्म करै जो कोई ॥ मैं नहिं जान्यो निरफल होई
तेहि ते मुनि अब दाया कीजै ॥ राम मंत्र मो को प्रभु दीजै ॥
अब जनि देर लगावहु स्वामी ॥ देखि प्रीति बोले ऋषि नामी
प्रथम जाहु कीजै असनाना ॥ सुन्दरि कहा बचन परमाना
जब हरि शरणा जीव यह जाई ॥ यम सरण ग्रसैं कुटुम्ब आई
सुत पितु मातु कहैं अस बैना ॥ भक्ति न कीजै हमरे ऐना ॥ ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

कोऊ कहै ऐसे उजागत सुख कीजै। यहु संयम परहरि भजि लीजै
सुनि मति भ्रम जे रहे सुखाई। तीन सौं काल अचानक खाई
मृतक जानि सुत पुनी नारी। रोवहि स्वारथ हेतु पुकारी॥
तासु सोच कोउ नेक न करही। हरिहि बिमुख यों कस दुख परही
तेहि लै मैं नहिं जाव नहाई। सुनि नर नारि देहैं सर माई॥
राम चरण पंकज चित दीन्हा॥ जेहि ते होत पाप सब छीन्हा
सुनत बचन मुनि अति सुख पावा॥ तुलसी माल कंठ पहिरावा

दो० बिप्र बयस न्रप सुन्दरी होइ अधीन पति भाम।
हरि भल चाहै उचित तेहि है तुलसी को दाम।
बिधि हरि हर कह साखि करि राम मंत्र तब दीन्ह
बैस्नव धर्म सिखाइ कै पावन पिता पुर कीन्ह

चौ० तेहि छिन निज लै तासु पति आवा। लखि बस क्रोध अस बचन सुनावा
केहि के कहे लीन्हे ते माला॥ जानि परा पहुंचा तब काला॥
अब ते तो कहं बहसि जो आना॥ ना हित कटिहौं शीश कृपाना।
सुनि सुन्दरि बोली कर जोरी॥ सुनहु प्रान पति टेक जो मोरी।
चहु तन टूक टूक करि डारो॥ भावै अनल माहिं धरि जारो॥
चाही खोरि तो पिय अक देहू॥ तजौं न रामहिं धरा मम येहू॥
तिन प्रभु सैं करि पाके काढ़ा॥ तिन्हे जानि स स्वांगी भाड़ा

दो० अस अबला के बचन सुनि गुरि गा द्विज रह्यो चुपाय
काढ़ि देउं तौं जग हंसे मारे हत्या अप्राय॥

चौ० तेहि दिन ते अस नेम सो धरई॥ पति का छुवा न भोजन करई
सहित प्रीति ते असन बनावै॥ परसि दूरि ते ताहि पवावै॥
यहि बिधि दिन प्रति पावै खाना॥ देखि बिप्र मन भई गिलाना
जो हम मारि जूठनि नित खाई। सो अब दूरि ते देत बहाई॥
अब की जरषि आवैं मम धामा॥ तो हुं गुरु करि सुमिरौं रामा

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

यहि विधि द्विज मन करत विचारा। कृपा कीन्ह नारद पगु धारा॥
गुरुहिं हेरि सुंदरि हरषानी॥ शीस नाय बोली मृदु बानी॥
सुफल जन्म भा आजु हमारा॥ जोनि केतनौं रे पगु धारा॥
सुन्दर आसन पर बैठावा॥ चरण धोइ चरणोदक पावा॥
बहुरि पांच पैकरमा कीन्हा॥ दर्बि भेट ले आगे दीन्हा॥

दो० गुरु वैद्य अरु ज्योतषी देव मित्र बड़ राज॥
इन्है भेंट बिन जो मिलै होइ न पूरण काज॥

चौ० आज्ञा माँगि कीन्ह जिवनारा॥ षट रस व्यंजन विविध प्रकारा॥
सुवरण थार परसि धरि दीन्हा॥ हरिहिं अर्पि मुनि भोजन कीन्हा॥
अचमन करि आसन जब आये॥ द्विज सुन्दरि ने वचन सुनाये॥
गुरु दिक्षा मोहिं देहु देवाई॥ जाते तब संगति होइ भाई॥
सुंदरि आइ कह्यो गुरु पासा॥ इनहुन का कीजै हरि दासा॥
विप्रहु तब बोला कर जोरी॥ पुरवौ प्रभु अभिलाषा मोरी॥
दिक्षा लिहे सरी मम काजू॥ ताते विनै कीन्ह मैं आजू॥
कह नारद द्विज आउ नहाई॥ तब तुम का हरिनाम सुनाई॥
सुनि मुनि वचन विप्र हरषाना॥ तुरत सरित तहं चल्यो नहाना॥
मग एक पंडित तें भै भेंटा॥ आदर कीन्ह तेहि गहि कर फेंटा॥
पूंछा कृष्णदत्त तुम आजू॥ हरबर चलत कौन यह काजू॥
कृष्णदत्त पंडित तें भाषा॥ गुरु दिक्षा की है अभिलाषा॥

दो० तब पंडित बोले वचन कृष्णदत्त सुनि लेहु।
यह मृत्यु पक्ष कुँवार है गुरु दिक्षा जनि लेहु।

चौ० यामें पिण्ड दान भल कीन्हा॥ दिक्षा मंत्र न चाहिय लीन्हा॥
कार्तिक शुक्ल पक्ष शुभ मासा॥ तब तुम होवहु हरि के दासा॥
सुनत वचन द्विज मन भ्रम छावा॥ तुरत फिरि नारद पहं आवा॥
कह प्रभु यार जान अब दीजै॥ कार्तिक शुक्ल पक्ष सिष कीजै॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

यह सुनि नारद गे बिधि धामा॥ बिप्र रहे कातिक की आसा॥
ताकी अवधि न पहुंचन पाई॥ बीचहि दुहुन काल लियो खाई॥

दो० पल पहार की खबरि नहिं धौं घरी में का होय॥
आगे की आसा करत काल हंसै मुख गोय॥
अस बिचारि जे चतुर नर करत न लावैं बार॥
नहिं जानी केहि घरी में काल करै संहार॥

इति श्री बिश्रामसागर सब मल आगर ग्रन्थ उजागर श्री रघुनाथ-
दास रामसनेही कृत कृपा दत्त कथा बरनानो नाम चतुर्थोऽध्यायः॥४

चौ० कह सौनक मुनि कहौ बखानी॥ तनु तजि कहां गये दोउ प्रानी॥
कहा सूत सुन्दरि द्विज नारी॥ चढ़ि बिमान हरि लोक पधारी॥
बिप्र गयो यम के दरबारा॥ पाप पुण्य का भयो बिचारा॥
यम ते चित्र गुप्त बखाना॥ इन बहु कीन्ह पुण्य अरु दाना॥
जबते जाय देह इन धारी॥ उभै पाप कीन्हे अति भारी॥
कह यम कौन पाप सो कहिये॥ तेहि अनुसार दण्ड यहि चहिये॥
एक बार इन यज्ञ जो कीन्हा॥ सब बिप्रन कहं न्योता दीन्हा॥
तहां एक हरिजन चलि आवा॥ क्षुधा दीन ते बचन सुनावा॥
हम हैं क्षुधा अनल द्विज राई॥ कछु भोजन माहिं देहु मंगाई॥
अस सुनि बिप्र क्रोध कियो भारी॥ अनुचित बचन कहे दुइ चारी॥
सुनि कटु बचन गयो उठि साधू॥ तेहि ते यहि पर भा अपराधू॥
हरिजन जासु यज्ञ महं आवैं॥ मिलै न असन क्षुधित फिरि जावैं॥
ताको पुण्य सकल घटि जाई॥ बहुरि पाप होवै अधिकाई॥
दूसर जब सुन्दरि गुरु कीन्हा॥ तेहि लखि इन अपतिष्ठा कीन्हा॥
तातें पुण्य छिन्न भे याकी॥ थोरी एक रही है बाकी॥

सो० सुनि बोले यमराय याहि देहु गज देह अब॥
निज फल भोगी जाय आप कहूं नृप के भवन

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

चौ० अस कहि धर्म विपिन जन भावा॥ कथा रत्नगज कौ लघु पावा॥
कछुक दिवस वन माहिं बितायो॥ पुनि न्रप चंद्र सेन गृह आयो॥
चंद्रसेन कुरु क्षत्र के राजा॥ जिनके सदा धर्म कर साजा॥
यह सब चरित देखि द्विज नारी॥ मन आश्चर्य करै अति भारी॥
मम पति सो वारण तनु पावा॥ मोहि बिसम मन खेद बढ़ावा॥
वह ले पुनि मृत लोक हि ऐली॥ जहं आसा तहं वास पैली॥
जाके घर गज ता न्रप केरी॥ भई सुता अति रूप घनेरी॥ ॥

दो० दान दिहिसि अरु किहिसि गुरु भै कन्या न्रप केरि
राजा को करि दिज भयो दूनो जाति सुमेरि॥

चौ० कन्या जब कछु भई सयानी॥ गई द्विरद पहं निज पति जानी॥
इन देखा यह है मम नारी॥ भई महीपति केरि कुमारी॥
अस बिचारि दोउ प्रीति बढ़ाई॥ दिन २ होत जात अधिकाई॥
एक दिवस न्रप हृदय बिचारी॥ ब्याह योग्य भई सुता हमारी॥
विप्र बोलि शुभ घरी सोधाई॥ यत्न सोयम्बर केरि बनाई॥
सुनि सो दूरि निरासन त्याग्यो॥ करि बिचारि मन सोचन लाग्यो॥
लखि राजा बर वैद्य बोलावा॥ तब हु न कुम्भी दाना खावा॥
यहि बिधि बीत बार बहु गयऊ॥ तब लो न्रप के अति दुख भयऊ॥
कह कन्या पितु ते अस जाई॥ गजहिं असन मैं देहुं कराई॥
बोलि भूप जाहु किन अबहीं॥ मरि जाई नहिं जैहो कबहीं॥
पिता बचन सुनि गे पति पासा॥ बोली तुम कत रहन उदासा॥
बहु दिन ते भोजन नहिं खायो॥ सो कारण मोहिं नाहिं बतायो॥

दो० कह गयन्द चाहत करन न्रपति तुह्मार बिवाह॥
सो बिचारि अब होत है हृदय हमारे दाह॥

चौ० जब ते यहां जन्म तव भयऊ॥ कबहु न संग बिछुरि मम गयऊ॥
अस बिचारि दुख होत है मोहीं॥ ब्याहि आन पुरुष अब तोहीं॥

6523.

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

ताते मैं नहिं दाना खाहूं ॥ बारहिं बार मनहिं पछिताहूं ॥
सुनि कन्या बोली मृदु बानी ॥ सोच किहे दुख होइ रु हानी ॥
हम जो कहा नरतन के माहीं ॥ भजहु राम फिरि औसर नाहीं ॥
तब कार्तिक की आस लगायो ॥ अबचारहा की देही पायो ॥

दो० तब कार्तिक की आस करि बिसर्यो सिरजनहार ॥
अब चौरासी योनि में आय पर्यो भर तार ॥
तातें पुनि मैं कहत हौं दुख तजि भोजन खाहु ॥
तुम्हैं छाड़ि हौं ना कबहु आन पुरुष सँग ब्याहु ॥

सो० सुनि गज भोजन कीन लखि इच्छ्य बोल्यो कुवँरि ते ॥
कौन मंत्र तुम दीन जो सुनि खायो तुरत हीं ॥

छं० कह कन्या वोहि जन्म के गज पूँछहु मोर चरित्र मैं हौं या-
की नारि विप्र घर जन्म रहे सति ॥ हौं गुरु करि हरि भज्यों भइ-
उँ लेहि सुता आइ तब ॥ इन दीन्हों बहु दान भक्ति बिन बारा
बपु भव ॥ सज्यो स्वयम्बर साज मुनि करि भोजन तज दीन
लेहि ॥ बचन दीन मैं आइ जब तब फिरि भोजन कीन्ह यहि ॥

चौ० सुनि अस बचन भूप हर षाना ॥ कन्या बचन सँच नहिं माना ॥
लागे करन स्वयम्बर साजा ॥ आये देश देश के राजा ॥
रानी तब कन्येः पन्ह वाया ॥ कीन्ह्यों तन शृंगार सोहावा ॥
सहित सनेह गोद बैठाई ॥ बोली मधुर बचन सुखदाई ॥
रंगभूमि आये बहु भूपा ॥ देश देश के सुभग स्वरूपा ॥
जो तब मन भावै महिपाला ॥ मेल्यो तासु गरे जयमाला ॥
अस कहि हार दीन्ह तहि हाथा ॥ पठई एक सहेली साथा ॥
भूपन दिसि नहिं दृष्टि उठाई ॥ चली कुवँरि कुंजर पहँ आई ॥
पद्मी उर मेल्यो जे माला ॥ चकृत भये सब देखि भुवाला ॥
सब कहिन कही बयस लघु जानी ॥ चौंधि गई कन्या फिरि ठानी

सखीसदनलाईजहंरानी॥मातुताहिलखिबहुतरिसानी
दईसबैमतिहरीतुम्हारी॥नृपतजिमालब्यालउरडारी॥
दीनचहैबिधिदुखजबजेही॥ताकीमतिपहिलेहरिलेही॥
असकहिपुनिदीन्हेंउकरमालहि॥अबतेपहिरावहुनरपालहि
गईकुंअरिपुनिकरिउरडारी॥देखिभूपसबचलेसिधारी।
तबराजाअतिशैदुखपावा॥असिलैकन्यैमारनधावा॥
श्रुतिधारीजेबिप्रप्रबीना॥छीनिकृपाननृपतितेलीन्हा॥
अल्पवयसयहअहैकुमारी।हैअज्ञाननचाहियमारी॥

सो० गौहरहंदद्विजचौरसुतानारिअभिचारनी॥
पतीभूपजनऔरतदपिनइनकोमारिये॥

प०छं०दशगोमारेपापसहस्रएकद्विजसंहारे।दशद्विजबधजोपापएकस्त्रीकेमारे॥दशस्त्रीबधपापएककन्याबधहोई।दसकन्याबधपापपतीएकमारेसोई॥दशदंडीमारेजोपातकसिरआय।तेहिसमएकहरिजनबधेकहतनिगमअसगाय॥

दो० तातेहाजनलीजियेकीजेएकउपाय॥
बरखोजायटीकाकरोबहुरिदेहुमौंरिचाय॥

चौ०सुनिनृपनाऊबिप्रबोलावा॥बरढूंढनहितुरतपठावा॥
पुरअरुग्रामअनेकनदेशा॥देखेजहंतहंसकलनरेशा॥
लूल्हपंगुअन्धाबरकाना॥सिरीबरीकोढ़ीजाना॥ ॥
असबरुमिलैजहांचलिजाहीं॥कन्यासरिसमिलैकहुनाहीं
तबद्विजनाऊदोउफिरिआये॥राजातेसबखबरिसुनाये॥
सुनिनृपकर्मविपाकमंगाई॥बिप्रनतेताकोबचवाई॥
कहद्विजकन्याकहांजोरहई॥महाराजसोइसांचीअहई
जहांतहांफैलीयहबाता॥हाथीराजाकरयामाता॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

सुनि ऽपकीरति नृप दुख पावा॥ ऽगिनि कुण्ड गुरु तै खनवावा
दो॰ गोमल घृत भरि दारु नृप जरै लाग तेहि माह।
तेहि क्षण ऽाये देव ऋषि खैंचि लीन्ह गहि बाहें॥
चौ॰ कह नारद क्यों जरै भुवाला॥ सो सब बरणौ मोसे हाला।
बोल्यो नृप राज ऽपमान जो कीन्हा॥ कन्या ताहि खवावै लीन्हा
मैं पूछा कस दिहे खवाई॥ कन्या कहा मोर पति ऽाई॥
तासु गिरा हम सत्य न जानी॥ सत स्वयम्बर की सब ठानी॥
कन्या हारु राजहि पहि रावा। तेहि पाछे मैं वर खोज धावा॥
जसि कन्या वरु मिला न तैसा॥ मिला सो ऽांधर पंगु ऽपनैसा
तब मैं कर्यो बिवाह बंधाई॥ कन्या कहा सो सांची पाई॥
ताहू परजे पुरुष ऽरु नारी॥ घर घर निंदा करैं हमारी॥
सो ऽपकीरति सुनी न जाई॥ ताते जरि मरिहौं ऋषिराई
दो॰ कह नारद जनि जरहु ऽब हैं कछु एक उपाय।
राम नाम राज सुनै तो ऽबहीं नर होइ जाय।
चौ॰ सुनि मुनि बचन भूप सुख पावा॥ बार ऽबार चरणन सिर नावा
महाराज ऽब देर न कीजै॥ बेगि राजै गुरु दिक्षा दीजै॥
जेहि ऽपकीरति मिटै हमारी॥ वरी जाइ तेहि साथ कुमारी
मुनि नारद हरि मंत्र सुनावा॥ राज पातक सब दूरि बहावा॥
सुखते भा बालक सुरूप ऽपाई॥ तेहि शोभा कछु बरणि न जाई
बैस किशोर गोर तन जासू॥ दृग बिशाल शशि सम मुख हासू
बाल बिलोकि भूप ऽरु रानी॥ टूक टक रहे निमेष न ऽानी
देखि सखी सब कुंवरि सराहें॥ धन्य भाग बड़ तुमरे ऽाहें॥
प्रथमैं तन दुख सह्यो ऽपारा॥ ताते पायो सुभग कुमारा॥
हमैं न बिधि ऽस दीन्हो नाहा॥ सखी सराहि कहैं मन माहा।
तब कुमार शिशु बन्दन कीन्हा॥ शीश नाइ चरणन धरि दीन्हा।

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

जय जय जय ऋषिराज तुम्हारी। मोहि पापी की बिपति निवारी।
गज तनु लहि मैं अति दुख पावा। ता दुख ते तुम आजु बचावा।
दो० जान्यो मैं तव कृपा ते अब सतसंग प्रभाव ॥
दासौं जा तन वादि हित करत जहाँ चलि जाव
चौ० तब मुनिवर वर शिक्षा दीन्ही। सुनि तेहि सहित हिये धरि लीन्ही
नृपरानी कन्या सोइ जानो। भे नारद के शिष्य बखानो ॥
तेहि पाछे पंडित बोलवावा। ब्याह हेत शुभ दिवस सोधावा।
पत्रा खोलि लिखि बिप्र अस बोला। आजु लगन नृप अहै अमोला।
सुनि नरेश मन भै परतीती। कीन्ह ब्याह गंधर्व की रीती ॥
बहु बिधि दायजु दीन्ह भुवाला। बड़ आनन्द भयो तेहि काला।
गी० छं० नृप कीन्ह सुता बिवाह अति उतसाह नहिं पर गात
बनै। दियो दान बहु महिसुरन कहं गज बाजि पुर रथ को ग-
नै। दिन दिन अधिक अधिकात सुख सुरपुर सरिस बहु
भाँति हो। गुरु शरणा के परताप तेहि सकल संपै जानि हो ॥
दो० गुरु समान तिहुं लोक में और न दूसर देव ॥
तासे सौनक कीजिये गुरु चरणन की सेव ॥
दीप उडुप मनि चंद्र रबि पंच प्रकृति गुरु आनि।
वैष्णव दिक्षा सर्व पर मुनिवर कहत बखानि ॥
वैष्णव धर्म ते परे जो धर्म निरूपै कोइ ॥ ।
सो सहस्र मागमन ते सुजनन पाद्दै सोइ ॥
कुं० अन्य गुरा जो होइ तो राम मंत्र फिरि देय। राम मंत्र गुरु जो
न तेहि अपर न देय न लेय। अपर न देय न लेय सोई धप पाप बला-
वै। तत गुरु मानहिं ताहि ज्ञान जो जाने पावै। कहत दास
रघुनाथ ये गुरु शिष्य दोउ धन्य। परै नर्क महँ जाय जो धर्म सिखावे अन्य।
इति श्री बिश्रामसागर सबमत आगर ग्रंथ उजागर श्री रघुनाथ दास

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

रामसनेहीकृतगुरुमहात्म्यकृश्नादत्तकथावर्णोनानामपंचमोःध्यायः५

दो० सुमिरि राम सिय सन्त गुरु गणप गिरा सुख खानि॥
बरणौं नाम प्रभाव बहु ग्रंथन कर मत आनि॥
चौ० पुनि सौनक बोले कर जोरी॥ ऋषि सुमंत्र पद प्रीति न थोरी
नाथ मोहिं निज सेवक जानी॥ नाम महातम कहौ बखानी।
सुनि मुनि बचन सूत हरषाने॥ बोले बिमल बचन सुखसाने।
सुनौ कहौं मैं नाम प्रभावा॥ जो गिरिजा प्रति शंकर गावा॥
एक बार शिव सहित भवानी॥ बैठे निज आश्रम सुखदानी॥
पतिहि प्रसन्न देखि अधिकाई॥ बोली शिवा सनेह बढ़ाई
दो० गुरु गुरु तुम कहत हौ राम नाम सुखदानि।
तासु अर्थ करि कृपा प्रभु मोसे कहौ बखानि।
धन्य प्रिया तुम जगत में कह्यो ईश हरषाइ।
रामनाम के अर्थ ही जो पूछ्यो मन लाइ॥
चारि बेद अरु षट सहस सब पुराण मुनि देव॥
नाम प्रभाव सो उग्र अति ते नहिं जानत भेव।
रामनाम को अर्थ जो सो सब जान्यो राम॥
तासु अनुग्रह ते कछुक मैं पायो सुखधाम॥
चौ० निजमति सरिस सुनहु मन लाई॥ नाम अर्थ मैं कहौं बुझाई
कोटि काम सम जातन शोभा॥ अस को जो न देखि तेहिं लोभा
जनकनगर जे नर अरु नारी॥ रूप देखि तन सुरति बिसारी
सप्त दीप के नृप जे आये॥ सहित बिदेह सो देखि लोभाये
परसराम बिन कारण कोही॥ राम रूप देखत भे मोही॥
बन बिहरत खग मृग नर नारी॥ कोल किरात भल्ल कुमडारी॥
ऐसे सकल मिलि सेवा ठानी॥ रमकोड़ा तेहि कहत भवानी॥
धोबि निशाचरि लखि कोब रामा॥ धनि इक्ला कीन्हो सबसकाम

चौदह सहस असुर खर दूषण॥ मोहे देखि राम बिन भूषण॥
दो॰ दंडक बन मुनि सर्ब जे ज्ञान योग तप धाम॥
राम रूप छबि देखि कै भे पूरुष तें बाम॥ ॥
चौ॰ सेहु बालि देखत रघुराया॥ अजरा मर नहिं लीन्ही काया
रावण समर निशाचर जेते॥ देखि राम छबि मोहे तेते॥
अवध नगर नर नारि चराचर॥ रच्यो राम तन देखि दिवाकर
राम क्रीड़ा नाते तुम जानो॥ अब सो सुनो जो और बखानो
जल तरंग जिमि रवि अरु घामा॥ कनक सक भूषण बहु नामा
गिरा अर्थ जिमि अग्नि उष्णाता॥ कहत भिन्न नहिं भिन्न सो अनता
तैस नाम रूप है भावा॥ यदपि नाम कर अधिक प्रभावा
दो॰ रूप मिलत नहिं नाम बिन नाम रूप बिन वादि।
तातें दोऊ नित्य हैं अमल अनूप अनादि।
राम बदन राजा नियें अतेहि उर पहिचानि।
मा मकार दोउ चरण भे रेफ तेज चेतानि॥
सो॰ कोटि भानु तें भूरि। है प्रकाश जामे बिमल।
रह्यो चराचर पूरि। पर ब्रह्म ताको कहत।
कोटि विष्णु अज ईश कोटि शारदा शेष शशि।
सुरपति कोटि फणीश सम प्रभाव जामें बिशद।
तीरथ कोटि अनन्त नाम अधिक पावन करन
हरण पाप श्रुति सन्त। कहत तदपि उपमा नहीं
चौ॰ कहं रवि कहं खद्योत प्रकाशा॥ समकि लहै सुरवफूक बताशा
उपमा नाम की नाम न आना॥ गुह्य भेद सुनु कहं बखाना
राम नाम अंश शत जानो॥ तीन सिद्धि मे प्रगट बखानो॥
सोह बीज और ॐ कारा॥ अर्द्ध शतेकरव विचारा॥ ॥
अर्द्ध आकार ते ऊ पहिचानो॥ रेफ सो अक्षर भूत पिछानो॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

हल मकार ऊपर अनुसारा ।। ताते सिद्धि भई ओंकारा ।।
यहि विधि सोहं बीज भवानी ।। नाम लेत प्रकट मुक्ति को दानी
दो० रामनाम ते प्रकट भै षट बस्तुइ जे और ।।
तिन के नाम बखान हूँ सुनु मन करि इक ठौर
परब्रह्म अरु जीव जो महा नाद स्वर चारि ।।
पंचम बिंदु षष्ठ रू अक्षर माया दिव्य निहारि ।।
चौ० परब्रह्म सो रेफ ते भयऊ ।। जीव रकार आदि ते कहेऊ
मध्याकार नाद सो कहिये ।। रा दीरघ ते स्वर को लहिये ।।
हल मकार ते मा अनुस्वारा ।। अनुस्वार ते अरोगो बिचारा
अरोगो ते भये तीन गुण जानो ।। सत रज तामस आदि बिखानो
त्रैगुण ते त्रै देव उपाये ।। ब्रह्मा बिष्णु महेश कहाये ।।
तिन ते भयो सकल संसारा ।। रमक्रीड़ा तेहि करत उचारा
दो० नारायण को रूप करि जो है प्रथम रकार ।
महा बिष्णु आकार ते महा शंभु माकार ।
रामनाम के भीतरे ब्रह्म जीव त्रै लोक ।।
ज्यों क्षिति बीज नक्षत्र नभ नग माहिं ग्रह थोक ।
रामनाम के ध्यान में सर्व सिधि ध्यान होइ जात ।
जिमि सींचे एक मूल के डार पात हरियात ।
राम नाम को छाँड़ि के करत जो अपर उपाइ
मुख तजि भोजन भजे जिमि सपनेहुं क्षुधा न जाइ
चौ० रमक्रीड़ा याते बुध कहई ।। अपर हेतु सुनिये जो अहई
परम जाग शुभ रेफ कहावे ।। परम बिराग रकार बतावे ।।
सो पावक के बीजहि लहिये ।। बड़वानल आदिक जो कहिये
अस बिचारि जो नाम उचारें ।। कर्म शुभाशुभ सो सब जारें ।।
परम ज्ञान बिज्ञान जो कहई ।। ताको मूल अकार सो अहई

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

सो सूरज का बीज यही है ॥ सुमिरत काल प्रकाश सही है ॥
भक्ति सरूप मकार सुहावनि ॥ चंद्र बीज त्रैतापनशावनि ॥
तीनि कांड रवि शशि सब जाते ॥ रस क्रीड़ा कबिवर गावत ताते ॥
सत रकार चित जानु अकारा ॥ आनंद रूप मकार बिचारा ॥
सत कहिये जो बिनसै नाहीं ॥ चित चैतन्य सकल घट माहीं ॥
आनन्द जो नित रहै अनन्दा ॥ ताते नाम सच्चिदानन्दा ॥ ॥

दो० तत पद ब्रह्म सो रेफ कहि त्वं पद जीव अकार ।
हल मकार माया असी तत्त्वमसी श्रुति सार ॥
हल मकार कहु माया अक्षर ब्रह्म अकार ॥ ॥
रेफ निरक्षर ब्रह्म कहि सब ब्यापक निरकार ॥
हल मा इच्छा अकली ते सकल शक्ति संजाय ।
रस क्रीड़ा तेहि कहत अब मुख्य नाम कहौं गाय ।

कुं० कं० विष्णु नरायण कृष्ण जो बासुदेव हरि ब्रह्म ॥ परमेश्वर परमा-
त्मा । विश्वम्भर निष्कर्म विश्वम्भर निष्कर्म कमलानिधि कलुषह-
नन्ता । केशौ कमलाकान्त विश्ववपु भव भगवन्ता ॥ ऐसे ना-
म अनेक जो दैत्यारि मुकुन्द सेषु । सुखद सकल पावन महा
पहुँचावत पुर बिष्णु ॥ सब नामन में रामनाम परकाशक जि-
य जानु । जिमि नक्षत्र महँ चंद्रमा अरु ग्रहगन में भानु ॥ अ-
रु ग्रहगन में भानु कविन में यथा अनन्ता ॥ निर्जर में जिमि श-
क्र भक्त में जिमि हनुमन्ता ॥ लोकन में गोलोक सरिन में सरयू
धारा । नरन माहिं जिमि भूप धनुषधारिन में मारा ॥ भगवन्त-
न में राम यथा शक्तिन में सीता ॥ अद्रिन में जिमि मेरु पुराण
पाठन में गीता ॥ कामधेनु गो माहि अहिंसा धर्मन मा जिमि ।
रु सन में सुरुच खगन में बचन तेहु तिमि ॥ छिमन माहि-
जिमि छिमा सलिल में जिमि सर स्वाना ॥ कर्मन में हरि कर्म ज्ञान

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

में ब्रह्म ज्ञाना पुरिन माहिं जिमि अवध मंत्र में जिमि ॐकारा। रु छन्न में मैं यथा स्वरन में जिमि आकारा। पुष्कर तीरथ माहिं मणिन में कौस्तुभ जैसे। सब नामन में रामनाम तुम जानो तैसे॥ सुनि बोली गिरजा बहुरि अरथौ तिनके अर्थ सब। कहि शिव सो ऊ सुनु प्रिया बन्दौं नाम संक्षेप सब॥

चौ० नर जीवन की संज्ञा मानौ॥ नर सब जाके आश्रित जानो॥
ताते नाम नरायण कहिये॥ नर हिय अयन जासु को लहिये॥
हरि दुख हरत भक्त के पापा॥ ताते हरि अस नाम सुथापा॥॥
वासुदेव सब मावश जोई॥ सब जहँ बसै वासुदेव सोई॥॥
केशौ सो जेहि तेहु सुर सेवैं॥ कला अंश अवतार जो लेवैं॥
पोषत भरत सकल संसारा॥ तासु बिश्वम्भर नाम उचारा॥
भ्रमा जिमि सब जगत प्रकाशा॥ सर्व भिन्न निरगुण परकाशा॥
ताते ब्रह्म कहावत सोई॥ अनन्त अनन्त रूप जेहि होई॥॥

दो० कृषि भूवाचक शब्द जो ताहि ण रत हैं कृष्ण॥
सब में व्यापक रहत नित बिषरा व्यापसो बिष्णु॥
सब ऐश्वर्य सुधर्म यश श्री बिराग बिज्ञान॥॥
षट भग जामें होइ ये सोहि कहिये भगवान॥
रामनाम ते होत जो सो काहू ते नाहिं॥॥
यह निश्चै करि देखिये सकल पुराणन माहिं॥
रामनाम निर्बर्ण है सब बरणन को ईश॥॥
मुकुट छत्र ये जानिये रेफ बिन्दु सब शीश॥
रामनाम मय सर्व है नाम प्रकृति अरु वर्ण॥
रम क्रीड़ा ताते कहत सुनहु अपर थरि कर्ण॥
कोटि तीर्थ व्रत दान तप कोटि योग जप ध्यान॥
कोटि ज्ञान बिज्ञान मख तुलै न नाम समान॥

सप्तकोटि जो मंत्र हैं चित भ्रमावन काज॥
परे मंत्र हैं राम नाम सकल मंत्र को राज॥।॥

चौ॰ रामनाम जे जपैं सदाहीं॥ मुक्ति भुक्ति तेहि संशै नाहीं॥
मूर्द्ध गगन तहं बसत रकारा॥ त्रकुटी बास अकार बिचारा॥
जिह्वा बास मकार हि जोई॥ निज निज थल उच्चार सो होई॥
योगी अर्धरकारहि ध्यावैं॥ अरु अकार ज्ञानिन मन भावैं॥
पूरा नाम जपै हरिदासा॥ मुक्ति भुक्ति की छाड़े आशा॥।॥
जैजै मंत्र प्रयोग कहावै॥ तैसतैस साधे फल पावै॥ ॥
ते सब सिद्ध छिप्र होइ जाई॥ रामनाम सुमिरै मन लाई॥
जपै कौन बिधि युक्ति बताओ॥ निजगन जानि न नाथ दुराओ॥
कह शिव सुनो प्रिया करि प्रीती॥ नाम जपन की बरणौं रीती॥
सतगुरु ते जब पावै नामैं॥ करि बिश्वास रटै तजि कामैं॥।॥

गी॰ छं॰ तजि काम क्रोध बिमत्सरालस लोभ मोह निवारि के॥ छल मल कुसंगति त्यागि सद्गुरु आसनासन मारि के॥
शुचि अंग गो मन जीति नासा निरत नित नामै रटै। है जाय सो नर राम ही को रूप भवबंधन कटै॥।॥

चौ॰ प्रीति अप्रीति रीति बिन जाने॥ कहत नाम सुख लहत सयाने॥
अमिय गरल गद जल मल आगी॥ पारस सम गुण कहत बिरागी॥
अंतर नाम जपत जो कोई॥ मुक्ति होत परि भक्त न सोई॥।॥
रामरूप दरशन नहिं पावैं॥ तातें जन रसना मन लावैं॥ ॥
रसना नाम रटत जो कोई॥ पराभक्त हरि दरशन होई॥।॥
रसना नाम रट्यो जिन जानों॥ तिन सबहिन के नाम बखानों॥

दो॰ लोमस नारद ब्यास शुक भृगु अगस्ति अरु त्यार॥
गणिका यमन गयंद द्विज नामक जान्यो स्वार॥

चौ॰ कागभुशुण्ड नाम गति जोई॥ कल्प अन्त जेहि नाश न होई॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

बालमीक ध्रुव सुमिरयो नामा॥ पावन भयी लह्यो विश्रामा।
नाम प्रसाद शेष महि लीन्हें॥ भुवन चारि दश रज सम कीन्हें
नामहि बल मैं विष कियो पाना॥ वेद पुराण विदित जग जाना
सनकादिक गण मुनि हरि जाता॥ जीवन मुक्ति पूज्य सुखदाता
औरौ प्रमित भये हरि दासा॥ नाम सुमिरि गे प्रभु के पासा।
सो॰ योगी ज्ञानी भक्त जे सुकर्म करता सकल॥
रामनाम अनुरक्त रसकी द्वा ताते कहस॥
चौ॰ सतयुग सत्य न झूठ बखानी॥ करि हरि ध्यान तरै भव प्रानी
त्रेता लग मख संयम करहीं॥ सुख लहि देइ जीव जग तरहीं॥
द्वापर व्रत पूजा आचारा॥ करि करि जीव होइ भव पारा।
कलि नहिं तप व्रत संयम योगा॥ साधन कठिन देह बस रोगा॥
ताते निगम सुगम मग गावा॥ कलि भव सिन्धु नाम दृढ़ नावा
नाम प्रताप सकल युग जानू॥ कलि विशेष जिमि ग्रीषम भानू
अस बिचारि जे नर अस ज्ञानी॥ जपहिं नाम ऋतु अन ऋतु मानी
अन्न असन तजि बन फल खाना॥ गज रथ बाजि देइ गो दाना
गी॰ छं॰ गो देइ कोटिन दान गिरि चढ़ि झौंप ले तन जारहीं। स-
ब करहिं तीरथ अटन ज्ञान पुराण वेद विचारहीं॥ मख कोटि सुर
तैंतीस राधै योग अष्टांग हि करै। एक राम नाम जहा-
ज बिन संसार सागर ना तरै॥
दो॰ अँवै अनल शशि व्योम फल तम रवि देइ मिटाय।
बिन हरि भजन न भव तरै करै जो कोटि उपाय॥
गरुडै खाइ भुजङ्ग वरु घृत निकसै जल नीक॥
भजन बिना सुख नाल है यह पाथर की लीक॥
अस बिचारि रघुनाथ भजु राम नाम मन मोर।
जब होई तब होइहै येही ते भल तोर॥ ॥

सो० ज्ञानी ध्यानी गुणी दाता सूर सुजान॥
अतिपवित्र रघुनाथ सो जो सुमिरै भगवान॥
राम नाम का अर्थ कछु कहौं बुद्धि अनुसार॥
नाम प्रभाव अपार अति को अस पावै पार॥
पाठ अशिष्य विष पाठ की तिन्है न यह मत देइ॥
रामउपासक ते कही जो सुनि उर धरि लेइ॥

इति श्री बिश्रामसागर सबमत आगार ग्रंथ उजागर श्री रघुनाथदास-
रामसनेही कृत नाममहात्म्य बरनी नो नाम षष्ठो अध्यायः ६॥

दो० सुमिरि राम सिय संत गुरु गणप गिरा सुखखानि॥
कूरम कोल पुराण की कहौं इतिहास बखानि॥
कह सौनक हरिनाम कहि पतित तरे जग कौन॥
यह अभिलाषा सुनन की कहौ नाथ तुम तौन॥
बंदे उ सूत हरि नाम कहि तरिगे पतित अनेक॥
पार न पावैं जो गनैं सहस शारदा शेष॥
जो कछु मम जाने सुने पुराण पुराणन माहिं॥
सो तव हित बरणन करौं जो पूछो मोहि पाहिं॥

चौ० बालमीक गरिमा का गज जानो॥ यमन केर इतिहास बखानो॥
कीरति मुख इक मुनिवर रहई॥ विपिन मध्य तनय गन चहई॥
इक दिन स्वपने शुक्र बिनासा॥ बांधी धरि जरीचि चले उदासा॥
तेहि ते बालमीक मुनि भयऊ॥ ठगन केरि संगति होइ गयऊ॥
तिनके साथ विपिन नित जाई॥ मारि जीव धन लेइ छिनाई॥
सब बिधि सो जब भयो सयाना॥ तब बन लाग अकेलेहि जाना॥
ब्राह्मण वयस शूद्र जेहि पावै॥ प्रथम मारि तेहि वस्तु छिनावै॥
जो कोइ आपुइ ने धन देई॥ बिन बध किहे कबहुं नहिं लेई॥

दो० एक दिवस बड़ि देर भइ मिलान कोऊ ताहि॥

तेहि मानि के सप्तऋषि के हुते नाम जो आहि॥
कश्यप अत्रै यमदग्नि विश्वामित्र वसिष्ठ॥
भरद्वाज गौतम कहे नाम सप्त ऋषि शिष्ट॥

चौ॰ इन्हें देखि धावा हरखाई। बोला बचन मुनिन से जाई॥
पोथी पत्रा देहु उतारी॥ नाहि त सबन डारि हौं मारी॥ ॥
जानि दुष्ट बोले मुनि तानी॥ सुनु ठग हम पूछत इक बानी॥
जो तुम पाप करत अति भारी। तिन मा कोइ औरौ सझियारी॥
यह घर जाइ पूछि ये बाता॥ आइ हमैं फिरि कीजे घाता॥
कही बिहँसि मैं अन न जावों। तुम भजि जाउ कहां पुनि पावों
तब मुनि सोह राम की खाई। सुनि आवा घर देर न लाई॥ ॥
तात मात सुत बनिता भाई॥ पूछेसि सब का निकट बोलाई
मैं जो लूटि मारि धन लावों॥ खात सकल मिलि भोग भोगावों
जीव बधे कर पाप जो होई। तेहि मा सझियारी है कोई॥ ॥
सबहिन कहा पाप जो आहीं। ता के हम साथी हैं नाहीं॥

दो॰ अस सुनि सोउ पतभयो गयो सप्त ऋषि पास॥
हाथ जोरि चरणन पर्यो कह्यो बचन परकास॥

चौ॰ महाराज हैं सरण तुम्हारी॥ पतित जानि मोहि लेहु उबारी
सुत पितु मातु बन्धु त्रिय नारी॥ हैं सब स्वारथ के संघाती॥॥
संकट परे काम नहिं आवैं॥ सबके सब जहं तहं भजि जावैं॥
अब लगि मैं सब का निज जानी॥ करत रह्यों पातक सुख मानी॥
सो अघ समुझि लगत डर भारी॥ पाहि पाहि मैं सरण तुम्हारी॥
दीन जानि बोले सुखदाई॥ मरा मरा कहि सुमिरहु जाई॥॥
सुनि मुनि बचन हृदय धरि लीन्हा॥ मरा २ सोइ सुमिरन कीन्हा
तिसरे शब्द राम होय गयऊ॥ बालमीक कर कारज भयऊ
जाप करत भे पातक नाशा॥ निर्मल हृदय भयो परकाशा॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

दो० तबभविष्यसियराम यश कह्यौ कोटि सतगाइ
सौनकनाम प्रभाव अस मराके हेगतिपाइ ॥

चौ० और सुनो गणिका इक रहई। ताके पाप पार को लहई॥
अन्त समय लीन्हों यम घेरी। लगे देन तेहि त्रास घनेरी॥
तेहि समय एक हरिजन आये। देखि त्रास का बिनय सुनाये॥
तुम हौ दीनबंधु सुखदाई। मोहिं सङ्कटते लेहु छुड़ाई॥
सुनि साधू मन बिसमय कीन्हा। मंत्र याहि नहिं चाहिय दीन्हा॥
जो याकर कल्याण न होई। तौ प्रण जाइ हमारो खोई॥
बिना नाम भल होत न जानौं। यहि कौन बिधि नाम बखानौं॥

दो० अस बिचारि साधू कह्यो जग जो हिन्दू लोग।
कीरपदा बत कहो सोइ तब तब नाशे सोग॥

चौ० सुनि गणिका कह राम सो आही। असकहतै तन छूटा ताही॥
सुनतहि हरिगण आये धाई। यम फांसी से लेल छुड़ाई॥
हितसे सुभग बिमान चढ़ावा। राम धाम तहं जाइ बसावा॥
अस है राम नाम सुखदाई। अधम जाति गणिकै गति पाई॥
सुनहु एक गज अति बलवाना। करन गयो सागर जल पाना॥
ग्राह गह्यो ताकर पग धाई। लैगा जल महिं घसि लाई॥
फिरि गज खैंचि किनारे लावा। यहि बिधि सो बहु काल बितावा॥
गज के तात भ्रात सुत भामा। कछु दिन भोजन दीन्हों तामा॥
पाछे सबन त्याग तेहि दीन्हा। क्षुधा क्षीण भा बल तें हीना॥
कोउ सहाय क जब नहिं देखा। जान्यो गाअब प्रान बिशेखा॥
तब तेहि अर्द्धनाम गोहरायो। गरुड़ छांड़ि हरि तुरतहि धायो॥
ग्राहे हति गज लीन बचाई। सुनु मुनि अस दयाल रघुराई॥
तिन्हें छांड़ि जे आनै धावैं। तजि सुरसरि जल कूप खनावैं॥
और सुनो मैं कहौं बखानी। हो म्लेच्छ एक अघ खानी॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

एकदिवसगुनींकहंगयऊ॥ बाहरग्रामसोबैठतभयऊ॥
पाछेतेसूकरसुतआवा॥ बिटऊपरमुखमारिगिरावा॥
कहाअमनमारयौहारामा॥ असमांगतछूट्योताजामा॥
यमकेदूतगहिलेतेहिधाई॥ आइगराानतबलीनछिड़ाई॥
कहागरानलीन्होंयहिनामा॥ अबनहिंजायतुम्हारेधामा॥
कहयमदूतहरामजोकीन्हा॥ सोयहिनामसुवरकालीन्हा॥
हरिगणकंहसंकटकेमारे॥ हाइरामअसकहिसिबिचारे॥
दूतकहाचलिन्यावचुकाई॥ जाहिमिलेसोईलैजाई॥
यहिबिधिझगरतगेविधिपासा॥ बोलेब्रह्मजाहुकैलासा॥
तबचलिउमानाथपंहगयऊ॥ दोउमिलिहालगुजारतभयऊ॥

दो॰ सुनतकहाशिवनामकरन्यावनमोसोंहोइ॥
चलिबैकुण्ठचुकाइयेश्रीपतितेकहिसोइ॥

चौ॰ असबिचारिबैकुण्ठहिआये॥ समाचारसबहरिहिसुनाये॥
कहयमदूतचरणशिरनाई॥ इहुहैअतिपापीअन्याई॥
मरतहरामकहेसिमुखयेहीं॥ तातेगणलैजाननदेहीं॥
सोनियावतुमतेंप्रभुहोई॥ जोतुमकहौंकरैंहमसोई॥
सुनतविष्णुमनकीन्हबिचारा॥ नामप्रभावअनन्तअपारा॥
बोलेयमदूतोसुनिलीजे॥ याकोदूहैंरहनअबदीजे॥
सुनियमगणचलिभेखिसियाई॥ हर्षेशिवबिरंचिमुनिराई॥

छं॰ हर्षेबिरंचिमहेशशेषगणेशनारदआदिकैं। जेहिहेतुमुनिजपकरतयोगीयोगआसनसाधिकैं॥ नहिंमिलतसोपदयमनकहिहारामबिनश्रमपायहू। असजानिजामेंनाजपैंतिनवादिजन्मगंवायहू॥

दो॰ असहैनामप्रभावजेहिकहिनसकैंहरआपु।
तातेसन्तनकीजियेरामनामकोजापु॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

इति श्रीबिश्रामसागर सुष मतःआगर ग्रंथ उजागर श्री रघुनाथदास राम सनेही कृतबाल्मीकि गज गनिका उद्धारबर्णनो नाम सप्तमोऽध्यायः॥

दो॰ सुमिरि राम सिय सन्त गुरु गणपति गिरा सुखदानि॥
कहौं कथा भागवत की अब इतिहास बखानि॥

चौ॰ बोले मुनि कछु नाम प्रभावा॥ कहौ सुनौ अब अपर सोहावा॥
कनउज तीर ग्राम इक अहई॥ अजामील द्विज तामें रहई॥
मात पिता नाम यश धारा॥ सो सब सांच कीन्ह करतारा॥ ॥
पूर्व कर्म बस तजि निज नारी॥ बेश्या सकाल हिंसि बैठारी॥
सुरापान ताके संग कीन्हा॥ शौच सयान दूरि धरि दीन्हा॥ ॥
अजामील लै नीच न देई॥ चर्म न का पर अपना लेई॥ ॥
अस पातक निशिवासर करई॥ हृदय नेकु दाया नहिं धरई॥

प॰ छं॰ एक दिवस इक साधु तासु नगरी महं आयो। पूछ्यो हरिजन धाम सुनत दुष्टन बहं कायो॥ आजामील घर जाहु चहो जो शुभ विश्रामा हरिजन जान्यौ सांच गयो चलि ताके धाम। गणिका लखि घूमें तुरत अजामील सुनि पाइ। विनती करि फिरि लै गयो आसन दीन बनाइ॥

दो॰ यद्यपि मैं यहि जन्म मंह दुर्भग अघ युत दीन॥
तदपि पाछिले जन्म महं पुण्य घनो कछु कीन॥

सो॰ पुण्य पुंज बिन नाथ। मोको तव दर्शन कहां॥
औपि मिलत कहु साथ तो नहिं होतो भाउ उर॥

चौ॰ अस कहि सीधा विटते लायो॥ बिबिध भांति भोजन करवायो॥
है प्रसन्न बोल्यो हरिदासा॥ तब बनिता उर पुत्र निवासा॥॥
अब की बेर जन्म लेइ जबयाही॥ धरेहो नाम नारायण ता ही॥
नारायण जो धरिहौ नामा॥ तौ नहिं जैहौ यम के धामा॥॥

प॰ छं॰ अस कहि हरिजन गयो भयो जब बालक जानी॥

धर्यो नरायण नाम वचन वैशो को मानी ॥ तासो राखै नेह नेकु नहिं न्यारा करई । मोह वश्य भा अंध मृत्यु से नाहीं डरई ॥ यहि भाँतिन केछु काल गे अन्त समै का वार । लेन चले यम दूत बहु आये तासु अगार ॥

चौ० महा भयानक रूप निहारी ॥ अजामील डर्यो अति भारी
लागदर मारि डारि गर फाँसा ॥ काढ़त जीव चले उर्द्ध स्वासा ॥
निकसत प्राण भई अति पीरा ॥ रही न तन कौ सुद्धि शरीरा ॥
रूराइ धेरि मम गण इक लयऊ ॥ मुख से बचन बोलि नहिं गयऊ

दो० तब सोइ सुत की आदि करि कह्यो बचन हरु वाइ ।
कहाँ नरायण पुत्र मम तेहि मोहिं देउ देखाइ ॥

चौ० नाम लेत हरि हृदय विचारा ॥ दुखकी वस कहु मोहिं पुकारा
मोर नाम जे जग मे लेहीं ॥ तेहि कि कष्ट यमकिं का देहीं ॥ ॥

सवैया तुरते हरि बोलि कह्यो गण ते केहु नाम लियो तेहि वेगि बचावो ॥ फाँस छोड़ाइ चढ़ाइ बिमान बजाइ निशान मेरे ढिंग लावो ॥ आयसु पाइ गये द्विज धाम बिलोकि के दूत सबै दुख पावो । बोलि उठे तब ही गण ते केहि कारण भौन घुसे तुम आवो ॥

चौ० इतना सुनि उत्तर गण दीन्हा । इहाँ रहत हरिजन हम चीन्हा
तासु फाँस काटन के हेता ॥ ताते पठ इनि कृपानि केता ॥
सुनि यम दूतन कहा रिसाई ॥ तुम लोगनों बड़े अन्याई ॥
याकी सम नहिं दूसर पापी ॥ ता को तुम हरिजन करि थापी ॥
खायसि माँस कि हिंसि मद पाना ॥ अस नाहिं लै चल्यो बिमाना
सुनहु गनौ जे आमिष खाहीं ॥ तेहि सम और पाप नहिं आही
याकर दोष जौन कछु होई ॥ कथा कह्या पारय भसोई ॥
पशु तन हते जो रोम शरीरा ॥ तिल ने वर्ष नर्क सह पीरा ॥ ॥

आठ जु हिंसा के गृह जानो ॥ सो भारत में साखि बखानो ॥
जीव बधन इक अज्ञा देई ॥ दूजो मारै त्रै गहि लेई ॥ ॥
चौथो सुनो सवारनहारा ॥ पंच वांचैं चनहार निहारा ॥ ॥
छठें रसोई जोन चढ़ावै ॥ सतवों सो जो परसि जिमावै ॥
अठवां खानहार जो होई ॥ धरै नर्क महं आठो सोई ॥ ॥

दो० मोल मंगावै घर हते ताहि दर्वि दे कोउ ॥ ॥
सुख सम्पति सब नाश ही मोक्ष लहै नहिं सोउ ॥

चौ० द्विज ह्वै के मदिरा जो खाई ॥ देव गुरु का कर पूजै जाई ॥
बार गुरवी जो गरे लगावै ॥ कुल का धर्म सकल घटि जावै ॥
तेहि द्विज की पूजा जो करई ॥ पुण्य जाइ घटि अघ सिर परई ॥
यामें नहिं हम झूठ बखाना ॥ धर्म शास्त्र में यह परमाना ॥ ॥
तेहि ते अब ऐसी जनि कीजै ॥ याहि नर्क लै जाने दीजै ॥ ॥
अस पापी जो हरिपुर जाई ॥ नर्क काहि हम डारब भाई ॥

सवैया बोलि तबै गण दूतन ते तुम नाम प्रभाव न जानत भाई । गो द्विज पाप करै नर जो अपने करते मधु ले इछोड़ाई । चोरि करै बटपारि करै गुरु तल्प धरै पग आमिष खाई । और हु पाप करै बहु जो हरि नाम लिहे सबही जरि जाई ॥

दो० गणिका यमन गयन्द से बाल मीक अघ खानि ॥
नाम कहत सब तरि गये कहं लगु कहौं बखानि ॥

चौ० कोटि गऊ जो देवै दाना ॥ ग्रहण करै काशी अस्नाना ॥
मकर प्रयाग बसै जो जोई ॥ यज्ञ करै दश सहस सोहाई ॥ ॥
गिरि सम हेम दान कर कोई ॥ राम नाम सम तुलै न सोई ॥ ॥
यथा ढेबुक मुद्रा जग माहीं ॥ हैं सब एक यदि इक सम नाहीं ॥
बस्तु अमोल यथा मति कहहीं ॥ जिन जाना जस तस फल लहहीं ॥
संकेत परिहास जो करई ॥ राम नाम सुमिरत अघ हरई ॥ ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

अस हरि नाम प्रकट जग आही। शेष महेश रटत हैं जाही॥
सोई नाम याते कहि आवा। याकी सम को भक्त कहावा॥
कह यमदूत सुनहु गण जेता। कब यहि कीन राम सों हेता॥ ॥
यहि तो पुत्र नाम कहि टेरा। तातें हम दियो दुःख घनेरा॥
जो यह लेत राम कर नामा। तौ हम तें याको का कामा॥ ॥
कह गण हरिजन जो कहि गयऊ। ताके वचन मानि यहि लयऊ॥
करि उपदेश सन्त दिय नामा। तातें भक्त भयो यह रामा॥ ॥
चारौ युग श्री शारँग धानी। साँचो करि आये जन बानी॥ ॥
यहि विधि दूतन कह समुझाई। लीन्हो ताहि विमान चढ़ाई॥
राम धाम लै गे यहि भाँती। यम किंकर चलि भे खिसियाती॥
हरि गी० छं० खिसियाहि चलि भे दूत यम के देखि महिमा नाम की। अस अधम पापी खल सुरापी निर्दयी हरि वाम की॥ सो अन्त समै पुकारि सुत को नाम हरि उर का गयो। अस राम नाम प्रभाव सुनि अति हर्ष शौनक के भयो॥

दो० नारायण इति नाम कहि अजामील भो पार॥
तातें सन्तन कीजियो राम नाम उच्चार॥ ॥
सुत बनिता धन धाम जो सब इहनै रहि जाइ॥
नर्क स्वर्ग यम लोक में नामैं होत सहाइ॥

इति श्री विश्रामसागर सब मत आगार ग्रंथ उजागर श्री रघुनाथ दास राम सनेही कृत अजामील प्रसंग वर्णनो नाम अष्टमो ऽध्यायः ८

दो० सुमिरि राम सिय सन्त गुरु गणप गिरा सुखदानि॥
धर्म दूत सम्वाद अब कहौं अस्त कंद बखानि॥
सो० कह सौनक हरषाइ। अजामील जब नामि ल्यो॥
दूत धर्म ढिग जाइ। कहा कहिन सो बरणिये॥
चौ० कहा सत्य यम दूत रिसाई। धर्मराज पहँ पहुँचे जाई॥ ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

दंड फांससबदीन्हेंहारी ॥ देखौरबिसुनदशा हमारी ॥ ॥
जाहिअधमपापीहमचीन्हा ॥ तेहिसबढिगलावनमनकीन्हा
अन्तसमैसुतनामपुकारा ॥ तुरतेहरिगणताहि उबारा ॥
लीन्हे निषहरिबिमानचढ़ाई ॥ रामधामतहँ राखेनिजाई
असअनरीतिनहमैंसोहाई ॥ तासेतबढिगआयन साँई ॥
दो० दंड फांसलीजैअपनिकह्योसबनशिरनाइ ॥
दूतकर्मनहिंकरबअबअसकहिचलेरिसाइ ॥
चौ० रिसहजानियमराजबोलाये ॥ करिसनमाननिकटबैठाये
कहाधर्मदूतसुनौममबाता ॥ हैहरिनामसकलसुखदाता
संसकारजोअघकरआही ॥ सूक्षमरूपकहतमुनिताही
सोनहिंनशैतपादिककीन्हे ॥ यतनअनेकदानबिधिदीन्हे
सोवह सूक्षमअघकोमूला ॥ सुकृतनामनाशतसबशूला
तातेताकेअघसबनाशै ॥ जिमितमसहजैभानुप्रकाशै ॥
जोजनलेइरामकरनामा ॥ तेहितेतुमतेहँकाकामा ॥ ॥
तिनकेनिकटनजायोभाई ॥ देखिदूरिसेदिह्योबराई ॥ ॥
सुनतदूतकहजगकेमाहीं ॥ नामसकोबरजेनकोनाहीं ॥
जोउनकेढिगजाननपाई ॥ तौमृत्युलोककरबकाजाई
कहरबिसुतदूतोसुनिलेहू ॥ मैंजोकहूंताभेमनदेहू ॥ ॥
रामकहतजोनरजगमाहीं ॥ सोअधिकारनेहँकछुनाहीं ॥
गुरुतेरामनामजिनपावा ॥ करिबिश्वाससोहृदयबसावा
जोकोइकोटिनकरैउपाई ॥ मारेत्रासलोभदिखाई ॥ ॥
तदपिरामतजिअन्तनधावै ॥ सोहमरेलोकेनहिंआवै
असहरिभक्तबिलोकौजबही ॥ करयोप्रणामदूरितेतबहीं
साकटकहंतुमधरिलैआवो ॥ नर्कडारिसबकर्मभोगावो ॥
बोलेदूतजोरियुगपानी ॥ इकसंशैहमरेउतपानी ॥ ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

पाँचतत्वकीसबकीदेही ॥ किमिजानवयेरामसनेही ॥ ॥
भक्तनकेरचिन्ह कहौं गाई ॥ जातेहमउनढिगनहिंजाई ॥
बहुरिकहौंसाकटकरभेदा ॥ जिन्हैंलायदेइबहुखेदा ॥ ॥
कहरवितनयसुनोरेभाई ॥ भक्तचिन्हमैंकहौंबुझाई ॥ ॥
कण्ठबिषेतुलसीकीमाला ॥ मस्तकमेंदियेतिलकबिशाला ॥
शङ्खचक्रभुजमूलसोहाये ॥ भुवनपवित्रकरनभुवआये
हरिकीकथासुनैंहरषाई ॥ रामनामसुमिरैंमनलाई ॥ ॥
जीवबधनहितअस्त्रनधरहीं ॥ देखतदीनदयाअतिकरहीं
क्षमाशीलसन्तोषेरहहीं ॥ बालवृद्धसबकेप्रिय रहहीं ॥
मनक्रमकाहुदुःखनदेवैं ॥ अतिउदारसन्तनकहसेवैं ॥
असहरिभक्तहरीसमजान्यौं ॥ यामेंरञ्चकभेदनआन्यौं

दो० जोकदापिभक्तनविषेकछुकदोषदरशाइ ॥
तथादेहकृतमानियेभक्तनपरसैनाइ ॥
भक्तदोषप्राकृतनहींतिन्हैंनबाधकहोय ॥
औरनकोपावनकरनसदसमर्थहैसोय ॥

चौ० ताकोयहदृष्टान्तबिचारौ ॥ सोसुनिकेसंदेह निवारौ ॥
जोगङ्गामेंफेनदिखावै ॥ तौकागङ्गप्रभावमिटावै ॥ ॥
ब्रह्मद्रवजगभगतजहाहीं ॥ हरतब्रह्महत्याछिनमाहीं
तैसेसन्तगोबिन्दपियारे ॥ सबदोषनकोभञ्जनहारे ॥ ॥
तातेतुम्हैंकहौंसमुझाई ॥ भक्तनढिगजनिजायोभाई

दो० भक्तनकेलक्षणकहेकछुसंक्षेपबखानि ॥
अबसाकटबरननकरौंसोउलेहुतुमजानि ॥

चौ० साकटजेहिहरिभक्तिनभावै ॥ साधनलखिमनक्रोधबढ़ावै
साकटजेपरनिंद्याकरई ॥ परसुखदेखिबिनानलजरई
साकटसोहिन्सारतरहई ॥ तजैसुपन्थकुपंथेगहई ॥ ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

साकट जो परद्रव्य चोरावै ॥ पर अपकार सदा मन भावै ॥
साकट सो भोगै परदारा ॥ करै अकारन क्रोध अपारा ॥ ॥
जिव बदले जो जीव मरावै ॥ साकट मास बिराना खावै ॥
गुरु पितु मात बचन नहिं मानै ॥ साकट औरन का दुख ठानै
इमि नर बिमुख राम ते आहीं ॥ डारहु आनि नर्क के माहीं ॥

दो० कौन करम करि लहत नर नर्क स्वर्ग में बास ॥
सो हम ते बर्णन करौ जानि आपने दास ॥

चौ० कह यमदूत सुनौ जेहि कर्मा ॥ परत नर्क महं कहौं सो मर्मा
हिन्सा करै बचन कटु भाखै ॥ सुनै बेद परतीति न राखै ॥ ॥
दै बिश्वास घात जो करई ॥ प्रानी सोई नर्क महं परई ॥ ॥
देव बिप्र संतन दुखदाई ॥ पर निंदा करै अपन बड़ाई ॥
बिना समै भोगै जो नारी ॥ परत नर्क मह मांस अहारी ॥ ॥
रजस्वला त्रिय गर्भ युत होई ॥ तासों रमन करै जो कोई ॥ ॥
बिप्रै नेउति बहुरि नहिं देवै ॥ सो प्रानी नर्क बासा लेवै ॥ ॥
शूद्र भील सुपचाधम कोई ॥ भगवनि भक्ति परायण होई
तिन्हैं जानि कै करै जो तर्का ॥ मन्द बुद्धि सो भोगै नर्का ॥ ॥
जे निज देह माँभ अभिमानी ॥ आतम बुद्धि लखैं अज्ञानी ॥
हरि कलत्र अपनी करि मानैं ॥ प्रतिमा मात्र देव करि जानैं ॥
सलिल मात्र तीरथ जिन जाना ॥ संतन में कुभावन आना
ते खर सम जानौ प्रानी ॥ परत नर्क महं बाचक ज्ञानी ॥
अर्चे बिष्णु शिला करि मानैं ॥ श्री गुरु देवै नर करि जानैं ॥
बैष्णो की जो जाति बिचारैं ॥ अन्य देव सम बिष्णुहि धारैं
हरि हरि जन चरणोदक होई ॥ तीर्थ बुद्धि करि मानै सोई ॥
राम नाम मंत्रन सम धरई ॥ सो नर घोर नर्क महं परई ॥
गोशाला अरु ग्राम जरावै ॥ घोर बैर पर त्रिय मन भावै

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

देखिबिना दोष दे सीसा ॥ नर्क परै सो बिस्वे बीसा ॥ ॥
तीरथ देव गऊ अस्थाना ॥ मध्य गली धर्मशाला जाना
जाय मैल बिष्टा जो करई ॥ जीव बधै सो तम में परई ॥ ॥
पूजै नाहिं सन्त घर आई ॥ और देखि मन क्रोध बढ़ाई ॥
हेम गऊ ते बाल चोरावैं ॥ हरियश तजि नर कीरति गावैं ॥
भक्तन को यश कबहूं न कहई ॥ रामभक्ति ते बिमुख हि रहई ॥
पर श्री गुप्त जो करैं उघारा ॥ ते शत भुगतैं नर्क अपारा ॥
नारि जो निज पति छिद्र कावै ॥ आन पुरुष का गेर लगावै
पति से बोलै बचन कठोरा ॥ राम ते बिमुख धर्म सुख भोरा
असतिय परै नर्क के माहीं ॥ यामें कछु संशै है नाहीं ॥ ॥
पाप कर्म सब तेतम होई ॥ ऊंच नीच चाहै करै कोई ॥ ॥

दो० नर्क परत जेहि कर्म करि सो मैं कह्यौं बखानि ॥
स्वर्ग मिलै सो कहत अब दृत लिह्यौ तुम जानि ॥

चौ० श्रद्धा सहित करैं जे दाना ॥ पूजैं उत्तम बिप्र सुजाना ॥ ॥
होम यज्ञ तीरथ ब्रत करहीं ॥ जप तप गायत्री मन धरहीं ॥
पर उपकार सदा मन भावै ॥ द्वारे अतिथ बिमुख नहिं जावै
बोलैं बचन सबन सुखदाई ॥ ते नर बसैं स्वर्ग महं जाई ॥
काहू केर बुरा नहिं चहहीं ॥ रक्षा करत जीव की रहहीं ॥ ॥
मान पराबो गिरन न देहीं ॥ सत्य बचन दृढ़ी गहि लेहीं ॥
बेश्या देखि करैं परनामा ॥ रजकन जितने लागैं जामा ॥
तितने शत मन्वन्तर माहीं ॥ बसैं स्वर्ग कहि आगम जाहीं
नारि पति ब्रता जो होई ॥ धर्मवान कोमल चित सोई ॥
पति कुष्ठी दारिद्री जानौ ॥ रोगी कुपिरा अन्ध यहि चानौ
कामी क्रोधी कैसो होई ॥ नारि ईश सम मानै सोई ॥ ॥
पति के संग सती होइ जावै ॥ सो तिय सत्य स्वर्ग सुख पावै

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

सो॰ आश्रम धर्म दृढ़ होइ बिहँग कपोता की सरिस॥
बसै स्वर्ग महँ सोइ। बहुत काल लगि जानिये॥

इति श्री बिश्राम सागर सब सत आगर ग्रंथ उजागर श्री रघुवरदास रामसनेही कृत यम दूत सम्बाद बर्णनो नाम नव मोऽध्यायः ९॥

दो॰ सुमिरि राम सिय सन्त गुरु गराप गिरा सुखदानि॥
कहौं इतिहास समुच्च की अब इतिहास बखानि॥

चौ॰ सुनत दूत अस पूँछे लीन्हा॥ बिहँग कपोत धर्म का कीन्हा
सोउ नाथ अब कहौ बखानी॥ जाइ गृह आश्रम जेहि जानी
कहु धर्म सुनहु दूत मन लाई॥ बन्दौं कथा सुँदर सुखदाई॥
बधिक एक अति निरदै रहई॥ बिपिन जाइ जीवन कहँ गहई
निसदिन नीच जीव संहारै॥ पाप दोष नहिं हृदय बिचारै॥
एक दिवस एक बनहिं सिधावा॥ तामें जीवन एकहु पावा॥
उत्तर दिशि ते आँधी आई॥ भयो अंधेर न सूझै राई॥ ॥
गर्ज्यो मेघ प्रलय की नाई॥ भाग्यो सुनत पंथ नहिं पाई॥
वृष्टि होन पुनि अति ही लागी॥ पाथर परत सबै सुधि भागी
जहाँ तहाँ जल बहै घनेरा॥ पावन अंडै बिपति ने घेरा॥
माघ मास काँपै सब देहा॥ सहै त्रास करि करम सनेहा॥
क्षुधा सतावै ज्यों ज्यों तन को॥ हो वै धीर अधिक ही मन को
पवन जोर तें पक्षी जानौ॥ गिरि गिरि परे वृक्ष तर मानौ
दामिन च मकक पोती देखी॥ धाइ बधिक तेहि गह्यो बिसेखी

दो॰ आयु काल के गाल में सो न बिचार्यो अंध॥
॥ वाहि पींजरा माँहि करि चलत भयो मति मंद॥

चौ॰ शोचत सुमन कपोती सोई॥ मम पति आजु अकेलो होई
मंदिर तिनकर जहाँ रहावा॥ तेहि द्रुम तरे बधिक सोइ आवा
कापोता की सघन निहारी॥ बैठा सो मदि सुपास बिचारी॥

शीतक्षुधाबसबोलिनजावै ॥ काठसरिसतनुभादुखपावै
ताहीसमैकपोतसोआयो ॥ प्यारीबामधामनहिंपायो ॥
दो० मोलेपहिलेआवतीनित्तबधूगृहमाहिं ॥
आजुरहीकहँप्राणप्रिय कछुकुशलहैनाहिं ॥
चौ० असबिचारिमनशोचनलाग्यो मोहप्रबलहिरदेमहँजाग्यो
मैंसुअकेलरह्यौंघरमाहीं ॥ बिनबनिताजीवनकछुनाहीं
नारिपुरुषमेंअंतरधरई ॥ धृगतेहिंनरहिजोगृहमनधरई
आश्रमकीशोभात्रियजानौं ॥ बनिताबिनावृथासुखमानौं
जिततितदृष्टिकपोतहिंफेरी ॥ देखीबधूपींजरेगेरी ॥ ॥
बिस्मैकीन्हकपोताजबहीं ॥ बोल्यौबचनबिकलहैतबहीं
अहोप्रियाअबमैंकाकरिहौं ॥ तुमबिनप्राणत्यागिकेमरिहौं
पतिकोबिकलकपोतीजानी ॥ बोलीबचनधर्मसैंसानी ॥
हेपतित्यागौशोचसनेहा ॥ दुःखमूलजानौजगगेहा ॥ ॥
मिलनबियोगदुःखसुखसाथा ॥ तातेंशोचकरियजनिनाथा
देखौतुमबिचारिमनमाहीं ॥ जगमेंकोउकाहूकरनाहीं
धामधानतनधनसुतभाई ॥ एकदिवससबहीछुटिजाई
जोकछुधर्मअधर्मकमावै ॥ अंतसमैसोसंगसिधावै ॥ ॥
अधरमकरैभरैयमत्रासा ॥ धर्मतेंलहैअमरपुरबासा
तातेंधर्मकरौमनलाई ॥ यातेंलोकपरलोकभलाई ॥
ब्याधिकआश्रमतुम्हरेआयो ॥ याकोपूजिकरौमनभायो
पतिप्रतिबैरीयाकोजानौ ॥ बैठोशरणतुम्हारीमानौ ॥ ॥
बिपतिपरेजोकरैसहाहीं ॥ होइतासुयशत्रिभुवनमाहीं
घरआयेसत्कारनकरई ॥ नाशैपुण्यपापसिरधरई ॥
धनिवहगेहकुटुम्बपरिवारा ॥ जातेंहोवैपरउपकारा ॥
तातेंयाकीसेवाकरहू ॥ गृहस्थधर्मसोहिरदेधरहू ॥ ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

करौ धर्म जनि देर लगावो ॥ फिरि ऐसो औसर नहिं पावो ॥

दो॰ सुनत कपोती के बचन कीन कपोत बिचार ॥
मैं पक्षी मानुष्य यह किमि पोषों यहि वार ॥
अस कहि उतरयो वृक्ष ते गयो बधिक के पास ॥
सनमुख है श्रद्धा सहित कीन्हों बचन प्रकास ॥
मो को आज्ञा देहु कछु सोइ करौं यहि वार ॥
धन्य भाग मेरे अहैं जो तुम आये द्वार ॥ ॥

चौ॰ सुनि किरात बोला असि बानी ॥ अहो कपोत सुनहु सुखदानी
मो कों शीत सतावै भारी ॥ सो काहू बिधि देहु निवारी ॥ ॥
तब कपोत चढ़ि चहुँ दिशि देखी ॥ बरत बूहद इक पुर में पेखी
बिहँग चाव करि पहुँचो जाई ॥ जरत समाधि गहि लायो धाई
झांझ उजारि भूमि में डारी ॥ तामें अगिनि दई पर जारी ॥ ॥
औरो पात सूखत रुके रे ॥ चुनि चुनि लाइ अगिन महँ गेरे ॥
ताप्यो बधिक शीत भयो नाशा ॥ चेत नु है पुनि बचन प्रकाशा

दो॰ पर उपकारी बिहँग तैं शीत निवारे मोर ॥
अब कछु भोजन दीजिये क्षुधा सतावै घोर ॥

चौ॰ सुनि कपोत मन कीन बिचारा ॥ हम हैं पशु पक्षी अवतारा
चरि चुनिकै निज पेट हि भरहीं ॥ पर उपकार कौन बिधि करहीं
धनि वै मनुष्य बहुत सुख डारैं ॥ हम अपन औद्र पसारैं
भयो कपोत खेद उर भारी ॥ बिन बित गृह को बसव उजारी
भवन कूप रुम कुटुम्ब बिलासा ॥ होइ पाप जन जाइ निरासा
रुदन कपोत कियो बहुतेरो ॥ केहि बिधि हरौं दुःख याकेरो ॥
शोचत ही मन कीन बिचारा ॥ येहि बिधि ते चहि पर उपकारा
धर्म सधै तो करौं उपाई ॥ हर्षि बधिक ते बोल्यो जाई ॥ ॥
धीरज धरौ अतिथि मन माहीं ॥ देत अहार देर अब नाहीं ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

दो० करि परिकर्मा अग्निनिकों कूदि पर्यो ताबीच॥
यह सब कौतुक देखि के बाधिक कियो शिरनीच॥
सो० पूरब पुराय प्रताप उदे भयो बैराग तेहि॥
लाग्यो करन कलाप मोसम मन्द न बुद्धि कोउ॥
चौ० धन्य धन्य पक्षी तन तेरो॥ धृग्ग जन्म मम मानुष केरो॥
नरतन लहि का कीन्ह कमाई॥ पाप करत सब बयस गंवाई॥
कबहूं कछु सुकृत नहिं कीन्हों॥ नहिं काहू कर दुख हरि लीन्हों॥
धृग धृग मोकों बारहिं बारा॥ धनि विहङ्ग जेहि धर्म बिचारा॥
मैं जो किये प्रतिपालक भारी॥ अबलत पकरि सदैहों जारी॥
अस कहि डार्यो जारहि फारी॥ सुरत बिहङ्गिनि दीन निकारी॥
दो० छुटिक पोती फन्द सों ऐसे करत बिचार॥
पति बिन जीवन नारि को जग में वृथा निहार॥
चौ० यों कहि गिरि अग्नि महं सोई॥ भई सती साँची यह जोई॥
मध्य अग्नि महं दीख बिमाना॥ पति ता बीच बैठि जिमि आना॥
बिहँगिनि को तनु पलटि जो गयऊ॥ ताहू केर दिव्य बपु भयऊ॥
पति लखि भेट्यो गरे लगाई॥ गयो दुःख सन्ताप नसाई॥
रञ्चक दुख कीन्हों धर्म हेता॥ सुख जो भयो गने को तेता॥
ताते धर्म कीजिये भाई॥ यामें जनि रहिये कदराई॥
नारि पुरुष दोउ चढ़े बिमाना॥ गगन उड़े मगन मन जाना॥
जय जय देव किहिन हर षाई॥ सत्य लोक तहँ गे खेनि आई॥
दो० अबरा अबरी की कथा भई कही में सोय॥
बाधिक हाल बरनौं बहुरि सुनि राखो हिय जोय॥
चौ० बाधिक बिपिन तप कीन्हो भारी॥ मगन ध्यान तन सुरति बिसारी॥
इक दिन अग्नि लगी चहुं पासा॥ बधिक देह जरि बरि भइ नासा॥
अघ जो रहे जरे तन सङ्गा॥ बाधिक सो राच्यो हरि के रङ्गा॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

दिव्यबिमानपारष दलायो॥ तापरचढ़िकरस्वर्गसिधायो
कपटी कुटिलकीरअघधामा॥सज्जनसङ्ग लहोबिश्रामा
गृस्तधर्मजस तसयहगावा॥सुनि दूतन अतिसेसुख पावा
कहयमचरणचारसिरनाई॥ अबहममृत्युलोककहँजाई
कौनठौरजाइहमरहिये॥ कहाँनजायकृपाकरिकहिये॥
बोलेयमजोपूँछेउआई॥तुमहिदेहुँअस्थानबताई॥ ॥
जेनरहरिपूजनमनधरहीं॥ लैचरणोदकभोजनकरहीं॥
कथासुनैंहरिकीरतिगावैं॥ ठाकुरद्वारेमेंनितजावैं॥ ॥
कुटुम्बसहितगुरुसाधुनसेवैं॥ क्षुधितदेखितेहिभोजनदेवैं

दो० हरिगुरुदासननतेरहेंसाँचोनिहछलजौन॥
तिनकेढिगजनिजायहूदितौत्यागियेभौन॥

चौ० पिताअवज्ञापुत्रनकरहीं॥ द्वारेअतिथिबिमुखनहिंफिरहीं
यज्ञहोमकरिबिप्रजिमावैं॥ सन्तनकीसंगतिचलिजावैं॥
बेदबचनराखेंबिश्वासा॥ इतनेठौरतुम्हारनबासा॥ ॥
अस असधामत्यागितुमदेहू॥ बसौजहाँसोऊसुनिलेहू
जहाँनकथारामकीहोई॥ हरिकीभक्तिनजानैकोई॥ ॥
पुत्रनमानैपितुकीसीखा॥ जेहिघरलहेनभिक्षुकभीखा
कण्टकवृक्षहोइजेहिधामा॥ तहाँजाइतुमकरौसुकामा
जिवहिंसाजाकेघरहोई॥ मदिरामाँसमीनभखकोई॥
हरितजिपूजैभूतपिशाचा॥ बेश्यारतकहसत्यनबाचा॥
असनरजहँतहँबसियेजाई॥ मरेनर्कमहँडारयौलाई॥ ॥
सूनेभवनदीपनहिंबरई॥ गर्भिकाआयमृत्युजहँकरई॥
गृहजूठनिजाराल्पटाना॥ पर्बपरेनहिंदेवैंदाना॥ ॥
सुताघराईघरमाआवै॥ रहेनिरादरदुखजहँपावै॥ ॥
परबपरेभोगैजोनारी॥ बसहुजाइअसभवनबिचारी

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

बासी अन्न जो दिन प्रति खावैं ॥ जेहि गृह सन्त न आदर पावैं
कलह होइ जहं साँझ सकारे ॥ साधु विप्र जे करैं दुखारे ॥ ॥
बिना दीप निशि भोजन खाहीं ॥ बसहु दूत तिन के घर माहीं
दो॰ मात पिता कहं देहिं दुख करैं कहैं जो वाम ॥
तहाँ बसौ तुम जाइ कै जे न भजहिं सियराम ॥
चौ॰ अपुभक्त घर साकठ नारी ॥ सुत कलत्र सब मांस अहारी
तिनका छुवा जो भोजन खाई ॥ भक्ति धर्म सब ही घटि जाई
अवसि बसौ तिनके गृह सोधी ॥ जे सतगुरु ते भये बिरोधी ॥
छोड़ि के रहैं जो नारी ॥ बहू सासु से लड़ै प्रचारी ॥ ॥
मरघट चारि पन्थ जो होई ॥ अजया पुत्र रहैं जहं सोई ॥
ये अस्थान कहे मैं बरनी ॥ औरौ लेहु जानि लखि करनी ॥
धर्मराज के बचन सोहाये ॥ सुनि यम दूतन के मन भाये ॥
गी॰ छं॰ भये सुनत यम दूत परस्बि पूत जो बरणन कियो ।
उठि नाइ सिर मन मुदित ह्वै सब फांस मुगदर करि लियो ॥
यह दूत यम सम्वाद बरनी सुनैं जे अरु गाइ हैं ॥ तेहि भूत अपर पिशाच यम के दूत नाहिं सताइ हैं ॥
दो॰ लक्षण धर्मी धर्म के ऊंच नीच जे आहिं ॥
जन रघुनाथ बिचारि कछु लिखे ग्रन्थ के माहिं ॥
इति श्री विश्रामसागर सब मत आगर ग्रंथ उजागर श्री रघुनाथदास रामसनेही कृत गृह धर्म यम दूत कथा बर्णनो नाम दशमोऽध्याय १०
दो॰ सुमिरि राम सिय सन्त गुरु गणप गिरा सुखदानि ॥
नासकेत भारत्थ की कहौं इतिहास बखानि ॥
धर्मराज निज गणन ते बोले निकट बोलाइ ॥
गंग यमुन के बीच इक द्विज तेहि लावहु जाइ ॥
चौ॰ जासु गिरि ढिग बस्ती आही ॥ तामें बिप्र रहत है वाही ॥ ॥

नामशालमलितताकोजानौ॥ गोत्रअगस्त्यकेरयहिंचानौ॥
पूरीआयुभईसबताकी॥ लावहुवेगिनहींअबबाकी॥
सुनियमदूतसकलहरषाने॥ निजनिजवाहनसबनपलाने॥
कोइशूकरभूकरपरकोई॥ करमेंगर्जभयानकसोई॥
कोईचलेमहिषचढ़िवीरा॥ बड़ेबड़ेदसनलिहेधनुतीरा॥
कोइखरपरआरूढ़पिछाना॥ कारीदेहसुमेरसमाना॥
कोइसुरहापरकिहेसवारी॥ ठांढ़ेकेआगदाकरधारी॥
कोईसिंहचित्ताचढ़िधाये॥ लोहितलोचनभौंहचढ़ाये॥
कोइबरहापरआसनकीन्हे॥ फाँसीअरुमुद्गरकरलीन्हे॥
यहिभांतिनयमदूतसिधाये॥ वसतविप्रजहंतेहिपुरआये॥

सो० सोइगोत्रसोइनामदूसरद्विजतामेंरहत॥
यसघुसिगेतेहिधामडारिफांसआसनलगे॥

दो० उभैघरीकेबीचमहँमारिलिहिनिद्विजसोइ॥
मुश्कबाँधिलैचलतभेरहेकुटुम्बीरोइ॥
तातमातसुतभ्राततनग्रामधामधनजोइ॥
सबजहकेतहंईरहेसंगचल्योनहिंकोइ॥

चौ० भूसुरकहआगेकरिलीन्हा॥ यमपुरओरपयानाकीन्हा॥
मृत्युलोकतेयमपुरजानो॥ सहसछियासीयोजनमानो॥
आठठौरतेहिमारगमाहीं॥ अतिशैकष्टहोतसुखनाहीं॥
प्रथमेतुइसहसमगजोई॥ तामेंदुखसुखकछुनहिंहोई॥
एकसहसयोजनतेहिंआगे॥ सिंहबहुतलखिअतिभैलागे॥
जेबैठेसाधनकेमाहीं॥ तिन्हेंदुःखलहंव्यापैनाहीं॥
योजनपांचसहसअसहोई॥ कांटेपरललोहसमसोई॥
पायनमेंसोचुभिचुभिजावें॥ तामेंप्राणीबहुदुखपावें॥
गजरथबाजपालकीदीन्हा॥ तेनरतेहिचढ़िजातेचीन्हा॥

उभै सहस योजन यहि भाँती॥ वारू तपत रहत अति ताती॥
सो पर दान दिहिनि जिन लोगा॥ तिन का तहाँ न ब्यापै सोगा॥
योजन द्वादश सहस अगारा॥ परत विषम खाँड़े की धारा॥
एक करदान काम तहँ आवै॥ नाहि तनर अति ही दुख पावै॥
आगे योजन आठ हजारा॥ मिलत तहाँ जल गहिर अपारा॥
मही दान दीन्हे सुख पावै॥ उतरत पावन में छुइ जावै॥
योजन तीस अगारू जाई॥ अंधकार तहँ अति दुख दाई॥
दीप दान तहँ कामें आवै॥ ठाकुर द्वारे जौन बरावै॥
की ब्राह्मण घर की सग माहीं॥ साधभवन की तुलसी पाहीं॥
तीरथ माहिं कथा के नेरे॥ बारि दीप ते जाहिं उजेरे॥

सो० आगे योजन आठ महाभयानक मग मिलत॥
चढ़ा उतर के घाट होत तहाँ प्राणी बिकल॥

दो० तेहि के आगे मिलत है योजन सहस अठार॥
तपत भानु सम शीस पर तहँ अति तुदन अपार॥

चौ० तेहि मारग में सो सुख पावै॥ कुआँ बावली ताल खोदावै॥
की पौसरा दीन बैठाई॥ की ठाकुर द्वारे पहुँचाई॥
एक मारग में वृक्ष लगावै॥ ऐसा दान काम तहँ आवै॥
सहस छियासी योजन येही॥ पृथक २ देख्यो द्विज तेही॥
आगे जाय यमपुरी तीरा॥ देखो तहँ एक नदी गँभीरा॥
नाम तासु बैतरनी आही॥ मज्जा रुधिर भरा तेहिं माहीं॥
गोजर बीछि सर्प अरु कीरा॥ उतरत पापी पावहिं पीरा॥
सौ योजन की चाकल सोई॥ देखत प्राणी बिकल तहँ होई॥
जो अपने स्वामी को मारै॥ कन्या कामिनि द्विज संहारै॥
जीव बधै अरु सबै सतावै॥ पुर जंगल महँ आगि लगावै॥
तिन्ह प्यास लहँ लागे भाई॥ रक्त पीब सोइ पीवैं जाई॥

दो० अग्नि पअ्रहारी मदपिया ज्वारी चोरकसाय॥
बटपारी जो पातकी दुखपावत अधिकाय॥
कोउ उष्ण तबड़ मकोऊ लहरिसंगबहिजान॥
काहू बीछी सर्पबहु कीड़ा नोचे खात॥ ॥
सो० जोकोउ पापी होयताहि रुधिरकी लखिपरै॥
पुण्यवान कह सोइ देखिपरै घृत छीरकी॥
छं० होमयज्ञव्रतकीन दीनजिन अन्न के दानहिं। पूजे
द्विजचपुराण किये तीरथ अस्नानहिं॥ पुरटदानपट दान
तुला गज बाजि जो दीन्हों॥ अ ज्य मिठाई क्षीरदही घी थी
दत कीन्हों॥ सन्त चरण में प्रीति जिन गुरु दिक्षा लियजा-
निसुख। ते वैतरणि शैल चढ़ि उतरि जात नहिं होत दुख॥
चौ० जिन गोदान दीन्ह संसारा॥ पकरि पूछ सो होवैं पारा॥
यहि बिधि नदी उतरि द्विज पाई॥ पुरहू यमपुरी देख्यौ जाई
जोजन सहस तासु बिस्तारा॥ तामें द्वारे चारि निहारा॥ ॥
पूरब उत्तर पश्चिम जानो॥ चौथा दक्षिण द्वार पिछानो॥
धर्मवान जो प्राणी भयऊ॥ सो तौ तीनि द्वार है गयऊ॥
दक्षिण द्वारे मे सो जाई॥ जो नर पाप कीन्ह अधिकाई॥
विप्रसाधु सुर भिन दुख दीन्हा॥ अरु विश्वास घात जिन कीन्हा
दुष्ट बड़े तन मन दुखदाई॥ सबजीवन की तकें बुराई॥
चोरी करैं चौपया मारैं॥ पक्षी पकरि फन्द में डारैं॥ ॥
कन्या बेंचि द्रव्य जो लेहीं॥ छलकरि कै काहू विष देहीं॥
हरि ते विमुख सदा जे रहईं॥ काम क्रोध लस्सा बस वहईं
वेद पुराण शास्त्र नहिं मानै॥ गुरु ते कपट सयान पठानैं॥
दुखी दीन कहं आपु सतावैं॥ झूठी साखि भरन जे जावैं॥
साधू ब्राह्मण सेइन नाहीं॥ किहिनि दान पर्व के माहीं॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

अस प्राणी दक्षिण दिशि जावैं॥ यमकिंकर तेहि बहुत सतावैं
दक्षिण द्वार गयो द्विज सोई॥ जायसाल बलि हेरयो जोई॥
दो० तहां सिंह बहु स्वान वृक सर्प्प गीध अरु भाल॥
अन्धकार नहिं जान कोउ राति दिवस को हाल॥
नर्क हजारन हैं जहां परे पतित रहु रोई॥
त्यों त्यों मारें दूत शिर रक्षक तहां न कोइ॥
तिनमें बड़े जे मुख्य हैं नर्क अठारह जानि॥
भिन्न २ कर नाम अब सबके कहौं बखानि॥
पद्धटिका छं० प्रथम में इक कुम्भी पाक जानि। अति
शै दुखदाई ताहि मानि॥ जो विप्र गऊ पशु पक्षि मारि। ब्रह्म
चारी को तप देहिं टारि॥ अरु दान देत हट कै जो नीच। सो प
रत नर्क कुम्भी के बीच॥ है कुम्भ सरिस मुख छोट जासु॥
षोड़श योजन बिस्तार तासु॥ तामें मल मज्जा अति निहा-
रि। दुख पावत पापी नर रु नारि॥
कलहंस छं० दूसर नर्क अवीचि नाम। तामें पल नाहीं
है अराम॥ गुरु अरु कन्या बधै कोइ। भक्ष्य अभक्ष्य जो
खात होइ॥ जो पाहुन आये निकेत तेहि न करैं सनमान हेत॥
नर्क अवीची परत सोइ। नर नारी चाहै सो होइ॥
हरिगीतिका छं० अब नर्क तीसर नाम रौरव है भयानक
साम हां। तेहि देखि डरपत जीव बारू तपत रहती है त-
हां॥ पग जरत प्राणी करत रोदन दौरि चहुं दिशि जाव-
हीं। अति होत व्याकुल सकल छण विश्राम नाहिन पावहीं॥
तोटक छं० जिन राज बिषे नहिं न्याव कियो। बिन औगु-
न भजेहि दंड दियो॥ जिन ब्राह्मण वेद पढ़े जु भले। तेहि
मारग आपु सो नाहिं चले॥ केहु आरत आइ के प्रश्न करी।

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

गृह हेंद बताइ मुक्तिहरी। धरि पाखण्ड रूप फिरै जग में। हरिविमुख सो बूड़ि रहे अघ में॥ जप संयम पूजन नाहिं करैं। तप तीरथ यज्ञ न ध्यान धरैं। व्रतदान कभू जे ना करते। तनरोरव माहिं परैं नरसे॥

चौ० चौथ नर्क गुरु जिमि है नामा॥ गुरु रत अप्रम औरत है तामा
सो काहू की आँजी मारे॥ अरु काहू का पुरा बिचारे॥ ॥
परगुरु लौ राजो लोह चारावे॥ गुरु जिम नर्क सोई दुख पावे
पंच हीं कूप नर्क तहँ अहई॥ तामें प्रानी अति दुख लहई॥
कूपसमान बननि नेहि केरी॥ पीव रक्त कृमि ता में हेरी॥
तासुनि फद बैठे बहु कागा॥ बीद्दि २ चोंच भयानक नागा॥
परे जीव जब हीं उतराहीं॥ मारें चोंच रसातल जाहीं॥ ॥

दो० राम भक्ति जिन नहिं करी गुरु दिक्षा नहिं लीन॥
राम नाम सुनि स्यो नहीं साधु सङ्ग नहिं कीन॥

सो० मानुष देही पाइ। कह्यौ सुन्यौ नहिं राम यश॥
दासी संग कराइ। कूप नर्क मह सोइ परत॥

चौ० छठवां कीट नर्क है जानो॥ तामें कीड़ा भेद बखानो॥ ॥
पापिन के तन चोटे सोई॥ ता में त्रास अधिक ही होई॥ ॥
मारि मारि मक्खी जिन खाई॥ है कृमि रहैं निरें महँ जाई॥
भलो वस्तु जो छिपि के खावें॥ अरु काहू को अन्न चोरावें
दुखी दीन लखि द्यान करहीं॥ कीट नर्क महँ सो नर परहीं
सतवाँ असी पत्रवन नामा॥ ताके पत्र दुधारे स्यामा॥
पापिन को ता मैं घसिलावें॥ कटि २ जाय बहु रिजुरि आवें
त्राहि २ तहँ जीव पुकारें॥ त्यों त्यों दूत परिघ सिर मारें॥
जिन कोउ अपने मित्रहि मारा॥ कादिन हरि अरु वहगवाँरा
कामी कुटिल अकारन क्रोधी॥ परनिन्दक गुरु संत विरोधी

सखाबरतभङ्ग जेकरहीं॥ असीपत्र महँ सोदुखभरहीं॥

दो॰ अठवाँ दारुण नर्क हैं जेहि देखत भय होय॥
जे कामी हैं नारि नर तहँ पावैं दुखसोय॥
बहुत खम्भ नर रूप तहँ हैं बहु हैं नारि प्रकार॥
बरत रहत एकरस सदा दोउ दिश काष्ठ अपार॥

चौ॰ जो नर परत्रिय गरे लगावैं॥ पकरि खम्भ महँ ताहि भेटावैं
कहै कि चीन्हि लेहु सोइ नारी॥ जेहि के सङ्ग किये सुख भारी
जे त्रिय आन पुरुष सङ्ग करहीं॥ तहाँ जाय तेऊ दुख भरहीं
परबी परे बरत वा होई॥ तेहि दिन मैथुन करै जो कोई॥
सो उ खम्भ महँ जात भेटावा॥ यम के दूत अधिक तेहिं तावा
कहै कि तुम मानुष तन पायो॥ करि २ मैथुन ताहि गवाँयो॥
तुम ते खर थकर भल जानी॥ बरष २ सन्तोषै प्रानी॥ ॥
हरि की भक्ति किये सो नाहीं॥ सहो कष्ट अब दारुण माहीं
नवम नर्क निरस्वास कहावै॥ तामें स्वास न घटी जावै॥

सो॰ ब्राह्मण बिधवा नारि। सुरु गुरु अरु शचेरावहीं॥
कहैं न वचन बिचारि। परै सोइ निरस्वास महँ॥

चौ॰ दशवाँ कुलशंकुल है भारी॥ तामें सो अति दुख अधिकारी
अग्नि समान जरत द्रुम रहहीं॥ दश योजन के चाकल अहहीं
योजन पाँच घेर बिस्तारा॥ एक एक का न्यारा न्यारा॥
बंधे जँजीरन में तहँ पापी॥ हाय हाय बोलैं सन्तापी॥
ब्राह्मण क्षत्री शूद्र रु बैसा॥ भारी पाप कीन जिन जैसा॥
मारै जीव मास ले खावैं॥ ते नर यही नर्क दुख पावैं॥॥
ग्यरहों नर्क सोई मुख नामा॥ सूची छेद परै जिव तामा॥
जिन सतगुरु की निंद्या कीन्हा॥ संतन दोष लगावत हीना
तीरथ बहि मुरख बेद पुराना॥ सबहिन की निंद्या जिन ठाना

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

नारि बधै अरु बिप्र सतावै ॥ सो सूची मुख नर्कहि जावै ॥
बरहों घोर नर्क अस नाऊं ॥ सो विकराल भयानक ठाऊं ॥
तामें सिंह स्यार अहि शूकर ॥ भाल भेड़िया काग कूकर ॥
जिन रसना हरि नाम न लीन्हा ॥ कटुक बाद साधन ते कीन्हा ॥
कबहुं न कोमल बचन उचारे ॥ तेहि मुख नाग लगावत कारे ॥
सन्त दरश जिन कीन्हों नाहीं ॥ निरखि धर्‍यो नहिं पग भू माहीं ॥
परत्रिय देखि कुदृष्टिहि झाँकै ॥ तिन की काग निकारत आँखें ॥
जो कोउ पुर में आगि लगावै ॥ तिनका माँस भेड़िया खावै ॥
जो कोउ बन पशु पक्षी मारे ॥ ताका पेट सिंह धरि फारे ॥
जो कोउ काहुइ मारै भाई ॥ शूकर ताके हाथ चबाई ॥
जिन हरि चरित सुने नहिं जाना ॥ सीस औटि डारें तेहि काना ॥
जिन नर अमिष अहारै कीन्हा ॥ गोला लाल पियावै लीन्हा ॥
पीवत गोला करें पुकारा ॥ त्रास देइ यम दूत अपारा ॥
तब तो भख्यो पराया माँसू ॥ अब कत रोवत बड़े बड़े आँसू ॥
काँट चुभत अपने दुख मान्यों ॥ पर को संकट देत न जान्यों ॥

दो० बिनदावा नित्त रहत जे फूल पात चुनि लेत ॥
तिन्हें मारि भक्षण किह्यो केवल रसना हेत ॥

चौ० कर्म किह्यो जस भोगै सोई ॥ नर्क अघोर माहिं अस होई ॥
तेरहों शूली नर्क कहावै ॥ शूली सम दुख तामें पावै ॥
जो नर पाप करै अधिकाई ॥ करि शिकार मृग मारै जाई ॥
नाहक नर सूली धरि दीन्हें ॥ जिन बन माहिं ठगाही कीन्हें ॥
काहू को शस्त्रन ते मारे ॥ तेहि यम शूली नर्क में डारें ॥
नर्क चौदहों है दुखखानी ॥ अग्निकुंड तेहि नाम बखानी ॥
तामें अग्नि बरै अति भारी ॥ जाहि देखि डरपै नर नारी ॥
जैसें जीव बहुत ताके माहीं ॥ हाय हाय बोलें घिघियाहीं ॥

कोउ कहैं मैं बहुत पियासा॥ जल पियाइ फिरि दीजै त्रासा
दूत कहैं सुनु रे मतिहीना॥ तूं तौ दया धर्म नहिं कीन्हा॥
प्यासे को जल नाहिं पियायो॥ भूखे को नहिं कबहुं खवायो
साधु ब्राह्मण अरु गुरुभाई॥ पूज्यो नहीं कबहुं घर लाई
ग्रहन परे नहिं दीन्हें दाना॥ पेट भयो नित बैल समाना॥
धृग धृग रे मूरख नर लोई॥ अपना किया भुगत अब सोई
पानी मांगत को न ज्ञाना॥ प्रथमै अग्नि कुंड नहिं जाना
दो० नर्क यन्त्र हो है जहाँ तेल जंत्र ता नाम॥
कोल्हू की सम सो बना डरत देखि नर बाम॥
चौ० जो चोराइ परखेत हि काटै॥ निस दिन मात पिता कहं डाटै
भूमि पराई लेइ छिनाई॥ पर पत्नी बरबस लै जाई॥
तुला चढ़ाय घाटि जो देवे॥ तेलयंत्र सो बासा लेवे॥ ॥
सोरहों नर्क नाम दुख दाई॥ तामें तो है दुख अधिकाई॥
जो मद पीवे आमिष खावै॥ झूठे काहू दोष लगावै॥ ॥
पर अंगुरा जो करै उघारा॥ दुखी दीन कहं नाहक मारा
भक्ति छोड़ावे निगुरा करई॥ कहे कहाय जो पर हरई॥ ॥
दुखद नर्क में सो दुख पावे॥ जो नर कीन्ही कृत बिसरावे
सो० नर्क सत्रहों जानि। अन्धकार जेहि नाम है॥
महाभयानक मानि॥ तामें कछु सूझै नहीं॥
चौ० जे राकस अति निरदै कोही॥ तन अभिमानी हरिजन द्रोही
गरे बिराने करद चलावै॥ अन्धकार दुख सोई पावै॥
नर्क अठरहों है दुख धामा॥ हवै बिलोचन ताकर नामा
तामें नर अन्धा है जावे॥ भर्मत फिरै कष्ट बहु पावै॥
जो मग चलत जीव नहिं परखै॥ क्रोध दृष्टि है साधुहि देखै
अरु पर नारि कुदृष्टि निहारै॥ कराटक तोरि बाट में डारै॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

बिधवा नारि नयन जो आंजै ॥ खाइ पान परयति के काजै ॥
जो ठाकुर द्वारे नहिं जावै ॥ साधु गुरू लखि शीश न नावै ॥
अन्धे को देवै बहँकाई ॥ परै विलोचन में सोइ आई ॥
दो॰ नर्क अठारौं साल मल देखि डर्यो मन माहिं ॥
तन काँपत सब कछु बचन मुख ते आवत नाहिं ॥
इति श्री बिश्राम सागर सब मत आगर ग्रन्थ उजागर श्री रघुनाथ दास राम सनेही कृत यमपुरी बर्णनो नाम एकादशोऽध्याय: ११ ॥
दो॰ सुमिरि राम सिय सन्त गुरु गणप गिरा सुखदानि ॥
बरणौं कर्म विपाक कछु सोइ इतिहास बखानि ॥
चौ॰ फिरि दूतन आगे करि लीन्हा ॥ यम की सभा ठाढ़ तहँ कीन्हा
बिप्र बिलोकेउ धर्मक रूपा ॥ मारकंडे सम तेज अनूपा ॥
रतन जटित शिर मुकुट बिराजै ॥ श्रुति कुण्डल गल माल सुछाजै
चारि वेद के पढ़ने वारे ॥ और मिमांसा जानन हारे ॥ ॥
बहुत शास्त्र रचि आपु बनाये ॥ धर्म हेत जग माहिं चलाये
बैठे सिंहासन हरषाहीं ॥ शोभा कान्ति अधिक तिन माहीं
और ऋषीश्वर बहु सतिबादी ॥ धर्मराज दिग तिन को गादी
जीवहिं जब यमगण लै जावैं ॥ ठाढ़ करैं रवि सुत के ठावैं ॥
कहैं महि शेष वहाँ लै जावो ॥ चित्रगोपित्रै याहि दिखावो
दो॰ गुप्त प्रकट पुनि पाप जो करत जीव जग माहिं ॥
सो सब लिखि २ धरत हैं तन को चूकत नाहिं ॥
चौ॰ पाप पुण्य ते सब कहि देहीं ॥ रविसुत निज कानन सुनि लेहीं
धर्म सहित तब न्याउ चुकावै ॥ जो जस करै सो तस फल पावै
पापिन को लै नर्क में डारैं ॥ यम किंकर शिर मुद्गर मारैं ॥
धर्मवान ते स्वर्ग सिधावैं ॥ आगे बाजन बाजत जावैं ॥ ॥
पहुँचैं स्वर्ग निकट जब जाई ॥ आगे मिलैं अपसरा आई ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

नृत्य करत भीतर लै जावैं॥ सिंहासन ऊपर बैठावैं॥ ॥
कहैं कि हम हैं तुम्हरी दासी॥ रहिये एक कल्प बरवासी॥
देव देव ह्वै करै निवासा॥ हे माले सुख भोग बिलासा॥
अब सो पुण्य कहौं समुझाई। जासे बस नर स्वर्ग महँ जाई॥
जिन नर दान द्विजन कहँ दीन्हा॥ काहू कर अपमान न कीन्हा॥
सब जीवन की दया बिचारें॥ काहू दुख देवैं नहिं मारैं॥
वेद पुराण सुनै सुख पावैं॥ कथा कीरतन में मन लावैं॥
योग तपस्या तीरथ करहीं॥ संयम सहित बरत अनुसरहीं॥
मांडे बस्तर घोड़ हाथी॥ गौवें दई बाछुरा साथी॥ ॥
कन्द मूल फल अन्न जो दीन्हा॥ विप्र साधु कर आदर कीन्हा॥
मग में वृक्ष विपुल लगवाये॥ कूप बावली ताल खनाये॥
कार्तिक माह वैशाख नहाये॥ नांगे पग सो पर दाहि राये॥
और्‍रौ धर्म विविधि विधि कीन्हा॥ स्वर्ग माहिं तिन बासा लीन्हा॥

दो॰ जो कोइ करै सो आपु को पर को करै न कोइ॥
अपना कीन्हा पाइहैं ऊंच नीच किन होइ॥

चौ॰ जिन को उगुरु ते दिक्षा लीन्हा॥ मन लगाइ हरि सुमिरन कीन्हा॥
साधन की सेवा नित करहीं॥ मुख ते बचन मीठ उच्चरहीं॥
दान करै सो हरि का अरपै॥ बोलै सत्य झूठ नहिं जल्पै॥
करै भजन सत सङ्गति जावैं॥ अस नर लै बैकुण्ठ सिधावैं॥
तिन को धर्म तीर नहिं न्याऊ॥ जे हरि भक्ति करैं सति भाऊ॥
या बिधि धर्मराज के पासा॥ जाइ न एको हरि का दासा॥
पापिन को यम यहि बिधि करहीं॥ प्रथमै नर्क माहिं लै डरहीं॥
बहुत काल लगि नर्क भोगाई॥ फिरि जग में जन्मावत भाई॥
पूरब जिन जस कीन्हें कर्मा॥ तैसा पाइ लेत जग जन्मा॥
जो नर ब्राह्मण हत्या कीन्हा॥ जन्म निपुत्री तेहि यम दीन्हा॥

गऊ पापते होइ मलेछा॥ जो नाहिं करै जीव की रक्षा॥ ॥
जो काहू का सोन चोरावै॥ जन्म पाय कुष्टी ह्वै जावै॥ ॥
मदिरा पीन्हे मेढुक होई॥ मारे पंथ रोग युत सोई॥ ॥
द्विज पुस्तक पढ़ि नाहिं बिचारा॥ बहुत रहै विषया की धारा॥
हरि की भक्ति करी सो नाहीं॥ लेई होत सर्प जग माहीं॥ ॥
जिन गनिका की संगति ठानी॥ रासभ होत आइ सोइ प्रानी॥
जो द्विज मास अहारी होई॥ ताको दान देइ जो कोई॥ ॥
दोनो गीदर का तनु धावैं॥ पर की निंद्या मुख करि गावैं॥ ॥
जिन पल दान दीन अधिकारा॥ पावैं बाघ सिंह अवतारा॥
जो कोइ कन्या होती मारे॥ सो गिरगिट की देही धारे॥ ॥
झूठावाद बिवाद बढ़ावै॥ सो कच्छप की देहीं पावै॥ ॥
देवै योग्य दान नहिं करहीं॥ सो सठ बगुला का वपु धरहीं॥
दान देत जो धर्जै कोई॥ सो तौ लदुवा घोड़ा होई॥ ॥
करज खाइ कोई मरि जाई॥ ह्वै के वृषभ भरै सो आई॥
जो साधुन की निंद्या कीन्हा॥ शूकर केर जन्म तिन लीन्हा॥
जो कोइ धरी धरोहरि नाटै॥ अरु पक्षिन के पर जो काटै॥
साधहिं दोष लगावै जोई॥ सोइ बिष्टा कर कीरा होई॥
जो काहू का लोह चोरावै॥ होइ नहारू बहु दुख पावै॥
जो काहू को अन्न चोरावै॥ होवै बहिरा सुना न जावै॥

दो० ब्राह्मण अरु हरि भक्त कहँ लातन मारै जोइ॥
जन्म पाइ जग के विषै सोई पंगुल होइ॥ ॥

चौ० आपु होत गुरु गुरुन कीन्हा॥ सोइ बिलार होत हम चीन्हा॥
जो नित क्रोधी हर्षै नाहीं॥ सोई होत नकुल जग माहीं॥
दै बिश्वास कौर छुड़ाई॥ सो ह्वै कुरंग बस बन जाई॥ ॥
दान देइ पाछे पछितावै॥ सो नर जन्म में ... कर पावै॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

जिन कर पूरक पास चोराई। सो शुवा होवे सति भाई॥
वै ले बधिया करै कराबै॥ सोइ नियुंसक क्रीवा है जावे॥ ॥
जो अन होती करै लड़ाई॥ सो बन की मारवी है जाई॥ ॥
गुरु ब्राह्मण का अंश चोरावै। सो मरु देश भुवंग तनु पावै॥
नर तन पाइ करै पर पीरा॥ सो होवै मोह री का कीरा॥ ॥
मान पाइ गुरु ते फिरि जावै। सो शरीर कोढ़ी का पावै॥
जो संतन की हाँसी करई। जन्म पाय सिरी है मर ई॥ ॥
भीतर कपट उपर ते प्रीता॥ सो पापी धारे तन चीता॥ ॥
पर प्रमदन ते जो रति करहीं॥ सो जग माहिं स्वान वपु धरहीं
देखि देव जो आमिष खावै। सो नर गीध केर तनु पावै॥ ॥
पाप सहित जिन दीन्हा दाना॥ सोई होत छिद्र जग जाना
हरि जन माहिं छूति जिन मानी॥ होत छछूंदरि सो मल खानी

सो० बिना लगाये भोग। जे नर भोजन करत नित॥
होत तासु तन रोग। जन्म मिलत तेहि काग कर॥

दो० जहँ लगि खोटे कर्म हैं सो सब दुख की खानि॥
सोई करि नर परत हैं चौरासी में जानि॥ ॥

चौ० स्वर्गी पुराय क्षीण है जावे॥ पुनि सो मृत्यु लोक को आवे
नर तन मिलै तिन्है अति पावन॥ सुत वनिता धन धाम सोहावन
फिरि धर्म करैं स्वर्ग सुख पावै। अधरम करै तो नर्क सिधावै
हरि की भक्ति करै नहिं जब लौं॥ आवागवन मिटै नहिं तब लौं
यहि भांति न यम लेखा लीन्हा॥ जेहि जस चही ताहि तस दीन्हा
पाछे यम गरता द्विजे दिखावा॥ लखि हरि तिन ते वचन सुनावा
रे दूतो मति मन्द अनारी॥ आनु कसूर कि ह्यो तुम भारी॥
अस्य नाम द्विज और रहायो॥ ताको तजि या को ले आयो॥
सुनि यम दूतन वचन बखाना॥ धोके नाय इन्हे हम आना

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

तब धर्मराज द्विजै मन मान्यो॥ मनमें निज अपराध पिछान्यो॥
कैसा पापी होवै कोई॥ बिना अवादं आवन सोई॥ ॥
यहु द्विज बिना अवादे आयो॥ अस बिचारि यमबचन सुनायो॥
दो० हे द्विज तोको देखिके लागि दया अति मोहिं॥
जो भावै सो मांगु बर आजु देहुं मैं तोहिं॥
चौ० कह द्विज जो प्रभु किरपा कीजै॥ तौ मृत्यु लोक जान मोहि दीजै
जेतनी मोरि आयु है बाकी॥ तेतने दिवस वहां मोहि राखी॥
अब लगि मैं कछु धर्म न किहेऊं॥ कृत जगत माहि मन दिहेऊं
जब ते देख्यों पुरी तुम्हारी॥ नरक निरखि लाग्यो डर भारी॥
ताते अस मत मेरे कहिये॥ जातें फिरि तव धाम न ऐये॥
कह यम पापी पुण्यी दोऊ॥ मोरे पुर आवत हैं सोऊ॥
रामभक्ति जग करै जो कोई॥ तिन पर मेरा दंड न होई॥ ॥
चक्र एक दिशि रक्षा करई॥ एक दिशि गरुड़ न कबहूं टरई
एक ओर सब पार्षद दौरें॥ हरि रक्षा तिन पर सब ठौरें॥
तिन्हें बिरोधि कहौं कित रहऊं॥ मन क्रम बचन सत्य मैं कहऊं
ताते द्विज अब जग में जाई॥ सुखप्रद भक्ति करौ हरषाई
बिन हरि भक्ति इन्द्र सुख पावै॥ पुण्य क्षीण मृत्युलोकहि आवै
रामभक्त को नाश न होई॥ भक्तिबीज अज रामर सोई॥
सुनि द्विज धर्म हि शीस नवायो॥ तुरत पलटि मृत लोकहि आयो
मृतक शरीर माहिं पुनि जाग्यो॥ लखि गृह बासिन को दुख भाग्यो
पर्यो कुलाहल नगर मंझारी॥ सुनत चले देखन नर नारी॥
भई भीर बहु बिप्र निकेता॥ आये चलि पुरवासी जेता॥
पूछन लगे कहां तुम गयऊ॥ केहि भांति न फिरि आवत भयऊ
कहा काल मल यम गण आये॥ महा भयानक रूप बनाये॥
मारि मोहिं यम लोक सिधाये॥ आठ ठौर मग दुख अति पाये

दीखि एक वैतरणी धारा ॥ तामें पीब रक्त कृमि छारा ॥ ॥
गयन यमपुरी दक्षिण द्वारे ॥ तहाँ हजारन नर्क निहारे ॥
तिनमें जीव परे कुल सारा ॥ देखत धीरज भाग्यो मोरा ॥ ॥
दूत हमें लैगे यमधामा ॥ तिन मोहिं देखत वचन प्रकाशा ॥
याके नाम और द्विज भाई ॥ तिहि तजि यहि दीन्हों दुख आई ॥
मोसे कहिन माँगि वरु लीजे ॥ मैं कह इक हरिज्ञान मोहिं दीजे
और बात इक देहु बताई ॥ जातें फिरि तव लोक न आई
तिन कह रामभक्ति करु जाई ॥ कबहुं न नर्क परहु पुनि भाई
जेहि विधि गयन जवन विधि आयन ॥ सो हम तुमते वरनि सुनायन
जे नर चतुर सुजान सुकर्मी ॥ लागे करन भक्ति मिलि मर्मी ॥
आपुसाल मल गुरुहि बोलाई ॥ राममन्त्र लीन्हो हरषाई ॥ ॥

**हरिगीतिका छं०** लीन्हों हरषि द्विज मंत्र तारक बहुत विधि उत्सौ कियो ॥ पितु मातु सुत तिय बन्धु कोउ घर रहन साकत नहिं दियो ॥ करि नेम सुमिरै नाम पूजन ध्यान नित हरि को करै ॥ सत सङ्ग साधन सब हरि यश कहै सुनि मन में धरै ॥

**दो०** यहि विधि रघुपति भक्ति द्विज कीन्हीं अति अभिराम ॥
अन्त समय सब कुटुम्ब लै बस्यो राम के धाम ॥
जन रघुनाथ बखानि कै कहि सिख करौं सप्रीति भाय ॥
नातरु पुनि पछिताहुगे नर तन बीतो जाइ ॥
बहुत जन्म सुकृत किये पायो ताके फल नर देह ॥
कहैं रघुनाथ सो पाइ कै जन्म सुफल करि लेह ॥
चौरासी लख कोठरी में एक दरवाजा छोट ॥
ताही पाइ जो ना कढ़े तो फिर भरमै कोट ॥
काल सिपाही सिर खड़ो ताहि डरै नहिं नेक ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

फूलो फिरै समुद्र में करत कुकर्म अनेक॥
आखिर को फिरना रहै मरना तोहि विशेष॥
तातें हरि भजि लीजिये यही लाभ मन पेखि

इति श्री बिश्रामसागर सबमत आगर ग्रंथ उजागर श्री रघुनाथदास राम सनेही कृत गृह धर्म कर्म विपाक वर्णनो नाम द्वादशो ध्यायः १२

दो० सुमिरि राम सिय सन्त गुरु गणप गिरा सुखदानि॥
बरणों महाभारथ की पुनि इतिहास बखानि॥
कह्यो सौनक यह जगत में कोउ धनी कोउ रंक॥
कोइ नीरोगी रोगी कोऊ भूपति भिक्षुक संक॥
कोउ निसदिन दुखही सहत कोउ जन मत्त परिजात॥
कोउ जियत बहुकाल तक कोउ बिन पुत्र लखात॥
काहू के जननी जनक मरत बालपन माहिं॥
सो यह कारण कौन है कहो नाथ मोहिं पाहिं॥

चौ० सुनि नृप सूत वचन अस भाखा॥ लखि अधिकारी गुप्त न राखा॥
सौनक जो तुम पूछेउ आई॥ सो सब कर्म प्रभाव लखाई॥
कर्म ते दुख सुख रोग अरोगी॥ कर्म ते भिक्षुक भूपति भोगी॥
कर्म ते मरै बाल पितु माता॥ और बात कछु नाहिं न ताता॥
एक इतिहास कहौं अब गाई॥ जाहि सुनत बहु व्याधि नसाई
एक द्विज गुणनिधि नाम सुजाना॥ सर्व शास्त्रन को जेहि ज्ञाना
तेहि के एक कन्या भै आई॥ नाम सुवर्ता छबि अधिकाई॥
चारि बरस की भई कुमारी॥ तबहीं तासु मरी महतारी॥
तब गुणनिधि निज मनहिं बिचारा॥ बिन त्रिय भवन बसब धिक्कारा
कन्या पुत सो बनहिं सिधायो॥ तामें मुनि आश्रम बहु पायो॥
तिनके ढिग एक कुटी बनाई॥ रहन लग्यो द्विज अति हर्षाई
करन लागि कन्याहि प्रतिपाला॥ बिप्र जानि ये बड़े दयाला

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

बिबिधि भाँति के चित्र बनावै। लाय खिलौना ताहि खेलावै
राखैं ताहि प्रसन्न सदा हीं ॥ होइ उदास कभूं सो नाहीं ॥ ॥
मातुहीन अरु बालकुमारी। तेहि हित द्विज संन्यासन धारी
भई सु बरी जबै सयानी ॥ तब द्विज ब्याह करन मन आनी
इतने माहिं काल धरि खायो ॥ मन इच्छा सो करन न पायो
मृतक पितहिं लखि कन्या रोवै। ब्याकुल अधिक धीर नहिं होवै
कहै सुबती बहु बिधि बानी ॥ पिता पिता कहि रोदन ठानी ॥
दो० मोको तजि कित को गयो अहो पिता परबीन॥
दया बन्त सब भाँति तुम मैं कन्या अति दीन॥
चौ० अब इत रक्षक कौन हमारा ॥ मात पिता भ्राता नहिं प्यारा
हाय हाय मैं का कर्म कीन्हा ॥ ऐसा दुःख दयी मोहिं दीन्हा ॥
जरौं अग्नि की जल में बहिहौं ॥ की चढ़ि गिरि सहि मरि जैहौं
पटकैं दोउ कर सिर भू माहीं ॥ बिन पितु मा मम जीवन नाहीं ॥
सुनि कन्या का रोदन भारी ॥ उठि दौरैं ऋषि संयुत नारी ॥ ॥
सो० आये सब तेहि तीर। समझावैं बहु भांति करि॥
धरै न मन में धीर। तात मात कहि सिर धुनै॥
चौ० ऋषि पत्नी बहु करैं प्रबोधा ॥ नहिं उपजै ताके उर बोधा
लखि यम के मन करुणा आई ॥ तत क्षण द्विज का रूप बनाई
पहुंचे आइ सुबरता तीरा ॥ कह्यो बचन मृदु सुखद गंभीरा
दो० हे कन्या मति रुदन करु धरु धीरज मन माहिं ॥
अपने कर्मन केर फल जाय कहूं सो नाहिं ॥
चौ० आगे करै सो अब भुगतावै ॥ अब जो करै सो आगे पावै
कल्प कोटि तक घटै न सोई ॥ अवशि मेव भोगब कहं होई
कर्म बीज होनी फल अन्ता ॥ तेहि निरधंस होत कोइ सन्ता
तातें कुंवरि न रोदन कीजै ॥ पाछिल कर्म कि ह्यो लस लीजै

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

कह कन्या भाषो प्रभु तोना॥ पूरब कर्म कीन्ह हम कौना॥
विप्र कहा सुनु सुता सयानी॥ प्रथम जन्म तव कहौं बखानी॥
पूर्वजन्म गणिका लै प्रहई। उज्जयन नगर माहिं घर रहई॥
सुन्दर रूप नयन चपलाई॥ जेहि चितवै तेहि लेइ लोभाई॥
पुर के लोग बहुल बस तेरे॥ जो तुम कहौ करें यहि बेरे॥ ॥
तेहि पुर विप्र रहै इक जानो॥ पुत्र तासु विद्वान पिछानो॥ ॥
पूजा करै धर्म शुभ साधे॥ पाप कर्म नहिं कछु अवराधे॥
एक दिवस सो सहज सुभाई॥ तव द्वारे है निकसो आई॥
देखत तुम्है भूल्यो बुधि ज्ञाना॥ रह्यो ठाढ़ लहं मनो दिवाना॥
तब तू जानि ताहि बाल धावा॥ आदर करि निज ढिग बैठावा॥
वाकी प्रीति तुम्ही से लागी॥ मात पिता वनिता निज त्यागी॥
तेरे विषै बसे दिन राती॥ चलल फिरत हिय तोहिं सोहाती॥
इक दिन तेरे भवन मँझारा॥ दूसर कामी आइ पधारा॥ ॥
विप्र शूद्र तें भई जो रारी॥ शूद्र द्विजै लहँ डाल्यो मारी॥

दो० यमकिंकर तेहि लै गये डारे निनके अघोर॥
शूद्र सुरनै भाग तब भई नगर महँ शोर॥

चौ० काहू द्विज गृह आइ पुकारा॥ तव सुत गणिका घर मारा॥
सुनि पितु मातु नारि दुख पाई॥ रोदन करत धाम तव आई॥
पुत्र बिलोकि अधिक दुख पागे॥ ताको शाप देन तब लागे॥
तासु मातु बोलो असि बानी॥ पुत्र वियोग न धीरज आनी॥
हे वेश्या तैं सुत बस कीन्हा॥ यंत्र मंत्र करि धन हरि लीन्हा॥
फिर ताको डार मरवाई॥ हम कहँ दुख दारुण दिलवाई॥
पुत्र विछोह कराये मोहीं॥ मातु हीन होई दुख तोहीं॥ ॥

दो० पिता तासु ऐसो कह्यो बाल अवस्था माहिं॥
पिता तोर मरि जाइहै जहाँ हित कोउ नाहिं॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

कह्यो भार्य्या पति बिना मोहि कियते जैस॥
रह्यौ कुंवारो नाह बिन सह्यो कष्ट तुम तैस॥
ऐसे सो को शापजो दई तिहूं मिलि जानि॥
ताते दुख यहि उमिरि में भयो कर्मगति आनि॥
सो० भले बुरे जो कर्म। बिन भोगे छूटत नहीं॥
धरे जो कोटिन जन्म संग न छाड़त एक छिन॥
चौ० सुनत सुवर्ना बोली बानी॥ द्विज तुम कहा सत्य मैं जानी
जन्म पाछिलो तुम कहि गावा॥ जेहि कर्म ते मैं अस दुख पावा
इक सन्देह होत मन मोरे॥ सो अब पूछत हों कर जोरे॥ ॥
मैं हरिक अति अधम अपावनि॥ बहु नाहन ते नेह लगावनि
विषै मनोरथ नित प्रतिपाले॥ बहु मनुष्य के घर में घाले॥
जननि जनक कुल धर्म सो त्यागे॥ जे मेरे संग ने कहु पागे॥
कहौं कथा सब पापै कीन्हा॥ भलो कर्म स्वपने नहिं चीन्हा
द्विज कुल जन्म कवनि विधि पायौं॥ सब दिन खोटे कर्म कमायौं
अरु तुम दरश दियो किमि आई॥ सुनि भूसुर बोला सुख पाई
दो० जौन कर्म ते विप्र की सुता भई तू आनु॥
दीन दशा में पुराय जेहि सुनु सोक हो बुझाय॥
चौ० एक विप्र हरि भक्त सुजाना॥ समदरशी गुण ज्ञान निधाना
गो गज स्वान विप्र चंडाला॥ सब में इक दीखै नन्द लाला॥
जप तप आदि धर्म जो ठानै॥ तेहि कर फल अरपै भगवानै
इंद्री जीत धीर मन राखै॥ झूठ बचन मुख ते नहिं भाखै॥
काम क्रोध मोह मद त्यागी॥ रहित लोभ हरि पद अनुरागी
मैं अरु मोर ते तिनहिं जानै॥ दुख सुख को सामान्य पिछानै
नहिं कछु आश्रम बंधन ताके॥ कुल कुटुम्ब कर मोह न जाके
जित चाहे तित रहै बसि रहई॥ हर्ष शोक नहिं विसमय गहई॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

एकदिवस पुरवासा लेवै॥ दूजेदिन नहँते चलि देवै॥ ॥
विचरत सहज सुभाय सोहायो॥ एक दिन नगर तुम्हारे आयो॥
देखिस्वेत तव द्वारे माहीं॥ बस्यो सन्त निधि खोरधन नाहीं
मैलेबसन शरीर कृसाना॥ त्यागि दिये भोग जो नाना॥ ॥
आधी रात भई निशि नासा॥ बैठ भजन करैं हरि दासा॥ ॥
दो॰ तेही समय कुलवाल की फेरी पहुँचो आइ॥
कह्यो सन्त सो कौन तू सोतो मौन रहाइ॥
चौ॰ तिन्हे उत्तर कुछ दियो न जबहीं॥ चोर एक कह्यो तबहीं॥
द्विज कछु सौंच वचन समुझायो॥ दुर्जन मन विश्वास न आयो॥
खैंचि चले लै अपने साथा॥ नहिं कछु दुख मान्यो द्विज नाथा
तैं जागे अपने घर माहीं॥ सोर सुनत आइ तिन पाहीं॥ ॥
दीख मँगाइ द्विजै दिखरायो॥ तब तुम तिन ते वचन सुनायो
जो यह चोर होइ सुनि लीजे॥ सो चाहो सो हम को कीजे॥
सुनि तव वचन दिहिन छुटकाई॥ करगहि तू निज मंदिर लाई
चरणा पखारि पलंग बैठावा॥ धूप दीप करि पद सिर नावा॥
कह्यो कछुक दिन मम गृह रहऊ॥ पहिरो बसन जौन विधि चहऊ
षटरस भोजन करो बनाई॥ जाते देह पुष्ट ह्वै जाई॥ ॥
सुनत सन्त बोल्यो शुभ बानी॥ ज्ञान विराग भक्ति रस सानी
दो॰ धन्य मात तव भाव को मोहिं चही कछु नाहिं॥ ॥
बृथा सकल सुख जगत के बिनसि जात क्षण माहिं
क्षुधा तृषा सुख भोग को कछु इच्छा नहिं मोहिं॥
सहज आइ निकस्यो इहाँ सत्य सुनायो तोहिं॥
चौ॰ तुम समान मैं और न चीन्हा॥ पर उपकार आजु तैं कीन्हा
परे उपकारी धनि नर नारी॥ भवसागर सो होवै पारी॥ ॥
तुम पर तुष्ट होइ भगवाना॥ मैं दे जग कर आवन जाना॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

सो को कछु यहि मे नहिं माई।। करहु सैन निज सेजहि जाई
यहि विधि संत कह्यौ समुझाई। तब ते पुनि बोली सिर नाई
महाराज मैं धन्य हौं आजू।। दरशन पाइ सरे सब काजू ।।
पाप चारि री मैं अति भारी। जेहि भव तरै सो कहौ विचारी
कह्यौ सन्त भव तरो जो चाहै। तौ हरि शरण आइ के गाहै।।
काम क्रोध मद मोह निवारै।। निरअभिमान दंभ परहारै ।।
तृष्णा लोभ मछर ना दहई।। इन्द्रिन के मारग नहिं वहई।
थिर सुभाव एकान्त निवासी।। दुख सुख सम चित धर्म प्रकाशी
उपज्यो न ताहि भूतक यहि थाने।। मिलन हर्ष शोक भय आने
नास वन्त सब जग का देखै।। आतम अचल शुद्ध पंडित पेखै
सम दम शील दया उर राखै।। गुरु ते गर्व स बचन न भाषै ।।
पर दुख देखि तासु दुख हरई।। हरि जन की सेवा करई।।
राम नाम सुमिरै मन लाई।। राम छांडि चित अन्त न आई।।
उठत बैठत भोजन पावत।। स्वास स्वांस प्रति नामै ध्यावत
आन उपाय सकल परिहरई।। केवल राम नाम रत करई।।
सो संसार तरै सति मानो।। यामे कछु संदेह न आनो ।। ।।
मुक्त होइ भव बंधन छूटै।। फिर तेहिं यम किंकर नहिं कूटै।।
ताते तुमहूं येही कीजै।। नर तन पाइ सुफल करि लीजै।।
भय निद्रा मैथुन आहारा।। सब योनिन मे मिलत निहारा।।
हरि सुमिरण याहीं ते होई।। सब योनिन सम ताहि न खोई
दो० ऐसे तोहिं उपदेश हीं करत भयो भिनसार।।
साधु उठि रमतो भयो धरि हरि पद उर सार।।
चौ० तब तोहिं उर प्रेम पाबे रागा।। विषै विलास वमन सम त्यागा
धर्म सु निहि हिरदे महं धार्यो।। कंचन मृत्तिका सरिस निहार्यो
तजि घर वन मे वासा कीन्हो।। राम चरण पंकज चित दीन्हो

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

द्विजरक्षा करि हरि को ध्यायो ॥ जन्म विप्रकुल तेहि पुनि पायो
प्रथमै द्विजन श्राप जो दयऊ ॥ तेहि तें तोहिं दुःख यह भयऊ
संत कृपा यम जालन परेऊ ॥ संत कृपा सब पाप नके जरेऊ ॥
संत कृपा तें नर्क न लहेऊ ॥ चौरासी बिच नाहिन बहेऊ ॥ ॥
संत कृपा में दरशन दीन्हो ॥ पूर्ब कर्म सब बरणन कीन्हो ॥
यह मैं भेद सकल कहि गावा ॥ जो तुम पूरब कर्म कमावा
इति श्री बिश्राम सागर सब मत आगर ग्रंथ उजागर श्री रघुनाथदास राम सनेही कृत सुबती कथा बर्णनो नाम त्रिदशो ऽध्याय १३॥

दो० सुमिरि राम सिय सन्त गुरु गणप गिरा सुखदानि॥
कहौं मिमांसा शास्त्र मत सोइ इतिहास बखानि॥

चौ० सुनत सुबती बचन उचारा ॥ नाथ शोक तुम मोर निवारा
तदपि सुरति करि दुख हिय आवत ॥ मोह बिबस मन बोध न पावत
ताते बात कहौं अब सोई ॥ जाते फिरि मोहिं दुःख न होई ॥
कह द्विज सुनु कन्या मन लाई ॥ तहं दुख जहं सनेह सरसाई
बिन सनेह दुख होय न कैसे । शुक मूषक सुत संद जज जैसे ॥
सब जीवन में समता आने ॥ शत्रु मित्र मध्यस्त न माने ॥
बपु धरि हानि लाभ जो होई ॥ कर्मन के सिर राखै सोई ॥
जैसे नारि गौतमी कीन्हा ॥ पुत्र शोक तेहि भयो न चीन्हा ॥
कह कन्या सुनिये द्विजराई ॥ कथा गौतमी की जो चलाई
मैं अज्ञान न ऐसे जानो ॥ तासे कर बिस्तार बखानो ॥ ॥
बोला बिप्र कुंवरि सुनि लेहू ॥ कहौं कथा तामें मन देहू ॥

दो० ज्ञानवन्त धीरज बड़ी दया हृदय बैराग ।
नारि गौतमी जानिये हरि पद में अनुराग ॥

चौ० करै तपस्या बन के माहीं ॥ परम कठिन कहि जात सो नाहीं
ताके रहै पुत्र एक जानो ॥ खेलै तहं निर्भै पहिचानो ॥ ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

एक दिन एक नरु त· शिशु गयऊ। काट्यो सर्प तुरत मरि गयऊ॥
तहँ इक बधिक दीख यह हाला। डारि फांस पकर्यो सो व्याला॥
लायो जहां गौतमी रहई। तासों बधिक वचन अस कहई॥
अहै भुजंगी कह बालक तिहारो। सर्प ने संहारो॥ यहि हू जान्यो। पकरि ताहि आन्यो॥ तजौं नाहिं याको। वल ले खवाको वही जाहि धोखी। भयो ब्रह्म दोषी॥
चौ० ऐसे बचन सुने भै कारी। बोलत भई गौतमी नारी॥
अहो बधिक मैं कहौं सो कीजे। अबहीं छांडि सर्प को दीजे॥
याहि हते सुत जीवे नाहीं। वृथा धरे क्यों अघ शिर माहीं॥
कह्यो कीर हिंसक ठग कोई। ताहि बधे कछु पाप न होई॥
बालक दोषी सर्प अनारी। मैं तौ याहि डारिहौं मारी॥
सुनि गौतमी कही अस बाता। मुयेक कहा करै तू घाता॥
कामी क्रोधी हिंसक रोगी। अयशी कृपण दरिद्री सोगी॥
सूम दूत स्त्री के जारे। राज अग्नि जल सिंह बिदारे॥
राम बिमुख निन्दक अभिमानी। पापी कोल कालबस जानी॥
बेद बिदूषक हरिजन द्रोही। भुजंग भूत तन पोषक होई॥
ये सब जीव मृतक सम जानो। मुर्दे कहा मारने ठानो॥
अपने कर्म ते मर्यो कुमारा। अपने कर्म तुम जाय निहारा॥
अपने कर्म सर्प बँधि आवा। जस कीन्हे तिन तैसा फल पावा॥
परको दुख देवै जो कोई। सोई दुख ताहू कह होई॥ ॥
बोलै गिरा कूप को जैसी। वाही समय मिलै सोइ तैसी॥
जो दरपन को आय उठावे। तैसी आपु ताहि बनि आवे॥
सोइ लेन मन कर्म किये जैसे। भोग देह धारि के तैसे॥
बालक नहीं सर्प ने मार्यो। याके कर्म वाहि संहार्यो॥ ॥
तेहि ते बधिक छांड़ि देयहू। दोष भुजंग हि नाहक देहू॥

सुनि गौतमी केर अस बैना। बोला उरग पाय उर चैना॥ ॥
यामें है कछु दोष न मेरा। मैं तो फिरों मृत्यु का प्रेरा॥ ॥
बालक मोते कहूँ ये बारा। भई भेट इहि बिपिनि मँझारा॥ ॥
डस्यौं न मैं तेहि सहज सुभाये। बिना मृत्यु की आज्ञा पाये
अस सुनि मृत्यु तहाँ चलि आई। बोली बचन सत्य सुखदाई

सो० हौं नहिं खायो बाल। नहीं बध्यो यहि सर्प ने।
दई जो आज्ञा काल। सोइ करौं मैं आइ के॥

चौ० मैं हौं कालराय की चेरी। आज्ञा होइ ग्रसौं वा बेरी॥ ॥
काल कहे ताको मैं खाहूँ। बिना निदेश निकट नहिं जाऊँ

भुजंगप्रयातछं० सुनै बैन ऐसे जबै काल गाया। धरी देह छिप्र उसी ठौर आया॥ कह्यो सर्प नाहीं नहीं मृत्यु मास्यो॥ नहीं रोग कोई जु मैं नाश धास्यो॥ करै कर्म जो जैस तैसा हि पावै। बिना भेद जाने हमें दोष लावै॥ मरै औ जियै रुद्र बालक जवाना। सो तो कर्म ही तें सही और आना। कोई कर्म के के बहूत काल राहै। कोई कर्म कैके अगिनि में नदा है॥ कोई कर्म कीन्हो हमें जीति लीन्हो। बस्यो विष्णु के धाम विश्राम चीन्हो

दो० कोइ कर्म करि नीच ते भये ऊँच कोइ गत्त॥
कोइ बोरत तारत कोई सिरजत पालत हत्त॥
कोइ जल डूबै तरु गिरै अगिनि जरै बिष खाय॥
कोई सहस्रन रोग कोउ सर्प डसे मरि जाय॥

चौ० काहु सिंह भेड़िया खावै। कर्म किहि नितसि मृत्युहि पावै
चित्रकेतु सुत गज वै जनमा। रानी सकल गिंजाई बनमा॥
पगातर पीसि गई मरि जोई॥ बिषदै बदला लीन्हि निसोई
कीर बिछोह जानु की कीन्हों। हे सोइ झलक निंदिवन दीन्हों
दशरथ दुख अंधन का दयऊ॥ पुत्र शोक तनु त्यागत भयऊ

चतुरानन कन्या को धायो॥ तेहि कर्म ते शिव शीश गिरायो॥
बालिहि राम बान ते मार्‍यो॥ द्वापर में सोइ बदल बिचार्‍यो॥
कीर भयो द्वापर महँ सोई॥ कृष्ण चरण मार्‍यो सर जोई॥
गांधारी सुत शत ये मारे॥ कमठ अंड रुज हेत बिदारे॥
कर्म ते इन्द्र भाल भग पाई॥ कर्म ते नृप चर भयो जटाई॥ ॥
कर्म ते भे नृप नहुष भुजंगू॥ कर्म ते रवि शशि राहु ग्रसंतू॥ ॥
हरि बिन्ध्या ते जो छल कीन्हा॥ तेहि क्रम आय जन्म जग लीन्हा॥
नारद आप विष्णु कहँ दयऊ॥ कर्म ते शंभु लिङ्ग गिरि गयऊ॥
कहँ लग कहौं कर्म जस कीन्हा॥ तस सबहिन मिलि भोगै लीन्हा॥
तेहि ते कर्म प्रधान जग अहई॥ दुख सुख जीव कर्म करि लहई॥

सो० सम्पति बिपति कलेश। उतपति पालन यश अयश॥
होत कर्म ते तैस। यामें दोष न मोर कछु॥
सुनत काल के बैन। बुद्धि फिरी तब बधिक की॥
भा बिराग उर ऐन छाँड़ि दीन्हि सि तेहि सर्प कहँ॥
सर्प मृत्यु अरु काल। जित ते आये तित गये॥
भयो बधिक उर साल। कर्म याकि लेसुरति करि॥

दो० बधिक गौतमी के चरण पुनि २ शीस नवाय॥
लग्यो योग जप तप करन कुल की रीति गँवाय॥
बधिक गौतमी की कथा भई जौन बिधि जानि॥
सो कन्या तो सों कही मैं संक्षेप बखानि॥
अस ब्राह्मण के बचन सुनि मन में कीन्ह बिचार॥
पुनि कन्या बोलत भई बचन महा सुख सार॥
मेरे मन को दुख हर्‍यो कर्‍यो बोध बहु भाँति॥
गयो मोह अज्ञान अब हृदय में आई शांति॥

सो० योगी ज्ञान न भेव अगिले पीछले जन्म कर॥

सोमैं सो कहि देव। हैं स्वामी तुम कौन हौ॥
चौ० कह्यौ बिप्र सुनकन्या बाता॥ मैं हौं यम पापिन दुख दाता॥
मो को दीन दुखी अतिदेखा॥ कीन्हौं बोध आय द्विज भेषा॥
मांगो बर भावै जो तोहीं॥ अतिप्रसन्न जिय जानहु मोहीं॥
कह कन्या पितु मात हमारा॥ सुहृद बंधु सगरो परिवारा॥
बसैं स्वर्ग जब लगि शशि भानू॥ यही मोहिं दीजै बर दानू॥
सवमस्तु कहि यम चलि भयऊ॥ तुरत सुवर्ता यह इति लयऊ॥
जप तप लागी करन उदारा॥ कन्द मूल भखि भोग बिसारा॥
गीतिका छं० बिसराय तन सुख भोग जग के तुच्छ मन में जानिके। लागी करण हरि भक्ति सुमिरण ध्यान ज्ञान पिछानिके॥ सब कर्म बन्धन काटि कै श्री राम के धामै गई। सुर सिद्धि मुनि गत जौन दुर्लभ भजन करि पावत भई॥
दो० आठ पहर चौंसठ घरी तिन में भजिये राम॥
जन रघुनाथ न भूलिये यही सयाना काम॥
यह इतिहास पुनीत मैं बरणों मति अनुसार॥
कहैं रघुनाथ जो उर धरै भवसागर है पार॥
इति श्री बिश्रामसागर सबमत आगर ग्रंथ उजागर श्री रघुनाथदास रामसनेही कृत गोलमी सुवर्ता धर्म प्रसङ्ग बर्णनो नाम चतुर्दशो-

ध्याय:१४॥

दो० सुमिरि राम सिय सन्त गुरु गणराज गिरा सुखदानि॥
कहौं माघ की कथा कछु अघ बिलास बखानि॥
सो० मुनि सौनक मुनि पाहिं। पूछ्यौ दोउ कर जोरि कै॥
दान तपस्या माहिं। अधिक कहा सो बरनिये॥
चौ० सुनत सूत बोले हरषाई। सुनि सौनक मैं कहौं बुझाई॥
तप ते दान अधिक है जानी॥ श्रद्धा सहित करै जो प्रानी॥

बहुत कष्ट करि द्रव्य कमावै ॥ सो हरि पथ मारग माहिं लगावै ॥
ताको यश त्रिभुवन महँ होई ॥ बसै स्वर्ग महँ निश्चय सोई ॥ ॥
जो सु धर्म करि फल नहिं चहई ॥ सो हरि भक्ति परम पद लहई ॥
तापर एक इतिहास बखानो ॥ सुन्दर महा पुरातन जानो ॥ ॥
मुद्गल विप्र एक सुनु नारी ॥ बसत रहे कुरु क्षेत्र मँझारी ॥
शिल बीनि विरति अस गहई ॥ पाख एक अन्न को तर रहई ॥
डेढ़ सेर जब इकठे होई ॥ पीसि बनावै भोजन सोई ॥ ॥
साधु विप्र प्रथमे भुगतावै ॥ पाछे अपना सब मिलि पावै ॥
यहि भाँति न बीते बहु काला ॥ छिन निज धर्म करै प्रतिपाला ॥
अमृतगीतिका एक दिवस ऋषि दुर्वासा ॥ सुनि विमल
बड़ाई तासा ॥ ते लैन परीक्षा आये ॥ हरि जन को भेष बनाये
मधुभार छं॰ अरु देह छीन ॥ तन बसन हीन ॥ द्विज द्वार
आय ॥ तप को छिपाय ॥ लखि विप्र सोय ॥ अति मगन होय
दण्डवत कीन ॥ पद धोय लीन ॥ आसन पधारि ॥ आरति उ-
तारि ॥ दोउ पाणि जोरि ॥ बोल्यो निहोरि ॥
चौ॰ महाराज धनि भाग हमारे ॥ जो निकेत तुम आइ पधारे ॥
जेहि गृह सन्त चरण नहिं आवै ॥ अन्न सान सहै भूत रहावै ॥
तव दरशन निर्मल मन भयऊ ॥ संचित कर्म सकल औ गयऊ ॥
भोजन रहै सो आगे राख्यौ ॥ दीन वचन बहु सुख से भाख्यौ ॥
सुनि द्विज वचन गूढ़ सुखदाई ॥ पावन लग्यो संग हरषाई ॥
जेंइ चुक्यो कछु जूठ न रहेऊ ॥ सो ऋषि बाँधि बगल में गहेऊ ॥
एको ग्रासन तिन को बाँचो ॥ विप्र प्रसन्न भयो मन साँचो ॥
दुर्वासा चलि भे निज गैला ॥ मुद्गल मन नहिं आयो मैला ॥
षट पख बारे ऐसेहि करेऊ ॥ खाइ जाइ द्विज दोष न धरेऊ ॥
और भाव दिन दिन अधिकाई ॥ नेक कृपणता मन नहिं आई ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

लखि दु बेसो द्विगुन भावा॥ भीतर बाहर एक सम पावा॥ ॥
बोलत भये विप्र ते बानी॥ हर्ष सहित निर्मल सुख दानी॥
तोमर छं० धन्य तुम जग माहिं। अस दानि दूसर नाहिं॥ निज असन हम को दीन। बड़ दान तुम ने कीन॥ तिहुं लोक में यश तोर। होई वचन फुर मोर॥ अरु विष्णु के पुर जाइ। बसिहो तहां सुख पाइ॥ जो मुनिन दुर्लभ भक्ति। मिलिहैं तुम्हैं सो शक्ति॥ अस वचन सुनि द्विजराय। बोल्यो वचन शिर नाय॥
सो० अहो सन्त सुख भौन। तुम किरपा जापर करो॥
मोक्ष आदि सुख जौन। मिलत सहज में ताहि तेहि॥
बरवै छं० यहि विधि करत बतकही विप्र सुजान। स्वर्ग लोक ते लाये दूत विमान॥ सुर विमान की उपमा कही न जाय। सात स्वर्ग को विभव जु माहिं लखाय॥ रतन जड़ित अति उज्ज्वल शोभावान। उतर्यो नभ ते मानों चन्द समान॥
सुप्रिया छं० सुर दूत मुनि वन्दन कही। इन्द्रादि देवन की सही तब हेत जिय आयो भलो। चढ़ि स्वर्ग को अबही चलो॥ अस बैन दूतन के सुने। मन माहिं द्विज मुद गल गुने॥ बोल्यो बहुरि हरषाइ के। दूतो सुनो मन लाइ के॥
सो० सुरपुर दुख सुख कौन। गुण अवगुण तामें कहा॥
कहो कृपा करि तौन। हौं प्रभु जाते जानिये॥
चौ० कह्यो गणन हे सन्त कृपाला॥ तुम को सब मालुम है हाला॥
दीन जानि प्रभु दाया करेऊ॥ हम ते प्रश्न ऐसि उच्चरेऊ॥
सुनो स्वर्ग सुख बरनौ सोई॥ जन्म मरण की व्याधि न होई॥
मैन कलेश लेन नहिं देना॥ क्षुधा तृषा नहिं व्यापत मैना॥
कल्प विटप मनसा का पूरा॥ छांह बसे होवे दुख दूरा॥ ॥
रतन जड़ित हेमालय बनेऊ॥ सुभग सेज पट भूषण घनेऊ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

दिव्यरूप ह्वै धामसा पावै ॥ सेवा करन अप्सरा आवै ॥
स्वर्ग माहिं अस सुख है भाई ॥ सो हम तुम को दीन बताई ॥
दुख अब ताके सुनो नरधीशा ॥ कहौं सोइ जो आँखिन दीशा ॥
इक तौ कछु करतव्य न होवै ॥ जाते पुण्य बढ़ै अघ खोवै ॥
करी कमाई जो फल खावै ॥ खात खात कम तौ ह्वै जावै ॥
पर को पुण्य अधिक लखि सोई ॥ तबै ईर्षा मन में होई ॥
पुण्य क नाश सबै ह्वै जावै ॥ फिरि सो मृत्युलोक को आवै ॥
जपतप यज्ञन ते सुरलोका ॥ मिलत तदपि ताहू में शोका ॥
देवदूत की ऐसी बानी ॥ सुनि मुद्गल बोल्यो सुख मानी ॥
काम क्रोध मद मत्सर आदी ॥ जहँ अति लहैं के सुख सब बादी ॥
स्वर्ग माहिं है दुःख अपारा ॥ तेहि मन चाहत नाहिं हमारा ॥
निश्चल धाम होइ जो कोई ॥ हमते बरणि सुनावौ सोई ॥

दो॰ कहु गन स्वर्ग पताल में सब नाशक गे जानि ॥
सुरलोक विधिलोक लौं सब की होवै हानि ॥
विष्णुलोक नित थिर रहै उभय तिय से नाहिं
सुख ललित बहु प्रकार के बसत सन्त तेहिं माहिं ॥
जन्म मरण तामें नहीं अरु कम ईर्ष न व्याधि ॥
आनन्दै आनन्द है राम धाम अनादि ॥

तोमर छं॰ तहँ रहत हैं हरिराय ॥ ऐश्वर्य कछु कहौं गाय ॥
जेहि राज सब ब्रह्मण्ड ॥ चौदा भुवन नव खण्ड ॥ बैकुण्ठ गढ़ आ-
ओ ता ॥ चाकर सकल सुर भीत ॥ विरंचि जासु दिवान ॥ है कोत-
वार ईशान ॥ मातङ्ग बसुदिग पाल ॥ पानी भरे घन माल ॥
कोतवाल हैं यमराज ॥ नासत्र मान हु बाज ॥ मुसतौ की चित्र
गोपित्र लम्बोदर मुंशी लिख ॥ गुरदेव कानी गोइ ॥ औ जी-
र अष्टकिल सोइ ॥

सरूपिका छं० अरु सबा शेष बिचारी ॥ कुबेर जासु भंडारी
बहु खानि लाख चौरासी ॥ तेहिं सब करि खन बासी ॥ करैं परा-
रब्ध कर भोगा। रहैं सब पर कर्म दरोगा ॥ अह दी ग्रह रोग अनन्ता
जागीरत गीर करन्ता ॥ यम दूत पियादा फिरहीं जे राम विमुख
ते धरहीं ॥ महि षेश लोक बंदि खाना बहु नर्क भाय सी जाना।
हरि धर्म पोत बिन दीन्हे। तहँ धरत आइ सठ चीन्हे। बिन बेद
पत्ति ग्रह धारी। ते जानहुं सबै बेगारी ॥ पृथ्वी पञ्च ग्रह जानो।
तहसील दार यह मानो। जप तप व्रत दान हि करहीं। तेन खज-
नु पोत हि भरहीं मद काम क्रोध अहंकारा। डकइत लूटत सं-
सारा ॥ सत संगन कीव नसारा। सो करत फिरत दुख धारा ॥
है अन्न धरणी मोदी ॥ दे सबै अहारे सोदी ॥ बौर्बाल बीर हनु
माना। जय विजय रहत दर बाना ॥ शुचि सेवक भक्त पियारे
जिनके हित नर तन धारे ॥ सुर लोक सकल जागीरा। सब सह
ना जासु समीरा ॥ अरु धर्म नवीन करारा। है भक्ति बड़ी सर-
कारा ॥ नौबति है अनहद तासा। चौपुर बर धरहु मासा ॥ भूलोक
जासु बाजारा। तहं होत कर्म बेपारा। सै रह दीप अरु खरादा।
धनु काल मृत्यु कर चराडा ॥ बन बाग अरी घागा। हैं सातो सं-
भ तडागा ॥ परबत सब बर्ली जाना। तेहू नभ दीरघ ताना ॥ ब-
न्दी गण बेद कहावैं। जे नेति नेति यश गावैं। जिनकी प्रिय ल-
क्ष्मी रानी। सो हेली गिरा भवानी। दे भक्ति मुक्ति दो दाना ते हि
धेमक संत सुजाना। हैं ऋद्धि सिद्धि जेहि दासी। सो निस
दिन करैं खवासी ॥

दो० कोटि २ ब्रह्माण्ड हैं रोम रोम प्रति जासु ॥ ॥
कहै रघुनाथ बखानि को उपार कि पावै तासु ॥
मुनि प्रभाव अस विष्णु को मन हर्ष्यो महिदेव ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

पहुंच्यो हरि पुर किमि मिले ताको कहिये भेव॥
मिले जो यह पद भक्ति ते जोग ज्ञान मन लाय॥
जेहि उपाय करें विते विष्णु लोक महिं जाय॥
सो० देवदूत के बैन। सुनि बोल्यो मुद्गल बहुरि॥
जाहु आपने ऐन। कहौं वन्दना मुनन ते॥
दो० देवदूत भजे स्वरग आपु भक्ति मनु लाय॥
करणी बल निजु कुटुम्ब युत बस्यो विष्णु पुर जाय॥
सो० तप ते अधिकी दान सह यज्ञा के जो करे॥
होय भुवन विख्यात। भक्ति मिले पुनि द्विज सरिस॥
इति श्री विश्रामसागर सब मत आगर ग्रंथ उजागर श्री रघुनाथदास राम सनेही कृत मुद्गल प्रसंग वर्णनो नाम पंचदशोऽध्याय॥१५॥
दो० सुमिरि राम सिय सन्त गुरु गणप गिरा सुखदानि॥
हरि धर्म्मोत्तर ग्रंथ की कहौं इतिहास बखानि॥
सो० सुनि सौनक सुख पाइ। नाइ शीस बोल्यो बहुरि॥
नाथ कहौ समुझाइ। पुण्य बढ़त केहि दर्वि ते॥
चौ० कहा सूत सुनि कहौं बुझाई। जेहि धन धर्म बढ़ै अधिकाई॥
सुकृत करि जो दर्वि कमावे॥ तेहि परमारथ माहिं लगावे॥
बाढ़े पुण्य पाप है नासा॥ सो नर लहै स्वर्ग में बासा॥ ॥
अधरम करि जो दर्वि कमावे॥ धर्म माहिं पुनि ताहि लगावे॥
ताकी पुण्य वृथा ही जानो॥ सुनो एक इतिहास बखानो॥
न्रप एक बीर भद्र प्रसनामा॥ सोरठ नग्र माहिं तेहि धामा॥
करै पुण्य बहु भाँतिन राजा॥ गज रथ भूमि पालकी बाजा
सो० सुबरण सींग मढाय। मुक्ता पूछें रजत खुर॥
पीताम्बर पोढ़ाय। देइ धनु इमि द्विजन कहँ॥
चौ० शय्या दान करै पट दाना॥ यज्ञ महोत्सव बहु विधि ठाना॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

तेहि पर एक बार बिधि योगा ॥ न्रप एक चढ़ौ संग ले लोगा
निशा अवानक नगर लुटायो ॥ कैद कीन जेहि पकरि पायो ॥
रानी न्रपति अतिथ के भेषा ॥ भागि बचे काहू नहिं पेखा ॥ ॥
आये एक नगर के माहीं ॥ देखु कामात्र रहैं ढिग नाहीं ॥ ॥
कर मुद्रिका एक न्रप दीन्हा ॥ तेहि कछुक दिन भोजन कीन्हा
नातेदार रहैं पितु मामा ॥ रानी सहित गयो तेहि धामा ॥ ॥
तहाँ नहीं कछु आदर पायो ॥ बहुरि भूप भगनी घर आयो ॥
जानि अभाव जनक लघु भाई ॥ तिन के निकट गयो चलि राई

सो० रहे तहाँ कछु काल । पुनि लागे अन खान सब ॥
चलि भे तुरत भुवाल । ससुझि कर्म गति मन विधे ॥

दो० जाके भवनै जाइ चलि बात न पूछे कोइ ॥
बिपति परे हरि बिन कोई काहू को नहिं होइ ॥

कुण्डलिया कमल केर पितु सरित पति गरल सुधा शशि भाय । मित्र भानु अह्मा तनै बिश्वभरा जेहि माय ॥ बिश्वभ-रा जेहि माइ श्री रम्भा दोउ भगनी । बह नोई हरि इंद्र नाति शिव सुन्दर भगनी ॥ अस परिवार तुसार जड़ जारि दियो निशि जाम । बिपति परे रघुनाथ बिन कोइ न आयो काम ॥

चौ० भूपण भरण लगे न्रप रानी ॥ भिक्षा केरि युक्ति तब ठानी
घर घर भिक्षा करैं भुवारा ॥ तन पर बसन न जुरै अहारा ॥
कछुक काल या बिधि चलि गयऊ ॥ न्रप रानी सें बोलत भयऊ
संभरि गढ़ इक साहु सुजाना ॥ मानिक नाम बिदित धनवाना
बेचन पुण्य जात जो कोई ॥ मानिक साहु लेत है सोई ॥ ॥
कागद पर लिखि तुला चढ़ावै ॥ ताहि बराबर सोन देवावै ॥ ॥
रानी कहा सुनो न्रप राई ॥ तुमहूँ कीन्ह पुण्य अधिकाई ॥
तामें कछुक बेंचि लै आवो ॥ पहिरो बसन पेट भरि खावो ॥

जोजगमें तनु रही हमारा ॥ करब दान पुनि बहु परकारा ॥
कह राजा रानी सुनि लेहू ॥ मारग को खरचा कछु देहू ॥
सुनि रानी तुरतै उठि धाई ॥ गृह २ ते भिक्षा करि लाई ॥
नृप के बसन बाँधि सोइ दीन्हा ॥ गणाधिप सुमिरि पयाना कीन्हा
तेहि बासर निशि भै तरु पाई ॥ रह्यो सुनिय बिन भोजन राई ॥
दूसरे दिन चलि सर इक पायो ॥ करि मज्जन नृप भौरी लायो
सेंकि तुर्त हरि भोग लगावा ॥ तेहि क्षण इक अभ्यागत आवा
क्षुधावंत बोला हर आई ॥ सुनि नृप के मन करुणा आई ॥
दो० होय धनी कंगाल जो तद्यपि रहै उदार ॥
जन्म दरिद्री धन लहै करि न सकै उपकार ॥
द्वै भौरी अभ्यागत हि दीन्ही करि सनमान ॥
दुइ पुनि अपना खाय कै कीन्हो बहुरि पयान ॥
चौ० तिसरे दिवस साहु घर आयो ॥ आदर करि राजा बैठायो ॥
पूछ्यो बनिक कहाँ ते आये ॥ को हौ कौने काज सिधाये ॥
सुनि नरेश अस बचन प्रकाशा ॥ सावल ते आयन तव पासा
बेचन पुण्य हेतु यह ताता ॥ तुमहूँ लेत सुनी हम बाता ॥ ॥
अस सुनि साहु उतरु तब दीन्हा ॥ बेचहु पुण्य जवन कछु कीन्हा
लिखि कागद पर तुला चढावो ॥ सो ची लिखो दर्बि जेहि पावो ॥
दश सहस्र मख की न्हो राई ॥ सो लिखि मानिक तुला उठाई ॥
पलरा दोऊ रहे समाना ॥ रती न चढा महीप खजाना ॥ ॥
बोला साहु और लिखि धरहू ॥ साँची लिखो झूठ परिहरहू ॥
सो० हेम गऊ गज बाजि । दीन्हो कन्या दान जो ॥
तुला चढायो राज । सोऊ सब बिरथा भयो ॥
चौ० जहँ लगि लोग रहे तेहि ठामा ॥ हिलू गुमास्ता चार गुलामा
सबन कही झूठे तुम अहहू ॥ राही करि सुख सम्पति चहहू

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

जो तुम करते दान रु धर्मा॥ कंचन चढ़त न कौने मर्मा॥ ॥
लखि रुख बोला साहु सुजाना॥ कौन समर्थ कीन्ह तुम दाना॥
वीरभद्र कह सुनिये साहू॥ जब हम थे सोरठ के नाहू॥ ॥
गज रथ तुरंग पालकी जाना॥ भृत्य मता वहु चमू रव जाना॥
तब यह दान दीन्ह हम भाई॥ तुम ते सांची कहा बुझाई॥ ॥
बोला वैटका चढ़े भुवाला॥ यह अधर्म कर धर्म तुह्मारा॥
लूटि बाँधि पर जै दुख दिहेऊ॥ बनितन कह बिन वस्तर किहेऊ॥
बछरा गाऊ वेद़िले आयो॥ हरि यर वृक्ष अनेक कटायो॥
आवा कोउ फिरियादी दीन्हों॥ लै धन सों वन्याव नहिं कीन्हों॥
सो धन आनि धर्म तुम दाना॥ ताते कौन पुराय पर माना॥
जब ते रङ्क भयो तुम राई॥ तब ते पुराय किहेउ कछु भाई॥

दो० कह्यो मही पति वचन अरु सुनिये साहु सुजान॥
भिक्षा करि भोजन मिलै का हम कीजै दान॥

कुराडलिया कीन्ह पयाना यहाँ को सुमिरि हृदय गरणराय। तेहि मग इक सर के निकट भौंरी चारि लगाय॥ भौंरी चारि लगाय अर्पि हरि ग्रास उठावा॥ तेहि समय मम निकट एक अभ्या गत आवा॥ क्षुधित देखि मै तासु काउ भै मधुकरी दीन्ह। रङ्क भयन तब ते सुनहु यही पुराय जग कीन्ह॥

चौ० सुनि मानिक लिखि तुला चढ़ायो॥ डाँड़ी गहि हि धरि हेम उठायो॥
तबहीं पला गरु है गयऊ॥ पुनि लै पुरट चढ़ावत भयऊ॥
ज्यों ज्यों कंचन आनि चढ़ावै॥ त्यों त्यों पला अधिक गरु वावै॥
जहँ लगि सुवरण साहु निकेता॥ द्वै भौंरी सम भया न तेता॥
बोला मानिक सुनहु नरेशा॥ अब नहिं हेम हमारे लेशा॥
तेहि ते जो कछु है सो इ लीजे॥ अपने नगर पयाना कीजे॥
सुनि नृप महिषा ऊंट मगायो॥ सकल कनक तिन माहि लदायो

लीन्हे सङ्ग सिपाही नाना ॥ जिन सोरठ कहँ कीन्ह पयाना ॥
पहुँचे दिन तिसरे घर आई ॥ लखि रानिहि भा सुख अधिकाई ॥
बहुरि सेन नृप साजि अनेका ॥ चतुरङ्गिनी एकते एका ॥

दो० दै डंका अरि भूप पर चढ़ा चमू लै जाय ॥
राम कृपा तेहि जीति कै लीन्हो राज छिनाय ॥

चौ० आइ निकेत महोत्सव कीन्हा ॥ विप्रन दान विविध विधि दीन्हा ॥
करन लाग पुनि राज भुवारा ॥ पालै प्रजा अनेक प्रकारा ॥ ॥
अधरम इमि होन नहिं पावै ॥ करै ताहि नृप दण्ड दिवावै ॥
लागेहु करन भक्ति युत रानी ॥ छाँड़ि अनीति कर्म मन बानी ॥
आवै साधु नगर मा कोई ॥ मिलै पुरः चलि भूपति सोई ॥
करि प्रनाम मन्दिर लै आवै ॥ पद पखारि निज सीस चढ़ावै ॥
षोड़श भाँति पूजि सनमानी ॥ मन जोगवत रहै भूपति रानी ॥
सुनै कथा हरि कीरति गावै ॥ तजि सत संग अनत नहिं जावै ॥
सेवक सचिव करैं पुर काजा ॥ विष्णु चरण सेवै नित राजा ॥
भवन बनाय सुवस्तु भराई ॥ मुदित देइ महि देवन राई ॥ ॥
सुमन बाटिका बाग लगाये ॥ वापी कूप तड़ाग खनाये ॥ ॥
करै जो धर्म कर्म सुभ जानी ॥ बासुदेव अर्पै नृप ज्ञानी ॥
सहित नेम सुमिरै हरि नामा ॥ क्रोध न लोभ मोह मद कामा ॥
युक्ति सहित करि भोग बिलासा ॥ समय पाय तनु तजि अनयासा ॥

हरिगीतिका—अनयास निज बपु त्यागि सो हरि रूप कर-
आयुध धरे भुज चारि उर पट मुकुट कुण्डल तिलक शिर
माला गरे ॥ आरूढ़ सुभग बिवान लखि सुर सुमन बहु बर-
षायहू ॥ जप योग तप ते अगम सो पद भक्ति करि नृप पायहू ॥

दो० कह रघुनाथ अधर्म करि पुनि हरि सुमिरन कीन्ह ॥
करम बन्ध ते छोटि कै मोक्ष स्वरूपी लीन्ह ॥ + ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

तजिकुकर्मसुभकेर्मकरिहौवैकमाय औकोय
ताहि लगावै धर्मसैं तपतें अधिकी होय॥

इतिश्रीविश्रामसागर सब मत आगर ग्रंथ उजागर श्रीरघुनाथदास रामसनेही कृत वीरभद्र प्रसंग बर्णनोनाम षोडशोऽध्यायः१६॥

दो० सुमिरि राम सिय संत गुरु गणपति गिरा सुखदानि॥
महाभाग्यप्रद ग्रन्थको कहौं इतिहास बखानि॥

सो० सौनक सहित हुलास। पूछ्यो भेद धर्म के॥
कित उतपति कित नाश। कित स्थिति विस्तार कित॥

कुण्डलिया कह्यो संत सुनि धर्म के चारि चरण पहिचान। प्रथम सत्य पुनि दया है और तपस्या दान॥ और तपस्या दान सत्य ते उतपति सोई। दया तहां विस्तार क्षमा ते स्थिर होई॥ नाश होत है लोभ करि क्रोध ते हरी रह्यो कृतयुग चहूं पुनि तीनि फिरि दुइ कलि इक वेदन कह्यो॥

दो० सुनु सौनक जेहि भांति जिन धर्म किहि निज चारि।
लिखे पुराणन में कहौं तिन सें लेहु विचारि॥
भूप वंस करतु भुजबली महिमण्डल रिपु जीति॥
दीन्हों सुख गो द्विज प्रजन महित वेद की रीति॥

चौ० चन्द्रप्रभा रहै तिनकी बाला॥ जिन जाये हरिचन्द नृपाला॥ बरवा अति हरिचन्द किशानी॥ जासु सुयश त्रिभुवन में जानी॥ तासु तनय रोहिताश्व कुमारा॥ इन्द्रावती बधू सुकुमारा॥ करै राज्य हरिचन्द नरेसू॥ धन अधर्म कालेश न लेसू॥ तासु राज्य कोउ दुखीन रहई॥ चारोंबर्ण धर्म निज गहई॥ सब सुन्दर सब विरुज शरीरा॥ सब गुणज्ञ सब पण्डित धीरा॥ तेहि पुर राम भक्त नर नारी॥ संत सदा गम रुचि अधिकारी॥ निशदिन नृप प्रीति हरि चरणा॥ सुमिरन पूजन बन्दन करना॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

सो० बापी कूप तड़ाग। खनि बांधे मारग बिषे॥
लगवाये दह बान। धन बांधे हरि हर भवन॥

दो० बिटप फूल फल सहित गिरि प्रकट भई गलियान॥॥
कामधेनु भै भूमि जल कहे देहि घन आनि॥
धर्म बचन मन जो करै सो अरपै भगवान॥
भक्तिवंत भूपाल वर हरि तजि जानि नहिं आन॥

चौ० प्रति संब्बत सब माल खजाना॥ देइ लुटाइ न राखै दाना॥
नृप कीरति सब जग मा छाई॥ जहं तहं मुनि करैं बड़ाई॥
कहैं कि नृप हरिचन्द समाना॥ हैन अवर धरमज्ञ जहाना॥
सुनि कौशिक मुनि कहा रिसाई॥ अबहीं नृप सत देहुं डिगाई॥
तुरतै अवधपुरी चलि आयौ॥ कोलक कुनप बिशाल कमायौ॥
प्रबिसि बाटिका चौंड़न लागे॥ घुरघुरात खखार भागे॥
ते भूपति पहं जाय पुकारे॥ सुवर देत इक बाग उजारे॥
मुनि नरेश पठये भट भूरी॥ आये सब जहं कोल गरूरी॥

दो० करि उपाय हारे सकल कोल सो निकस्यो नाहिं॥
सुनि हरिचन्द तुरंग चढ़ि पहुं चे तेहि के पाहिं॥

चौ० भाग बराह टाप सुनि पावा॥ देखत ताहि भूपति रपटावा॥
कहुं लखि परत कबहुं दुरि जाई॥ सघन बिपिन इमि गयउ लेवाई॥
आगे बढ़ि मुनि युक्ति उपायो॥ एक पुत्री एक पुत्र बनायो॥
आपु भये पंडित तेहि बेरा॥ लागे करन ब्याह तिन केरा॥
अग्र बराह दीख नहिं जबहीं॥ आये नृप तिन के ढिग तबहीं॥
लखि क्षितिपति बोला द्विज सोई॥ यहि कन्या के है नहिं कोई॥
पायं पूजि या के नृप देहू॥ तुम धरमज्ञ जगत यश लेहू॥
कह हरिचन्द बिपिन के माहीं॥ है कछु प्रभु मेरे ढिग नाहीं॥
नगर माहिं जो चलते देवा॥ सब बिधि तेहि कर तिउं सेवा॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

बिप्र कहा कछु सगुन करीजै॥ गृह लेपाइ पुनि चहौ सो दीजै॥
है लगाम कुंजी तब तीरा॥ तेहि ते पद पूजो रण धीरा॥ ॥
तुरतै नृप पद पूजै लीन्हा॥ बिश्वामित्र स्वाल पुनि कीन्हा॥
मैं तुम्हार पंडित हौं राजा॥ मोको कछु दीजै महराजा॥ ॥
भूपति कहा माँगि द्विज लेहू॥ कनक तीनि मन राजन देहू॥
कह हरिचन्द दीन द्विजराई॥ चलहु भवन मन लेहु भराई॥
कन्या कुँवर सुत हे गयऊ॥ मुनि नृप संग अवध चलि भयऊ॥
राजा बाजि चढन तब लागा॥ छीनि लीन मुनि गहि कर बागा॥

दो॰ कह न्योंवे कन्या हि देइ कै पुनि नृप फेरे लेत॥
अस अधर्म नहिं चाहिये तन क बस्तु के हेत॥

चौ॰ अस कहि आपु भये असवारा॥ पौंइ पियादे चले भुवारा॥
पहुँचे नहीं अश्व के साथा॥ आगे बढि टेरै ऋषि नाथा॥ ॥
नृप सुकुमार बहुत श्रम पायौ॥ कछु दिन रहे अवधपुर आयौ॥
लखि नृप खुशी भये नर नारी॥ गये भूप निज भवन मँझारी॥
सुभग गलीचा एक बिछायौ॥ करि सनमान मुनिहिं बैठायौ॥
चरण पखारि बारि सुखदाई॥ भोजन कहँ पूछा मुनिराई॥
सुनि मुनि कहा हेम मम दीजै॥ पीछे अपर बात कछु कीजै॥
तब नृप कनक भराइ मँगावा॥ कहेउ लेहु मुनि बचन सुनावा॥
कुञ्जी दान दियौ मोहि राई॥ दर्बि सकल मोहि भीतर आई॥
जहँ लगि टाप घोड़ की बाजी॥ तहँ लगु भई हमारी राजी॥
मोरि दर्बि मोसे कहे लेहू॥ और कनक आनि के देहू॥ ॥
नाहिं त कहौ दीन नहिं राई॥ हम अपने आश्रम का जाई॥
कह नृप शिर काटै जो कोई॥ ऐसि बात हम ते नहिं होई॥

दो॰ सुनि सुत रानी भूप तिहुँ कह्यो शीश धरि साथ॥
मनु मनु सोन पर हमै बेचि लीजिये नाथ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

चौ० अस सुनि तिन्हैं लीन अगुवाई॥ बेचन हेत चले ऋषिराई
अबकानि प्रजा लै हम सिधाये॥ राजै मोल लेन बहु आये॥ ॥
बिश्वामित्र कह्यो तिन हेरी॥ प्रजा कि दर्बि है वै नृप केरी॥ ॥
आन देश नहँ बिकहु नरेशू॥ चले बनारस सहत कलेशू॥
आगे मुनि पाछे नृप रानी॥ नहि पाछे सुत रोहित जानी॥
मुनि दूसर द्विज देह बनाई॥ बैठ्यो पुरह कूप पर जाई॥ ॥
रानिहि देखि समीप बोलायो॥ पूछ्यो हाल सही पबतायो
बोल्यो बिप्र भूप मुनि लीजै॥ गाधि द्विज दूरि पान जल कीजै॥
कह नृप द्विजहि दिये बिन भाई॥ पियब न पाय प्राण बरु जाई

दो० अस कहि अब नृप चलि दियो रानी पहुँची आइ॥
कह्यो बिप्र जल पीजिये पेइ गये हैं राइ॥

चौ० रानिहु वैसे बचन सुनायो॥ पाछे पुत्र रोहित आयो॥
ब्राह्मण कहा पियउ सुत पानी॥ आगे पाइ गये नृप रानी॥
कुँवर कह्यो वे रहु बिचारे॥ कौड़िनि धर्म प्यास के मारे॥
हम तो द्विजहि दिहे बिन हेमा॥ घूँट वनहीं लार यह नेमा॥
अति धर्म भक्त हियेहम जाने॥ गाधि सुवन मन माहि लजाने
चलत कासी महँ आये॥ मुनि लै बीच हाट बैठाये॥ ॥
बिप्र एक रानिहि लै गयऊ॥ मनु भरि हेम देइ सो दयऊ॥
मालाकार कुँवर कह लीन्हा॥ फुलवारी मह डेरा दीन्हा॥
रानिहि लिहिसि डोम एक आई॥ पाइ पुरट चलि भे ऋषिराई
नृपतें कही सुपच असि बानी॥ भरा करो नादन महँ पानी॥
मुनि नृप नीर भरन तब लागे॥ कह मुनि भूप सत्य नहिं त्यागौ॥
जो जल भरे चले मुनि आवै॥ फोरे नाद पाप वहि जावै॥ ॥
देखि सुपच तिय तिन तेलरई॥ बैठ रहत कछु काम न करई॥
मुनि कह डोम भूप सुनु बाता॥ हम तुम बीच दईश जगत्राता॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

बांधा बन्धन नृपति तो कियेऊ ॥ सरघट निकट बास तब दिहेऊ ॥
लैसव यहां जो आवे कोई ॥ दाण्ड लिहे बिन दाह न होई ॥ ॥
निशा आइ हमका धन देऊ ॥ भोजन मात्र तात तुम लेऊ ॥ ॥
दो॰ यहि विधि बसत मसान नृप बहुत दीन धन आइ ॥
सुखी डोम नायक परम हितकारी जन पाइ ॥
चौ॰ कछुक काल यहि विधि चलि गयऊ ॥ तब मुनि रूप सर्प को लयऊ ॥
हरिश्चन्द्र सुत हि डस्यो सो जाई ॥ दीन्हो ताहि रविहिं सों पाई ॥
रानी जबै खबर यह पाई ॥ रोदन करत कुँवर पहँ आई ॥ ॥ ॥
लै लहास गंगा के तीरा ॥ गै जेहि घाट रहत नृप धीरा ॥ ॥
नारि विलाप करत विधि नाना ॥ सुत सब देखि भूप दुख माना ॥
पुनि धरि धीर मही पति कहई ॥ ईश रजाय शीश पर अहई ॥
दुख सुख देह पाइ संग लागे ॥ मिलन बिछोह स्वप्न जिमि जागे ॥
जल अकाश क्षिति पावक बाता ॥ मिलै कौन पर पंच विधाता ॥
नश्वर रूप मोह बस शोचा ॥ परधन गठे करें दुख पोचा ॥ ॥
दो॰ प्रकट भयो तनु जानिये सो सोवत नव तीर ॥
जीवन नाशत नित्य है अस विचारि धरु धीर ॥
चौ॰ नट मर्कट गति देखि निहारी ॥ हरि आधीन सकल तनु धारी ॥
चाक कुलाल फिरत है तैसे ॥ अधः आधार लकरिया जैसे ॥
सब संसार काल कर भोगा ॥ आपुन देखत आनहि सोगा ॥
अस्थि मांस विष्टा तन छयऊ ॥ चमल पेटि स हायन भयऊ ॥
तेहि पर कहत न मोहिं सम आना ॥ कछु दिन गये रही नहिं मान्ना ॥
अल्प आयु वह कुरन उपाई ॥ मृत्यु सिर खड़ी न ताहि डराई ॥
बलि पसु पाइ घास जिमि चरई ॥ बूड़त आपु आन को धरई ॥
दो॰ जगत बिकट बन कुरंग मन माया जाल पसारि ॥
काल सिकारी छिन खबरि लीन अवानक मारि ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

चौ॰ दारुनारितन ममताडोरी॥ कर्मनचावत हैं चहुँ वोरी॥
दश इन्द्री सुर विज २ बोरा॥ खैंचत जहाँ तहाँ बरजोरा॥
मूसत पांच चोर करि दंगा॥ रहत हित्त हैं निशदिन संगा॥
जीव कुमाल कैसे कहि जाई॥ जिमि खेती हरवा है खाई॥
शोक समाज देखि सब परई॥ सुखी सो जो हरि पद मनु धरई॥
दुख कर मूल मोह हैं रानी॥ सो तजि सपदि मानु मम बानी॥
दंड घाट कर हम कहँ दीजै॥ पाछे पुत्र दाह निज कीजै॥
रानी कहा सुनौ नर पाला॥ तुम ते कछु छिपा नहिं हाला॥
कहो दर्वि कहँ बामि पाई॥ जो ले तुम्हें दीजिये आई॥
दो॰ कहनृप कर लीन्हें बिना हों नहिं दाहन देहुँ॥
स्वामी केर नि देश तजि नाहक अघ मम लेहु॥
सो॰ तेहि ते मैं अब जाय। पूँछो प्रभु ते हाल यह॥
जो षै देहि बताय सोइ करब पुनि आय कै॥
चौ॰ अस कहि हरिचन्द नगर सिधाये॥ गाधि सुवन मख जहँ आये॥
रानी ते अस बचन उचारा॥ बैठि लिहे कल मृतक कुमारा॥
रानी सकल हाल कहि दयेऊ॥ पुनि मुनि ऐसे बोलत भयऊ॥
जो दुर्वृत्त नहिं करी दिनेशा॥ तो तोहिं दहन न देइ नरेशा॥
तेहि ते मैं तोहिं देउँ बताई॥ भस्म सकल तन लेहु लगाई॥
बालक एक आकर्षि जो लीन्हा॥ सो रानी कहँ मुनिवर दीन्हा॥
कह्यो कि ले मठ बैठो जाई॥ मैं तुम्हार सुत देउँ जराई॥
सुनि रानी गै मंडप जबहीं॥ कौशिक मुनि पुर आये तबहीं॥
जहँ तहँ अस दीन्हों गोहराई॥ नगर तुम्हारे डाइनि आई॥
पूछि निकहाँ ह्वै मठ माहीं॥ यामें झूठ कहत हम नाहीं॥
गई अवधपुर तै सह मोदा॥ लीन्हे एक बालक सब गोदा॥
चौबंसा छं॰ सुनि सब धाये। तेहि दिग आये रूप निहारी।

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

अति भै कारी। बालक चीन्हा॥ गहि कर लीन्हा॥ नृप पहँ ल्यायो॥
कहि समुझायो॥ भूप रिसाई। दीन्हि सिखाई। कहेउ कि धावो।
सुपचहि लावो। गरदन मारो। करो न बारो॥ हिंसक ल्यायो भल नहिं आयो॥

दो० गारुड़ धावन डोम गृह कह्यो हाल समुझाइ॥
तेहि पठवा हरिचन्द कहँ चलि आये तहँ राइ॥

चौ० राजा निज रानी पहँ आयो॥ तन को मोहन मन में आन्यो॥
कत्ता तुरत उठायो राई॥ मारों शीश बिलम्ब है जाई॥ ॥
आइ तबै हरि कर गहि लीन्हा॥ जयति शब्द देवन कीन्हा
धनि रानी धनि नृपति महाना॥ तज्यो न धर्म सह्यो दुख नाना
सुदिन सकल धरमज्ञ कहावें॥ कुदिन कसौटी परखि लिजावें
घन प्रहार बिन सोंचै हीरा॥ औरे किस कै काँच कर खीरा॥
अस्त्र शस्त्र जिमि सब कोइ बाँधै॥ सूर सोइ जो समर न काँधै
मुनि तें कह्यौ रिसाइ खरारी॥ तुमरे मद मत्सरता अति भारी
जपतप संयम करते भयऊ॥ आदि सुभाव नशायन नहिं गयऊ
अस धरमज्ञ नृपहि दुख दीन्ह्यो॥ याते कैसे लाभ का चीन्ह्यो
धर्म छोड़ावन इन कर आयो॥ कुकुन बहुत सुमेरु उडायो
तप कर तुम्हें बहुत अभिमानू॥ सो नहिं रही सत्य यह जानू
सुनि मुनि चरणा परे है दीना॥ प्रभु अपराध बहुत मैं कीन्हा
करहु मोहि सम जानि अज्ञानी॥ नृप पद परेहु कह्यो प्रभु बानी
सुनि मुनि गहे चरण तजि माना॥ लखि बिन नृप कौन सकुचि मन माना
तुरतै पुत्र दीन मँगवाई॥ जो अपने रबि कौ सौ पाई॥ ॥

दो० नृप हरिचंदहि जानि कै पुरवासी सब लोग॥
भूप सहित बिनती करी भये दरश बिधि योग॥

सो० बोले बिष्णु बिहारि। जो भावै सो माँगिये॥
कहे नृप दोउ कर जोरि। मोको कछु न चाहिये॥

चौ० रानी ते बूझउ सुरराई ॥ मांगौ जो कछु ताको भाई ॥
रमानाथ रानी ते भाषा ॥ मांगहु वर जो मन अभिलाषा ॥
रानी कहा नाथ सुनि लीजै ॥ प्रथमै भक्ति आपनी दीजै ॥ ॥
जहँ जहँ जन्म धरब हम जाई ॥ तहँ तहँ हरिचन्दै पति पाई ॥
पुनि मिलै रोहित सि समाना ॥ राजकाज धन धाम खजाना ॥
यहि बिधि मुनि सेयौ तहँ आई ॥ जाते नाथ दरश तव पाई ॥
यह वरदान देहु मोहिं स्वामी ॥ और न चहिये अन्तरयामी ॥
सुनि हरि सजल नयन होइ आयो ॥ प्रेम सहित निज हृदय लगायो
तुम समान त्रिय जासु अगारा ॥ कस न होइ तहँ धर्म अपारा ॥
चलहु अवध निज राज करीजै ॥ प्रजा अनाथ तिन्हें सुख दीजै
सुनि हरिचन्द अवध चलि आये ॥ पुरबासी लखि बहुत लुदाये
सिंहासन भूपति बैठारे ॥ जग निवास बैकुण्ठ पधारे ॥ ॥
बहुरि सकल संशै करि दूरी ॥ रानी सहित किहिनि सुख भूरी ॥
गीतिका छं० सुख भूरि करि नृप रानि पर जन बिबिध बिधि
पालन भये । तजि अन्त समय शरीर बिन पै सर्म हरि पुर का
गये ॥ यह कथा नृप हरिचन्द की तुम ते कही समुझाइ कै ।
अब और एक इतिहास भाखौं सुनहु मुनि मन लाइ कै ॥
सो० हंसध्वज नृप तासु । तनै सुधन्वा हरि भगत ॥
निज बपु दीन्ह्यो आसु संखलिखित खल द्विजन हित ॥
रन्तदेव नृप आन । बहु दिन मैं भोजन लहे ॥
बिप्र शूद्र शठ स्वान ॥ सन माने तब मिले हरि ॥
इति श्री बिश्रामसागर सबमत आगर ग्रंथ उजागर श्री रघुनाथदास
रामसनेही कृत हरिचन्द सुधन्वा रन्तदेव प्रसंग बर्णनो नाम सप्तदशो ध्याय १७ ॥
दो० सुमिरि राम सिय सन्त गुरु गणप गिरा सुखदानि ॥
बरणौ भारत की कथा कछु दालभ्य बखानि ॥

सो॰ शौनक मन में गुण्य। पूछ्यो पद शिर नाइ कै ॥
जिव रक्षा कृत पुण्य। होत कहा सो बरनिये ॥ ॥

चौ॰ सुनि मुनि बचन बोले हर षाता ॥ नीक प्रश्न कीन्हेउ तुम ताता ॥
धर्म मूल जिव रक्षा जानौ ॥ सुनो तासु कृत पुण्य बखानौ ॥
जहँ लक सब तीरथ करि आवै ॥ गया माहिं तिल पिण्ड पराबै
गोग जहय पट मारिग कहेमा ॥ देहि विप्र कहँ करि निन नेमा ॥
यज्ञ सु सकल करै ब्रत दाना ॥ संयम नेम तपस्या ठाना ॥ ॥
ऐसे सब पुण्य जो तुला चढ़ावै ॥ जिव रक्षा सम सोउ न पावै ॥ ॥
राजा सिबि की कथा बखानौ ॥ जिव रक्षा तिन कीन्हो जानो ।
भूपति यज्ञ करत इक बारा ॥ रहैं तहाँ महि देव अपारा ॥ ॥
इंद्र अग्नि सिबि यज्ञ सुनि धाये ॥ लैन परीक्षा दोऊ सिधाये ॥
अग्नि कपोत वपुष तब कीन्हा ॥ बाज रूप बासव धरि लीन्हा ॥
भाज कपोत बाज रपटाया ॥ नृप जहँ यज्ञ करत तहँ आवा ॥

दो॰ बैठे सिबि लखि गोद में दुख्यो कपोत डेराय ॥
हेरि बाज बोलत भयो नृप ते बचन बनाय ॥
अहो भूपधर मज्ञ तुम महँ सुनी यह बात ॥
मोह कृपरा ता हे नहीं तन को तुम्हरे गात ॥

चौ॰ तै सब को पाले महि पाला ॥ सन्त असन्त कहा नर बाला ॥
जो गुरु देखि छिपावै जानी ॥ गुरु को सदा धरत उर आनी ॥
द्वार अतिथि जो कोई आवै ॥ तुम ते बिमुख जान नाहिं पावै ॥
अब जनि धर्म छाँड़ियो राई ॥ यथा नेर है अथगत जग छाई ॥
भोजन मोर कपोत रहायो ॥ ताको त्यों क्यों गोद छिपायो ॥
भूखो हौं बहु दिन को राई ॥ याको माहिं देहु पकराई ॥ ॥
राजा कहा सेन सुनि लीजै ॥ याकी आश छाँड़ि अब दीजै ॥
पक्षी डरपि मरन भय लीन्हा ॥ तजौं न याहि शरणागत कीन्हा ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

शरणागत आये जो त्यागै ॥ ब्रह्म हत्या ताके शिर लागै ॥

दो० लोभक्रोधवश परिहरै करै न रक्षा जासु ॥
सो नर पापी नीच खल मुख नहिं देखिय तासु ॥

चौ० मुख देखे सुकृत घटि जाई ॥ धर्मवान लखि सुख अधिकाई
तेहि ते यहि तजिहौं नहिं भाई ॥ शीसहु जो कोउ काटै आई ॥
बोला सेन सुनत असि वाता ॥ मैं तोहिं सुना रहै बड़ दाता ॥ ॥
धर्म टेक सो छांड़ि भुवाला ॥ लै अब अपश जीहौ कै काला ॥ ॥
दियै अहार होइ जिव रक्षा ॥ तजि हठ लेहु मानि सो शिक्षा ॥
किये अहार भरा धिर रहई ॥ नाहित मनु तजि मारग गहई ॥
मोरे मुये बहुत कर नाशा ॥ जननि जनक सुत नारि विनाशा ॥
एक जीव कीर रक्षा करहू ॥ बहुतेन को शिर हत्या धरहू ॥ ॥
बिन विवेक धरमहु करकोई ॥ पाछे तेहि पछितावक होई ॥
क सेन की गति भाखी साई ॥ धुराय कारन पातक है जाई ॥ ॥
तेहि ते नृपति मानि अब लीजै ॥ मोर अहार होइ मोहिं दीजै ॥

सो० कहसि विसुनहु सिचान ॥ शरणागत रक्षा करै ॥
यहि सम धर्म न आन ॥ सो मैं निज हिरदै धरयौ ॥

दो० सोइ पण्डित धर्मज्ञ सोइ सति बादी मतिधीर ॥
शीलवन्त ज्ञानीश जो हरै पराई पीर ॥ ॥

चौ० मोहिं इच्छा कछु स्वर्ग कि नाहीं ॥ नहिं बैकुण्ठ जान के माहीं
मुक्ति भुक्ति की चाह न कर हूं ॥ नर्क परन को मैं नहिं डर हूं ॥ ॥
इक अभिलाष यहै मनमाहीं ॥ आवै शरण जो तेहि नाहीं
जो मोपर प्रसन्न भगवाना ॥ देहि टेक हिय अहीन आना ॥
तन धन धाम वाम सुत जावै ॥ तजौं न ताहि शरण जो आवै ॥
मोहि कपोत परम प्रिय भाई ॥ ताको कहौं न त्याकिमि जाई ॥
और चहौ सो लीजै मांगी ॥ सुनि सचान बोला भै त्यागी ॥

भूमि धाम धन अन्न अपारा ॥ लिहे सरी नहिं काज हमारा ॥
मम भक्षण पक्षी है येह ॥ सो नहिं देउ तो अब सुनि लेहू ॥
आपन मांस खवावो मोहीं ॥ दयावन्त तब जानौं तोहीं ॥
तुला चढ़ाइ कपोत नहि दीजै ॥ तेहि सम धरहु देर मन कीजै ॥
कुण्डलिया सुनि सिवि मन हरषत भयो कह्यो धन्य मम भाग। असद अस्वच्छ शरीर यह पर स्वारथ में लाग ॥
पर स्वारथ में लाग धन्य जननी जिन जायो। दीन्ह्यौं जो नर जाय कहौ केहि कामैं आयो ॥ हरि सुमिरण अरु कर्म शुभ सधै पाइ नर देह पुनि। जीवन ताही को सफल बोल्यो बहुरि सुजान सुनि ॥
चौ॰ तथा करै कत बात भुवारा ॥ सुधिल जान है प्रान हमारा ॥
राजा तुरत तुला मँगवायो ॥ पलरा पर कपोत बैठायो ॥ ॥
दूजे पला मांस निज धरऊ ॥ आपन गरु कपोतै करऊ ॥ ॥
तब राजा फिरि काटि चढ़ावा ॥ विहँग पला नहिं सम सरि आवा
काटि २ कै थोर डाल्यौ ॥ उठ्यो न भूल नेकु निहाल्यौ ॥ ॥
चढ़ि बैठ्यो नृप तब हर षाई ॥ देखि अग्नि हरि रहे लजाई ॥
सुर देखें नभ चढ़े बिमाना ॥ कहैं कि अस अरण कहुँ न ठाना ॥
जय जय धन्य २ नृप करहीं ॥ सुमन बरषि निज २ पुर फिरहीं

दो॰ अग्नि पुरन्दर प्रगट नजि प्रकट्यो आपन रूप ॥
है प्रसन्न बोलत [illegible] धन्य धन्य तुम भूप ॥
विश्व माहिं तुम सम नृपति है नहिं कोइ और ॥
प्रण कीन्हो भल होइ है लेखे यश सब ठौर ॥
मेघ नदी जल भूमि द्रुम सन्त जन्म जो लेत ॥
केवल विधि परगट कियें पर [illegible]रथ के हेत ॥

चौ॰ तुम समान राजा जे आहीं ॥ [illegible] जग [illegible] माहीं ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

इत नैनकी जो निंदा करहीं ॥ रौरौ नर्क माहिं सो परहीं ॥ ॥
तेरे तन की जाय बुढ़ाई ॥ होइ नवीन सुभग सुखदाई ॥ ॥
हम शठ हठ बस कुकरम कीन्हा ॥ नाहक आय तुम्हें दुख दीन्हा
सो अपराध क्षमा करि दाया ॥ अस कहि सुरपति स्वर्ग सिधाया
यक्ष जबै सुरधाम्हि गयऊ ॥ तब भूपति मन हरषत भयऊ ॥ ॥
गयो बिमान लायि हरषाई ॥ बिष्णु लोक तहं राखिन जाई ॥
जो यह कथा सुनै अरु गावै ॥ यम किंकर तेहि नाहिं सतावै ॥
सिबि की कथा कही जो जानी ॥ और सुनौ एक कहौं बखानी
केकी नगर रहै एक साहू ॥ बुद्धिवान घर द्रबि अथाहू ॥ ॥
देवदत्त अस ताकर नामा ॥ सुजसा नाम जासु की बामा ॥
एक बार पति पद शिर नाई ॥ बोली मधुर बचन सुखदाई ॥
सुनहुं नाथ निगमागम गावै ॥ नर तन बड़ भाग ते पावै ॥ ॥
तेहि लहि जो हरि भजन न करहीं ॥ जगत भार शिर ऊपर धरहीं
सो याके पछितात अभागी ॥ जिमि नग बाल अमोलिक त्यागी
तातें पति हरि भक्तिहि कीजे ॥ नर तन पाइ सफल करि लीजे
धन ते धर्म करहु मन लाई ॥ आखिर अन्त सङ्ग नहिं जाई
ऐसे बचन नारि जब कहेऊ ॥ सुनि सुचि साहु परम सुख लहेऊ

दो॰ धर्म करन लागे ललकि तन मन धन ते दोउ ॥
जो मांगे तेहि देइ सोइ बिमुख न जावै कोउ ॥

चौ॰ नौधा भक्ति करै नित नेमा ॥ विप्र बैष्णो पद अति प्रेमा ॥
यहि भांतिन बहु दिवस बिताये ॥ लेन परीक्षा धर्म सिधाये ॥
रूप अघोरी का धरि लीन्हा ॥ साहु द्वार ख्याल आ कीन्हा ॥
देखि बयस भीतर लै गयऊ ॥ मुदित मनोरथ पूरण भयऊ
कह्यो अघोरी सुनु अनुरागी ॥ मोको आजु क्षुधा बहु लागी
पुत्र तुम्हार वर्ष पट केरा ॥ तेहि आमिष मन चाहत मेरा ॥

दोउप्रानी मिलि सुतबधकीजै॥ छोभनतनकौ मनमें लीजै॥
निज निजकरमें हि देउ रववाई॥ नाहिं सकै सो अन्ते जाई॥॥
सुनतसाह साहुनि अस बैना॥ खेलत सुतबोलायो ऐना॥
मारन लगे दोऊ मिलि जबहीं॥ बालक बचन कहत भा तबहीं
मारु न मातु घैर महँ रैहों॥ अब हौं दूरि न खेलन जैहों॥॥
सो० अहो सुवन तव कर्म। होत जो खेलन को लिखा॥
तौ कत लेत्यो जन्म। आइ हमारे जठर महँ॥
चौ० अस कहि घात कीन हरषाई॥ बेटी रबिलग बनाई॥॥
कह्यो अघेरी सौं प्रभु लीजै॥ देर भई यहि भोजन कीजै॥॥
सुनि तेहि कहा कि मैं नहिं खैहौं॥ इतने में तन को न अघैहौं॥
निज आमिष दीजे थोरा॥ जेहि ते जाइ उदर भरि मोरा॥
खपल जबै काटन कहँ कीन्हा॥ तुरते धर्म हाथ गहि लीन्हा
खुशहै आपन वपु प्रगटायो॥ देवदत्त सो बचन सुनायो॥
अहो साह सुतु मैं हौं धर्मा॥ आयों लेन तुमारो परमा॥॥
धन्य २ तुम धनि हौ ताता॥ धर्म हेत सुत कीन्हों घाता॥॥
तुम्हरी पुराय घटी नहिं भाई॥ दिन २ अधिक २ अधिकाई॥
बिशुलोक बसिहौ तिहुं प्रानी॥ जन्म मरन की होई हानी
पुत्र तुम्हार बालकन माहीं॥ खेलत है वै अमिथ्या नाहीं॥॥
सुनि एक सेवक साह पठायो॥ तेहिं के संग कुँवर चलि आयो
देखि मातु पितु हरषित भयऊ। हृदय लगाय माइ भरि लयऊ
दो० भये बिदा तब धर्म करि देवदत्त सनमान॥
हरि पुर ते आवत भयो ताही समय बिमान॥
गीतिका छं० आयो बिमान निकेत निर्मल रतन सागर म-
रा मयो। लयो धाय गरान चढाय तिनको बिशुपुर बासा द-
यो॥ लखि देव जय २ जय लि कहि कहि सुमन बहु बरषायहू।

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

रघुनाथ गुरु पद माथ धरि यह कथा सक्षम गायहू ॥

दो॰ धन्य पुत्र हरि भक्त जो धन्य पतिव्रत नारि ॥
जासों घर मारग बसै धन्य सो देखि निहारि ॥

इति श्री विश्राम सागर सब मत आगर ग्रंथ उजागर श्री रघुनाथदास रामसनेही कृत सिविवादेव दत्त प्रसङ्ग बरनानो नाम अष्टादशो ऽध्याय: १८ ॥

दो॰ सुमिरि राम सिय सन्त गुरु गणप गिरा सुखदानि ॥
बरणों भारथ ग्रन्थ की पुनि इतिहास बखानि ॥
अग्नि देव कर पुत्र एक तासु सुदर्शन नाम ॥
धर्मवान गोजीत वर क्षमा शील तप धाम ॥
ओघवान नृप निज सुता दीन्ही द्विजै बिवाहि ॥
दोउ प्राणी मिलि बसे कुरुक्षेत्र महँ जाहि ॥

चौ॰ निश दिन धर्म सुदर्शन भावै ॥ अतिथ द्वार ते विमुख न जावै ॥
मन क्रम करै साधु की सेवा । सन्तै स्वामी सन्तै देवा ॥ ॥
यहि बिधि कछुक काल चलि गयऊ ॥ इक दिन द्विज मन शोचत भयऊ ॥
साधुन में नाहिं प्रिय को भावा ॥ अरध अंग तेहि वेद बतावा ॥
मैं न होउँ गृह हरिजन आवै । बनिता ते सनमान न पावै ॥ ॥
तो मम धर्म होइ सब नासा ॥ जो आदर नहिं पावहि दासा ॥
नारि पुरुष दोउ एक मत होई ॥ तेहि कर धर्म डिगै नहिं कोई ॥

दो॰ अस बिचारि निज बधू ते बोल्यो विप्र सुजान ॥
सन्त सेव हिरदे धरो जाते होय कल्यान ॥ ॥
सन्त सेव हरि सेव से शत गुण अधिक की जानि ॥
निज मुख प्रभु बरणन कियो धर्मोत्तर में मानि ॥
पुरह धरत नैवेद्य तेहि शुद्ध करौं मैं देखि ॥ ।
स्वाद लेत मुख दास के कहहु हरि बिसिलेषि ॥
सर्वाराधन में परे हरि अवराधन आहि ॥ ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

जनसेवा तेहिते अधिक कह शिव आगम माहिं॥
गोबिन्द पद पूजन करैं सन्तहि सेवै नाहिं ॥
ते नहिं प्रीतम विष्णु कहं दंभिक भाजन आहिं॥
आवैं बैरागी जासु घर पावैं नहिं सनमान ॥
नशै पुण्य सो जन्म को कहैं अस स्कंध पुराण॥
यमन क्षेत्र निश्चै तहां जहां न संत स्थान ॥ ॥
बसैं जहां हरि क्षेत्र सो बद बाराह पुरान ॥ ॥
साधु भजे भजि जात हरि जिमि शिशु गर्भ मँझार॥
बिन जननी तोषै नहीं इमि कह ग्रन्थन सार॥
श्रद्धायुत हरिभक्त कहँ अन्न खवावै कोइ॥
सोई सोम परवल सरिस दिन दिन अधकी होइ॥
साधु सेव कीन्हीं नहीं जिन नर तन को पाय ॥
ते नर पशु ते अधिक हैं पेट भरन को चाय ॥
पचि २ मरयौ कुटुम्ब हित परमारथ नहिं कीन॥
धृग २ ताकी बुद्धि को तजि अमृत विष पीन॥
चौ०- तातें सुनु रिषिमानु मम बाला॥ जातें मारि तारि कुल लाला
तन मन धन संतन कह दीजै॥ है आधीन चरणोदक लीजै॥
गृहस्थाश्रम को धर्म है याही॥ हरिजन आइ बिमुख नहिं जाही
जो कछु संत कहैं सो कीजै॥ सुखप्रद बचन मानि मन लीजै॥
जो त्रिय कहा करै पति केरा॥ सो पावै सति लोक बसेरा॥ ॥
सुनि पति बचन नारि सुख पाई॥ बोली बचन कपट नहिं राई
अहो नाथ मोहिं धर्म दिढ़ायो॥ सुनि तव बचन मोहिं अति भायो
तन मन धन करि संतहि पोषिहौं॥ हे पति परण तुम्हारो रखिहौं
पतनी सो जो आनी सम्हारै॥ बिमुख करै सो शठ नि[illegible]रै॥ ॥
पतिनी सो जो त्रिय की पति राखै॥ निज पति बिन तेहिं को पति भावै

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

ऐसे वचन कहे जब नारी॥ सुनत विप्र उरभा सुख भारी॥ ॥

दो० दोउ धर्म लागे करन तन धन सो तजि नेह॥
विविधि भाँति सेवा करैं सन्त जो आवैं गेह॥
यहि भाँतिन बहु काल गे रह्यौ सुयश जग छाय॥
मृत्यु हु वारे आइ कै मुह मुहर फिरि जाय॥ ॥

चौ० कबहुँ धर्म घटती नहिं होई॥ ताते मारि सके नहिं सोई॥
एक दिन सुनो सुदर्शन कानन॥ गये रहैं तहँ समधी आनन॥
धर्म परीक्षा लेन सिधाये॥ भेषवेषी को रब नाये॥ ॥ ॥
जहँ द्विज भवन तहाँ चलि गयऊ॥ बोधवती ते बोलत भयऊ
हे धरमज्ञ सुना मैं तोही॥ मनमथ आजु सतावत मोहीं॥
तेहि ते अपने तन का दीजे॥ जेहि ते अङ्ग सङ्ग करि लीजे॥
सुनि कर जोरि कह्यौ दिज बामा॥ लीजे असन बसन बहु दामा
ऐसी बात न कह्यौ गोसाईं॥ बोले धर्म और कछु नाहीं॥ ॥
केवल चही शरीर तुम्हारा॥ जासों लागो चित्त हमारा॥ ॥
जो न देहु तो मारग लीजे॥ द्वैमा एक बात कहि दीजे॥ ॥
सुनि अस बचन नारि शिर नाई॥ मन में शोच कीन अधिकाई
नाटो तो प्रण कीन सो जाई॥ सङ्ग करों पतिव्रत नसाई॥ ॥

दो० शोचत ही श्रुति के बचन हृै आये तब आदि॥
पति आज्ञा त्रिय करै तो पतिव्रत जाइ न वादि॥

चौ० तब हरिजन ते बोली नारी॥ किरपा हम पर कीनि मुरारी॥
यह तन धन सब तुम्हरे स्वामी॥ हम सेवक सब विधि अनुगामी
सुनि हरि कुटी कपाट लगायो॥ ताही समय सुदर्शन आयौ॥
साङ्ग सुनत त्रिय सकुचि न बोली॥ दीन्हो भेद प्रति यत तब खोली
मोर मनोरथ पुरवत नारी॥ खड़े रहो तले द्वार मँझारी॥ ॥
सुनत सुदर्शन अति सुख पावा॥ धन्य रबदि बचन सुनावा॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

धन्य पिया तव पितु अरु माई ॥ पूज्यौ सन्त हि हेत बड़ाई ॥
आखिर तनु नहिं रहत तुम्हारा ॥ है जातो कृमि विष्ठा क्षारा ॥
सो वपु वैष्णो हेत लगायो ॥ राख्यौ धर्म मोहिं अति भायो ॥
अहो सन्त मन निहचल होई ॥ मति शङ्का मान्यो तुम कोई ॥
धाम वाम तन धन जो हेरो ॥ सो सब जानो साधुन केरो ॥ ॥
मैं सब विधि सन्तन को दासा ॥ और न मेरे आन उपासा ॥ ॥
पुण्य हमारि उदै भै आजू ॥ जो घर सरयो तुम्हारो काजू ॥
वचन सुदर्शन के सुनि प्यारे ॥ धर्म निकरि आये तव द्वारे ॥
धन्य तुम धनि तव वाला ॥ प्रण आपन कीन्हो प्रतिपाला ॥

दो॰ अहो सन्त मैं धर्म हौं यह पतिव्रता नारि ॥
लेन परीक्षा आयऊँ नहिं कछु दोष विचारि ॥
तुम सम पुण्य सलोक नहिं तीनि लोक महँ कोइ ॥
जस कीन्ह्यौ तस जगत में काहू तें नहिं होइ ॥
देव दनुज नर नाग मुनि गणिका तजि जग माहिं ॥
नारि दोष को देखि के रोष करै को नाहिं ॥

चौ॰ तुम्हरे क्रोध भयो नहिं राई ॥ ऊपर तें बहु कियो बड़ाई ॥
नहिं कुपणता मान न मोहा ॥ सम चित इन्द्री जीतन कोहा ॥
विष्णुलोक तहँ वसिहो जाई ॥ आजु इ लेन विमान जो आई ॥
अर्द्ध क्षीतव आधे अङ्गा ॥ सदा रही सो तुम्हरे सङ्गा ॥ ॥
अर्द्ध अङ्ग तें सरिता होई ॥ बोधवती कहवाई सोई ॥ ॥
जो कोइ मज्जौ याहि मँझारा ॥ तासु पाप सब ह्वैहै छारा ॥
अस कहि धर्म भे अन्तरध्याना ॥ गण ले आये सुभग विमाना ॥
घोड़ा सहस लगे तेहि माहीं ॥ पवन समान उड़त जे जाहीं ॥
पति पत्नी तेहि माहिं चढ़ायो ॥ लखि सुर हर्षि सुमन बरसायो ॥
अपने पुण्य प्रताप ते दोऊ ॥ गे हरिपुर जानै सब कोऊ ॥ ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

दो० द्वारे मृत्यु बैठी रहै मत्त देखन के काज ॥
प्राण छूटे तो मार हूं ज्यों तीतर को बाज ॥
सो० प्राण जब छूट्यो नाहिं। चली तुरत खिसियाइके ॥
जाति तिन मृत्यु घर माहिं। हे मुनि पुराय प्रताप ने ॥
पढ़ै सुनै नर कोइ यह इतिहास जो नित्त प्रति ॥
मृत्यु अकाल न होइ। भाषत भीषम पर्व हुमि ॥

इति श्री विश्रामसागर सबमत आगर ग्रंथ उजागर श्री रघुनाथदास राम सनेही कृत सुदर्शन कथा वर्णनो नाम उनविंशो ऽध्यायः १९ ॥ ॥

दो० सुमिरि राम सिय सन्त गुरु गणप गिरा सुखदानि ॥
बरणौं भारथ ग्रंथ की पुनि इतिहास बखानि ॥
चौ० अब मुनीमें करौं प्रकाशा ॥ बहुलागऊ कर इतिहासा ॥ ॥
चंद्रावती पुरी एक अहई ॥ चन्द्रसेन राजा तहँ रहई ॥ ॥
द्विज हरि भक्त बसै तेहि ग्रामा ॥ बहुलागऊ तासु के धामा ॥ ॥
उज्ज्वल अङ्ग हंस की नाहीं ॥ विचरै सदा अभै बन माहीं ॥ ॥
रोहत गिरि यमुना तट एका ॥ गुफन माहिं रहै जीव अनेका ॥
वृक्ष सघन बेली उरझानी ॥ चारों तरफ भरा तेहि पानी ॥ ॥
एक दिन बहुला सङ्ग विहाई ॥ चरत चरत परवत पर आई ॥
सिंह एक निकसा अति भारी ॥ बड़े रदन बदन भयकारी ॥
बहुले देखि सामने धावा ॥ निकट जाइ अस बचन सुनावा
जीवन कठिन जानु निज गाई ॥ लेहौं तोहिं आजु मैं खाई ॥
जो आवै इहि बन के माहीं ॥ मोसे सो उबरत है नाहीं ॥ ॥
सुनि हरि बचन गऊ बिलखानी ॥ बछरा छोट आपनो जानी ॥
केहरि कह रोवै केहि काजू ॥ बचिहौ नहिं हमते तुम आजू ॥
कह बहुला सुनु केहरि भाई ॥ आपन शोच मोहिं नहिं राई ॥ ॥
जो उपजै सो निश्चय नाशै ॥ जो नाशै सो पुनः प्रकाशै ॥ ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

प्रीति पुत्रकी हृदयमें गाढ़ी ॥ तेहिते मोह अग्नि मोहिं वाढ़ी
प्रथम पुत्र जावा मैं याही ॥ पियत अमै पयतृण नहिं खाही
सो० बच्छे क्षीर पियाइ । फिरि मैं दुहने आइहौं ॥
तबतुम लीन्हौं खाइ । सुनि बोल्यो मृगराज हँसि ॥
दो० जो कोउ सूली चढ़त पर लगन लिखावै धाय ॥
तैसे तैं मृत्यु भूलिकै बछरा के ढिग जाय ॥
चौ० मेरे फन्द आइ जो परेऊ ॥ सो जानौ जग जन्म न धरेऊ ॥
तैं वाहँ निजपुर को जाना ॥ मोहि बनाये निपट दिवाना ॥ ॥
घर मैं जाय पुत्र को थैहौं ॥ प्राण देन फिरि काहे कऐहौं ॥ ॥
तातें हौं नहिं देहौं जाई ॥ सुनि बहुला बोली अकुलाई ॥
विप्र गऊ पितु मातै मारै ॥ बनिता बालक गुरु संहारै ॥ ॥
कन्या व्याहि और को देवै ॥ दोउ जनन ते पैसा लेवै ॥ ॥
साधुन की निन्दा मुख गावै ॥ हरि हर तजि जो आनहिं ध्यावै
इनकर मनका पाप जो जागे ॥ नहिं आवौं तो मम शिर लागे
झूठी साखि सभा महँ बोलै ॥ अतिथ निराश वास ते डोलै ॥
तुला चढ़ाइ घाटि फिरि देवै ॥ मापिन मैं पुनि पौन हि लेवै ॥
कथा होत जो दुन्दि मचावै ॥ विघ्न करै होन नहिं पावै ॥ ॥
चोरी ज्वारी रत परनारी ॥ हरि हिंसक मद मास अहारी ॥ ॥
येनेकर्म किहे जो पापू ॥ नहिं आवौं तो मम शिर थापू ॥ ॥
दो० हरि बिमुखन ते मित्रता रामजनन ते रोष ॥
जो नहिं आवौं तौ पंरै मेरे शिर यह दोष ॥
चौ० मात पिते जे सेवै नाहीं ॥ भली वस्तु मैं छिपिकै खाहीं ॥
दे विश्वास दगा करि जावैं ॥ साधु गुरू में दोष लगावैं ॥ ॥
हरि हरिजन गुण कहै न सुनई ॥ पर अपकार लागि शिर धुनई
औरौ पापकर्म जो होहीं ॥ नहिं आवौं तौ लागै मोहीं ॥ ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

सुनत सिंह बोला हे माई ॥ सपथ तोर मोरे मन भाई ॥ ॥
हमरे मन विश्वास तिहारा ॥ जिन चाहो तित वेगि सिधारा
आवो आतुर छीर पियाई ॥ अस जनि जानो हमरो बनाई
दो० अहो सिंह लघ ठगन की समरथ काको आहि ॥
ठग चहे जो और को सोई सठ ठगि जाहि ॥ ॥
चौ० अस कहि आसु हरि को पाई ॥ हुँकरत बहुला तुरत सिधाई
पहुँची जब बछरा के तीरा ॥ बाल विलोकि गई सब पीरा ॥ ॥
अंगज जननि देखि ढिग आवा ॥ चूमि चाटि मा दूध पियावा
चित उदास अम्बा करि जानी ॥ बोला बरख अस गहे बानी ॥
मातु बिकल देखों मैं तोही ॥ कारण कौन बताओ मोही ॥ ॥
बहुला कहा पियहु सुत छीरा ॥ जेहि कारण आऊं लघ तीरा
आजु निहारि लेहु मोहिं बेटा ॥ काल्हि ते नहिं होइ पुनि भेटा
बन में हरि बसै कहि खैहौं ॥ सोहि दे आइउं फिरि जैहौं ॥
बोला बरख जाउं मैं माई ॥ तेरे बदले मोहिं हरि खाई ॥ ॥
धर्मवान माता तें आही ॥ तव सेवा मोहिं करनो चाही ॥ ॥
जाते मम होवै उद्धारा ॥ सुनि बहुला अस बचन उचारा ॥
दो० हे सुत आई मृत्यु मम तेरी आई नाहिं ॥
मेरी बदि तू कौन विधि जैहे हरि मुख माहिं ॥
सो० सुनु सुत मम उपदेश । नदी जानि लघ पर रहु धरु ॥
सरि सुशस्य अकुलेश । हूनबिरदा सन कीजियो ॥
चौ० अस कहि चलि गो वन ढिग आई ॥ देखि मिली सुरभी सब धाई
पूछन लगी कुशल कित रहेऊ ॥ गिरि पर गइ तु सिंह तहं गहेऊ
खाये लेत रहे मृग राजा ॥ सोंह देइ आइ तु सुत काजा ॥ ॥
सब सों विनय करों कर जोरे ॥ क्षमा कीजिये औगुन मोरे ॥
हौं अब जात सिंह के पासा ॥ सुनत सखी सब भई उदासा ॥

बोलीबिलरव भारूय अस कहई ॥ भूठे कहि यश्राशा जो गहई ॥
तेहिंन बहुला लनु समतिजानो ॥ घर बैठो निज प्राण बचावो ॥
बहुला कहा सखी सुनि लेहू ॥ अस उपदेश हमें मति देहू ॥
आपन प्राण बचन के हेता ॥ भूठ कहै तेहि जानो प्रेता ॥ ॥
परके प्राण भूठ कहि बांचे ॥ भूठ नहीं सो जानहु सांचे ॥ ॥
जाकी मृत्यु मरै नर सोई ॥ आपु अकेलो संग न कोई ॥ ॥
सत्य समान धर्म कोइ नाहीं ॥ पाप न भूठ सरिस जग माहीं ॥
शिव ते भूठ कह्यो चतुरानन ॥ जग महं पूज्य नहीं तेहि कारन
सियते भूठ नदी गो कहेऊ ॥ भक्ष्य अभक्ष्य गुप्त है वहेऊ ॥
हरि स्तुति निन्दा भूठ बखानी ॥ भये वाधे तेइ पातक जानी
उमा शंभु ते भूठ उचारा ॥ तेहि कारण दुख लह्यो अपारा ॥
नरवा कुञ्जर धर्म बखाना ॥ तेहि अघ भये अंगुष्ठ परवाना
तेहिं से सत्य तजब हम नाहीं ॥ अस कहि चली केशरी पाहीं ॥
नमस्कार सब गोवन कीन्हा ॥ सत्य हेत जीवत तनु दीन्हा ॥
चलत बहुला तहं आई ॥ बैठो रहे जहां मृगराई ॥ ॥
बोलत भई सिंह मोहिं खावो ॥ हौं आई निज क्षुधा मिटावो
देखि व्याघ्र कह बैठो माई ॥ अब न खाब तोहिं चहैं मरि जाई
सतिबादी कहुं दुख को पावै ॥ तिमिर कतहुं दिन मणिहि मिटावै
कीन्हो सत्य जौन कछु कहेऊ ॥ तव आवन मोहिं अचरज भयऊ

दो० सत्य माहिं सब लोक है सत्य माहिं सब धर्म
ज्ञान मुक्ति है सत्य मैं सत्य माहिं शुभ कर्म ॥
धन्य धाम तव धन्य पुर धन्य बसत तृण जौन ॥
धन्य धरणि जहँ पग धरो धनि किसान है तौन ॥

चौ० धनि तव क्षीर धन्य जिन पीन्हा ॥ धन्य तुम्हार दरस जेहि कीन्हा
मैं निज भाग धन्य करि चीन्हों ॥ जब तेंदरस आपु मोंहि कीन्हों

अब बहुला सो दीजे मानू ॥ जेहि ते होय मोर कल्यानू ॥
बहुला कहा सिंह सुनि लेहू ॥ हिंसा करन छाड़ि अब देहू ॥
हरि सुमिरण में तन मन दीजे ॥ यह उपदेश मानि मम लीजे
को तुम हो सो कहहु बखानी ॥ सुनि कराठीरव बोला बानी ॥
हे स्वामिनि मैं हौं गंधर्वा ॥ विद्यारूप केर उरगर्वा ॥ ॥
देन आप दापी तनु पायौं ॥ यहि तन ते बहु पाप कमायौं ॥
तुमरे दरश भये अघ नाशा ॥ छूटो आप हृदय पर काशा ॥
मैं प्रसन्न हौं तुम घर जाई ॥ मम अपराध छिमियो धेनु माई ॥
अस कहि हरि सुमिरन में लागेयो ॥ भोजन नीर देह सुख त्यागेयो
कछु दिन में तनु छूटत भयऊ ॥ चढ़ि विमान सुर पुर कहँ गयऊ
बहुला जब आई निज धामा ॥ पुत्र सहित तब पायो बिश्रामा ॥
सत्य वृत्ति सब हित उर धारी ॥ बत्स सहित भये धेनु सुखारी
हरि प्रीति को सुख सायर हि कछु काल चलत विमान लेन
जो आयहू । नृप सहित पुर नरि नारि द्रुम पशु आदि सब नि
चढ़ा यहू ॥ लै उड़े गगन लखि देव बरषे सुमन घन जय जय
कियो । गयो लांघि सातों स्वर्ग पर गोलोक में बासा लियो ॥

दो० बहुला हरि सम्वाद नित कहै सुनै जो कोइ ॥
रहै सदा आनन्द में मृत्यु अकाल न होइ ॥

छप्पै धाम माहिं जो पढ़ै सुःख बालक को होई । गऊ सरि
क जो पढ़ै वृद्धि गोवन की सोई ॥ दुखी होइ सो पढ़ै नहीं तौ
श्रवण करई । होइ सकल दुख नाश और तन रोगे हरई ॥
बहु तमहातम भाघ में कहौं कछुक में गाय के । मुक्ति चहै
रघुनाथ भजु राम नाम मनु लाइ के ॥

इति श्री बिश्राम सागर सब मत आगार ग्रंथ उजागर श्री रघुना
थ दास राम सनेही कृत सुदर्शन बहुला कथा वर्णनो नाम

विंशोऽध्यायः २०॥

दो० सुमिरि राम सिय सन्त गुरु गणप गिरा सुखदानि॥
बरणौं जो निन की कथा कछु अस कंद बखानि॥

सो० मोरध्वज नृप एक। धर्म धुरंधर नीतिरत॥
रामभक्ति को टेक बधु पिङ्गला पतिब्रता॥

चौ० तासु राज कोइ दुखी न रहई॥ धन अरु धर्म करत भूपन लहई॥
बाल बृद्ध यौवन नर नारी॥ बसैं जौन तेहि नगर मंझारी॥ ॥
सब मिलि करैं भक्ति हरि केरी॥ नृपरानी उर प्रीति घनेरी॥ ॥
माला तिलक सहित जो आवै॥ सुनतै नृप आगे उठि धावै॥
भवन लायके चरण पखारै॥ चरणोदक सोइ मुखमें डारै॥

दो० गंग न्हाइ सहस्र अठ तीरथ बलि भत जान॥ ॥
सन्त चरण जल जो पियै तुलैन तेहि सम आन॥

सो० सिंहासन बैठाय। षोडश विधि पूजन करै॥ ॥
नित नव नेह बढ़ाय। सेवै नृप सुत नारि युत॥

चौ० जेहि दिन सन्तन कोई आवै॥ तेहि दिन प्राशुन भोजन पावै॥
चोर सात मिलि कीन्ह बिचारा॥ हरि जन के आधीन भुवारा॥
साधुन केर भेष धरि लेहू॥ सब चलि है मोरध्वज गेहू॥ ॥
नृपते प्रथमै सेवक राई॥ घात पाय मूसब धन भाई॥ ॥
अस कहि सुन्दर भेष बनायो॥ सानौं हरि राजा गृह आयो॥
देखि दण्डवत कीन्ह महीपा॥ मानौ लह्यो स्वाति जल सीपा॥
पद पखारि आसन बैठार्‌यो॥ धूप दीप आरती उतार्‌यो॥
अंतह पुर में आसन दीन्हो॥ सुत बनिता सब सेवा कीन्हो॥
एक दिवस राजा मन आई॥ बन की शोभा देखिय जाई॥

छप्पै अस बिचारि करवाइ अश्व चढ़ि चले भूप जब॥
चमू चार असवार अनुग पाछे लागे सब॥ सघन विपिन में

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

गये फिरैं जहँ म्रग करि हरि सँग । बोलत बिबिध बिहंग फू-
ल फूले नाना रंग ॥ बिहरत बीते दिवस निशि पाय कीन्ह बि-
श्राम तहँ । शुभ सड़ाग पुर इन कमल करत भँवर गुञ्जार जहँ ॥
इहाँ देखि धरसन चोर मूसन मन लायो । हीरा हेम निकारि भ-
वन बाहर धरि आयो ॥ ढाबल बीती रैनि लोभ बस कछु न जा-
न्यो । रानि हिं डारयो मारि बाँधि असुबेगि धरान्यो ॥ इतने सा-
धौ जान हरि उतते आवत राज । देखि हिये संशय करयो प-
रयो चरण तजि बाज ॥ बोल्यौ दोउ कर जोरि क्षमौ प्रभु गुनह
हमारी रानी नारि सुभाव अवज्ञा कीन्हि तुम्हारी । चलिये ब-
हुरि निकेत चेत हमरे नव होई । सुनि ठग गये सुखाइ राय ते
बोले सोई साध नहीं हम चोर हैं धन मूसा सो लेहु । हे दयाल
हम सबन पर जीव दान अब देहु ॥ कह्यौ भूप धन धाम बाम
सुत देह हमारी हवै सकल तव नाथ वृथा करत होत दुखारी ॥
ऐसे बचन जानि कह्यौ लोग सुनि कतिहैं सोरा । कहिहैं पर गढ़
गुप्त सबै हरिजन हैं चोरा ॥ गहि कर लाये भवन को सिंहासन
बैठाइ । रानिहिं मृतक निहारि कै सोचन मन में आय ॥
**कुण्डलिया** लाग्यो मुनि सेवा करन नृप संतन की आइ
कनक थार सात इन के धोये चरण बनाइ ॥ धोये चरण बना-
इ मृतक रानी तहँ लायो । चरणहि मुरड मिलाइ राम कर
ध्यान लगायो ॥ सींच्यो चरण मृत हि प्राण घट माहीं जागयो ।
उठी तुरत हरषाइ भूप लखि भावन लाग्यो ॥

दो० आजु तुम्हैं निद्रा बहुत कहाँ की घेरी आइ ॥
मन्त चले जब रूठि कै राख्यौ क्यौं न मनाइ ॥
हाथ जोरि रानी कह्यौ सुनौ प्राण पति बात ॥
सोइ गई मैं आजु अति इन्हैं न जान्यौं जात ॥

कहनृपपद अबतेगहौगहे गनिसुख फेरि ॥
मनमैभयौनमैलकछु लागेसेवन फेरि ॥ ॥
प्रतिमातीरथमंत्रगुरु भेखजवेशाव कोइ ॥
जाकीजैसीभावना ताहि तैस फल होइ ॥ ॥
चौ० तबहरिपुनि आयसुमाँगा ॥ बोले भूपसहित अनुरागा ॥
जोधनचहौसोहमतेलीजे ॥ चोरीकर्म छोड़ि प्रभु दीजे ॥ ॥
जन्मभरेकहेंसम्पति दीन्हें ॥ हरषसमेत बिदातब कीन्हें ॥
ऐसीभक्ति देखि भगवाना ॥ मनबचक्रमते निज जन जाना ॥
मोरध्वजपर दायाकीन्हौं ॥ चक्र सुदर्शन रक्षक दीन्हौं ॥ ॥
ईतिभीतिदुखदालिद आवै ॥ नृपके नगर न पैठन पावै ॥ ॥
एकदिवसयमदूतजो आये ॥ चक्रसुदर्शन लखि रपटाये ॥
भागतयमपहें पहुँचेजाई ॥ दण्डफांससब दिहिनि चलाई
लखिहरिकहाहवैकाभाई ॥ सुनिगणबोलेबचनरिसाई ॥ ॥
दण्डहमारतिहूंपुरमाहीं ॥ ऊचनीचकोउ छांड़तनाहीं ॥ ॥
मोरध्वजपुरजानन पायनु ॥ देखेहु चक्र इहांभगि आयनु ॥
यह अनुचित देखीमहराजा ॥ हमतेयहसपरीनहि काजा ॥ ॥
सुनिरविसुत मनक्रोधबढ़ायो ॥ दूतनसहितबिष्णुपहँ आयो
शीशनाइकह अरजहमारी ॥ सुनहुं नाथत्रिभुवनसुखकारी ॥
तव आज्ञातेजगतमझारा ॥ सबपररहत्तहै दण्ड हमारा ॥ ॥
मोरध्वजपुरदूतहमारे ॥ गेतहे खेद्यो चक्र तुम्हारे ॥ ॥
दो० दूतनकर अपमानभा दीन्हिनि फांसचलाय ॥
सोइहकारणकौनहै नाथ कहौ समुझाय ॥
हँसिबोलेहरिसुनहुयमनृपसमभक्तनकोइ ॥
तेहितेदीन्हौं चक्रनिज रखवारी कहँ सोइ ॥
केहिबिधिजावैं दूततव मोरजनके पास ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

सुनत पित्र पति जोरि कर कीन्हो बचन प्रकास॥

छप्पै भूप कैरे केहि भांति यज्ञ सो कहिये मोहीं। कह प्रभु कहेन वनी चलो दिखरावों तोहीं॥ यमहि सिंह करि आपु साधु कररूपबनायो। आये नृप दरबार देखि उठि पद शिर नायो॥ सिंहासन पधराय के षोड़स विधि पूजन करी। भोजन को पूछत भयो तब नृप ते बोले हरी॥ सिंह एक मम साथ प्रथम भोजन तेहि दीजे। कह्यो भूप का चहीत वनितत्तवी रहि कीजे॥ सुत को मांस जु देहु आन सो उजन हिं खाई॥ कितो भक्ति प्रणा नजहु कितो शिशु लेहु बोलाई॥ भक्ति तुम्हारी नात जो कोटि विघन किन होइ। सुत बनिता धन धाम तन सङ्ग जाय नहिं कोइ॥

चौ० हरष सहित इक दास बोलाई। कह्यो कि आनहु सुतहि लेवाई॥
आज्ञा मानि कुंवर ढिग गयऊ। खेलत बोलि लयावत भयऊ॥
पुत्रहि लखि नृप बचन प्रकासा। हमरे इक आये हरि दासा॥
तिनके सङ्ग इक नाहर आहई। तुम्हरे मांस खान सो कहई॥
सो कस आज्ञा अहै तुम्हारी। मेटहु संशय आजु हमारी॥
सुनि ताम्रध्वज कह शिर नाई। धन्य सो तन पर स्वारथ आई॥
धन्य धाम जहं अतिथि कि सेवा। धन्य शिष्य जाने गुरु देवा॥
धन्य नारि पतिव्रत अनुसरई। धन्य पुत्र पितु आज्ञा करई॥
धन्य ग्राम जो सुरसर तीरा। धन्य तपी तामस बिन धीरा॥
धन्य सो नगर जहां रजधानी। राजा धन्य धर्म मति सानी॥
धन्य दास जो आय सुमानै। धनि स्वामी सेवा पहिचानै॥
धन्य ज्ञान जो इन्द्री जीतै। धन्य सो प्रीति न यों चै मीतै॥
धन्य सभा जहं पण्डित होई। पण्डित धन्य क्रियायुत सोई॥
धनि धन पाइ जो त्यागन करई। धन्य दरिद्री पाप न चरई॥
धन्य सुखी जो विषय निवारै। धन्य साधु जो मानस मारै॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

धन्य सो सभा समर महं आने ॥ धनि दाता नाहिं दान बखाने ॥
धन्य सो द्रव्य दान महं लागे ॥ धनि प्रभुता मद मान न जागे ॥
धन्य कर्म जो भगवत हेता ॥ धन्य ज्ञान वैराग्य समेता ॥ ॥
धन्य बिरति जो रति भगवाने ॥ धन्य सो कवि हरि चरित बखाने
धनि नर पर औगुनै छिपावैं ॥ धनि विद्या विकार मिटि जावैं ॥

दो० दयावान सो देश धनि कहत वेद बुध लोइ ॥
रामभक्त जहं ऊपजै धन्य जाति कुल सोइ ॥
धन्य शरीर रघुनाथ तब जब होवै सत संग ॥ ॥
जन्म तासु को सफल जो रंगे राम के संग ॥ ॥

चौ० अहो पिता मोहिं भा सुख भारी ॥ जो हरि माँगी देह हमारी ॥
अब यह पर स्वारथ में आयो ॥ धनि जननी ऐसो तन जायो ॥ ॥
रोग दोष बस छूटै काया ॥ स्वारथ शास्त्र रजाइ कदाया ॥ ॥
बिष्ठा कर्म खाक होइ जाई ॥ कहौ कौन स्वारथ फिरि आई ॥ ॥
माता मार मुई दश मासा ॥ सही अनेक भाँति तेहि त्रासा ॥ ॥
सो तन लग्यो न परहित माहीं ॥ जीवन जन्म धृग गहे ताहीं ॥ ॥

दो० भजन धर्म परमार्थ शुभ सधै पाय नर देह ॥
जीवन ताको सफल है अरु सब के मुख खेह ॥
अस कहि पितै नवाय शिर चलि भे कुंवर प्रवीन ॥
आये के हरि संत जहं कहे बचन ह्वै दीन ॥ ॥

चौ० अब भोजन हम का करि लीजै ॥ अहो सिंह तुम देर न कीजै ॥
बारबार ऐसे जब कहेऊ ॥ सुनि यम निज तन प्रगटत भयऊ ॥
रूप चतुर्भुज हरि करि लीन्हा ॥ प्रगट नृपति कहं दर्शन दीन्हा ॥
धन्य तुम धन्य भुवारा ॥ आपु सराहत सिर्जन हारा ॥ ॥
कह रवि तनय धन्य हौ राई ॥ सुत तुम्हार तुम ते अधिकाई ॥
जसि श्रीपति तब कीन बड़ाई ॥ सो निज नैनन देख्यौ आई ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

बोले प्रभु वरु मांगु नरेशा॥ प्रगट पाल मेरो यह वेशा॥ ॥
मोरध्वज कह सब सुख दाइनि॥ आपनि भक्ति देहु अनपाइनि
ये हित बैर। गुरजन द्विज पहिराइ पाँइ सब केसरे॥ गाग-

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

ज है रथ हेम रतन बांछित दये। बहुरि बन्धु वर मित्र मान मंडन भये॥ मागध बंदी सूत जाहि जिन याचहू। सोइ सोइ दीन्ह्यो नाहि नकोई बांच हू॥ विप्र बयस नृप शूद्र निधन वाधन भये। राम निछावरि लेन भिखारी सब भये॥ नगर नारि नर वृंद बिलोकन धावहीं। सहज सिंगार सवाँरि मनो जल जावहीं॥ अंतह पुर धुर जाइ उतारि आरती। निरखि पुत्र को रूप सरूप बिसार ती॥ धन्य आजु को दिवस धन्य अब की घरी। धनि रानी की कोखि जहां जन्मे हरी॥ धन्य हमारे भाग लाग फल फूल में। करें निछावरि छोरि गहन अन कूल में॥ पुरुषोत्तम परसाद चुके नहिं नेक हूं। याचक ह्वै ह्वै भूप गये बहुते कहूं॥ बाजे बाजन बिपुल अपसरा नाचहीं। गावैं गंधर्व गीत समय सुख सांचहीं॥ देव दुंदुभी देइ सुमन बरसावहीं। मृग मद कुंकुम नीर अबीर उड़ावहीं॥ बंदन वार पताक केतु सज वायहू। गोपुर कलश सुरंग अधिक छबि छायहू॥ बालक वृद्ध जवान जहां तहँ डोलहीं। सुर धरि मानुष रूप भूप जय बोलहीं॥ तेहि क्षण डावर केर दादि रक आय हू। राजहि सीस नवाइ सुबचन सुनाय हू॥ सुनि रोरे कर सुयश पेज हमहू करी। निज भूषन सब देहु हुकुम राधी॥ चलत देखि बड़ पुत्र कह्यो अस टेरि कै। दश दन्ती मम हेत लयो ग्रो हेरि कै॥ बोला मोंझिल तनय तुरग ते तीस जू। लायहु मम हित मांगि ग्राम गुरु बीस जू॥ पाछे छोटा डिंब कह्यो डंड भरन को। लायहु महिरवी मांगि बयालिस लरन को॥ तब बोली माता सु ऐसही आय हू। मम हित नेरहु थान पालकी लाय हूं॥ पान दान पर धान टह लुई

लीनि जू। सुनि नृप हर्ष समेत सोज सब दीनि जू॥ यहि बि-
धि दानी देखि दास रघुनाथ जू। लीनि भक्ति वर मां-
गि लागि गे हाथ हू॥ जो यह मंगल गावै सुनै सप्रीति जू।
बसै सो हरि पुर जाइ मिटै भव भीति जू॥

इति श्री विश्राम सागर सब मत आगार ग्रन्थ उजागर श्री रघुनाथ दास राम स्नेही कृत राम जन्मउत्सव वर्णनो नाम तृतीयो ऽध्यायः ३॥

दो० सुमिरि राम सिय सन्त गुरु गणप गिरा सुखदानि॥
कहौं भुशुण्डी चरित कछु लोमस भणित बखानि॥
राम जन्म के समय को उत्सौ शोभा सुक्ख॥
बरणि सकैं नहिं शेष मैं कहा कहौं एक मुक्ख॥

चौ० जो यह नौमी रहै उपासा॥ सो नर बसै राम के पासा॥
वेद पुराण कहत सब कोई॥ यहि सम व्रत अपर नहिं होई॥
जन्मस्थान दरश जो करई॥ सो गर्भ सुत पुर पाउँन धरई॥
जन्म भवन के उत्तर कोना॥ तीस धनुष पर महल सलोना॥
नाम पुत्र केकई जाया॥ दशमी के दिन परम सोहाया॥
दक्षिण वार सुमित्रा धामा॥ तीस धनुष पर अति अभिरामा॥
जन्में उभै सुवन तिन नामें॥ रुचिर दिवस हरि तिसरे जामें॥
धर तिल जव ते अंगुल होई॥ चतुरो गुल कर मुष्टिक सोई॥
अट मुष्टिक का दण्ड बखाना॥ अस दण्ड का धनुष प्रमाना॥
केकै भवन सुमित्रा केरे॥ भई भीर मग मिलत न हेरे॥
यहि अवसर मुद मंगल शोभा॥ कहि को सकै देखि मन लोभा॥
दश स्यंदन उरभा सुख जैसा॥ बरणि सकै को जग मैं ऐसा॥
तेहि क्षण जोजन मांगल जोई॥ ताहि देत हँसि भूपति सोई॥
देश देश के याचक आये॥ हय गय रत्न अनेकन पाये॥
भये रंक ते सब धन वाना॥ जहँ तहँ करैं बड़ाई नाना॥

मुनिप्रसन्न ह्वै देहिं असीसा ॥ जियें सकल सुत कोटि बरीसा
अवध पुरी शोभा अधिकाई ॥ जनु देखन बरषा ऋतु आई
अगर धूम घन घटा समाना ॥ बाजन बाजन गरजत जाना ।
बंदी गण गुन बरणत मोरा ॥ भवन बेद धुनि दादुर सोरा ।
बरषत सुमन देवगंण भूरी ॥ कर्दम मन कुंकुम कस्तूरी ।
बिबिधि जीव नर संकुल राजें ॥ बिपुल बिटप तृण हरित बिराजें
जहं तहं कलश दामिनी चमकें ॥ मन्दिर मनि खद्योतो दमकें
मुदित धेनु सुर नर मुनि धरनी ॥ आक जवास असुर छयकरनी
सरिता पाय अडुरि पुर लागा ॥ थाँचक पूरण भये तड़ागा ।
बचन बदत सब जहँ तहँ डोलें ॥ झल्ल झल्ल जनु झींगुर बोलें
यह सब चरित आय नब जाना ॥ जब उर बसे आय भगवाना
निज निज नगर देव मुनि भूले ॥ देखत फिरें बीथिकन फूले ।
नाचहि चपल अपसरा नाना ॥ हरष समेत देहिं नृप दाना ।
रंगु जदिन पलना ले आवा ॥ बढ़ई नेगु सुइच्छित पावा ।
कजरोटा ले दीन लोहारा ॥ देखि भूप नग दये अपारा ।
माला कर अग्रधरि डाली ॥ पायि जलज थार भरि माली ।
नृप कर बाल सुबनिक मसाला ॥ मन भावत बर दीन भुवाला
यहि प्रकार ते सब पुरबासी ॥ पाइनि नेग दास अरु दासी-
कौतुक देखि भूलि रबि गयऊ ॥ मास एक कर बासर भयऊ-
खबरि पाइ उर धरि नृप ढोटा ॥ बिमन गये रवि पर्वत वोटा
अस्त भये रजनी नब आई ॥ बाजहिं घर घर अवध बधाई
गई रोशनी सब पुर साजी ॥ लागी छूटन आतस बाजी ।
और कमल फनूसें झाड़ें ॥ मानहुं भये नदिन मनि आड़ें ।
स्वाँग अनेक बिदूषक करहीं ॥ सब नर मगन बिलोकत फिरहीं
जासु उदरबस भवन अपारा ॥ सोवत सो प्रभु सूप मझारा

सपनेहु जेहि मन खेद न होई ॥ कहौं रुकरि रोवत सोई ॥
पालत बिश्व सकल सुख पावत ॥ कौशिल्या तेहि क्षीर पियावत
महिमा जासु जान नहिं ज्ञानी ॥ तिन्हें गोद लै बैठल रानी ।

दो० जाहि महेश बिरञ्चि मुनि सुमिरत ध्यान लगाइ ।
तिन के तन तिल सर गरी तेल लगावत आइ ॥

चौ० सुनौ शिवा सज्जन सुखदाई । भक्ति बछलता प्रभु दिखराई
यहि बिधि बासर पांच बितायो ॥ छठयें दिवस छठी करवायो
जाति बंधु नृप नेवति जेंवाये ॥ भूसुर सकल दक्षिणा पाये
देखि महोत्सो सुरमुनि सारे ॥ प्रमुदित निज भवन सिधारे
बरहें दिवस जो बरहीं कीन्हा ॥ पुनि बहु दान द्विजन कहँ दीन्हा
कछुक काल सुख सहित बितावा ॥ नामकरण का अवसर आवा
गुरु बशिष्ठ नृप बोलि पठाये ॥ बिप्रन सहित तहाँ चलि आये
उठि नरेश सबहिन शिर नावा ॥ षोडश भांति पूजि सुख पावा
लोक बेद बिधि मुनि करवाई ॥ शिशुन सहित तिहुं रानि बोलाई
आईं सुंदरि सुत लिये सङ्ग । उमा रमा शारद धरि अङ्गा
मिलि सब जननी भई शरीका ॥ देखैं बाल बिनोद हरीका ।
चारु चौक बैठीं सब रानी । शोभा शील सुकृत की खानी
गोद मोद निधि बालक लीन्हें ॥ चितवत बड भागी मन दीन्हें ।
रक्षा ऋचा ऋषिन उच्चारी ॥ गणप गौरि द्विज साधु पुरारी
सब सब बिधि पुजाइ अनुरागे ॥ गणित सुलिखि नाम धरन मुनि लागे

दो० जासु तेज चर अचर में ब्यापक ब्योम समान ॥
तासु राम अस नाम जो सुख सागर भगवान ॥
बिश्व भरत सोइ भरत भनि भव भंजन गुण जासु ॥
जेहि सुमिरे रिपु होइ हत नाम शत्रुहन तासु ॥
सब लक्षण युत होइ जो जानै जिय के काम ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

रामानुजप्रिय भूमिधरतस्यलषनअसनाम॥
ते बड़भागी जीवजे करिहैं इनते प्रीति॥
पैहैं बिन श्रम सकल फलजैहैं जग रिपुजीति॥
यहि विधि सुन्दर नाम सुनि हरष्यो सब रनिवास॥
दीन दान सनमान निज गे मन मुदित निवास॥

सो० पुनि कछु दिन में आइ। पहुँच्यो प्रासन अन्नकर॥
सुनि पुर लोग लुगाइ। हरष सहित सब से कहैं॥

छं० सखि आजु श्री अवधेश सुत को अन्न प्रासन आहि जू। चट चलहु चलि अवलोकिये चख चहत चाहत काहि जू॥ सुन सकल साजि सिंगार आईं अमित मुद मङ्गल जहाँ। लखि ललकि लीन्हीं लाइ रानिन दीन आसन जस चहा॥ बहु भाँति के भये सकल व्यञ्जन विविधि विधि मिष्ठान्न जू। नृप जाति बंधु बोलाइ पठये परत पहुँचे कान जू॥ तब कौशिला कैकै सुमित्रा सुवन निज निज उबटि के। अन्हवाइ तन पहिराइ भूषण बसन सुन्दर डुपटि के॥ पुनि कनक थार भराइ जाउरि धरी घृत मधु लाइ के। महिपाल लैनै मुख जुठारत उठी युवतिन गाइ के॥ परकार षटरस केर जहैं लों सकल अधर छुवायहू। पुनि तनक जलते पोंछि आनन जननि ढिग पहुँचायहू॥ हिय हरषि शिशुमुख चूमि सुन्दरि सकल दुलरावैं लगी। अनपार भे जेवनार निज रुचि सरस नहँ दहँ का खगी॥ यहि भाँति सुखदिन राति भोगत धन्य पुर नरनारि जू। रघुनाथ कौशिल नाथ सुत छबि नाम पर बलिहार जू॥

दो० बरष गाँठि पाछे भई गई दुगाई बाढ़ि॥
विप्रन दीन्ही दर्बि बहु लीन्ही कीरति गाढ़ि॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

बारे हिते पति भृत्य ज्यों राम लषण के प्रीति ॥
भरत शत्रुहन की रहत तेही तरह की रीति ॥

चौ॰ श्याम गौर जोरी दोउ देखी ॥ जननि जनक सुख लेहिं बिशेषी
ले उछंग बहु बिधि दुलरावैं ॥ छबि बिलोकि तृण तोरि बहावैं
रूप शील निधि चारौं भाई ॥ तदपि राम शोभा अधिकाई ।
मेचक मुदित कलेवर पीना ॥ पहिरे पीत झंगुली झीना ।
उन मुख चिकुर चिक्कने सोहैं ॥ शिर चौतनी अमोलिक मोहैं ।
ललित भाल मसि बिंदु बिराजे ॥ भृगुटी कुटिल श्रवण अति भ्राजै
कठुला कंठ बाघनख नीका ॥ नीरज नयन मयन शर सीका ·
द्वै द्वै दसन कपोल अनूपा ॥ बिम्बाधर आनन द्विज भूपा ।
चिबुक चारु नासिका सोहाई ॥ लट कुन की लट कनि मोहिं भाई
पंकज पानि पहुंचियां राजैं ॥ नख दुति लखि मुक्ता हल लाजैं
उर बर बाल बिभूषन पेखा ॥ नाभि गम्भीर उदर त्रै रेखा ॥
कटि किंकिनी कुधरि डगडोलैं ॥ झुनु झुनु झुनु झुनु नूपुर बोलैं
पद पाथोज जनित तल जोहैं ॥ चारु चिन्ह अरु लालिम सोहैं
स्वस्तिक अष्ट कोन श्री केरा ॥ हल मूशल पन्नग शर हेरा ।
नभ नीरज रथ बज्र अघाता ॥ ऊर्द्ध रेख सुरतरु सुख दाता
अंकुश ध्वज अरु मुकुट छबीला ॥ चक्र सिंहासन दण्ड नबीला
चमर छत्र नर जव अरु माला ॥ दक्षिण पद ये चिन्ह बिशाला
गोपद पृथ्वी कुंभ पताका ॥ जम्बू फल अरु धाम्र कबीका ॥
दर षट कोन त्रिकोण गदारा ॥ जीव बिंदु मत्स्य सरि धारा ॥
शक्ति सुधा थल त्रवली मीना ॥ पूरणा बिधु बंशी धर बीना ।
धनुष तूण चंद्रिका मराला ॥ बायें पद ये चिन्ह बिशाला ।
एक एक कर अमित प्रभावा ॥ महा रसायण में शिव गावा ॥
सन्त सहाय करन के हेता ॥ दृढ़ करि धरे कृपा निकेता ॥ ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

इन सब चिन्हन युत रघुराई। बिचरत अजिर जननि सुखदाई॥
जानु पानि किलकत लहि डोलैं। कल बल बचन मधुर हँसि बोलैं॥
कहै मातु कब चारिहु भैया। हँसैं बोलैं हैं कहि कहि मैया।
कब कर बाण धनुहियाँ गहि हैं। कब चलि राजसभा में जैहैं।
कबहुँक कर मोदक पकरावैं। जो भावैं हँसि ताहि खवावैं।

दो॰ जासु शक्ति ते चराचर चलत खात हरि जात॥
तासु पाणि गहि आँगुरी अजिर चलावत मात॥
कला रूप धरि धरणि जिन लीनि रचि जग नापि॥
मोद बढ़ि सकुचत पलंग पर रहत देह ही चापि॥

चौ॰ कबहुँक हँसि नृप गोदे आवैं। कबहुँक किलकि मातु ढिग जावैं॥
कबहुँक परि पलना में झेलैं। कबहुँक बिबिध खिलौना खेलैं॥
जिन्हैं काल सब काल डेराई। सो प्रभु हरि बिडरत निज झांईं।
जासु भ्रुव बस शिव चतुरानन। नांचत सो प्रभु नाचत आँगन॥
दंपति प्रेम बिबस भगवाना। बाल बिनोद करत बिधि नाना॥
एक दिवस करि मातु बिबेका। असन सँवारि भांति अनेका॥
इष्टदेव श्रीरंग सभावा। बसन ओट करि भोग लगावा॥
तेहि क्षण तहं शिशु पावत रखा। पलना निकट गई तहँ देखा॥
पुनि इत लखि पुनि उत लखि पावा। कौशिल्या के मन भ्रम छावा॥
मातहि बिकल जानि रघुबीरा। देखरावा निज थूल शरीरा॥
रोम रोम कोटिन बसु धारा। रोम रोम प्रति ब्रह्मांड निहारा॥
अगणित रवि शशि अनि बिताना। अपर बिष्णु शिव सुर दिशि त्राना॥
नग बिपिन गिरि शशि सरित तड़ागा। किन्नर खग पशु नर मुनि नागा॥
पितर पिशाच निशाचर जाती। काल कर्म गुण नाना भांती॥
देखी माया सबै नचावै। लखी भक्ति जो तिन्हैं छुड़ावै॥
देखे द्वीप उदधि तरु खंडा। देखी अवधि सकल ब्रह्मंडा॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

अंड कोस प्रति ऋापन रूपा ॥ देखा माइ शिशु चरित ऋनूपा
हाथ जोरि तब बिनती ठानी ॥ जय प्रभु गुणातीत गुण खानी
जगत पिता तुम ऋज भगवाना ॥ मैं बिन ज्ञान पुत्र करि माना ।
सुनि बिनती बोले रघुराई ॥ हमैं छांड़ि केहि पूजन माई ॥ ॥
हम तव भक्ति विवस तव नीरा । गइउ भूलि लखि बालशरीरा
तेहिते मैं निज भूलि देखाई ॥ का हूते जान दियो बताई ॥
कौशिल्या तब बचन सुनावा ॥ ऋब मोहिं ज निब्यापे नवमाया
एव मस्तु कहि पुनि भगवन्ता ॥ हूेगे बालक रूप तुरन्ता ॥ ॥
देखि मातु फिरि क्षीर पियावा ॥ ईश जानि ऋति प्रेम बढ़ावा ॥
कबहुंक ले पौढ़े सुठि सेज्जा ॥ कबहुंक लेहि लगाइ करेजा ।
कबहुंक कहें नींद किन ऋावै ॥ हित करि मेरो लाल बोलावै ।
कबहुंक करि सब तन श्टंगारा ॥ पठवें जहाँ भूप दरबारा ॥ ॥
देखि नरेश लेहिं उर धारी ॥ चितवैं नर सब पलक बिसारी ॥
जो कोई निज निकट बोलावैं ॥ प्रीति परखि ताके ढिग ऋावैं
मुनिजन ध्यान लगावत जाही ॥ पुरजन ऋछत खेलावत नाहीं
सबै सुलभ तिन का सव नीरा ॥ जिनपर कृपा करैं रघुवीरा ॥
एक दिन काग भुशुंडी तेरे ॥ किये चरित ऋति ऋद्भुत हेरे ॥
कछु दिन में कन छेदन ऋावा ॥ हरषि सखिन ने सखिन जनावा

**गीतिका छं०** सखि ऋाजु नृप सुत केरहे कनछेदनो च-लि देखिये । दम दान हरि गुण गान जीवन जन्मकर फल ले-खिये ॥ नवसात साजि श्टंगार ऋाईं ऋयन जहि रचना रची । वहु भाइ करन गहाइ दीन्हेौ माल पूरी गुर सची ॥ हरि हँस-त बिहँ सत बहुत लखि धक धकी मातन के हिये । भरि देत रो-चन सीक ते श्रुति नीर धूरे करि लिये । ऋति चतुर लीन्हे छे-दि छिपे उठे शिशु ऋकुलाइके । भरि नयन नीर जनीं सजन

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

निन लीन हृदय लगाइ के ॥ मणि बस्त्र मुक्ता करि निछा-
वरि दीन महि देवन घने । पहिराइ पुर जन सकल मानहुँ मा-
र रति बपु बहु बने ॥ सुर अंग नामी अवध बासी सर सदासी-
के नहीं । रघुनाथ उपमा देइ तब जब होइ त्रिभुवन में कहीं ॥

चौ० यहि प्रकार जब चारिउ भ्राता ॥ बढ़े भये परिजन सुख दाता ॥
चूड़ा कर्म आदि गुरु कीन्हा ॥ नृप बहु दान द्विजन कहँ दीन्हा ॥
अनुज सखा सब मिलि निज सेरे ॥ खेलहिं खेल महीपन केरे ॥
भूप रसोई जीमन आवे ॥ जब तब मातु बोलावन जावे ॥
क्रीड़ा शक्त देखि सब भाई ॥ बोली तब कौशिल्या माई ॥
अहो लाल हे लछिमन भैया ॥ भरत बत्स रिपु सूदन छैया ॥
अब क्रीड़ा दिशि चित्त न दीजे ॥ देर भई चलि भोजन कीजे ॥
बैठ बाट बिलोकत राजा ॥ क्षुधित भये सब सखा समाजा ॥
इमि सुनि प्रेम बचन चलि आवें ॥ बैठि भूप ढिग भोजन पावें ॥
कौनेउ दिन आवें नहिं टेरे ॥ जननी धरन जात तब नेरे ॥

दो० मातहि आवत देखि प्रभु ठुमुकु ठुमुकु चलि देत ॥
झपटि कहत तब भूप पहँ लै आवत करि हेत ॥

चौ० सुभग शरीर सुरभि रज लागी ॥ झारि सुअंचल ते अनुरागी ॥
लखि नृप निकट लिये बैठाई ॥ मिलि जेंवत तब चारिउ भाई ॥
इत उत चितै चले पुनि भागी ॥ अरुण अधर हँसि जाउब लागी ॥
पुनि आवे जहँ बालक सारे ॥ देखि मात पितु होहिं सुखारे ॥

दो० नृप रानिन कर भाग सुख संपति सुयश सुभाउ ॥
मैं का बरणौं एक मुख कहि न सकें अहिराउ ॥

चौ० खेलत देखि नारि पुर केरी ॥ जाइ भवन भजि आवे फेरी ॥
पुनि घर भूमि सखिन ते कहई ॥ जेवाँइ पवारि पराके रहई ॥
जब ते मैं भूप तनय निहारा ॥ तब ते रुच तन जग ओ हारा ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

असमनु होइ खेलावहि करहूं ॥ रोवैं न परि गुरुजन कहं डरहूं ।
कबहुंक निकसि दुवारे आवैं ॥ ले उछंग पुरजन घर लावैं ॥
बदन चूमि कर राखि मिठाई ॥ रुख लखि महल देइ पहुंचाई ।
कबहुंक चुनत बिहंग लखि पावैं ॥ हाथ पसारि धरन तब धावैं ।
उड़ि जब जात करत मचलाई ॥ सुकसारिका दै राखत माई ॥

इति श्री बिश्रामसागर सब मत आगार ग्रंथ उजागर श्री रघुनाथदास ।
रामसनेही कृत श्री रामचन्द्र बाल लीला बर्णनो नाम चतुर्थोऽध्यायः ४ ॥

दो० सुमिरि राम सिय मन्त्र गुरु गणप गिरा सुखदानि ॥
कहौं भुशुण्डी के चरित कछु रघुबंश बखानि ॥

चौ० यहि बिधि बाल चरित प्रभु करहीं ॥ देखि लोग अति आनंद भरहीं ।
एक दिन एक मलूका आवा ॥ नृप के द्वारे कीस नचावा ॥ ॥
देखि राम ठानी मचलाई ॥ कहहिं कि मोहिं कपि देहु मंगाई ।
भूप मंगाइ देन बहु लागे ॥ तदपि न लेत रुदत पुनि आगे ।
तब नृप भाष्यो गुरु ते जाई ॥ मुनि बशिष्ठ बोले हरषाई ॥

दो० जेहि हित रोवत रामजी सो मरकट है आन ॥
सुनो तासु उत्पत्ति मैं तुम ते करौं बखान ॥

चौ० उत्तर दिशि सुमेर गिरि भारी ॥ तहं केशरी रहत बन चारी ।
तासु परम पतिब्रता नारी ॥ नाम अंजनी छबि अधिकारी ।
तेहि एक बार कीन शृङ्गारा ॥ ठाढ़ी गिरि पर पवन निहारा ॥
बपु धरि तन अपस्पर्श सु कीन्हा ॥ लखि सो चहीं श्राप कहुं दीन्हा ।
बोले तब नभसुत सुनु प्यारी ॥ मम अस पर्श सकल तनुधारी ।
तेहि ते मोहिं श्राप जनि देहू ॥ हम बरदान देनु सो लेहू ॥ ॥
होइहै तुमरे सुत बलवाना ॥ राम भक्त गुण रूप निधाना ।
अस कहि अनल अदर्शित भयऊ ॥ सुख युत कछुक काल चलि गयऊ ।
कार्तिक बदी चतुर्दशि बारा ॥ भौमिक दिन भा प्रगट कुमारा

लखि पितु मातु कीन उतसाहा॥ लागे सुत सेवन जस चाहा॥
प्रात अरुण रबि निरखि फलंगा॥ ग्रसत भयो फल सरिस पतंगा॥
झपटि बज्र मारा सुरराई॥ चिबुक मध्य तेहि मुरछा आई॥
देखि पवनसुत लीन उठाई॥ राखी रोकि समीर रिसाई॥ ॥
चढ़े उदर सब देवन केरे॥ आये तब आसुग के नेरे॥ ॥ ॥
करि बिनती सुर सकल सुजाना॥ लागे देन सुतहि बर दाना॥
कह ब्रह्मा होई बजरंगी॥ लगी न मम सर शक्ति अभंगी॥
बोले द्रुहद जरौ नहिं आगी॥ इन्द्र कह्यो मम कुलिश न लागी॥
हर त्रिशूल यमदंड सुनावा॥ बारि न बूड़ें बरुण बतावा॥ ॥
बाली शक्ति भक्ति लखि नेकी॥ बचन मोर यहि सके न छेंकी॥

दो॰ यहि बिधि सब बिबुधन दये बर बरदान निहोरि॥
सुनि प्रसन्न भे स्वसन तब छूटी पवन बहोरि॥

चौ॰ प्राण दान देवन जब पाये॥ महावीर कहि भवन सिधाये॥
हनोमान हनि दुसमन नासा॥ लागे रहन मातु पितु पासा॥ ॥
जब तब जाइ मुनिन के तीरा॥ डारे फोरि कमंडल नीरा॥ ॥
बिटप तोरि गिरि सिखर ढहावे॥ बल अति भूरि अंग धुनि होवे॥
ऋषिन श्राप तब दीन बिचारी॥ भूलि जाहु निज पौरुष भारी॥
जब जब कोइ सुरति कराई॥ तब फिरि तुमरे बल ह्वै आई॥
रहे तहाँ कछु दिन हरि आसा॥ पुनि गे पढ़न सहस गो पासा॥
लागे पढ़न जोरि कर आगे॥ करत सुरबागर उन्मुख भागे॥
विद्या सकल पाइ अस भाषा॥ मांगो जो तुमरे अभिलाषा॥
बोले रबि मम सुत सुग्रीवा॥ रिक मूक पर रहत सहीवा॥ ॥
तिनके तीर रहो तुम जाई॥ मिलिहैं तहाँ तुम्हें रघुराई॥ ॥
गुरु अनुसासन मानि बिधाता॥ रहन भानुसुत के ढिग लाता
राम लालम चले तेहि हेता॥ तेहु गंगा तारि करि खेता॥ ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

तुरत भूप भट भूरि पठाये ॥ सकल सुकंठ पास चलि आये ॥
जो नृप कह्यो सो बखान कीन्हा ॥ सुनि सुकंठ तुरत कपि दीन्हा
लै आगे मन्दिर हरषाई ॥ देखि राम उर लीन लगाई ॥ ॥
हनो भान के अति सुख भयऊ ॥ मिलि रघुरूप नहां होयगयऊ
जहं जहं खेलैं राम सुरंगा ॥ तहं तहं कपि राखे निज संगा।
दो॰ एक दिन एक शिशु अंध को डारी रज प्रभु दृष्टि ॥
बोरहन दै रघुनाथ तेहि देखरायो दै दिष्टि ॥
चौ॰ एक दिवस एक बानिक आवा ॥ बेचन हित नग नृपहि देखावा
लै रघुनाथ कूप में डारा ॥ देहु वहै हंसि भूप उचारा ॥ ॥
तुरते वृक्ष कूप ते जामा ॥ लागे लाल अमोलक तामा ॥
फरत झरत पुनि लागत भारी ॥ लैलै जात सकल नर नारी ॥
सात दिवस भै लूट बिशेषी ॥ पुनि सो बिटप परा नहिं देखी
यह लीला लखि भूपनि साहू ॥ चकित रहू मन परम उछाहू ॥
एक दिन एक बांधक चलि आवा ॥ अद्भुत पक्षी नृपहि देखावा
देखि राम लै दीन उड़ाई ॥ बोला खग सो देहु मंगाई ॥ ॥
सुनि प्रभु तासु पक्ष महि गाड़ा ॥ भा तह तुरत जबै गल डारा ॥
दो॰ लागत फल्त फूटत तुरत निकसत उड़त बिहंग ॥
बैठत महलन पर धरत धावत बालक संग ॥
पुर बासिन पाले सबनि देखि बिहंग अनूप ॥
सुनि सुनि तहं लै लै गये देश देश के भूप ॥
बांधक दीन्ही दर्वि बहु भा सबके मुख सोत ॥
यह प्रभुता कछु बहुत नहि इच्छा ते जग होत ॥
चौ॰ यहि बिधि सानुज राम सुशीला ॥ आठ बरष कीन्ही शिशु लीला
जब पौगंड भये सब भाई ॥ पढ़न हेत पठये रघुराई ॥ ॥
गुरु पद जाइ नवाय शीशा ॥ लगे पढ़ावन मुदित मुनीशा ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

पढ़न भये प्रथमे बिन खेदा ॥ साम दाम अरु दंड बिभेदा ॥
मिलि सनेह कीजै सोइ सामा ॥ खान पान धन दीजे दामा ॥
भेद सो सबलाहि फोरि मिलावै ॥ दंड मार दुख त्रास देखावै ॥
राजन के लछ्छ साधे जानो ॥ तिन पाछे अस पढ़ो बखानो ॥

दो० बरणा वेद उपवेद अंग आदि शास्त्र उपशास्त्र ॥
सकल पुराणो संहिता तंत्र सुमंत्र कलास्त्र ॥
निकस्यो नहीं नबर्ग के अंतको अक्षर शुद्ध ॥
जान्यो नव रघुनाथ सुनि हैं गुण बिश्व बिरुद्ध ॥

चौ० अचिर काल सब बिद्या लीन्हो ॥ बहु बिधि गुरुहि दक्षिणा दीन्हो ॥
भये मुदित मन पितु अरु माता ॥ खेलन जाहिं जहां सब भ्राता ॥
हरखि लोग सब होहिं सुखारी ॥ थकित बिलोकें छबि नर नारी ॥
जोवन जेठर अपर जे बारे ॥ लागहिं सबन प्राण ते प्यारे ॥
सुदिन समुझि इक दिन नर नाहा ॥ दीन जनेऊ सहित उछाहा ॥
नित्यानन्द निरोधि अपारा ॥ छिन छिन बाढ़त अवध मँझारा ॥
पुरबासी सब ताके माहीं ॥ रहें निमगन सुगति कछु नाहीं ॥
नारदादि मुनि दिन प्रति आवें ॥ चारु चरित चहि चहुं दिशि गावें ॥
मुनि सुर सकल सराहिंसि प्रेमा ॥ सुमन चढ़ावें हित निज क्षेमा ॥

दो० एक दिन ध्यान बशिष्ट मुनि करत देखि अर्थ देख ॥
कह्यो बिघ्न कर वाइ के प्रगट गाद किन लेख ॥

चौ० एक दिवस प्रभु सरयू माहीं ॥ अनुज सखन युत मुदित नहाहीं ॥
असुर एक रावण कर प्रेरा ॥ मगर रूप धरि मुखवें गेरा ॥
निकसे सपदि ताहि हरि मारी ॥ सुनि पुरजन सब भये सुखारी ॥
जिन जिनके बालक नेहि खाये ॥ दीन्हें काढ़ि मनहु धरि आये ॥
मातन दीन्ह्यों दान अपारा ॥ गुरु प्रसाद कल्याण हमारा ॥
इमि पोगराड अवस्था माहीं ॥ किये चरित बहु बरणि न जाहीं

पुनि सब बंधु भये के सोरा ॥ रूपराशि पुरजन चित चोरा ॥
नित प्रति सरयू करि अस्नाना ॥ बहुविधि देहिं द्विजनकहँ दाना
कबहुँक चढ़ि निज नाउ मँझारा ॥ खेलैं दृग जासध्य नेधारा ।
कबहुँक सानुज सखा सुजाना ॥ खेलैं गेंद जाइ चौगाना ॥ ॥
कर कर कंदुक भूमत कैसे ॥ हरि पद बिमुख जीव जग जैसे
कबहुँक चढ़ि बर बाजि नचावैं ॥ पुरबासी लखि अति सुख पावैं
कबहुँक बदि ठानैं घोड़ दौरा ॥ धरि निज निज मोहौं इक ठौरा ॥
भरत संग जब बाजी लागे ॥ तब प्रभु कस रहैं निज आगे ॥ ॥
कहैं सकल हारे रघुराई ॥ जीते भरत भावते भाई ॥ ॥ ॥
सुनि बकसत हय गय पट हीरा ॥ प्रमुदित होइ पाइ सब बीरा
कबहुँक अनुज सखन के साथा ॥ बिचरहिं पुर धनु सर गहि हाथा
इक दिन इक मज्जन कृत नारी ॥ देखन लगी तासु महतारी ॥
बोली बसन बिना कोइ देखा ॥ को अस इन्हैं छाड़ि मोहिं पेखा
ते नृप तनै न अबै निहारे ॥ परे दृष्टि नहिं अंग हमारे ॥ ॥
कबहुँक जाइ अखेटन करहीं ॥ अनुज सखनयुत बनतन करहीं
कबहुँक राखि निशाना मारैं ॥ मज्जन करि पुनि गृह पगु धारैं
देखि मातु अतिशय सुख पावैं ॥ नृपयुत भोजन हेत बोलावैं
मंजु छंद ॰ जेवन बैठे भूप मौलि निज संग सुवन लै चारी जी
सहित सनेह परूसन लागीं लषन लाल महतारी जी ॥ मोह-
न भोग मखाने की हवि मधुर मलाई धारी जी । खोवा खाँड़
खीरि कलेवर पूरी खाजा खुरमा खारी जी ॥ मालपुवा माधुरि
मधु मिश्री मलि माखन मैं डारी जी । पन्नी धूप परपरी पापर
पाक पिराक पनारी जी ॥ मोती चूर मूर के मोदक बोदक की
उजियारी जी ॥ सेमई सेव सेंजना सूरन सोवा सरस सोहारी
जी ॥ उज्जल भातु भटाकर भरता भाँति भाँति तरकारी जी ।

मूंग सारव सरहटकी पांहनी चनक कनक सम दारी जी॥ब-
रीबरीक बराचहु बिधिके ककरी कटु कर हारी जी। पाकारि
कल्नी फल्नी मुनि तरुकी कूष्मांड कच्चनारी जी॥पारवर पाइ-
यकोरी पालक पेठासन रुचिकारी जी॥अरुई आँब अँबिर-
ती अररव अँवरा अमित अचारी जी॥ रोटी रुचिर मिही मे-
दाकी छुनमें बोरि निकारी जी। मेथी सरस सेमि दल सरसों
सोवा मुनि सुरवारी जी॥ चौराइ तोराइ तो तोरई मुरइ मुरव्वा
सारी जी। डुभकोरी मुगछोरी रिकवछ इंड हर क्षीर छछारी
जी॥ रवट्टी कढ़ी करेला कुंदरू केला फल फलहारी जी।
गरी बदाम छोहारा किशमिश पिस्ता दारव अपारी जी॥ रिवरसा
रवीर चेड़ा घेवर धन गुझ्झा गुरि यारी जी। फेनी फूल निमोना
डिंडसा सूरन लालू ग्वारीजी॥ जलित जलेब अँदरसा बुकुनू
दधि वरनी चटकारी जी। यहि विधि चारि भाँति षटरस के व्यं-
जन बिपुल सँवारी जी। कनक थार मनि जटित कटोरनि भरि
भरि धरे अगारी जी॥ पंच कवर करि जेवन लागे लखि हरषी
नृप नारी जी। शीतल जल सरयू कर बासित पीवत बारहु बा-
रीजी॥ कहत कौशिल्या भोजन कीजे बहुरि न पीजे बारी-
जी। गयन अघाइ माइ अब हमते तनको टरत नटारी-
जी॥ दशस्यंदन नन्दन सुरवसदन अचिवें उठे उतिशु बिचारी जी॥
अनुग आइ अचवन करवायो कर अँगु छायाभारीजी॥
दीन तंबूल अरगजा कुमकुम लीन्हयो अवध बिहारीजी। सीत प्र-
साद दास दासिनि मिलि पायो सरव पछारी जी॥ जेहि जूठनिको
सुर मुनि नर मन पन मन कबहु न डारी जी॥ सोई जन ल
रघुनाथ भाव भरि पावत बारहु बारीजी। देव दनुज नर नाग राग युत ज-
न जगदाय अगारी जी॥ जो जेवनार राम कीगावै तासुरव की बलिहारी जी।

तोटक छं०॥ कबहू बन जाइ सिकार ठनैं। मृग आदि-
क साउज नाहिं हनैं॥ जब सूकर नाहर दृष्टि परैं। तुरतै नि-
ज बाजिन तें उतरैं॥ लखि राम कहैं हथियार धरै। यहि तें-
सब एकहिं एक लरै॥ करि युद्ध पछारत जौन सरवा। ते-
हि देत इनाम मे श्रीरामलखा॥ निज धाम पठावत साउज-
सो। घर आवत गावत राउज सो॥ रघुनाथ कहैं यहि भाँति प्र-
भू। नव निज चरित्र करैं बरभू॥

चौ०। एक दिन यक सूकर बन आवा। धुरधुराइ प्रभु सन्मुख धावा॥
गहि पद पटक्यो भूमि भुजासू। छूटत भयो दिव्य बपु तासू॥
अस्तुति करि अस बचन उचारा। पूरब प्रभु मैं रह्यों भुवारा॥
एक दिवस तव जन लखि पावा। बस अभिमान न शीश नवावा॥
निन्दा करि निज मंदिर आयों। तेहि अपराध कोल तनु पायों॥
अब तव दरश दूरि दुख भयऊ। अस कहि परम धाम कहँ गयऊ॥
एक दिन मैं नाहर ते भेटा। तेहि शठ प्रभु पर कीन झपेटा॥
साधि बाण मारा रघुराया। तनु तजि सो हरि लोक सिधाया॥
यहि बिधि बन सिकार मिलि जाई। पावन करैं जीव रघुराई॥
खग मृग निरखि निकट चलि आवैं। तिन्हें न कबहूं भूलि सतावैं॥
जे इल घात करैं गति हेता। तिन्हें देइ हनि कृपा निकेता॥

दो०। एक दिवस इक सिंह ने बधी विप्र की गाय॥
गरजत डोलै पुर निकट कोई पास न जाय॥

चौ०। सुनि रघुपति कमिकदि परबाधा। धनुष चढ़ाइ पानि सर साधा॥
मुदित जाइ सन्मुख ललकारा। खल हो सजग तोहि मैं मारा॥
दृ तन सुनि सन्मुख सो धावा। पंच बान मुख मारि गिरावा॥
तुरत भयो सो गंध्रव रूपा। बिनती करि निज हाल निरूपा॥
महाराज मैं गंध्रव अहऊं। इन्द्र सभा नित गावन रहऊं॥

एक दिवस नारद तहं आये॥ नाथ चरित तब वरणि सुनाये
तेहि समाज में हंस्यो बठाई॥ सुनि मुनि बोले बचन रिसाई

दो० सिंहनाद सम करत सठ होउ जाइ हरिहार॥
मरिहैं निज कर राम जब तब होई उद्धार॥
यहि तन पायों अमित दुख अब सब नाशे शोक॥
अस कहि पद शिर नाइकै जात भयउ निजलोक॥

चौ० तब नृप पहँ आये रघुराई॥ तहाँ विप्र ठाने मच लाई॥
कहत सुरभि सोई मम दीजे॥ भूपति भनत अपर बहु लीजे
तब साधो बोले सुनु ताता॥ झरि तरु बहु दिन लागे पाता।
गई बीति बय पुनि कहं आवे॥ समय चूकि फिरि कापछितावे
तेहि ते तजहु आस लेहि केरी॥ अपर धेनु लीजे बहु तेरी॥
तदपि न विप्र तजो हठ लाई॥ देखा चहत राम प्रभुताई॥
तब प्रभु कहा लषन ले जावो॥ विप्र समेत दूंढ़ि गो लावो॥
चढ़ि रथ गये प्रथम यमलोका॥ लखि डर भातिन के सुखशोका
षोड़श भाँति पूजि मनमानी॥ हाथ जोरि बोले मृदु बानी॥
नाथ कोन हित आयहु आजू॥ आयसु होइ करिय सोइ काजू
बोले लषण विप्र की गाई॥ दीजे आनि होइ जो आई॥

सो० सुनि बोले यमराय। पांच कोस तक अवध में॥
जो कोई मरि जाय। सो नहिं आवत धाम मम॥

चौ० करम करत भल पोच घनेरे॥ तिन कर न्याउ हाथ हरि केरे
जैसे राज सभा कर कोई॥ तेहि ते कछु भल अनभल होई
ता सुनि साफ करै सोइ राजा॥ नाहिं न कछु कोतवाल ते काजा
सुनि रथ चढ़ि चलि भे तत काला॥ जाइ बिलो के सक लघ लाला
पुनि चढ़ि सातों स्वर्ग ढुंढ़ाये॥ तेहि पाछे बैकुण्ठहि आये।
रहत जहाँ श्रीपति भगवाना॥ कीन दण्डवत तिन सनमाना

पूंछे ते बरणा निज हेता ॥ तिन तब कहा जाउ साकेता ॥
जोजन कोटि पचास अगारा ॥ रहत राम इच्छा आधारा ॥
दो॰ जहां न पावक पवन पवि चन्द्र सूर्य्य नहिं कोय ॥
रहत एक रस सर्बदा राति दिवस नहिं होय ॥
चौ॰ सुनि चलि भे देखा सोइ जाई ॥ बसत रतन मय छवि अधिकाई
चारि द्वार तेहि पुर के हेरे ॥ बाजत बाजन भांति घनेरे ॥ ॥
उत्तर बसत महा बैकुण्ठा ॥ महा बिष्णु जहँ रहत अकुण्ठा
बिरजा बिमल बहत पुर तीरा ॥ मज्जत सन्त सकल मति धीरा
ज्योति एक जहँ जरत निराधा ॥ कोटि भानु सम तेज प्रकाधा
योगीजन जेहिं सादर ध्यावें ॥ अन्त समय तेहि माहिं समावें
पूरब द्वार जनक पुर सोहे ॥ दक्षिण चित्र कूट मन मोहे ॥
पश्चिम दिशि गोलोक निहारा ॥ जहां करत गोपाल बिहारा
षोड़स संवत केरि अवस्था ॥ बपु छबि लखि कोटिन मनमथा
पहिरे भूषण बसन अमोला ॥ मृदु मुसक्यानि मनोहर बोला
दो॰ पीत बसन बनमाल उर कर मुरली मुख पान ॥
परिकर सहित समूह सखि सोहत तहँ भगवान ॥
चौ॰ रहती हैं सुरभी तेहि माहीं ॥ पूछा जाइ लखन तिन पाहीं
ब्राह्मण की कपिला इत आई ॥ सुनि दीन्ही गिरधरन मंगाई
मुदित मध्य साकेत ते आये ॥ मंदिर बिपुल बिचित्र सोहाये
जो रचना निरखी कहुं नाहीं ॥ सो सब देखी ताके माहीं ॥
दिव्य रूप सब तहां के बासी ॥ षट बिकार बिन नित्य सुपासी
आगे सीता हि देख्यो जाई ॥ रूप अनूप अमित प्रभुताई ॥
जासु अंश उपजे गुण खानी ॥ अगणित लक्ष उमा ब्रह्मानी
अगणित सखी करें सुठि सेवा ॥ अगणित अली लिहे कर मेवा
अगणित अनुग करें परनामा ॥ अगणित सन्त उचारहि नामा

असंगादिक शक्ती हरि गुण गावैं ॥ तिनमा नैं तिस मुख्य कहावैं ।

सोरठा ॥ श्रीभू लीला क्रांति कृपा जोगाई ध्याना । उत्कृ-

ष्टा भीयनी चंद्रिका कूराज्ञाना ॥ पुन्या परबी कला कीर्ति-

अहलादिनि क्रांता । मा विन्या शोभना लांविनी विद्यासाला

ईलानुग्रह महोदया उन्नती सुविमला । छाता नंदनि शुभद

सत्य सोक्षा हित विमला ॥ ए शक्ती तेतीस सदा सिय भृकुटी

दिशिलखैं । करैं विश्वकर काज सवन के सहस सहस सखि ॥

चौ० ॥ इन सब हिन की कीरति करणी ॥ महारमायन में शिव बरणी ॥

सहित विप्र लक्ष्मण शिर नावा ॥ करि सनमान निकट बैठावा ॥

प्रीतम के गुण पूछन लागी ॥ कहे सकल लक्ष्मण अनुरागी ॥

हाथ जोरि द्विज पूछत भयऊ ॥ स्वामी कौन कहां तव गयऊ ॥

हमरे पति महि अवध मंझारा ॥ लीन जाइ नृप गृह अवतारा ॥

कछु दिन में हमहूं तहं आई ॥ जनक नगर प्रगटव अंगनाई ॥

सुनि शोभन अति मो हरषाना ॥ रामैं सकल लोक पति जाना ॥

अब तुम जनि भरमो मव धामा ॥ मूंदो नैन जाहु निज ग्रामा ॥

नयन मूंदि देखें तहं नाहीं ॥ बैठे राज सभा के माहीं ॥ ॥

बोले राम धेनु निजु पायो ॥ तब शोभन चरणन शिर नायो ॥

धन्य धन्य तुम धन्य नृपाला ॥ धन्य तुम्हारे चरित कृपाला ॥

प्रथमे मैं तव सुना प्रभावा ॥ जड़मति मन विश्वास न आवा ॥

ताही ते ठान्यो हठ भारी ॥ देख्यों प्रभुता अमित तुम्हारी ॥

दो० ॥ तव सम दूसर ईश कोइ तव पुर सरिस न ग्राम ॥

तव चरित न सम चरित नहिं तवजु नाम सम नाम ॥

चौ० ॥ मैं प्रभु कीनि ढीठता भारी ॥ सो क्षमिये जन जान अनारी ॥

सुनि प्रभु हँसि बहु विधि सनमाना ॥ तात करेहु जनि अनत बखाना ॥

भले नाथ कहि निज गृह गयऊ ॥ पुरवासी सब हरषत भयऊ ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

यहि विधि राम चरित्र निकेता ॥ करत चरित भक्तन सुख हेता
एक दिन सुर ऋषि आवत रहेऊ ॥ मग मिलि लोमस से अस कहेऊ
चलो आजु श्रीरामहि देखो ॥ जीवन जन्म सुफल करि लेखो
सुनि मुनि कह्यो सहित अभिमाना ॥ थिर ह्वै करो ब्रह्म का ध्याना

दो० यहि विधि आवत जात बहु बिश्व विषे रघुराइ ॥
इनते तो हमहीं भले अचल ब्रह्म रहे ध्याइ ॥
पर ब्रह्म श्रीराम हैं हरता अखिल दुख भार ॥
सुन्यो न जब तब देवऋषि आये अवध मझार ॥

चौ० तेहि क्षण तहाँ राम की माया ॥ ब्यापी लोमस को यहि भाया
उमड़े सिंधु सकल दिशि तेरे ॥ बहे ऋषि परि तिन के केरे ॥
प्रथम प्रलय सम चन्यो विचारा ॥ पैरत आये प्राग मझारा ॥
लख्यो अछै बट में हरि रूपा ॥ कह्यो मोहिं राखो सुर भूपा ॥
बोले हरि राखन हित तुमका ॥ है न राम की आज्ञा हमका ॥
इतने माहिं लहरि के साथा ॥ अपर अंड में गे ऋषि नाथा ।
तहाँ अछै बट पर हरि पाई ॥ कह्यो कह्यो नहिं राम रजाई ॥

दो० इमि अगणित अंडन विषे गे लखि गहो न कोइ ॥
यम जातना शरीर सम पायो दुख अति सोइ ॥
तब मुनि कह्यो कौ राम को जिनकी आज्ञा नाहिं ॥
लीन्ह्यों जिन साकेत पति जन्म अवध पुर माहिं ॥

चौ० तिनकी जाय बिनै जब करिहो ॥ तब तुम दुख सागर ते तरिहो
नाम रूप अरु लीला धामा ॥ रहत नित्य ये होत न वामा ॥
हमैं न ढूंढ़े मिली कृपाला ॥ लहरि संग पठयो तब काला ॥
जल आवरनु अवध चहु फेरा ॥ तंबू सम तानो तहे हेरा ॥
पुरवासी सब सुखसों जहवाँ ॥ रहत बहत नहिं दुख कस कहवाँ
तब लोमस ऋषि रघुपति केरी ॥ कीन्हीं बिनै भाँति बहु तेरी ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

सुनि प्रभु सेवक ते बोलवायो ॥ रामहिं लखि मुनि शीस नवायो ॥
कह्यो नाथ बिन कृपा तुम्हारी ॥ कोइ कर तूं तिन सके उबारी ॥
तुम सब नाथन के हो नाथा ॥ जीव दशा सब तुम्हरे हाथा ॥ ॥
चहो मसक को ब्रह्म बनावो ॥ विधिहि मसक करि लोक भ्रमावो ॥

दो० अस कहि लहि आनन्द मुनि गौने निज थल फेरि ॥
पंचस्यंसिर लखि कियो नारद को गुण केरि ॥

सो० राम मंत्र को पाइ । आइ चरित रघुनाथ के ॥
बरणो तब ऋषिराइ । अस प्रभाव श्रीराम को ॥

चौ० एक दिन राम पतंग उड़ाई । देव लोक सो पहुंची जाई ॥
तहं हरि सुत जयंत की नारी ॥ अति बिचित्र तेहि चंग निहारी ॥

दो० मन में किहिसि बिचार यह जासु गुड़ी अस आहि ॥
सो पूरब कस होइ धौं हँसि गहि लीन्हेसि ताहि ॥

चौ० तब प्रभु हनूमान ते भाखी ॥ देखो केहि पतंग गहि राखी ॥
तुरत पवन सुत जाइ निहारी ॥ देहु छांड़ि पुनि गिरा उचारी ॥
बोली जासु चंग यह आही ॥ दरशन तासु कीन्ह हम चाही ॥
नाहीं ते याको हम गहिहू ॥ आइ अनिल सुत प्रभु ते कहेऊ ॥
सुनि हरि कहा कहो तुम जाई ॥ चित्र कूट महं देव देखाई ॥ ॥
हनूमान चलित सो भाषा ॥ दिहिसि छांड़ि मनकर अभिलाषा ॥
तब रघुनाथ खैंचि सो लीन्हो ॥ निशि गृह आइ बियारू कीन्हो ॥
मणि मय पलंग गयो बिछावा ॥ क्षीर फेनु सम बसन सोहावा ॥
कीन शयन ता पर जग त्राता ॥ प्रात जाय बोली दिग माता ॥
भोर भयें जागहु रघुराई ॥ मुख छबि पर जननी बलि जाई ॥
रविहि बिलोकि गयो तम भागी ॥ ज्ञान उदय जिमि मोह बिरागी ॥
शशि नक्षत्र भे मलिन सुभाये ॥ जिमि सब गुण दालिद के आये ॥
लागे लुकन निशाचर कैसे ॥ हरि सुमिरण ते पातक जैसे ॥ ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

उठे फूलि सरसिज रबि देखी ॥ जैसे सुजन सुजन कहँ पेखी ॥ ॥
तिनपर मधुप करत गुंजारा ॥ जनु तम बपु धरि शरण पुकारा
बोलत बिहंग बिबिध बिधि टेरे ॥ मानहु मुनि बहु गुणगण लेरे ॥
प्रमुदित कोक कुमुद बिलखाने ॥ हानि लाभ जिमि पाइ सयाने ।
अनुज सखा बोलत यहि भाँती ॥ जिमि चातक चाहै जल स्वाती
बन्दीगण बिरदावलि भाषैं ॥ याचक द्वार खड़े अभिलाषैं ॥
सुनत उठे तब अवध बिहारी ॥ देखि मातु आरती उतारी ॥ ॥
मित्र बंधु सेवकन पद बन्दे ॥ दान पाइ याचक आनन्दे ॥ ॥
पुनि सरयू तट जाइ नहाने ॥ सब बिधि साधु बिप्र सनमाने ॥
जहँ तहँ सुनैं कथा करि नेहा ॥ करि प्रणाम आवैं पुनि गेहा

दो० एक बार रघुनाथ लै संग सुजन समुदाइ ॥
तीर्थाटन करि सबन को दीन्ही बिशद बड़ाइ ॥

इति श्री विश्रामसागर सब मत आगर ग्रंथ उजागर श्री रघुनाथदास राम सनेही कृत रामचरित्र बर्णनो नाम पंचमोऽध्यायः ॥

दो० सुमिरि राम सिय सन्त गुरु गणप गिरा सुखदानि ॥
घट ज संहिता कर मत कहौं कछुक रुइ बखानि ॥
यक दिन प्रभु लागे करन निज स्वरूप कर ध्यान ॥
पवन तनै अवलोकि इमि मन में कृत अनुमान ॥

चौ० इन्हें सुना हम सब के स्वामी ॥ ब्रह्मादिक जाके अनुगामी ।
सुमिरण ध्यान करत हैं सोऊ ॥ इनहु लके ऊपर है कोऊ ॥ ॥
पूछत प्रभु ले तिन हँसि काहा ॥ परब्रह्म किमि जाँचे चाहा ॥ ॥
निकटौ दूरि निबाहु न होई ॥ जैहौं छिप्रन मग कटु कोई ॥ ॥
मुंदरी दै उत्तर दिशि फेरा ॥ कुधर खण्ड बन हले घनेरा ॥
लोकालोक अद्रि के आगे ॥ अंधकार पावक थल त्यागे ।
सत संबत परगये निकेता ॥ बुढ़िया एक मिली तहँ सेता ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

ब्रह्म कहां मृतलोक पधारे ॥ सहस माज्ञ भे दशरथ बारे ॥ ॥
पुनि देखे रघुपति आसीना ॥ विधि हरि हर सेवत पद लीना

दो० करत दराडवत पुनि तहां कोई पर्यो न देखि ॥
पीताम्बर को खूट ले आंये अवध विशेषि ॥

चौ० करत प्रणाम राम हंसि कहेऊ ॥ आयो देखि ब्रह्म कस रहेऊ
कह कपि तुमही हो सब ठौरा ॥ तुमते पैर नहे कोइ औरा ॥
बोले प्रभु तुम पहुंचे नाहीं ॥ अबहीं फिरि आयो मोहिं पाहीं
तब पवनज पर चिन्ह देखावा ॥ रघुपति कर खारिड तस पावा ॥
गिरे चरण कहि धनि तव लीला ॥ जन मन संशय शमन सुशीला

दो० एक दिन पद चापत गुन्यो इन्हें श्रुति कहे अरूप ॥
है अरूप पुनि श्रुति विनय देखरायो निज रूप ॥

चौ० एक दिन सखन सहित रघुबीरा ॥ खेलत ते सरयू के तीरा
विहंग रूप धरि रावण आवा ॥ घात पाटि शठ चहत उडावा ॥
जानि राम बिन फर सर मारा ॥ गिरा जाइ निज लंक मझारा
सात दिवस पर मुरछा जागी ॥ समुझि प्रताप लाज उर लागी
तब दूतन ते कहि सि बोलाई ॥ तपसिन ते लावहु कर जाई ॥
आयसु पाइ आइ हठ कीन्हा ॥ मुनि भरि कुम्भ रुधिर तिन दीन्हा
कह्यो जाइ रावण के पासा ॥ यहि घट ते होई कुल नासा ॥
गगन जाइ दसमुख बेसुनाई ॥ आवहु गाड़ि जनक पुर जाई
शंभु सभा श्रुति बाद मझारा ॥ प्रथमे रहा जनक ते हारा ॥
तेहि गस ते तहँ कुम्भ पठावा ॥ दूत गाड़ि मिथिला पुर आवा
हरि इच्छा तहँ पर्यो दुकाला ॥ बिन जल भे सब जीव बेहाला
लखि बिदेह बुध लीन बोलाई ॥ बूझे ते तिन युक्ति बताई ॥
उदक हेत शुभ यज्ञ करावो ॥ कनक केर ले हल बनवावो ।
जोतो अजिर सहित निज रानी ॥ होई वृष्टि सकल सुख दानी

दो० सुनि नृप कीन्ही युक्ति सोइ जोतत अवनि प्रकार ॥
प्रगट्यो सिंहासन सुभग अद्भुत तेज अपार ॥
चारि सखी चारों तरफ लीन्हें सुरफल हाथ ॥
मध्य विराजत भूमिजा रूपराशि रघुनाथ ॥
वेदवती रिपु बधन हित तजन हेत महि अंश ॥
एक रूप हैं प्रगट भइ आदि शक्ति निमिवंश ॥

चौ० देखि विदेह बिनय तब ठानी ॥ भई तुरत कन्या लघु जानी
सखिन सहित सिंहासन सोई ॥ अंतर ध्यान गयो तब होई ।
रोदन सुनत सुनैना रानी ॥ लीन उठाइ गोद सुख मानी ॥ ॥
सुनि पुरजन सब भये सुखारी ॥ देखन उठि धाये नर नारी ॥
भूपति दान दीन विधि नाना ॥ यथा मनोरथ जाकर जाना ॥
दिन दिन कन्या बर्धत कैसे ॥ शुक्ल पक्ष कर चन्द्रा जैसे ॥
कुठीं बारहीं अन्न परासन ॥ कीन नरेश निगम अनुशासन
नामकरण दिन नाम कढ़ावा ॥ बुधन जानकी नाम बतावा ॥
नारद आइ धर्यो तब सीता ॥ जगत जननि सब भाँति पुनीता
सुर रंजन भंजन खल हेता ॥ प्रगट भई नृप तब संकेता ॥
सकल लोक पति प्रभु सुखराशी ॥ मिलौ इन्हें वरसों अविनाशी
औरो लक्षण युक्ति समेता ॥ कहि मुनिवर गे ब्रह्म निकेता ।
सुनि ऋषि बचन माल गुहि लीन्ही ॥ सो निज उर सिय धारण कीन्ही
जनक बंधुजा सखिन समेता ॥ देखैं जहं तहं रूप निकेता ।
बाल वृद्ध यौवन नर नारी ॥ लागहि सबै प्राण ते प्यारी ॥ ॥
पुनि नृप त्रिपुरा पद नवैदाई ॥ अचिर काल सब विद्या पाई
यह चरित्र भाख्यो भव सेतू ॥ अब सुनु सिया स्वयम्बर हेतू ।

दो० एक समय मिथिलेश अति शंकर करत पसीन ॥
आइ कह्यो हर मांगु बर तब नृप बोलय लीन ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

नाथ इष्ट जो आशुकर जेहि श्रुति नेति बखान॥
तहि देखों भरि नयन में यह बर देहु न आन॥
सुनि शिव दीन्ह्यों धनुष जो मिला रहै शिव साथ॥
कह्यो कि पूजेहु यही ते मिलो आइ मम नाथ॥

चौ० सुनि विदेह प्रभु हित अनुरागे॥ नित नेम करि पूजन लागे।
यक दिन सिय सेवा ढिग जाई॥ लीले लीन्ह्यों धनुष उठाई।
देखि जनक अति अचरज माना॥ तेहि छिन नह्यौं कठिन प्रण ठाना।
जो लेई शिव चाप चढ़ाई॥ सो नृप मम कन्या बरि पाई॥
लिये बोलि कारीगर भूरी॥ रंगभूमि बिरची तिन रूरी॥ ॥
चहुं दिशि चामीकर अस्थाना॥ तासु मध्य मणिमय मंचाना।
दश सहस्र मिलि मल्ल बिशाला॥ लावत भय धनुष मखशाला।
देश देश प्रति पत्र पठाये॥ सुनि सुनि भूप अपने गन आये
बन उपवन पुर पंथ निकेता॥ उतरे निज निज सैन समेता॥
सुनि दशमुख बाणासुर आवा॥ प्रथमे निज निज पौरुष गावा।
रावण धस्यो धनुष तब जाई॥ बहु बिधि बल कीन्हा उठाई
उठा न नेकु चप्यो कर गाढ़े॥ अति बल कीन कढ़ा तब काढ़े
सभा मध्य करि कपट बहाना॥ जात भये निज निज अस्थाना।
भूपहु दिन प्रति बिपुल उठावें॥ टरै न जब तब दुंदि मचावें॥
यहि बिधि बीते केतो मासा॥ अब सुनु मुनिवर की इतिहासा।
गाधि सुवन नन्दन बन रहहीं॥ यज्ञारंभ कीन जब चहईं॥ ॥
तब तब असुर करहिं अपकारा॥ लखि मुनिवर निज हृदय बि
भानु बंश प्रगटे रघुराई॥ लोचन सफल करहु तहं जाई
लावहु मांगि सुभग दोउ भ्राता॥ ते दलि खल हैं हैं मख त्राता
क्वार कृष्ण ऋषि दिवस सिधाये॥ नौमी दिन कौशलपुर आये
देखी बनानि अवध पुर केरी॥ तीनि लोक ते सकल अनेरी॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

पुर चहुँ ओर कनक कर घेरा ॥ उपवन बाग मनहु मधुसेरा ॥
बसु दिशि बसु दरवार बिराजै ॥ आठ आठ सेना पति राजै ॥
रहैं वेद घांट का परमाना ॥ जाहिं भवन जब आवैं आना ।
बिधि हरि हर धनपति रद एका ॥ बसत मनो धरि रूप अनेका ।
वापी कूप तडाग घनेरे ॥ मणि सोपान मधुर मधु नेरे ॥ ॥
बिस प्रसून बिकसे बहुरंगा ॥ कूजत खग गन गूंजत भृंगा ॥
मणि मय महल बिशाल अपारा ॥ मानहुं नभ तनि ऊपर धारा
चित्र बिचित्र अनेक बनाये ॥ कनक कलस शशि सरिस सोहाये
ध्वज पताक तोरण नव ठाटा ॥ देहरी बिद्रुम कुलिश कपाटा
चहुं हट हाट फराकन हींची ॥ बीथी सकल सुगंधनि सींची
आवत जात निकर नर नीके ॥ गज रथ बाज भावते जी के ॥
बाजन बिबिधि भाँति के बाजैं ॥ मत्त गयंद अनेकन गाजैं ॥
कतहुँ मल्ल गण भिरैं प्रचारी ॥ कतहुँ गीत गावैं मिलि नारी ।
कतहुँ बिप्रबर वेद बिचारैं ॥ कतहुँ सन्त जन नाम उचारैं ।
कतहुँ हंस सुक सारिक बोलैं ॥ कतहुँ केकि पारावत डोलैं ।
मध्य ग्राम नृप धाम अनेका ॥ बननि बिशाल एक ते एका
भूप सभा शुभ की रुचिराई ॥ देखत बनै बरणि नहिं जाई

दो॰ आवैं जांइ अनेक नृप झुकि झुकि करैं प्रणाम ॥
राजत कोशलराज जहँ सुरपति ते अभिराम ॥

चौ॰ उत्तर दिशि सरयू सरि बहई ॥ अमल अपाप आप सो अहई
आशु अधो मति कुंचित चाले ॥ औरहि देत ऊर्द्ध पद हाले
बांधे घाट मनोहर नाना ॥ जहँ तहँ जीव करैं असनाना ॥
निकट निवास मुनिन के रूरे ॥ सुमन बाग तुलसिका हजूरे
देखत मुनिवर पुर की शोभा ॥ सरयू तट आये मन लोभा ।
मज्जन कीन मुदित जल खावा ॥ ऋषि आगमन नृपति सुनि पावा

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

सचिवन सहित तहँ आवत भयऊ ॥ करि सनमान सदन लै गयऊ ॥
नाये सब रानिन पद शीसा ॥ दीन्ही मुदित मुनीश असीसा ॥
गहे चरण पुनि चारौं भाई ॥ पृथक पृथक हैं आशिष पाई ॥
भये प्रेम बस रामहि देखी ॥ चपल दृगन परिहरी निमेषी ॥
षोडश भाँति पूजि महिपाला ॥ बोले वचन नाइ पद भाला ॥
भूरि भाग हम तुम्हैं निहारा ॥ कृपा कहौ केहि हित पगु धारा ॥
सुनहु नरेश तपोवन माहीं ॥ करन देत मख निश्चर नाहीं ॥
तेहि हित याचन आयों ताता ॥ दीजे राम लषण दोउ भ्राता ॥
सुनि मुनि वचन बान सम लागे ॥ बोले भूप भभरि भय त्यागे ॥

दो० याचक जन नाहक किये जगत पिता संसार ॥
हित अनहित न निबाह कछु माँगन ही को कार ॥
विविध यतन कीन्हें मिले चौथे पन सुत चारि ॥
निपट निठुर निर्मोह तुम माँगहु नाहिं विचारि ॥

चौ० कहँ सुकुमार सुवन मम बारे ॥ कहँ निशिचर सम असुर भयकारे ॥
जे अनुसरगहि जानत नाहीं ॥ ते कैसे लरिहैं रण माहीं ॥
राम सनेह सहित सुनि बानी ॥ है प्रसन्न पुनि कह मुनि ज्ञानी ॥
नृप देखत हैं राम नदाने ॥ अहहिं सबल अति चतुर सयाने ॥
इनकर रूप प्रताप जहाना ॥ जानत सब गुरु सरिस महाना ॥
तेहि ते देहु लेहु करि नामा ॥ याही हेत धरयो वपु रामा ॥ ॥

दो० तुम कहँ याचक जगत में आदि विश्वामित्र कीन ॥
सो नहिं भूपता दानि के कोशलराज लघु पीन ॥

चौ० कह नृप सत्य झूठ कछु नाहीं ॥ राम प्राण प्रिय दिये न जाहीं ॥
हम सब संग चलौ सजि साजा ॥ तुमते नहिं होई यह काजा ॥
धरणि धाम धन चहौ सो लीजे ॥ केवल त्यागि राम कहँ दीजे ॥
मोह विवश हैं करत विवादा ॥ त्यागत निज कुल की मर्यादा ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

इतना कहत क्रोध उर जागा ॥ महि पताल नभ हालन लागा ॥
सुरनर अहि सब उठे डराई ॥ चाहत होन प्रलय की नाई ॥
तब वशिष्ठ मृदु वचन प्रकाशा ॥ कीजे कृपा जानि निज दासा ॥
राजा से बोले मुनि लेहू ॥ बालक इन्हे मुदित मन देहू ॥

दो० इन ही के तप तेज बल बधित मख चर आसुरारि ॥
ऐहैं अल मंगल सहित सर्व विजय शिव सारि ॥

चौ० सुनि नरेश तब सहित सनेहा ॥ दीन्ह सौंपि सुवन कहि येहा ॥
नाथ हाथ ये बन मग जाता ॥ तुमहीं हो इनके पितु माता ॥
विश्वामित्र लहे दोउ भाई ॥ मानहु रङ्क महा निधि पाई ॥

छं० मानो महा निधि पाइ तब मुनि राय है संतुष्ट जू ।
बोले अहो तुम धन्य नृप निज राज नय में पुष्ट जू ॥ हे अ-
र्थ सब तब सिद्धि याते धर्म रत चित जो अहौ । मुनि सु-
खा लीन स्वधीन हीन मलीन पथ नाहीं गहौ ॥ जो पूर्व पि-
त्र पिता महादिक कीरही सद्वृत्ति जू । सो अर्थ धर्म सु-
काम में तब भई नहिं निरवृत्ति जू ॥ मोहि देत रामहिं कि-
हेउ कष्ट सो नष्ट पथ नाहीं अहे । रघुनाथ प्रेम विहीन कौ-
ने धर्म फल पायो अहे ॥ तुम गहत हो नहिं काल कौन्यौ सू-
द्र मूढन की दसा । पल्लवत फूलत फलत सुरत्सो सर्वरस
तुम्हरी दसा ॥ सत शौच धीरज दया मृदु तप तोष क्षमा ग-
म्भीर हो । निरमान मति बलवान ज्ञान निधान हर पर पीर हो ॥
वस करत भाँति देवाइ भीरुइ श्रेष्ठ हित गहे विनय हो ।
समनून को करि निज रावत स्वबस तुम दिन छिने हो ॥ तु-
म भ्रात पितु गुरु मित्र को रिपु घोर लखि बध करत हो । अ-
ति अन्त लक सम सन्तनति बचन प्रिय अनुसरत हो ॥ तु-
म मारि प्रति पक्षीन पाछे कृपा करि कृत बोध हो । मुनिव-

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

लत पथ को कर्म लायक देत फल करि सोध हो ॥ जिसवा
स हू के मरन ते नहिं रहत कबहुं निधांक हो। है जासु नहिं
बिश्वास तासों सदा शंकित अंक हो ॥ जे चार लायक ति-
न्हें करि के चार भेजत देश हो। बहु भेष धरि ते खबरि ला-
वत लखत तेहि तुम बेस हो ॥ तुम सदा रहत प्रसन्न सब
से निठुर कारज काल हो ॥ करि मंत्र राखत गुप्त सन्तन सा-
व धान नृपाल हो ॥ तुम जात दीन नदीन पै कृत कार्य्य च-
हत न साथ हो। निःशेष कार्य्यन करत पर को रखत कछु
निज हाथ हो ॥ तुम शत्रु भय को देखि तासों होत अभय सं-
हारि हो। जो कार्य्य आगे होइ गतिहि प्रथम लेत बिचारि
हो॥ पुनि देश काल स्व भाग्य माफिक कार्य्य में मनु दे त-
हो। करि साधु बिप्रन तोष आशिर बाद तिन सों लेत हो॥
तुम त्यागि मत नास्तीक तालस लखत आमद खर्च हो।
गज अश्व गढ़ भट काम कारक आदि सुरकी अर्च हो ॥ श्र-
म थोर फल बहु बिधि सो जानत प्रजन के पुर नाम हो ॥
रघुनाथ माला कार सम तुम करत जग को काम हो ॥ जल
असन धन पट अस्त्र अनुपम किये बहु अर्जित सहो ॥ हैं
भूप जे तव वश्य तिन को संग नित लीन्हे रहो ॥ निर बंधु पं-
गु अनाथ इन को करत नित पालन अहो। बुध बेद मंत्र
न को भिवादन करत करि लालन चहो ॥ कर लेत बनिक-
न ते तिन्हें घर कुशल पहुँचावत अहो। रण दान में नहिं
गहत लालच चपलता मन में गहो ॥ हो लेत कारज जासु से
तेहि देत सम्पति भूरि हो। हरिभक्त मन बच कर्म रहत अध
र्म ते नित दूरि हो ॥ निज कुटुम्ब पाल समाज सुखप्रद भये
सुत जिनके हरी। हौ सकत तेहि न प्रशंसि देत अशीश जीवहु वय औ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

चौ० पुत्रन हित करौ शोच न किनका॥ कोऊ न है दुखदायक इनका
सुनिकै सकल मातु अकुलानी॥ करि हैं बिघ्न राम जिय जानी
तुरतै प्रभु निज माया पेरी॥ तेहि तब हरी प्रीति सब केरी॥
दुवादशी दिन पारणा करिकै॥ पुरबासिन कै धीरज धरिकै।
पहिरि बसन भूषण प्रति अंगा॥ कटि तरकस कर सर सारङ्गा
जननि जनक पद शीश नवाई॥ पाइ अशीश चले हरषाई।
चलत दीन हनुमा नै छोरी॥ कछु दिन में बन मिलब बहोरी
कहत सुनत इतिहास हरी का॥ देख्यो आइ तपोवन नीका।
परि ता दिवस ताडुका धाई॥ रामहि मुनिवर दीन देखाई।
लखिकै प्रभु अब लोकत नारी॥ द्विज द्रोही बध दोषन मारी
बैरोचनजा दीरघ जिह्वा॥ सुरपति तेहि मार्‍यो लखि लिह्वा
भृगु भामिनि निष्ठुर हितकारी॥ नारायण तेहि आपु संहारी
परसराम गंभी निज माता॥ तिमि तुम याहि हतौ गति दाता
गुरु आयसु सुनि नीति निधाना॥ बरजि तून तें काढ़ो बाना।

दो० कढ़त एक धनु चढ़त दश कर्षत भे शत बाण॥
तजत सहस तन लागहे लक्ष गये तेहि प्राण॥

चौ० तनु छूटत भै सुन्दर भामा॥ अस्तुति करत गई हरि धामा
लखि प्रभाव मुनि माया कीन्ही॥ विद्या निधि का विद्या दीन्ही
जेहिते लागन क्षुधा पियासा॥ अस्त्र शस्त्र विधि तेज प्रकासा
पुनि मुनि ते बोले रघुराई॥ निरभै यज्ञ करौ तुम जाई॥ ॥
आयसु पाइ करत मख लागे॥ बैठे प्रभु रक्षा हित आगे॥
खबरि पाइ सुबाहु मारीचा॥ धावा बिपुल संग लै नीचा॥

गीतिका छं० धावा बिपुल लै नीच बीचहि राम बिन फ-
र सर हन्यो। शत योजन नाग्र बिचारि कारज पार सागर के ग-
यो॥ पुनि अग्नि अस्त्र सुबाहु मार्‍यो लषण सब सेना हनी।

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

हरषे सकल सुरसन्त बरषि प्रसून कहि रघुकुल मनी ॥
इति श्री बिश्रामसागर सब मत आगर ग्रंथ उजागर श्री रघुनाथ दास राम सनेही कृत विश्वामित्र मखरक्षणो नाम षष्ठो ऽध्यायः ६

दो॰ सुमिरि राम सिय सन्त गुरु गणप गिरा सुख दानि।
अगिनि बेष मत कहौं कछु पद्म पुराण बखानि॥
करि अवभृथ मख अथ दोउ मैथल हेतु ग्रंथीश॥
रहे तहाँ निज दूत सुनि पठयो मिथिलेश ॥ ॥

चौ॰ दूत आइ मुनि बैरे सुनायो॥ महिप समाज विदेह बोलायो।
हेतु समुझि बोले मुनि ताता॥ देखन चलहु धनुष मख ताता।
भले नाथ कहि कृपा निकेता॥ चले गाधि सुत ऋषिन समेता।
हरि दिन एक शिला लखि पाई॥ कह मुनि पद प्रभु देहु छुवाई।
कारण कौन सकल मुनि बरणो॥ गौतम श्राप पाक रिपु करणी।
एक दिन इन्द्र मुनन ते कहेऊ॥ मम त्रियते बर तिय कहुं चहेऊ।
देखन रवि रवि शशिहि बतायो॥ अधिक अहिल्या मुनि तहं आयो।
सुनि मुनि गे तम चुर सम बानी॥ गौतम बपु बासव रति दानी।
कह्यो गंग छल तुमरे गेहा॥ भवन आइ लखि कह बच नेहा
एक भग हित तुम आयो हमरे॥ होइ सहस भग सब तन तुम्हरे
कह्यो अहिल्याते पवि रूपा॥ हे सब कष्ट सहौं सुर भूपा ॥
बिनय सुनत बोले हरि चरना॥ छुवत तोर होइ निस्तरना॥
इन्द्र स्तुति सुनि कह मुनि भारी॥ धनु धुनि सुनि होइहैं सब आंखी
बहु दिनते पथ लखत बिचारी॥ सुनि प्रभु पद रज दीन निहारी
परसत चरण भई बर नारी॥ सन्मुख ह्वै अस्तुति अनुसारी

दो॰ जय जग दीपक सर्व पर प्रेरक प्रकृति प्रभाव॥
अहे ब्रह्म अनादि सुर राम अकाम सुभाव॥
त्वत्पद पल्लव महत्पद पुराय यशाश्रित जगत॥

भवधिवत्स पद परम्पद पद बिपदानहिं देयु ॥
जे बिसइक जग जीव जड़ कर्म क्रिया युनभाव ॥
ताही के मद ते छके माया मोहित ज्ञान ॥ ॥
ते नर भाखिल होत नहिं तव पद पङ्कज नाथ ॥
भूली सुधि शुभ पन्थ की बिचरु कुपन्थ सो हाथ ॥

चौ० तुमि करि बिनय भक्ति बराई ॥ हृदय सहित पति लोक सिधाई ॥
मुदित सकल लखि गति अभिरामा ॥ जाइ गंग तट कीन प्रनामा ॥
पूछा प्रभु किमि आई गंगा ॥ कौशिक मुनि कह सकल प्रसंगा ॥
नृप भगीरथ तप करि लाये ॥ जुरिखा जेहि बिधि स्वर्ग सिधाये ॥
जासु प्रभाव सुनिन बहु गावा ॥ सोइ सुबोधि ताकेहि नहिं पावा ॥
मुनि समसमाज सप्रेम नहाने ॥ दीन दान भूसुर सन माने ॥ ॥
मुनि सब ऋषिन सहित रघुबीरा ॥ पहुँचे जाइ जनक पुर तीरा ॥

दो० देखे बन उपबन बिबिध बापी कूप तड़ाग ॥
मानि सो पान पियूष जेहि पान करत श्रम भाग ॥
बीथी करबर सबन के चोहट हाट अनूप ॥
धनिक बणिक बैठे मनहुँ धनद धरे बहु रूप ॥
मिथिला नलिके महल की शोभा किमि कहि जात ॥
जहँ बिहरत श्री जानुकी अखिल लोक की मात ॥
रमयन्ती रति बिधु मती मान रूप श्रुति जात ॥
लाजत मदन मयंक लखि सील जू को गात ॥
रवि ते मौरा शशि शम्भु ते जो वावन ते गंग ॥
लही अधिक छबि त्यों लही निमि कुल सीय प्रसंग ॥
जहँ तहँ टिके नरेश बहु बाल बाहन जिन साथ ॥
सुचि आश्रम लखि मुनिन युत उतरे तहँ रघुनाथ ॥

सो० खबरि पाइ मिथिलेश ॥ सहित सचिव भट भूरि द्विज ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

आये जहां अवधेश। नाय मुनि पद शिर सबन॥
चौ० दीन अशीस निकट बैठाये। बूझी कुशल दरश नव पाये
रामलषण कर रूप निहारी॥ जनक सहित सब भये सुखारी
जोरि पाणि बोले मुनि नेरे॥ नाथ कहो ये सुत किन केरे॥ ॥
मुनि कुल तिलक कि नृप कुल जाये॥ कीदोउ ब्रह्मरूप धरि आये
इन्हें देखि मोहि भा सुख जैसा॥ नहिं त्रयताग ब्रह्म सुख तैसा
की भरि जन्म योग हम कीन्हा॥ ताका फल बिधि वत बिधि दीन्हा
कह मुनि सत्य कह्यो तुम ताता॥ ये प्रिय सबै जहांलगु गाता॥
कोशलेश दशरथ बल जाका॥ जानत दश मुख सुर पुर नाका
तिन के तनै मनोहर चारी॥ लक्ष्मण राम भरत रिपु आरी॥
उभै रहे अवधेश निकेता॥ लायों मांगि मिथुन मख हेता।
असुर मारि मम यज्ञ कराई॥ पद परसत मुनि तिय गति पाई
धनुष यज्ञ सुनि तव पुर आये॥ भले नाथ दृग सफल कराये
निज समाज ते पुनि सुख दानी॥ गाधि सुवन की कथा बखानी
इनकर बिभौ जात नहिं जाना॥ तेज पुंज अति क्रोध महाना
जासु समुझि तप तेज बिधाना॥ अजहूं डरत रहत सुर नाना
मुनि बशिष्ठ के पुत्र अनेका॥ जिन मारे नहिं छोड़े एका॥ ॥
जन्मि क्षत्रि कुल भे द्विज बर्णा॥ सृष्टि दूसरी लागे कर्णा॥
तप बल ते जिन नदी अमाना॥ करी कौशकी पुराय महाना
गोत्र संकु करि गुरु अपराधा॥ दियो शरण ताको निरबाधा
ऐसे जिनके कर्म अनेका॥ सुनि मुनि बोले सहित बिवेका

दो० एक लोक परलोक नहिं यक परलोक न लोक॥
एक सुखी दोउ लोक में तिन मा तुम गत शोक॥

चौ० सुनहु भूप सब भूप कहावैं॥ निज रक्षा कोइ करि न सकावैं
तुम साधे नृप दूनहु लोका॥ करत भयो सब प्रजा बिशोका

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

नाथ कृपा कहि सहित समाजा॥ आनि उतारे शुभ थल राजा
षोड़श भाँति पूजि सह चेला॥ हरष सहित तब गये निकेता

दो० पहर तीसरे कह्यो प्रभु मुनि पद शीश नवाइ॥
लषण दीख चाहत नगर आवहु तात देखाइ॥

चौ० आयसु पाइ चले दोउ भाई॥ खबरि सकल पुर बासिन पाई
बालक वृद्ध तरुण नर नारी॥ धाये निज निज काज बिसारी
देखें जब रघुपति बपु आई॥ अंग अंग प्रति रहे लोभाई
करहिं बात सब आपुस माहीं॥ इन सम रूपवन्त कोउ नाहीं
विधि हरिहर हैं बिश्व बिशाला॥ ते मुख चारि भुजा बिकराला
मदन अतनु शशि रहत न पूरा॥ अपर जीव अस कोहै रूरा
कोइ कहै धन्य नगर इनकेरा॥ संतत जहँ ये करत बसेरा॥
धन्य सकल पुर बासी अहहीं॥ जब तब जे अवलोकत रहहीं
कोइ कह धन्य मातु जिन जाये॥ कोइ कहै धन्य दरश हम पाये
कोइ कहै भागवती नृप जाई॥ विधि जस कातस देत मिलाई
कोइ कहैं अबै कठिन नहें कामा॥ कोइ कहैं धनुष तोरिहैं रामा
कोइ कहैं ए बालक महि थोरा॥ देखत छोट अहैं बरजोरा।
जिन मग शिला उधारी एका॥ मख हित मारे असुर अनेका
कोइ कहैं ए सहि करे विधाता॥ तौ हम का सबका सुखदाता

दो० बारी रूप अनूप बर बरता बाम ते बाम॥
कहैं बाम विधि विधि करी बाम देव धनु बाम॥

चौ० कोइ कहैं इन्हे भूप जब देखी॥ तजि प्रण करी बिवाह बिशेखी
कोइ कहै प्रथम नरेश निहारे॥ प्रण नहिं तजी लाज के मारे।
कोइ कहै धर्म कर्म भल सोई॥ जेहि पाछे पछि ताव न होई।
कोइ कहै मनमे करो उछाहू॥ होइ राम सिया कर ब्याहू।
कोइ कहै जो विधि बस अस होई॥ तो कुल धन्य होइ सब कोई

बार बार नृप सुता बोलैहैं ॥ देखब जन तब चालन ऐहैं ॥ ४ ॥
कोइ कहै हम चाहैं नृप ढोटा ॥ होंइ न कबहूं नयनन वोटा
कोइ कहै भाग चही अस माई ॥ सूती में नहिं सिंधु समाई ।
जौन होत बड़ि भाग्य हमारी ॥ तौ न मिलत मिथिला पुर प्यारी

दो॰ फिरिकीसी थिरकी फिरैं बिबरि किन प्रति नर नारि ॥
थिरि किनि तजि रघुनाथ कों निरखैं पलक बिसारि ॥

चौ॰ जब जेहि नयन वोट चलि जावैं ॥ भइ हानि अस बचन सुनावैं
एक कहै तुम भले निहारे ॥ भइ सखि बैरिनि लाज हमारे ॥
आवत निकट बदन पट दीना ॥ भरि नयनन अब लोकिन लीना
एक कहै बर बस मन मोरा ॥ हरि लीन्ह्यो सांवरो कि गोरा
एक कहै अस जगमें कोहै ॥ इन्है बिलोकत जौन बिमोहै ।
कोइ कहै सत्य बचन सखि तेरे ॥ इन चित चोरि लिये सब केरे
अब धौं बिधि कब दरश देखाई ॥ रंग भूमि फिरि देखब जाई
कोइ कहै सपने की निधि जानो ॥ बिन रति बंधवादि सुख मानो
कोइ कहै जो बिधि होई दाहिन ॥ तौ इन ते धनु उबरै चाहि न
नाहित दरश दूरि इन केरे ॥ अबला बपु कछु होत न हेरे ॥
यहि बिधि निज निज मति अनुहारी ॥ करैं बात जहं तहं नर नारी
शोभा सागर अनुज समेता ॥ सुलभ दरश सब काहु देता
रंग दास पुनि देख्यो जाई ॥ रचना बिचित्र रचना मन भाई ॥
बालक जो जेहि ओर बोलावैं ॥ प्रेम बिबस प्रभु तेहि दिशि जावैं
सब के नाम कहैं मृदु बचना ॥ तुम भलि भांति देखायो रचना ।

दो॰ जाकी इच्छा ते रचत माया अंड अनेक ॥
सो प्रभु चितवत चकित चित भक्त बत्सल हित एक ॥
लौटत सब के सफल करि लखन सहित रघुनाथ ॥
आये जहं तहं आइ के मुनि पद नायो माथ ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

गई निशा सेयि सकल शौचक्रिया करि प्रात॥
समै पाय आयसु लै सुमन लेन दोउ भ्रात॥

त्रिभंगी छं॰ पहुंचे नृप बागा सह अनुरागा देखन लागा- अति नीका। जामें ऋतु राजा सहित समाजा रहत विराजा। नित हीका॥ नाना तरु फूले सफल समूले मधुकर भूले गुं- जारें। खग विविध कलोलें जहँ तहँ बोलें जनु निज टोलें हँकारें॥ सर मध्य सोहाना मणि सोपाना जल चरनाना क- मल लसें। तँहि तट अति नीका सदन सती का छवि जन जी- का चोरि बसैं॥ अतुलित फुलवाई सकल मझाई पुनि दोउ भा- ई प्रेम पगे। माली गण जेता पूछि सचेता मुदित सुमन दल लेन लगे॥

दो॰ तेहि अवसर सीता तहँ आई सखिन समेत॥
मातु पठाई मुदित मन गिरिजा पूजन हेत॥
मज्जन करि सर सखिन युत गई गवरि के धाम॥
पूजि यथोचित मनहि मन मांग्यो बर अभिराम॥

सोरठा एक सखी तजि संग। देखि बालक जाइ दोउ॥
आई सहित उमंग। बूझे ते बोलत भई॥

चौ॰ सुनहु सखी यहि बाग मँझारा॥ आये हैं द्वै सुभग कुमारा
गोरे श्याम छबिधाम किशोरा॥ चितवत चित चोरयो जिन मोरा
रूप अनूप सकों किमि भाषी॥ नैन अबैन बैन बिन आँखी
कह्यो एक है हैं सखि सोई॥ जिन मोहे पुरजन सब कोई।
बरनत जहँ तहँ रूप विशेषी॥ देखन योग चलहु सखि देखी
आगे करि सोइ सखी पियारी॥ चली सकल चहुँ ओर निहारी
बिटप ओट जब देखे जाई॥ गई अपनपौ सबै भुलाई॥ ॥
वैदेही जब रामहि देखा॥ गिरी मूर्छि महि प्रेम विशेखा॥॥

रूप चित्ति सब विष बिक्षुरन रागा ॥ जोन गिरि अधतो नहिं लागा ॥
धरि धीरज सब सखिन उठावा ॥ लेहु देहु नृप सुत सुनि भावा ॥
पुनि सनमुख दरसे दोउ भ्राता ॥ सहज सो हाव न पावन गाता ॥
दो० सारंग दृग सुख धारि ॥ पर सारंग कटि वपुधार ॥
सारँगधर रघुनाथ छवि सारँग मोहन हार ॥
चौ० रंग अंग छवि देखि जुड़ानी ॥ पितु प्रण समुझि बहुरि पछितानी ॥
सकल सखिन निज मन अस चाहा ॥ हठ परिहरि नृप करें विवाहा ॥
तौ सब के मन होइ अनन्दा ॥ अपर अधिप संग काज मंदा ॥
इत जान किहि देखि रघुवीरा ॥ बोले लक्ष्मण ते धरि धीरा ॥
दो० तात तकहु छवि राशि यह जनक सुता है सोइ ॥
जेहि हित धनुमख होत सुनि बहुरें नृप सब कोइ ॥
जासु अलौकिक रूप लखि सहस सबहु मन मोर ॥
भयो क्षुभित निज सोच तजि सो गति जाने कोर ॥
कह्यो लषण होतव्य जो सो प्रथमे सरणा ल ॥
करत बात इमि तात तन मन अटक्यो सिय गात ॥
इते सखिन लखि गहरु निज उर हरि मूरति लेखि ॥
आई गवरि निकेत पुनि खग मृग मिसि दिशि पेखि ॥
यथा पुत्र पितु प्रेमकृते चिन्ता भरी मोहि देह ॥
हरषै दीरघ धाम कहु फिरि आवे कहें येह ॥
कमल छं० तिमि सीया । लखि पीया ॥ हित वरी ।
लगि करी ॥
त्रिभंगी छं० जय जय भव भामिनि त्रिभुवन स्वामिनि मृगपतिगा-
मिनि ज्ञान निलं । तड़ितंगा सत्रूप अद्भुत रूपं मुख द्विजभूपं पाक
दिलं ॥ भुज चंड त्रिकालं धृत करवालं कृत जनपालं कामप्र-
दं । सुर नर मुनि बंदनि असुर निकंदनि भूधर नन्दिनि

कूट कूटं ॥ जय जलजन बिलोचनि रतिम दमोचनि परहित सोचनि कंक बिधे । अव बिमल प्रकाशिनि कलिमल नाशिनि स्वबस बिलासनि नीति निधे ॥ अति अमित प्रभावा वेद न गावा तदपि नयावा पार कुतं । विधनेश षड़ानन सम सुति मानन रिधि सिधि सासन नेम युतं ॥ जै जै नव वरणां सुखनिकरणां तेवर बरणां लब्ध फलं । पति पद रति सानी तिय अनुरागी सोबड़ भागी होन हलं ॥ अब भाष रसाला कुक मई माया प्रगटन गाथा गुन खानी ॥ सुनि सुस्य वचन गौरि मुसुकानं बोली वचनं मृदु बानी ॥

चौ० जय जय श्री मिथिलेश दुलारी ॥ जय कारम जननि जनक मनुहारी ॥
जय जग मगल त्रिभुवन धीरा ॥ तड़ित बरन वपु छवि गंभीरा ॥
जय जग दुस्तर दरशा तुम्हारे ॥ करि करुना बिचरत पद धारे ॥
जय भव भय भंजनि सुख देनी ॥ विधि हरि हर बन्दत सुरश्रेनी ॥
जय जप तप करि सुगति जे चहईं ॥ बिन तव कृपा न सपनेहु लहहीं ॥
सबके परे वेद जेहि गावै ॥ सो तव सुमिरत ते कर आवै ॥
दिव्य वरष शत शंकर ध्यायो ॥ राम गुरू है पंथ बतायो ॥
तब तव दरशन ते सुख लहेऊ ॥ कुम्भज आसन संहिता कहेऊ ॥
शेष सहस मुख दश मुख बानी ॥ तव महिमा नहिं सकत बखानी ॥
हम समान तव कोटिन दासी ॥ नयन निमिष नित करैं खवासी ॥
सो तुम मातु बिनय मम कीन्हीं ॥ निज जन जानि बड़ाई दीन्ही ॥
चतुर काल कोऊ जब जैसा ॥ तब तहं नाच करावै तैसा ॥
तेहि ते खेद अधीश हमारी ॥ पूजे मन कामना तुम्हारी ॥
नारद बचन सदा उर धरेऊ ॥ पद परीक्षा पुनि धरि हरेऊ ॥
सुनि सिय सकुचि सहित उर राखी ॥ चली पूजि पुनि गृह अभिलाषी ॥
सीतहि जात जानि रघुराई ॥ चित्र चारु इक लीन बनाई ॥

अनुज सहित आये गुरु पासा ॥ सुमन दीन सब हाल प्रकासा
अरचन करि मुनि बचन उचारे ॥ होइ मनोरथ सिद्ध तुम्हारे।
सुनि मन मुदित भये दोउ भाई ॥ भागन दिवस निशा तब आई
प्राची दिशि शशि देखि सोहाना ॥ सिय मुख सरिस न पुनि अनुमाना

दो॰ बढ़त घटत नित मढ़त नभ दिन मलीन रिपुराहु ॥
सिय मुख सम किमि होइ शशि दीन दुखद सब काहु ॥
गवरि गिरा सम कहिय किमि शैल सुता वाचाल ॥
रति अनङ्ग पनि सिंधुजा चपला जुज जेहि काल ॥
छबि पयोधि गिरि कूर्म अहि शामासुर सब जोइ ॥
इमि मथि काढ़े लक्ष जो सोउ न सिय सम होइ ॥
यहि विधि ते अंग अंग की उपमा करत विचार ॥
भई निशा सब नाथ पुनि देखि परा भिनसार ॥
बोलि लक्ष्मण ने लखहु अरुण उदै भे तात ॥
काहु तो अलि सुखद है काहुइ दुखद लखात ॥

चौ॰ मुनि सौमित्र कह्यो मृदु बानी ॥ प्रभु प्रताप भूरवन पर आनी
जिमि रवि लस गंज्यो करि ताता ॥ तिमि तव धनु बिदली भव चापा
उदि हैं फूलि कमल सब सन्ता ॥ होइहैं पुर जन मुदित अनंता
मृगुपति गति मयंक दुति छीना ॥ नृप गण हैहैं नखत मलीना
खल उलूक दुरिहैं तजि धीरा ॥ हैहैं चक्रवाक यक तीरा ॥
सुहृ गिरा सुनि प्रभु मुसकाने ॥ एका दिन वन जाइ नहाने ॥
नित्त नेम करि मोहन समाजा ॥ तेहि सरा बोलि पठाये राजा
सतानन्द तहँ आइ अचाना ॥ जरथेन सहित मुनि कीन पयाना
लागे लोग अनेकन संगा ॥ धाये विपुल प्रथम महि रंगा ॥
चहुँ दिशि फिरत विचार समेता ॥ तेहि अवसर आनन्द निकेता
रंग भूमि आये दोउ भाई ॥ जनु शोभा मधि शोभा छाई ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

जिन जेहि भाँति भावना आनी ॥ तिन तस देखेव सारंग पानी ॥
योगिन तत्व न्रपन नृप श्रेष्ठा ॥ बुध विराट भक्तन निज इष्टा
सुरन नाथ असुरन सम काला ॥ सिसुन सुहृद मन सिज वपु बाला
जनक जनक रानिन जामाता ॥ मिथिला पुर वासिन बहु नाता
वैदेही देख्यो जेहि भाँती ॥ उर अनुभवत न सो कहि जाती ॥ ॥
सबके मन भरोस अस आया ॥ अवशि चाप तोरिहैं रघुराया

दो० भई भीर अति जनक लखि सेवक दिये पठाइ ॥
यथा योग सब काहु तिन आसन दीन्ह्यो जाइ ॥
रंग भूमि मुनि नाथ कहँ सकल देखाई भूप ॥
बोले कौशिक धन्य नृप रचना कियो अनूप ॥
सब मंचन में मंच यक अद्भुत बनेनि विशाल ॥
तेहि ऊपर सब मुनिन युत बैठाये नरपाल ॥
धनुष ध्वंस नभ रंग महि उडुगन लोग अपार ॥
राम लखण युग चन्द्र सम ऊगे सभा मँझार ॥

चौ० चितवैं सकल राम की ओरा ॥ जिमि मयंक दिशि विपुल चकोरा
कोइ कोइ न्रपन नृपन ते भाषा ॥ चलहु भवन परि हरि अभिलाषा
धनु दलि सिय वरिहैं रघुराई ॥ तुम कत तजि हौ मान बड़ाई
विनहु दले पैहैं जय माला ॥ सुनि बोले तब कुटिल नृपाला
टूटे धनुष कठिन है व्याहू ॥ बिन भंजे को वरी कुजाहू ॥
कालहु कसन होइ यक जोरा ॥ सिय हित समर करब हम घोरा
सुनि बोले तब सज्जन राजा ॥ गाल बजावत तुम्हे न लाजा
कनक कशिप स्वर नावक बीरा ॥ सहस बाहु मधु कैटभ धीरा
जिन ते विजय न काहू पाई ॥ तुम जिति हौ अब बल अधिकाई
परम सुभट अवधेश कुमारा ॥ वरिहैं सिय मथि मान तुम्हारा
जीतन हार न कोउ जग जावा ॥ करै चहै सो गाल बजावा ॥ ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

जगत पिता रघुपतिकहँजानौ॥ जगजननी जानुकिहि पिछानौ
तेहिते दुरबासना नेवारी॥भरि लोचन छबिलेहु निहारी।
नहिं मानो तो खंधक जाहू॥ हमैं मिला नरतन करलाहू।
तेहि अवसर मिथिलेशपठाये॥सभामध्यबन्दी गया आये
भुज उठाइ बोले तहँ दोऊ॥सुनहुं सुप्रण नृपकर सबकोऊ
भुवन चतुर्दश केर भुवारा॥बैठे हैं यहिसभा मंझारा॥ ॥
जो लेई शिव चाप उठाई॥सोबर विजयसहित सिय पाई॥
सुनि हरषे अविवेकी भूपा॥ कसि कसि कमर चलेअहिरूपा
निज निज इष्ट सुरन शिरनाई॥हुमकि धरहिं धनु उठै नराई।
बल विवेक गरुवातम शोभा॥फिरहिं हारि धनुकर बसलोभा

दो० लज्जित है दशसहस नृप मिलिकरि किहिनि विचार॥
लावहु डारी तोरि धनु पुनिलखिय लेव पछार॥

चौ० दशसहस्र इकसंग भुवाला॥रहे उठाइ न नेकहु हाला॥
हसनयोगभे ते नृप कैसे॥ बिन बिराग संन्यासी जैसे॥
जे नृप रहैं चतुर मति धीरा॥तेनहिं जाइँ शरासन तीरा॥

गीतिका छं० नहिं जाइं ते धनु तीर देखि विदेह बदगह
वर हियो।सुरनाग नरनृप असुर आये सुनत जो हम प्रणकि-
यो॥ को कहै कररवन केर काहुन अवनि अल्प छुड़ायहू।
वर बिजै कीरति कुंवरि पावन हार ब्रह्म नजायहू॥तेहिते
सकल तजि आश निज निज भवन गवनव सर्वजू।भट हीन
महि कहि अवन कोई वीर ठानै गर्व्वजू॥जो बात यह जनत्यो
प्रथम तो नेम नहिं करतो मिदं।किन रह कुंवरि कुमारि कर्म
न धर्म त्यागत कोविदं॥

चौ० सुनत वचन पुरजन अकुलाने॥सकलसभा के नृपसकुचाने
मरसम वचन लषणके लागे॥ बोलि उठि रघुपति के आगे॥॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

नाथ जनक अति अनुचित भाखी। काहू की कछु कानि न राखी।
तेहि ते जो नव आयसु पावों। तौ इनको बौरला देखावों॥
कंदुक इव कर गहि ब्रह्मंडा। धनुष समेत करहुं सत खंडा॥
नाथ सपथ जो अस नहिं करहूं। तौ फिरि हाथ न धनु सर धरहूं॥

दो॰ यहि प्रकार के बचन जब बोले लखन सरोष॥
डग मगानि महि कुधर सुनि पायो सुरमुनि तोष॥

चौ॰ जनमन मुदित जनक सकुचाने॥ सियसमेत पुरजन हरषाने।
नयनन प्रभु अनुजहि चुपवावा॥ सहित सनेह निकट बैठावा।
तब बोले ऋषि प्रभु ते बाता॥ अब उठि शिव धनु तोरहु ताता।
उठे तुरत गुरु आयसु पाई॥ सहज सुभाय चले शिरु नाई॥
हरषे सुनि मुनि जन प्रभु केरे॥ देखि बिदेह कही ऋषि तेरे॥
नाथ राम जो ते मन लोभा॥ तेहि ते भई अधिक तन शोभा।
धनु के करषण योग न आहीं॥ बरजि लेहु तेहि ते जनि जाहीं।
भूप करहु मति बिसमै कोई॥ इन ते कठिन को दंड न होई॥
रामै चितै जनक की रानी॥ बोली बिलखि सखिन ते बानी॥
देखो सखि यहि सभा मंझारा॥ बैठे हैं बुधिवन्त अपारा॥
यहि अवसर सब की मति खोई॥ उठि रघुपतिहि न बरजत कोई
गरुव कठोर कहां शिव चापा॥ हारे सकल भूप करि दापा॥
तेहि हित अब बालक पठावें। हंस सुवन कहु मेरु उठावें॥
सुनि बोली गुरु तिय तिन पाहीं॥ तेजवन्त लघु गने न जाहीं।
कहं पावक बन दहत प्रचंडा॥ कहं वामन नाप्यो ब्रह्मंडा
कहं रवि कहं तम तोम बिनाशै॥ कहं अंकुश कहं करि हि सवांरै
प्रणो मंत्र यक अक्षर जाके॥ बिधि हरि हर सुर सब बस ताके।
भृगुसुत च्यवन पेट ते काढ़िकै॥ असुर पुलो महि जारयो बढ़ि कै
बाल खिल्य अङ्गुष्ठ प्रमाना॥ सुरपति को मरद्यो तिन माना।

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

जिमि कुंभज दधि पीन पिछानो॥ तेहि विधि तुम धनु रामहिं आनो॥
सुनि भरोस रानी मन आवा॥ तब तहँ लखि सीता दुख पावा॥
कमठ पृष्ठि सम धनुष कठोरा॥ कहँ श्यामल मृदुगात किशोरा॥
कथम जाइ धरिज उर आना॥ कहत तात प्रण दारुण ठाना॥
हे गणेश गिरिजा गिरिराई॥ राम भुजन पर होउ सहाई॥
हे पिनाक तव काज विशेषी॥ होउ हलुक रघुपति तन देखी॥

दो॰ जो हमरे मन क्रम वचन गति न अपर सुर केरि॥
तो करिहैं भगवान मोहिं रघुनन्दन की चेरि॥

इति श्री विश्रामसागर सबमत आगर ग्रंथ उजागर श्री रघुनाथ दास रामसनेही कृत रामरंगभूमि आगमनो नाम सप्तमो अध्याय: ७॥

दो॰ वेदन मुख रघुनाथ मुनि करी निवेदन देह॥
वेदन मग भेदन करौं जो वेदन सो नेह॥

चौ॰ जो निज चेरिकरब प्रभु नाहीं॥ तो तजि तनु मिलिहों तुम पाहीं॥
यहि विधि सिय प्रण कीन्हें जबहीं॥ धनु दिशि प्रभु अवलोकेहु तबहीं॥
लषण लख्यो अब चाहत तोरा॥ दियें सजग करि कुधर कठोरा॥
आपु चापि महि व्योम सो हावा॥ तब रघुपति हर चाप उठावा॥
प्रथम सो शशि मंडल सम भयऊ॥ पुनि तेहि तीनि खंड है गयऊ॥
एक गयो नभ एक पताला॥ एक गिस्यो तेहि ठौर कराला॥
गहत उठावत तोरत माहीं॥ रहे सब ठाढ़ लखा केहु नाहीं॥
यह शीघ्रता बहुत नहिं तासू॥ पलमा करें विश्व चहु नासू॥
पाछे तासु भई धुनि घोरा॥ रही पूरि त्रिभुवन महं सोरा॥
गड़ गड़ात गिरि तरु महि खसेऊ॥ कमठ कोल अहि पति कसमसेऊ॥
दिग्गज गिरत भिरत नभ लागे॥ सुर विवान रवि चलत न आगे॥
चपिरो महि लखि सकल भुवारा॥ जनक हृदय सुख भयो अपारा॥
हरषे सब पुरजन नर नारी॥ सिय हिय भा अति आनंद भारी॥

जय जय जय कहि सुरसमुदाई ॥ बरषि सुमन दुंदुभी बजाई ॥
तब बिदेह रामहि सहप्यारा ॥ सिंहासन ऊपर बैठारा ॥ ॥
पुनि तहँ तनया बोलि पठाई ॥ सखिन समेत सभा महँ आई
पहिरे बसन बिभूषण नाना ॥ दहिने कर जय माल सोहाना
सिय शोभा लखि सकल भुवाला ॥ भये अपन यो रहित बिहाल
रामै चकित चितव बैदेही ॥ कहाँ गये मम परम सनेही ॥ ॥
रघुपति ढिग लेगईं सहेली ॥ देहु माल प्रीतम उर मेली ॥
प्रभु छबि लखि सिय कंकन माहीं ॥ रहीटेकि करटारत नाहीं ॥
धरि धीरज पुनि माल उठाई ॥ सकुच सहित हरि उर पहिराई
देखि देखि रघुपति उरमाला ॥ सुरनर मुनि सब भये निहाला
पुनि सिय कर गहि कंचन थारी ॥ हरष सहित आरती उतारी
सखिन कह्यो पति पद गहु बाला ॥ कुवत न पुनि मुनितिय कहाला

दो० पहिरे कर नवरतन प्रिय तिय भय धरतन हाथ ॥
प्रीति अलौकिक समुझि के मन बिहँसे रघुनाथ ॥

चौ० सखिन सहित पुनि चली निकेता ॥ तब सब भूपन कैभा चेता
कुटिल महीप स्वान ज्यों जागे ॥ जहँ तहँ गाल बजावन लागे ।
कोइ कहै सीतहि लेहु छिनाई ॥ कोइ कहै धरि मारो दोउ भाई
जो बिदेह बरजै कछु लेखा ॥ लेहु लूटि तिनहूँ कर देशा ॥
सुनि अनन्द करि सरिस मत कहीं ॥ सरिस बंधु भय बोलि न सकहीं
बोले तब नृप साधु सयाने ॥ समुझि बूझि मति होउ अयाने
जो लक्ष्मण मुनि पैहें कबहीं ॥ भये न रहो मनो तुम तबहीं ॥

दो० बारण ते बारण कहूं होइ जुवारण नाहिं ॥
लागी बाण बधत रिपु इन्हे सुवारण माहिं ॥
दुति दिमाक बल बांक पन मान सहित तवनाक ॥
कीन्ही नास अनासही दे के हाँक पिनाक ॥

चौ० तहिते तजि कटु बचन उछाऊ। देखो राम सिया कर ब्याहू
यहि बिबि बादे बिपुल नृपाला॥ अब सुनु परशुराम कर हाला
रोला छं० गाधि राजकी सुता रूप केसी अस नामा। भृगु
सुत रिचिक हजाइ अश्व देवरी लल्लामा। भृगु बोले बरु मांगु
उभे सुत दीजे देवा। यक हमका यक पितहि भले करि यज्ञ क
रेवा॥ हवि कर करि द्वै भाग कह्यो याको तुम खायो। होई सुत
द्विज प्रकृति मातुके नृपगुणगायो॥ देत भाग गा बदलि बहुरि
तपसी बर मांग्यो। सोई भये यमदग्नि जननिके कोशल राग्यो॥
तिन को सदल बशिष्ठ जेंवायो नंदनि बलते। गोमागत गे हा
रि भयो तापस तेहि चलते॥ तप प्रभाव ऋषि राव ऋषिन में प्र-
गट कहाये। रच्यो स्वर्ग मख हेत मांगि रामैं जे लाये॥ यमदग्नि
हि परसेन रेणुका सुता बिवाही। भे सुत सरमें बड़े परशु धर बि-
ष्णु कलाही॥ यक दिन तिनकी मातु चित्र सेने लखि मोही।
कह्यो पिता सिर काटु केहू नहिं काट्यो वोही॥ होउ सकल
जड़ रूप राम मुनि शीश निपाता। बरले चेतन बंधु करे ज्याई
पुनि माता॥ एक दिन सहस सुभाय हरी गो राम हत्यो तेहि॥
पितु अरि भो सुत तासु तेहीते बिपुल बारमहि बिन क्षत्रिन के
करी वरी बिप्रन कहं सोई। रहि महेंद्र गिरि मध्य सिंधु ते सु-
नत चलोई॥

चौ० इत नृप मूढ़न की गल मदरी॥ मिटन न पाई जब तक सगरी
तेहि अवसर आये भृगुनाथा॥ लीन्हें धनुसर परशा हाथा॥
गोर बर्ण शिर जटा बिशाला॥ अरुण नयन उर तुलसि कमाला
सह जहु चित वे जासु कि ओरा॥ सो जाने जिव लीन्हि क्षि मोरा॥
जहं तहं देखि देखि नृप भाजे॥ बहुतेन रूप नारि के साजे॥
बहुत समय बरशान शिरनावें॥ पिता सहित निज नाम बतावें।

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

जनक सहित सिय नायो शीशा॥ भृगुनन्दन लखि दीन असीशा॥
कौशिक ऋषि लै दोनों भाई। मुनिपद मेले नाम बताई॥
रामहि देखि रहे ठगि ऐसे॥ बोले पुनि अनजानत जैसे॥
जनकपुरी केहि हेत समाजा॥ सीय स्वयम्बर है महराजा॥
आगे धनुष टूट महि देखा॥ बोले तब करि क्रोध विशेषा
छं० कहु जड़ जनक बताउ धनुष कौने यह तोरा। सो तजि
सर्व समाज निकसि आवै मम ओरा॥ नाहि त नृप सब
मारि देश तब चौपट करिहौं। तीनि लोक में ढूँढि तासु क-
रनद संहरिहौं॥ सुनि बिलखे पुरनारि नर हर्षे कुटिल न
रेश सब। हृदय न हर्ष विषाद कछु बोले श्री रघुनाथ तब॥
सुनहु नाथ सब साथ प्रबल भावी लखि परई। जो कृत तिनु
के कुलिस कुलिस तिनुका सम करई॥ कहाँ शंभु को दंड
कहाँ हम बालक बारे। होनहार कर दोस दोस शिर परयो
हमारे॥ यथा तार फल पाकिकै पतित होत खग नाम भव
जो भावै सो कीजिये सब प्रकार हम दास तव॥ सुनहु राम सो-
इ दास सदा जो सेवा ठानै। करै शत्रु कर काम ताहि को दास
बखानै॥ तेहि ते हर को दण्ड आजु जेहि खण्डा होई।
सहसबाहु सम समुझि तासु गति करिहौं सोई॥ भृगुपति
केर सुभाव सुनि भई सिया अति शोच बस। तब तिन ते मु-
सक्याइ कै बोले लषण कुमार अस॥ सुनहु विप्र पनबा-
ल बहुत धनुहीं हम तोरी। तबन किहेउ रिस कबहुं आजु
केहि हेतन थोरी॥ तव जननी कर पाप पाप त्रिपुरासुर के-
रा। अपर नृपन कर पाप चाप चित चेति सबेरा॥ रघुपति भु-
ज तीरथ विषे तजेसि प्राण गति हेत तेहि। बिन समुझे रघु-
नाथ पर करत रोष परि तोष नहिं॥ रे बालक मति मन्द मोहिं

नृत्रान सिखावत। सब धनुहिनि की सरिस शंभु को हराइ बतावत॥ सहित राम सिय तोहिं खेदि बन मांझि जुझै हीं। नृप दशरत्थे मारि सकल पुरजनहिं रोवैहीं॥ मरले भुतल तोपिके बहुरि तपैहीं तापबहु। जान कोहुं अस णिवसपथ तोन कहावौं नाम यहु॥ सुनि बोले पुनि लषण मृत्याकत भारत गाले। ईश चहै सो करै अब ते रोमन हाले॥ सब धनु एक समान कोन यामें अधिकाई॥ छुवँते टूट पुरान घुनन डारा रहै खाई॥ जोनहिं प्रिय यह नाम तो लीजे अपर धराइ मुनि। विप्रन की कछु कमी नहिं मुनि बोले भृगुनाथ पुनि॥ रे नृप बालक मंद देखु परसा को अोरा। जेहि ते बध्यि बहु भूप छीनि छोनी बरजोरा॥ को जाने केबार सौंपि विप्रन कहँ दीन्ही। तो को बालक समुझि ढील यतनी हम कीन्ही॥ अबते परखु प्रभाव मम यम जनि पितु रोवाउ निज नाहित डरिहौं मारि फिरि निपटहि जानु न मोहिं द्विज॥ हे मुनि कत हरबार देखावत मोहिं कुठारी। फूकनते तृण उड़त उड़न नहिं भूधर भारी॥ जो तुम होतेउ सुभट तदपि हमरे कुल माहीं। विप्र धेनु सुर साधु लरत इन ते कोइ नाहीं॥ बधे पाप हारे अयश सब विधि भला जो खाइ गम। अस विचारि मन मारि तव सहियत हैं कटु बचन हम॥ गाधि सुवन सुनि लेहु अहै या बालक खोटा। जान चहत यमलोक ललित परिहरि निज ओटा॥ तेहि ते लीजे बरजि कछुक कहि सुयश हमारा। नाहित सब के अछत आजु खल जाइ मारा॥ कौशिक समुझौ मन विषे मुनि जानत हैं बाल ये। असन विचारत जग तपनि हैं कालहु के काल ये॥ हँसि बोले पुनि लषण सुनहु मुनि सुयश तुम्हारा। तुम्हे अछत को कहै अहै अस को

सर नारा ॥ जोन एक सुख चुके करो दश बीस मजूरा । ओहि ने
सब सुनि लेइ सपदि है जाँवै पूरा ॥ सूर न बरगत सूरता का-
दर करत कलाप घर । समुझि परत मोहिं कछुक दिन की-
नि मरहुगी आप वर ॥ सुनि लक्ष्मण के बचन जनक मनमा-
हिं डेराहीं । पुरबासी है बिकल कहें आपुस के माहीं ॥ देखो
भूप किशोर गोर जेतनै है छोटा । तेतनै खोट लखात डेरत
नहिं मन कर मोटा ॥ भृगुनन्दन करि कोप तब परशु सुधारउ
हाथ गहि । बालक करु समर इत नाहित धरु धनुबाण म-
हि ॥ कह अनन्त यहि भाँति हमैं जो अपर प्रचारत । तौ फि-
रि के रख्यो समर चहे सो है मा हारत ॥ भृगु पर रिस करे गुरु
कर पद लोपे पुनि । पकृ पारि रोपे पाँव नीच के करम मिंद सु-
नि ॥ बोले बिश्वामित्र तब छमहु जानि अज्ञान जू । बालक
के गुण दोष होउ गणतन जे बुधिवान जू ॥ सुनि बोले भृगु
नाथ याहि जो अबतक राखा ॥ सो सब शील तुम्हार भार-
ते कौन न मारखा ॥ नाहित काटि कुठार उरिन होतेउं गुरु ते-
रे । तब मन में सुख होत मोन मिटते उर केरे ॥ गाधि सुवन म-
न में कह्यो मुनि सम अज्ञ न आन कोउ । इन्हें बिचारत खा-
ड मय अय मय जानत नाहिं दोउ ॥ कह्यो लषण पितु केर
करज जननी धरि दीन्ह्यो । गुरु कर ऋण रहिगयो चहत हम-
ते सो लीन्ह्यो ॥ गये बहुत दिन बीति ब्याजु बढ़िगा बहु भा-
ई । लीजे ब्योहर बोलि तुरत मैं देहुं गनाई ॥ चरहि सकल क-
रि अचर प्रभु अचरहि जो करि देत चर । तासु अनुज पर प-
रशु धर कैसे सकै चलाइ कर ॥ सुनो जनक सुख तनक अहै
बालक कटु बादी । मरन कहत मम हाथ चहत नहिं देखन
सादी ॥ बेगि करो दृग ओट चहो जो याहि बचावा । पाछे दिहेउ

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

न होय काल याकर चलि आवा ॥ परम कठिन मम नाम सुनि गर्भ स्रवै नृप रवनि सब । ताहि जरावत जंतु जड़ सुनि बोले हँसि लषण तब ॥ सुनो बिप्र जो तुम्हें नीक उतसाह न लागे । तो लीजे दृग मूंदि देखि कोइ परै न आगे ॥ नाहित बन भजि जाहु बोलि पठवा नहिं काहू । जरत होय जो गात पैठि जल मांझ नहाहू ॥ बैदहि बोलि देखाइये ज्वर कर होइ न दोष उर । सुनि कोपे भृगुनाथ अति डरे नारि नर जानि फुर ॥ लखि बोले तब राम काम हौं नाथ बिगारा । मोपर कीजे रोष दोष बिन बालक बारा ॥ देखि धरे धनु बान कहिसि कटु जात सुभायन । जो औत्यो मुनि भेष परत प्रमुदित तव पायन ॥ हमरे कुल की रीति यह काल्हु ते नाहीं डरैं । क्षमहु चूक अनजान की संत सदा दाया करैं ॥ सुनि बोले भृगुनाथ राम रिस जीवे कैसे । अबहूं तक तव बंधु बिलोकत टक्कर जैसे ॥ जो न याहि फल दीन कीन करि रोस कहा हम । गर्भ स्रवैं नृप नारि निकट ठाढ़ो बैरी मम ॥ बहत न कर बर दहत तनु कटु कुठार कुरीठल भयो । किधौं बसी करुणा हिये की सुभाउ सो फिरि गयो ॥ सुनि बोले पुनि लषण नाथ मैं दास तुम्हारा । टूट धनुष नहिं जुरी किहे रिस बारहि बारा ॥ जो अति शै प्रिय होय कछुक तो करिय उपाई । बोलि गुणी द्वै चारि बहुरि दीजे जोर वाई ॥ बैठि जाहु करि कृपा अब पायन के रिपु होउ जनि । नयन तरेरे राम तब गे गुरु पहँ तजि कटु बकनि ॥ सुनि भृगुपति तब कोपि बचन रघुपति ते भाषा । छलशठ बिनवत मोहिं भुरै उत सोदर राखा ॥ करु मम सन्मुख समर तो तोहिं डरिहौं मारी । त्रिपटै बिप्र न जानु अहौं मैं रिपु मद हारी ॥ धनुष तोरि अह-

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

मित भई मानहुं जीत्यो जगत सब। सोनव अपकड़ मिटाइहौं मुनि बोले रघुनाथ तब॥ हेमुनि कहौ बिचारि बड़े जनि अब अधिक काई जो हम निदर खबिप्र अपर को शीश नवाई॥ परसत टूट पिनाक करब हम मद केहि हेता। स्वामिहि सेवक समर कहौ कस हेत निकेता॥ यह प्रभुता प्रभुवंश की अभै होय तुमते डरै। गूढ़ गिरा सुनि राम की भयो ज्ञान परसाधरै॥ तब बोले हे राम धनुष श्रीपति कर येहू। आकर्षहु गहिपानि मिटे जेहि मम संदेहू॥ छुवते चढ़्यो पिनाक देखि भृगुपति पछि ताने। मारहु मम गति कूट छूट सर सकल नसाने॥ जानिहु राम प्रभाउ तब पुलकि गात जुग जोरि कर। लागे मुनि अस्तुति करन जय रघुकुल मणि मान हर॥ जय जगदीश दयाल जयति सुर द्विज प्रति पालक जय मुनि मानस हंस जयति तम चर कुल घालक॥ जय शोभा सुख सिंधु जयति करुणा गुण आगर। जय बल बिपुल बितंस जयति रघुबंश उजागर॥ जय जग जावत जीव की तव पद प्रीति न होइ है। तावत संश्रित शोक ते कूटि न सुख में सोइ है॥

**दो०** जो मैं अन जाने कहा सो क्षमियो दोउ भ्रात॥
असकहि शीश नवाइ मुनि मुदित भयेबनजात॥
हरषे लखि पुर लोग सब बरषे खेचर फूल॥
बाजे बाजन विविधि विधि भाजे प्रति अनकूल॥

इति श्री विश्रामसागर सबमत आगर ग्रंथ उजागर श्री रघुनाथदास राम सनेही कृत परसुरामबन यात्रा बर्णनो नाम अष्टमो ध्यायः॥

**दो०** सुमिरि राम सिय सन्त गुरु गणप गिरा सुखदानि॥
बर्णो मानस मन कछुक नाटक चरित बखानि॥

तब बिदेह मुनिते कह्यो होइ जो आयसु नाथ॥
करों सो मुनि कह गाधि सुत भयो ब्याहु धनुहाथ॥

हरिगीतिका छं० भयो ब्याहु यद्यपि साथ धनुके तदपि दूत पठाइ कै। लीजे दशरथहि बोलि सहित बरात ब्याहें आइकै॥ भल देव कहि लिखि भेद दीन्ह्यों पत्र ले धावन चले। कार्तिक बदी श्रुति पद्म दिन लिय बोलि कारीगर भले॥ तिन ते कह्यो पुर सकल साजहु सुभग भवन बितान जू। शिर राखि मन अभिलाष लागे करण गुण निदान जू॥ बिरचे कनक मय रुचिर खंभ अचंभ मरु मणि पालजू। तिमि घौरि धनि करि बोलि लोहित सुमल मंजु लखवान जू॥ सुरचित्र मित्र सरोज धरि द्रुम्य कलि अलि धेनु जू। असित नारवन्दन वार मुकता हार हरित सुवेनु जू॥ चहुँ ओर दीप अपार कुलि करि गुलिक चौक पुरायहू। ध्वज कलस चामर छत्र सौरभ परिस तरण तुरायहू॥

दो० जिमि सर गत सोपारण मणि जटित लसे दिशि चारि॥
विधिवत कीन बितान तिमि निरखत हित नरनारि॥

चौ० कहँतक कहौं तहाँ की साजा॥ जहँ दुलहिन दूलह सियरामा
नृप गृह सरिस सबन निज साजे॥ शोभा निरखि देवपति लाजे
बसन लसत जहँ कपट सरूपा॥ तहँकर बिभो कि जाइ निरूपा
कौशल नगर सकल नरनारी॥ राम लखण बिन रहे दुखारी
कौशिल्यादि कहें नृपरानी॥ वीर जननि सुत बादि बियानी
राजहु के रहे प्रिय अधिकारी॥ मुनि लेगयो ठगो रिसि डारी॥
तबते मिली नखबरि यथारथ॥ दलन रोव दुखप्रद परमारथ
यकुती बन मुनि अनुगण लीन्हे॥ ऋषि प्रसन्न हित हम हुन दीन्हें
केहि पठई जो खबरि लयावै। भे दिन बहु अब कछु न भावै

तेहि छन दूत अवध पुर आये। फाटक दिन मुनि नृपनिकट बोलाये
करि प्रणाम पाती तिन दीनी ॥ लागे पढ़न प्रेमरस भीनी ॥ ॥
चौबोला छं॰ स्वस्ति श्री श्री पत्री सुभस्थानजी। कोशल
पुर धुर पहुंचे नृपकर कानजी॥ लिखी विदेह नगरते विश्वा-
मित्र की। मिलि बाचने अशीस साहित सुर पित्र की॥ कुश-
ल क्षेम तव तनै अपहें मम साथ जू। तिन हूं केर प्रणाम चर-
ण धरि माथ जू॥ रौरे पुण्य प्रताप अचल मम मख करी। ता-
रिनि पदरज डारि अहिल्या अघ भरी॥ धनुष यज्ञ पुरजन-
क जुरे नृप भूरिजू। गज इव पंकज रामसो डार्‍यो तोरिजू॥
सीताहू जयमाल तिन्हें पहिराय हू। भृगुपति करि अभि वा-
दन बनहि सिधायहू॥ अवशुभ साजि बरात आइ सुत
परणाये। सुनि नृप मुद यश लह्यो सो कैसे बरणाये॥ जि-
मि काहू के क्षेत्र क्षीण सब ले लये। ह्वै प्रसन्न तिन सहित
ग्राम के यो दये॥ धरि धीरज पुनि कह्यो जनक कैसे लखे।
महाराज कहुं छिपत कुमुद पंकज सखे॥ सुनत भरत रिपु
दवन दौरि आये तहां। पूछत प्रिय दोउ बंधु कुशल युत हैं
कहां॥ तब भूपति पत्रिका दई सो बांचेऊ। भये प्रफुल्लित
गात अधिक सुख माचेऊ॥ लागे निछावरि देन मुकर का-
नन दये। लखि समोद नृप सचिव सहित गुरु पहं गये॥

दो॰ दीन पत्रिका बन्दि पद बांची मुनि सह मोद॥
कह्यो कि सुकृती नरन कहं अवनि अम्ब की गोद॥
जिमि सब सरिता सिंधु में जाहिं यदपि अनयास॥
तिमि सुख सम्पति आवहीं धर्म वान के पास॥
तुम सम सुकृती पुरुष को भयो अपर तनु धारि॥
राम सरिस सुत जासु युग कौशिल्या सी नारि॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

सपदि सजाइ बरात वर चलहु भले कहि तत्र ॥
पुनि आये रनिवास सब बोलि सुनायो पत्र ॥
भईं मुदित रानी सकल दीन्हिनि बिप्रन दान ॥
पुरबासिन के हरष सुख को करि सकै बखान ॥

**हरिगीतिका छं०** करि सकै कौन बखान सरिस बेवान गृह सबहिन सजे । रचना अलौकिक देखि निज चित लेखि चतुरानन लजे ॥ नृपधाम अति अभिराम तामधि बन्यो दिव्य बितान जू । बिधुबदनि शोभा सदनि सुन्दरि करहिं मङ्गल गान जू ॥ कतहूँ पढ़ैं बटु बेद कतहूँ बन्दि गरा बिरदावली । कतहूँ टिके अवनीप आय नेवत नृत्य करावली ॥ देखत फिरैं पुर लोग बरदन योग सुर मुनि गात को । तब अवधनाथ बोलाइ सचिवन कह्यौ सज्यौ बरात को ॥

**त्रिभंगी छं०** दीन्ह्यो जब आयसु मंत्रिन कायसु धाइ रजायसु सब धाये । लागे हरषातहि सजन बरा तहि बरणि न जातहि जो ल्याये ॥ कुंजर बहु कारे बड़ मतवारे परे वोहारे लकलक्के । गज घंट जो बाजैं जनु घन गाजैं अति छबि छाजैं धकधक्के ॥ कंचन की ढारी कसी अँबारी मणि मय सारी पचरंगी । बैठे तिन माहीं नृप हरषाहीं देखि लजाहीं निरअंगी ॥ बर बाजि अनेका एक ते एका चलनि बिबेका जिन माहीं । करि कोइ कारे सेत ललारे बिबिधि सँवारे ठहनाहीं ॥ छम छम्म छमक्कें कुवन चमक्कें फुरकि धमक्कें पग भूसें । भरतादि नवीले कुँवर छबीले धनुसर कीन्हे चढ़ि चूसें ॥ गज रथ बहुतेरे अपरबन केरे वृषभ घनेरे अति सोहैं । सुख पाल अपारा सुतर सवारा परे वोहारा मन मोहैं ॥ भाले बरदारे अंडिन वारे अग रौन्त धारे फुलवाई । लीन्हे बहु ताज़ी आतश

बाजी बिपुल समाजी गुन गाई ॥ सुंदर चौपाला एक बिशा-
ला जलज प्रवाला सोपान भयो। ता मध्य बिराजै बालक छा-
जै चमर ढ़राजै इन उनयो ॥ बाजैं बहु बाजन बिबिध अ-
वाजन आगिल नाजन पै धमकै। बाँधे हथियारा बीर अ-
पारा तुपक तयारा असि चमकै ॥ पकवान मिठाई रुचिर
बनाई सकट लदाई निज संगा। चौपे समि याना तंबू नाना
छकरन पाना अपरभंगा ॥ रेसमी गलीचा दीरघ बीचा कुक-
ड़न बीचा लदवाये। कंचन के थैला अतर भरैला सुमन
सजैला बँधवाये ॥ धन बिपुल सँदूखन भरे बिभूषन बसन
अदूषन अति नीके। अप्सरा अनेका नृत्य करैं का भांड भे-
डैका ढुढ़ जीके ॥ यहि भाँति बराता सजि भै ताता चली स-
माता नहि मगमें। सुनि सुनि नर धावहिं देखन आवहिं थी-
स नवावैं नृप मगमें ॥ भये सगुन अनंता हित भगवंता सुर
मुनि संता तिन माहीं। गुरु सहित नरेशा मनहुं सुरेशा ल-
सत बिशेषा लघु नाहीं ॥

**कबित्त** करन बरात को पयान नरनाह जब सुरगण आस-
मान देखत बहार हैं। डेढ़ कोटि हैं मतङ्ग औ तुरंग तीस कोटि
पालकी पचीस कोटि पैदर अपार हैं ॥ भार बरदार सवा सात
कोटि ऊंट जाति सेवक समूह पाँच कोटि बाज दार हैं। रथ
सवा तीन कोटि दशरथ राय जीके साठि लाख नौ हजार साँड़िया
सवार हैं ॥

**दो०** जहं तहं करत निवास मग पहुंचे पुर मिथिलेश ॥
लेन चले अगवान सुनि साजि समाज सुवेश ॥
कनक कलस को परात भरि भोजन विविध प्रकार ॥
दधि चूरा भूषण बसन लैलै चले कहार ॥ ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

चौ० बरबरात अगवानिन देखी॥ इतउत भये अनन्द बिशेखी
हरषि परस्पर भे एक मेला॥ पुनि कछु दूरि चले बग मेला॥
जनु पश्चिम कर सागर भारी॥ आवत ताहि चला लै टारी॥
सकल सोज नृप आगे कीन्ही॥ लीन्ही हरषि याचकन दीन्ही
पूजन करि सब भाँति सोहावा॥ जनवासे मह आनि टिकावा
सुनि सिय सिद्धी सकल बोलाई॥ भूप पहुनई करन पठाई॥
सुर पुर के जे भोग बिलासा॥ दिये पूरि तिन सब के पासा॥
सिय प्रभुता रामैं लखि पाई॥ अपर जनक की करैं बड़ाई॥
पितु आगमन जानि दोउ भाई॥ मुनिवर संग चले हरखाई॥
आये जहँ जन वासे भूपा॥ चले बिलोकि नृपति जनु कूपा
कीन्हि प्रणाम मुनि पद धरि शीशा॥ नृपहिं गाधि सुत दीनि अशीशा
पुनि पितु चरण परे दोउ भाई॥ मुदित भूप उर लिये लगाई।
विप्रन सहित बशिष्ठे बन्दे॥ पाइ अशीश भये आनन्दे॥
भरत सबंधु मिले सुख मानी॥ सकल समाज भेंटि हरखानी
कुशल प्रश्न कहि तिष्ठत भयऊ॥ सहित देव जनु मन्दिर भयऊ
नाक नटी नृत्तहि करि गाना॥ कौतुक करहिं बिदूषक नाना
भूप निकट सोहैं सुत चारी॥ मुदित भये लखि पुर नर नारी
बिबिके बेद भये कोइ कहई॥ अपर बंदे अब आये अहईं।
दहिने दिशिहैं लक्ष्मण रामा॥ बाँये भरत शत्रुहन नामा।
धन्य भूप भल देव मनाये॥ जो सुत चारि मनोहर पाये॥
धन्य बिदेह सुनैना दोऊ॥ धन्य सुता सुत हम सब कोऊ
जित्त सिय सहित सुवन चहुँ हेरे॥ पुनि देखब बिवाह इनकेरे

दो० वीन तालिस दिन लगन ते आई प्रथम बरात॥
तेहित पुर आनन्द अति सकल लोग हरषात॥

चौ० बिधि ते विनय करैं यहि भांती॥ देहु बढ़ाइ दिवस अरु राती

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

गये बीतिबासर यहि भावा ।। लगन केर दिन जादिन आवा
हिम ऋतु मार्ग मास सुखमूला ।। ग्रह तिथि नखत योग अनुकूला
लगन शोधि विधि नारद हाथा ।। पठै दीनि जहँ तिरहुत नाथा ।
गर्गी जनक के गनिकन खोली ।। हरषि कही तिन अहै अमोली
सुनि बिदेह बोले सुखसाई ।। अवध पतिहि लै आवो जाई
सतानन्द तब साजि समाजा ।। आये जहँ जनवासे राजा ।।
कोश लेश कर विभौ बिलोका ।। अति लघु लाग तिन्हें सुरलोका
भयो समय पग धरिये नाथा ।। साजि समाज चले तिन साथा
लखि सुर सकल सुमन बरषाये ।। चढ़ि चढ़ि जान जनकपुर आये
पुर शोभा लखि देव लोभाने ।। निज निज लोक सबन लघु जाने
विधिहि भयो अचरज अतिभारी ।। निज करनी नहिं कतहुँ निहारी
शंभु कह्यो जनि भर्म भुलाहू ।। देखहु राम सिया कर ब्याहू ।।
जासु किये हम तुम सब कोई ।। यहि पुर आजु विराजत सोई ।
सुनि सुवचनु सुख लह्यो बिधाता ।। आगे देख दशरथै जाता
सबन बीच नृप सोहन कैसे ।। अमरन मध्य अमर पति जैसे
चढ़े तुङ्ग तं वरम माहीं । विविकर कनक लुटावत जाहीं
चौपाले मधि रघुपति सोहे ।। विधि हरि हर सुर देखि विमोहे
बिशु विधिहि विधि भवे सराहें ।। बसु दृग लखि [illegible] सरसु निकाहें
बड़ भागी भे चखु हजारा ।। अस कहि मिले बरात मंझारा ।
रामहि देखि नगर नर नारी ।। करहिं आरती हाथ पसारी ।।
आवत जानि बरात सुनैना ।। लागी साज सजावन ऐना ।।
विविध बधू धरि कपट सरूपा ।। मिली मादिर निवासे भूपा ।
देखि सबन सन मान्यौ रानी ।। चीन्हे बिना प्राण सम जानी ।
समै समुझि सब सखिन समेता ।। चली मुदित बरपरछन हेता ।
गावें गीत मनोहर नाना ।। सुनि छूटें तपसिन के ध्याना ।।

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

दुलहे देखि अधिक हरषानी ॥ भई प्रेम बस प्रफुलित रानी ॥
लोक वेद विधि करि सुखपाई ॥ अर्घ देत नर मंडप लाई ॥
प्रीति सहित आसन बैठारी ॥ कनक थार आरती उतारी ॥ ॥
मणि मय मांडव छबि यहि भांती ॥ देखि परी तहं अगणित बाती
भूषण बसन निछावरि करहीं ॥ याचक पाइ मोद उर भरहीं ।
मिले मुदित मन समधी दोऊ ॥ सो उपमा कहि सकै न कोऊ
देत पावड़े अर्घ सोहाये ॥ सादर जनक मंडपै ल्याये ॥ ॥
आसन दीन सबहि सनमानी ॥ पूजे विप्र वृन्द मुनि ज्ञानी ॥
सहित बरात दशरथै पूजा ॥ मानि ईश सम भाव न दूजा ॥
रामचंद्र मुख चन्द सोहाना ॥ चितवैं सकल चकोर समाना
समै समुझि बोले ऋषि राई ॥ बेगि कुंवरि अब आनहुं जाई
मुनि उपरोहित की बर बानी ॥ चली सिये लै सखी सयानी
पद कमलनि धुनि नाद छाई ॥ मनहुं मदन मोहनी सोहाई ।
चंद्र मुखी तड़ित इव मृगनयनी ॥ सकल मनोहर कोकिल बयनी
सिय शोभा नहिं जाइ बखानी ॥ जग दंबिका रूप गुण खानी
आवत देखि बरातिन सीता ॥ कीन मनहिं मन प्रणाम पुनीता
सुतन सहित दशरथ हरषाने ॥ बरषि सुमन सुर हने निशाने
पहुंची जब मंडप बैदेही ॥ लागे शांति पढ़न मुनि नेही ॥
कुल गुरु गौरि गणेश पुजाये ॥ प्रगट लेन पूजा सुर आये
सुर पुजाइ शुभ आसन दीन्ह्यो ॥ पुनि मुनि बोलि सुनैने लीन्ह्यो
जनक सव्य दिशि सोहत सोई ॥ मनहुं सुकृति छबि मूरति जोई

दो० कनक कलस कोपर रुचिर भरि पियूष निज पानि ॥
लागे धोवन बर चरण नृप रानी सुख मानि ॥
जे पद बसत महेश उर ध्यावत मुनि जन देर ॥
ते पद पदुम परवारहीं धन्य भाग नृप केर ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

चौ० करतल जोरि कुँवरि बर दोऊ॥ शाखोच्चार कीन मुनि सोऊ॥
पानि ग्रहण तेहि पाछे भयऊ। कन्यादान भूप बर दयऊ॥
करि सुहोम गठि बंधन रागी। प्रमुदित होन भाँवरें लागी॥
मणि मय थंभ रही छबि पूरी। निरखत मनहु मदन रति भूरी॥
भये छकित सब देखन हारे। फेरा फेरि करधिन बैठारे॥
राम सिया सिर सेंदुर दीन्हा॥ मनहुं उरग शशि भूषित कीन्हा॥
पुनि दोउ एक आसन बैठारी। देखि लोग सब भये सुखारी॥
कहँ रघुनाथ तहाँ की शोभा॥ बरणि सकै जग अस कबि को भा॥
दो० बनी बनी जाकी जनी लगत जनी दृषि केरि॥
बनो बनी जाको जनी कृष्णा जनी जनु हेरि॥
चौ० तब बिदेह मुनि आयसु पाई॥ लीन्ही तीनिहुं कुँवरि बोलाई॥
नाम मंडवी गुण मय चीन्ही॥ सो नृप ब्याहि भरत कहँ दीन्ही॥
परम सुशील उरमिला नामा॥ सो लक्ष्मणहिं बरी अभिरामा॥
श्रुति कीरति छबि जाइ न बरणी॥ रिपुसूदनहिं भूप सो परणी॥
राम सरिस भे सकल बिवाहा॥ त्रिभुवन में भरि रहा उछाहा॥
सबर सुन्दरी राजहिं कैसे॥ जिय युत बिभु न अवस्या जैसे॥
कुण्डलिया बपुष बितान बिचित्र मधि जीव अवध अवधेश। जाग्रत अवस्था श्रुति सुयश बिभु विश्वक रिपुदेश॥ बिभु विश्वक रिपुदेश स्वपन मंडवी विमल मति। बिभु-तेजैक सो भरत उरमिला उदित सुखापति॥ उदित सुखापति केर बिभु प्राग कै लक्ष्मण अदुख। तुरी सिया बिभु राम जी अन्तर यामी दिवि बपुख॥
चौ० कुँवरि कुँवर अन रूप निहारी॥ मुदित भये सुर नर मुनि नारी॥
अवध राज लखि अति मन भाये॥ क्रियन सहित जनु चहुं फल पाये॥
दो० अर्थ क्रिया आधीन ता धर्म किश्रद्धा शक्ति॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

कामक्रिया करतव्यता मोक्ष के केवल भक्ति॥
श्रुति कीरति रिपुहन भरत भरत मंडवी काम॥
धर्म धरणीधर उर मिला मोक्ष जानुकी राम॥
नृप मणि दायजु दीन अति हय गय रथ हथियार॥
भूषण पट गो रत्तन गण दासी दास अपार॥
लीन अवधपति मुदित मन दीन जाहि जो आस॥
उबरि रह्यो याचकन ते सो आवा जनवास॥
तब बिदेह तहँ सबन की बहु बिधि बिनती कीन्ह॥
सुनि सन मान्यो अवधपति मुनिन आशिष दीन्ह॥

चौ० पुनि दशरथ जनवास सिधाये॥ देवन देखि सुमन बरषाये॥
तब बनितन मुनि आयसु पाई॥ लरिकन कोहबर चलीं लवाई॥
गौर श्याम छबि अमित अनंगा॥ ब्याह साज सोहैं सब अंगा॥
कमल नयन चितवत चित चोरैं॥ देखि देखि युवती तृण तोरैं॥
कोहबर लाइ सकल अनुरागी॥ लौकिक रीति करन तहँ लागी॥
प्रभुइ उमा लहकवरि सिखावैं॥ सीतै श्री शारदा बतावैं॥
निजकर मणि बहु रूप निहारी॥ प्रेम बिबस सिय सकल नरारी॥
हास बिलास भयो बहु भांती॥ पुनि आये जहँ सकल बराती॥
बहुरि रसोई भई तयारा॥ बोलि पठाये जनक भुवारा॥
परत पावड़े मंदिर आये॥ चरण छालि चौकिन बैठाये॥
सुतन सहित दशरथ पग धोये॥ आसन देइ सुवारन जोये॥
लागे ते परसन पनवारा॥ षटरस ब्यञ्जन विविध प्रकारा॥
नाना विधि पकवान मिठाई॥ दधि गोरस फल फूल खटाई॥
बरणि न जात देखि अनुरागे॥ पंच कौर करि जेंवन लागे॥
वधू बिलोकि लगीं गरि यादन॥ सुनहु राम दूलह मनभावन॥

दो० बने फिरत जो आपके गुरु ही विश्वामित्र॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

तौ कहि विधि रघुनाथ तुम कारज करौ पवित्र॥
जनक सुता के जनक को जनक कहहु सब आहु॥
कौन कौन के जनक ये याको करो निबाहु॥

चौ॰ सुनियत अज के सुत दशस्यन्दन॥ दशस्यन्दन के भे जनन्दन
यह अवरेव परी केहि भांती॥ समुझि परत अस मम कल नराती।
मुदित होइ सब सुनि इमि गारी॥ अमुके परसौं कहैं पुकारी।
यहि विधि सब हित भोजन कीन्हा॥ आदर सहित आचमन लीन्हा
देइ पान पूजे मिथिलेशा॥ जनवासे आये अवधेशा॥

इति श्री विश्राम सागर सद्धमन आगर ग्रंथ उजागर श्रीरघुनाथदास-
रामसनेही कृत रामचन्द्र विवाह वर्णनो नाम नवमो ऽध्यायः॥

दो॰ सुमिरि राम सिय सन्त गुरु गणप गिरा सुखदानि॥
कहौं कलेऊ मंतक छुक कोशल खंड बखानि॥

चौ॰ निशा निरखि सब सोवन लागे॥ बड़ प्रात कोशलपति जागे
प्रात क्रिया करि आयसु पाई॥ चारि लाख बर धेनु मंगाई॥
विप्रन का दीन्हों नरनाहा॥ गज रथ बाजि जाहि जेहि चाहा
कीन्हे याचक सकल सुखारी॥ यथा अभ्र हैं सेवन वारी॥
तेहि अवसर नृप मंत्री आये॥ करन कलेवा भूप बोलाये॥
उठे कुंवर पितु आयसु पाई॥ चढ़ि चढ़ि घोड़न चले सिधाई
कोइ अरबी जंगली पहारी॥ चिर चंचक चंपा खंधारी।
कोइ कबली अंबोज कोइ कच्छी॥ बोत मसमना मुंजी लच्छी
कोइ किसमी भुतार फुलवाई॥ गरी गुराढ जुमिल दरिआई
श्याम करण कुम्मैद पठानी॥ टांघन तुरकी पच कल्यानी।
सुमकी सबज इराकी पोये॥ पीन नवीन विशाल अदोषे।
सकल अलंकृत चलनि सुठीका॥ सबते तुरंग राम कर नीका
विश्व विमोहन हेतु विचारयो॥ बाजि भेष जनु मनसिज धारयो॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

पहिरे पट भूषण तन माहीं ॥ चपल तुरंग नचावत जाहीं ॥
मनहुं मेघ युत उडगण धामा ॥ जात नचावत धाय अभिरामा ॥
देखें जहं तहं लोग लुगाई ॥ कहें जात हैं चारो भाई ॥ ॥
पहुंचे जब सब जनक अगारे ॥ कनक पलंग रानिन बैठारे ॥
बहु विधि के भोजन धरि आगे ॥ नेग पाइ निज जेवन लागे ॥
अचवन करि बैठे तिन पासा ॥ लगीं करन तिय हास बिलासा ॥
एक सखी बोली तुव माई ॥ केहि हित सुत जनमें हु दिखाई ॥
कह्यो राम कत बूझत येहू ॥ निकट नरेश परीक्षा लेहू ॥
अपर बसन कर ख्यो निज ओरा ॥ मिले चोर तुम सब चित चोरा ॥
तेहि क्षण लक्ष्मी निधि की नारी ॥ सिद्धि नाम लै सखिन सिधारी ॥
सहजानन्दनि मदन मंजरी ॥ चंद्र कला कमलाक्ष सुन्दरी ॥
चन्द्र मुखी चंद्रावति योगा ॥ विमला उतकर्षिनि प्रियभोगा ॥
चित्रा चित रेखा ईशाना ॥ कृपा कांचनी सत्या ज्ञाना ॥ ॥
सुदर्शना चंद्रानन नि हंसी ॥ सुधा मुखी मुख मंजु प्रशंसी ॥
माधुर्यो उज्वल विम्बाक्षी ॥ चरुशिला अति शोला साक्षी ॥
औरो अली अनेक अनूपा ॥ सहित सिद्धि आईं अलभूपा ॥
रघुपति छवि अवलोकि जुड़ानी ॥ बोली विहंसि हास की खनी ॥
सुनियत लाल काम अति नीका ॥ तब अंबनि कीह्यो तेहि पीका ॥
हम चित चोरि सासु पहं आये ॥ तुमही देखत बदन दुराये ॥
बोली सिद्धि रावरे भगनी ॥ अस किमि बरी हरी नत मगनी ॥
कह्यो लषण जस लिख्यो लिलारा ॥ तैसे होत टरत नहिं टारा ॥
हम नरेश सुत जनक योगीशा ॥ भयो व्याह भावी बस ईशा ॥
कबते राजकुमार क हाये ॥ पाल्यो अरथे अरथे उपजाये ॥
हलते भल तापस सब दिनके ॥ लेबो लाल हम हुं शिषि तिनके ॥
बोली कलावती सिधि भगनी ॥ लक्ष्मी निधि की सारि सुलगनी ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

दो० एक कुमार पुनि मुनिन सँग रहियहि रस की बात॥
सिख्यो कहाँ कराधि तियन पहँ की शारक हिगतात॥
कह्यो शत्रुहन सत्य परि तुम हँ कुमारी आहु॥
तुम कहुँ पायो ज्ञान यह की कोइ करि असनाहु॥

चौ० बोली चन्द्र कला कर टेकी॥तुम साधुन के बंधु विवेकी
गौरे को रस हासन चाही॥परस्वारथी संत गति आही॥
हमहू सुनि अस नेह तुम्हारा॥दरशा हेत हारे पग धारा॥
गइउ चीन्हि बिन कहे पतीजे॥तन धन ते सेवा अब कीजे॥
सर्प डसित को जो नहिं भावै॥लगै दोष नत मंत्र विसारै॥
यहि विधि बदि बातै सुख लेवे॥निज निज रुचि सबरो मैसेवे
कह्यो सिद्धि हम नारि अपावन॥पर एक गुणाहु दीन्ह जग जावन
जेहि ते नेह करै अनुरागी॥सर्व सुजाहु सकै नहिं त्यागी।
तिमि तुम ते ठानी हम प्रीती॥करो निबाह समुझि निज रीती
कह प्रभु मोहि सनेह समाना॥प्रियन कछू यह जान जहाना
तुम प्रिय प्राण सरिस मोहि मांसे॥माँगि बिदा गवने जन वासे
बोली बहुरि जीति हम लीन्हा॥दिहल फेरि सुख हम तजि दीन्हा
यहि विधि बातन सबन हराई॥जन वासे आये सब भाई॥

इति श्री विश्रामसागर सबमत आगर ग्रंथ उजागर श्रीरघुनाथदास रामसनेही कृत राम विवाह कलेऊ करन विधि बरनिनो नाम दश्मो ऽध्यायः १०॥

दो० राम रमत जो सबन में सब जहँ रमै सो राम॥
रामहि लखि रघुनाथ जन लहत सब वाञ्छित काम॥

चौ० नित नव आदर करै नरेशा॥भूपै चलन देत नहिं देशा॥
कौशिक कही जनक सुनि लीजै॥बहु दिन भये बिदा अब कीजे
भले नाथ कहि सभा मँझारी॥जहँ तहँ लागी होन तयारी॥

सुनि निछे पुरजन अकुलाने ॥ जिमि चकवाक जात रवि जाने
जनक विविधि मेवा पकवाना ॥ दीन्हे पठै पंथ अस्थाना ॥
बीस सहस सेंदुर सजवाये ॥ स्यंदन सहस पचीस सोहाये ।
तुंग लाख सुरभी युग लाखा ॥ महिषी लक्ष सवाई भाखा ।
कनक बसन मणि भूषण भूरी ॥ अनगन भाजन सिविका रूरी
औरौ बस्तु अनेक प्रकारा ॥ प्रथम पठाई अवध मंझारा ॥
तब विदेह गुरु सचिव बोलाई ॥ कह्यो लयावो भूपहि जाई ।
सुनि मंत्री तित आइ सुनायो ॥ विदा हेत मिथिलेश बोलायो
दशरथ सुनि ले दूलह संगा ॥ तथा बरात साजि बहु रंगा ॥ ॥
राजभवन गवने लखि लोगा ॥ हरष शोच बस भये वियोगा
एक एक ते कहैं विशेषी ॥ आतुलेहु भरि दृग छबि देखी
भूरि भाग विधि दरशन दीन्हें ॥ सो अब जात तयारी कीन्हें ।
भूप भवन जब पहुंचे आई ॥ बैठारे सबहिन सचु पाई ॥ ॥
विनती भई परसपर नाना ॥ मम समधी तिन सम को आना
जनक विदा हित सौज मंगाये ॥ देखि सभा सब अचरज पाये
मणिगण मोल अनेक अपारा ॥ कनक गनै को केतने भारा
भूषण सुभग एक ते एका ॥ भरे मंजूषा चित्र अनेका ॥ ॥
बसन रत्न पट पाट अपारे ॥ परम रम्य अतिशै गुण भारे ।
भाजन मणि हाटक रजु केरे ॥ रसति विचित्र बहु भांति घनेरे ।
मेवा विर उत्तम पकवाना ॥ धरे कूट इव सुख प्रद नाना ॥ ॥
शस्त्र सकल स्यंदन गज पांती ॥ सिविका सुतर सुहैं सब जाती
औरौ बस्तु भांति बहु राखी ॥ हाथ जोरि अस्तुति तब भाखी ।
हे [illegible] विमल यश केतू ॥ सकल काम परि पूरण सेतू ॥
मैं [illegible] यह सौज देखाई ॥ जिमि कोइ स्वर्ण सुमेरहि लाई
[illegible] जे अहई ॥ तिन की रीति बेद इमि कहई ॥ ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

दास फूल फल जल जो देहीं॥ प्रभु नेहि अधिक प्रीति से लेहीं
अस बिचारि मोहिं दृढ़ विश्वासा॥ पुजिहैं मम मन की तुम आसा
सुनि नरेश निज कर सिर धारी॥ गद गद हैं अस गिरा उचारी
करिय कहा मिथिलेश बड़ाई॥ जिन घर हमहु प्रतिष्ठा पाई॥
निज सम सब बिधि मोहि करि लीन्हो॥ उभै लोक अनवधि यश दीन्हो॥
यामें अचरज अहै न कोई॥ मलय समीप कुतरु हरि होई॥
जो गुरु लघु लघु सुता न नेवारी॥ सोउ छोट कछु होत न भारी॥
मिले परस्पर कंठ लगाई॥ जयजय धन्य धन्य धुनि छाई॥
यथा तथा विधि बिबि विलगाने॥ बरषे सुमन देव सुख माने॥
तब बिदेह लहि आनँद भोरे॥ निज कर सब दूल्ह सिंगारे॥
मनि भूषण पट परम सोहाये॥ नख सिख कवर बिचित्र चाये
यद्यपि सब अन प्राकृत सामा॥ तदपि लगत लघु तन अभिरामा
पुनि नरेश प्रभु पद सह गहेऊ॥ नर तन धरे केर फल लहेऊ॥
मन में कहत लोग सुत चाहे॥ कन्या का कछु कमती आहे॥
जो जानुकी न होत हमारे॥ रामचन्द्र किमि होत्त द्वारे॥ ॥
विप्र बेद धुनि करि हरषाने॥ दानमान दै नृप मन माने॥
सकल बराती तब पहिराये॥ यथा योग्य जो जेहि जस भाये
बंदीजन गन गुणी अपारा॥ रुचि लखि दान दीन अनपारा
लेत हैं सकल अनूप सोहाहीं॥ लोकपाल लखि जिन्हें लजाहीं
रघुपति छबि माधुरी अनन्ता॥ रहे देखि सुर नर मुनि सन्ता
बहुरि सुने ना धाम हँकारे॥ मित्र मंडली सहित पधारे॥
रानिन देखि लह्यो सुख भारा॥ बैठारे सब करि सतकारा॥
दिव्य जलज मनि कनका भरना ॥ बसन रम्य उत्तम बर बरना॥
नख शिख दूलह सकल सजाये॥ सखन समेत बिचित्र सोहाये
नारि वृन्द जिमि शशिहि चकोरी॥ निरखहिं प्रभु छबि पलक न मोरी

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

सिया मातु कर जोरि रसाला। कह्यो वत्स तुम होउ कृपाला
सुनिये जीवन प्राण अधारा। बिनती यह मम बारहिं बारा
भूप सचिव हम सब चर दासी। जाति बंधु जहँ तक पुर बासी
सबहिं प्राण प्रिय सुता हमारी। कबहूँ लागि न ताति बयारी
दृग पुतरी इव सब दिन पाली। निरखत रहिहु यथा मनि व्याली
तुमरे कर निबाहु तिन केरा। करहु सो मोद लहै मन मेरा॥
अस कहि कुँवर लगाये छाती। कीन्हि निछावरि नाना भाँती
धरि चरण समुझाइ सुभाये। पाइ असीश मंडपे आये॥
तब नृप विदा किये सिरनाई। जनवासे आये हरषाई॥ ॥

दो० आतहु पुर रानी सकल बिकल नारि लै संग॥
मणिपट दिव्य अमाप बर सजे सुतन के अंग॥
नख शिख साजि सरूप सखि लखि वारैं तन प्राण॥
चलन निकट गुनि लहैं दुख कोटिन मरण समान॥

सो० सासु ससुर गुरु देव। भूसुर सन्त अनन्त हित॥
करेहु सुपति की सेव। अस कहि लिहिनि लगाइ उर॥

चौ० जे मति धीर नारि वय भोरी। तिन मन अति कठोरता धारी
कीन्ही बिलग सुता महि तेरी। रोवैं मिलै अपर स्वर टेरे॥ ॥
सुनि धुनि द्रवैं दारु पाषाना। चेतन की को करै बखाना।
सुता कहै मेरी महतारी। लीजे सुधि लखि दीन हमारी
सुनि महि मातु गिरी मुरझाई। दौरि रवनि टेकिन समुदाई
सुक सारिक जे पिंजर भीरा। हाय सिया कहि तजैं शरीरा॥
तिनकी दशा अपने सी देखी। दिये संग करि प्रेम विशेषी॥
पुरजन बिकल वियोग घनेरे। मृत्यु मिलै मांगैं विधि नेरे॥
जनक हिं देखि मिली लपटाई। है अधीर धरि धीर छुड़ाई।
मंत्रिन दिव्य बिमान सजाये। मनहु महीप गृह अपर सोहाये

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

असन बसन आदिक बहु सामा ॥ सेजपीठि लोचन सुखधामा ॥
वस्तु समस्त अनूपम सारी ॥ आनि जानमहँ धरी सुधारी ॥
तिनमा आनि कुँवरि बैठाई ॥ नैलख नृपजा हित सेब काई ॥
अरु दीन्हे बहु दास पुनीता ॥ विकल लोग गावहिं गुन गीता ॥
उठे बेवान देखि सुर हरषे ॥ हनि निशान कुसमावलि बरषे ॥
पाछे भूप चले पद चारी ॥ पठवन कन्या प्राण पियारी ॥ ॥
मंत्री पुरजन जे गुण भारे ॥ नृप सँग सकल जात मनु मारे ॥
आवत पुरपथ चले विवाना ॥ सिविका करि हरि धेरे नाना ॥
नगर नारि नर निरखि मनावे ॥ हे विधि कुँवरि बेगि फिर आवे ॥
बाहेर नगर रुकेउ जब जाना ॥ नृप ढिग जाइ कीन सनमाना ॥
बत्सन रोवहु रहो चुपाई ॥ बेगि लेब मैं तुम्हे बोलाई ॥ ॥
ज्यों त्यों करि धीरज उरधारा ॥ बिदा कीन मन कछु अपारा ॥
पूजि विप्र उपवधेश सिधाये ॥ मंगल मूल सगुन बहु पाये ॥
जय जय कहि सुर बरषहिं फूला ॥ बाजे बाजन विविध समूला ॥
नृप करि विनय महाजन फेरे ॥ याचक सब परतोषि निबेरे ॥
तब विदेह बोले अनुरागी ॥ नाथ मोहिं कीन्ह्यो बड़ भागी ॥
कोश लेश समधिहि सनमाना ॥ पुनि प्रभु ते मिलि बचन बखाना ॥
राम करहु किमि सुसुख बडाई ॥ चिदानन्द तुम सब सुखदाई ॥
सेवक समुझि दरश मोहिं दीन्ह्यो ॥ सब बिधि ते अापन करि लीन्ह्यो ॥
तदपि एक बर दीजे अबहूं ॥ मन तव पद परि हरै न कबहूं ॥
मुनि रघुपति ससुरे सनमान्यो ॥ पितु बशिष्ठ कौशिक सम जान्यो ॥

दो० भरथ लषण अरु सूदन हि मिले विनै करि राय ॥
शीश नाइ बा पाइ सब बंधु चले हरषाइ ॥
कौशिक मुनिपद नाइ शिर बोले निरहुत राज ॥
नाथ कृपा तव दास के भये सिद्ध सब काज ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

**सो०** सकल मुनिन शिर नाइ पाइ असीस विदेह सब ॥
फिरे भवन पछिताइ । प्रमुदित चली बरात इत ॥

**गीतिका छं०** इत मुदित चली बरात बालक बाजि जातन धावहीं । मग लोग लखि रघुनाथ छवि निज जन्म को फल पावहीं ॥ बरबास करत निवास शुभ दिन अवध पहुंचे आइ के । पुर नारि वर मुनि सकल जहं तहं चले देखन धाइ के ॥ नृप धाम अति अभिराम कौशिल्यादि रानिन जानेहूं । अनुराग बस है शिथिल मंगल चार पुनि सब ठानेहू ॥ दधि दूब तन्दुल तुलसि दल फल फूल धन निशि आरती । धरि थार रवनि अपार गावत चलीं मानहुं भारती ॥ जब द्वार गई बरात प्रमुदित मातु सब परछन भई । करि वेद विधि कुल रीति पांउड़ देत मंदिर लै गई ॥ तहं चारि सिंहासन सुतिन पर कुंवरि कुंवर पधारेऊ । पग धोइ करि आरति निछावरि विविधि वस्तु उतारेऊ ॥ अवलोकि सुत वर बधुन युत आनन्द बस जननी भई । जिमि मूक पावै वाक्य पार सुरंक अंधा रवी गई ॥ मिलि करें लौकिक रीति तब सुत अस्नुषा सकुचावहीं । सुर पितर पूजि पुजाइ मांगे नीक सकल रहावहीं ॥ महिपाल बोलि बरात दीन्हे जान पट भूषण भले । सिर नाइ पाइ रजाइ रामै राखि उर निज पुर चले ॥ पुर नारि नर पहिराइ सेवक छकित सब याचक भये । तब भूप सहित बशिष्ठ भूसुर संत अंतहपुर गये ॥ शिर नाइ सब अन्न्ह वाइ रानिन विविधि असन जेवांये हू । करि दान अति सनमान देत असीस सकल सिधाय हू ॥ पुनि पूजि गुरुहि नवाइ शिर सुत संपदा आगे धरयो । निज नेगु मांगि बशिष्ठ रामहिं राखि उर घर को

ढ़ह्यो ॥ तब भूप रानिन सहित विश्वामित्र की पूजाक-
री। कर जोरि दीन निवास भीतर भवन निरखत हरषरी॥
पुनि पूजि प्रियपाहुन अमर गण सुमन बरषि सिधायहू।
तब बोलि द्विजगुरु ज्ञाति सुतन समेत भोजन पायहू॥
गावैं वधू मिलि गीत अचवन कीन निज धामन गये।
तब भूप रानिन ते सकल मिथिलेश गुन बरणत भये॥
भये मुदित सब तब कह्यो लरिका श्रमित उनींदे अ-
हैं॥ करवाइ ये अब शैन गे विश्राम मंदिर जहँ रहैं॥ मनि
जटित पलँग बिछाइ पट मृदु शुभ्र सींच सुगन्ध सों।
पौढ़ाइ चारो भाइ बोली माइ करुणा कंद सों॥ किमि-
तात मारेहु असुर गण किमि विप्र वनितहि तारेहू॥
किमि कठिन भंजेउ शंभु धनु किमि परशुधरहिं नेवारे-
हू। सब काज सब मुनि कृपा ते बलि जाहु भुज चापन
लगी। पर तोषि प्रभु सब मातु पुनि भे नीद बस ते रँगरँ-
गी॥ वर बधुन ले सब सासु सोईं नाग मणि सम गोद
के। भे भोर लागे पढ़न बन्दी राम जागे सोइ कै॥ करि
शौच विप्रन दान दे सह बंधु नृप जहँ तहँ गये। अवलो-
कि विधि सुत गाधि सुत सब सभा युत हरषत भये॥ शि-
र नाइ बैठे गुरु पिते इतिहास मुनि लागे कहे। यहि भाँ-
ति नित नव होत मङ्गल वरणि को पारे लहे॥ माँगे
बिदा ऋषि नाथ नित करि विनय रघुपति राखहीं।
समुझै विशेषि तयार तब कर जोरि नृप अस भाषहीं॥
सुत धाम धन सब नाथ रानिन सहित मैं सेवक सदा। प्र-
भु करत रहियो छोह सब पर दरश देब जदा तदा॥ पु-
नि परे चरण सनेह सहित अशीष मुनि सबको दई।

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

सिय राम छबि उर राखि ऋषि बन चले बरणत पहुन-
ई ॥ रघुबीर पंद्रह बर्ष के षट अब्द की श्री जानकी।
भये ब्याह द्वादश बर्ष रहि पुर राम लीला आन की ॥ म-
हि देव सन्तन हेत सो समुझत सुखद मन भावनी।
अबिबेक वन्तन मोह प्रद को विदन बिरति बढ़ावनी॥
सिय राम जन्म विवाह मङ्गल मुदित सुनहिं जे गाइ-
हैं। रघुनाथ ते प्रभु कृपा करि हरि जगह में सुख पाइहैं ॥

दो० श्री गुरुदेवा दास के चरण कमल धरि माथ॥
बाल काण्ड संक्षेप करि बरणा जन रघुनाथ॥
दधसुत भगनी पति तनय तासुत जननी कन्त॥
सैल सुता पति आदि भुज कहैं राखो सब सन्त

इति श्री विश्राम सागर सब मत आगर ग्रंथ उजागर श्री रघुनाथ
दास राम सनेही कृत बाल काण्ड समाप्तस्
नाम एकादशो
ऽध्याय: ॥ ११

श्रीगणेशायनमः

# अथ विश्रामसागर

## अयोध्या काण्ड प्रारम्भः

दो० सुमिरि राम सिय सन्त गुरु गणप गिरा सुखदानि॥
बरणों मानस मत कछुक अध्यातम महिं बखानि॥
जबते आये व्याहि प्रभु नित नव मङ्गल होत॥
मुदित रहत पुरनारि नर तात मात गुरु गोत॥
इक दिन विश्वा वसु तहाँ कियो गान गन्धर्व॥
मुनि प्रसन्न ह्वै स्वपुर तेहि कह्यौ रहन हित सर्व॥
तेहिं कह इन्द्र निदेश बिन मैं न सकत रहि अन्न॥
कह्यो केकई बसत हैं हमरे बल सुर कन्त॥
हमरे आवत रिस करत अस तुम गये मोटाइ॥
पठइ पत्रिका बानकर लखि नृप रहे चुपाइ॥
मन में समुझे केकई लिखि पठये बच बङ्क॥
हमरिउ लागी घात तब हम हूं देब कलङ्क॥
लिखि पठयो बिश्वा बसुहि कह्यो जो कहै भूप॥
यह सत्यो पाख्यान कीमैं कहि कथा अनूप॥

चौ० यहि विधि द्वादश बरषै बीती। एक समय की सुनिये रीती
केकै नृप सुत केकय नामा॥ अवध आइ कह्यौ नृपते कामा
सर सुख देश हमार उजारा॥ तेहि हित दीजे भरत कुमारा
गुरु निदेश सुनि भरथे दीन्हा॥ केकय भुवन गवन तब कीन्हा
बिदा होत पर राम लषण दोउ॥ सचिव सुतन संग सुखानन्द सोउ

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

सो कछु दूरि पठै फिरि आये ॥ सानुज भरत नगर निय राये ॥ ॥
कै कय बलि आगे लय गयऊ ॥ लखि आनन्द सबन सुख भयऊ
बिप्रन ते तब होम करावा ॥ सुर मुख सुनत सेन लय धावा ॥
भरथ समर करि मार्यो ताही ॥ निरभय भये देश जस चाही ॥
नेह दिवस है मातुल केरे ॥ रहत तहाँ सो चरित निवेरे ॥ ॥

**दो०** यहाँ राम सिय लषण लखि सगुन कहैं यह बात ॥
समुझि भरत आवत भरथ भये बहुत दिन जात ॥
बरष अठारह की सिया सत्ताइस के राम ॥
कीन्ही मन अभिलाख तब कर नो है सुर काम ॥
ताही क्षण तहँ देव ऋषि विधि संदेश कह्यो आइ ॥
पूजी शंनिभा सहित प्रभु विदा किये समुझाइ ॥
एक दिवस श्री अवध पति मनमें कीन विचार ॥
रामहिं दीजे राज अब भापन चौथ हमार ॥

**चौ०** गुरुहि पूछि नृप कीन तयारी ॥ मङ्गल साज सकल सँवारी
जो कछु नृप अभिषेक मचाही ॥ फल दल जल मगवायो ताही
बाजहि पुर गह गहे निशाना ॥ नाक नटी नाचैं करि गाना ॥
सेवक सचिव कहैं नर नारी ॥ धन्य भूप भलि बात बिचारी ॥
प्रभु दिन बढ़े एक ते एका ॥ देखब काल्हि राम अभिषेका ॥
अमरन सो उत्साह न भाई ॥ बोलि विघन हित बाग पठाई ॥
नाम मन्थरा केकै चेरी ॥ आइ गिरा ताकी मति फेरी ॥ ॥
पुर रचना तेहि दीख नवीनी ॥ पूछेते काहू कहि दीन्ही ॥ ॥
राम राजि सुनि शर सम लागी ॥ अनसनि गई केकई आगे ॥

**दो०** मम सोदर की राज जिन बावन है हरि लीनि ॥
करौं विघन तिमि महूँ अब जेहि लगि सेवा कीनि ॥

**चौ०** यहि विधि करत विचार कुबूड़ी ॥ तजत अंस करि प्रथम कोंसुड़ी

भरथ मातु बोली का भयली ॥ जानि परत लक्ष्मण सिय दयली
हमें सीख दई कत कोई ॥ तब दुख लखि मोहिं भा दुख सोई
बरत अगिनि शिर ऊपर आई ॥ सो तुम अभय जानि नहिं पाई
कौन वृहद बीते दिन आजू ॥ पैहैं काल्हि राम युव राजू ॥ ॥
सुनि रानी अति शय हरषानी ॥ लगी देन भूषण निज पानी ॥
जो तव वाक्य सत्य यह होई ॥ फिरि देहों जो मगिये सोई ॥
हमें रीझि तुम देहो काहा ॥ तुमहीं का नहिं होई लाहा ॥
राम चंद्र जब राजहि पैहें ॥ कौशिल्या तब तुम्हें सतैहें ॥
जिमि कद्रू बिनतै दुख दीन्हा ॥ चित्र केतु तिय अनभल कीन्हा
सुरुचि सुनीता को सुत बनमें ॥ पठइ दीन्ह सुख नाहिं सपन में ।
शुक्र सुता सर मिष्ठे कष्टा ॥ दीन कीन निज पति की नष्टा ॥
सहित गरल भे सगर सयानी ॥ भई बाँझ सब शशि की रानी
यदपि सवति तव सरल सुभाऊ ॥ कर परि कु असि करत अनथाऊ
भूप करत तब आदर भारी ॥ देखि सखी नहिं सवति तुह्मारी
तब सुत पठे नन्यौरे दीन्हे ॥ लेत राज निज पुत्रहिं लीन्हे ॥
सुवन सहित करिहौ सब काई ॥ नाहित रहि हो पितु घर जाई ॥
समुझि परत मोहिं विश्वा बीशा ॥ परी विपति सब तुम्हरे शीशा
जो कहो राम चहत अति मोहीं ॥ निर बल में रिपु मित्रहु होहीं ।

**दो०** जिमि बन जारत अगिनि तब पवन सखा होय जाइ ॥
सोई मारुत कृश देखि कै दीपै देत बुझाइ ॥ ॥

**सो०** सुखद दुखद शशि होइ । लहि रवि बसु श्रुति चौथ गृह ॥
मृग मधु जहि बिन तोइ । दहत कहत मग छतज जम ॥

**चौ०** तोहि ते अबहीं करहु उपाऊ ॥ जेहि न होइ पाछे पछिताऊ ।
है वर नृप थाती सो लेहू ॥ सुतहि राज रामै बन देहू ॥ ॥
एक तो दुखित काल सुख हारी ॥ दूसर सुर संग्राम मझारी

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

सुनि प्रवीन रानी मन आई ॥ हरि इच्छा तुम जानहु भाई ॥ ॥
कोपभवन पहुँची तजि साजा ॥ भावी बस आये तहँ राजा ॥
कोपभवन मंथरहि बतावा ॥ सुनि नरेश मन मे भय पावा ॥
सुरपति सुहृद दनुज अरिजोई ॥ कालहु ते नडरहि रण सोई ॥
तिय रिस सुनि भे कंपित गाता ॥ कामकृपान निसित अति नाता
धरि धीरज रानी ढिग गयऊ ॥ शीश परसि कर बोलत भयऊ
केहि कारण कीन्ह्यो रिस प्यारी ॥ कोतव दूसर है तनु धारी ॥ ॥

दो॰ कहु कहि रङ्क हि नृप करौं नृपे रङ्क करि देउं ॥
तब अरि अमरहु होइ तेहि बध करि पांये पेउं ॥

चौ॰ कहौं देखि निज कोप प्रसंगा ॥ भूषण सजहु मनोहर अङ्गा
हे प्रसन्न चितवहु मम ओरा ॥ आजु भयो मनभावन तोरा ॥
हे है कालिह राम युवराजा ॥ हरष समय तुम दुख उपराजा ॥
सुनि नृपवचन भयो दुखभारी ॥ दिहिसि पाणि निज सिर ते टारी
पुनि धरि कर बोले अनुरागी ॥ जो भावे सो लीजे मांगी ॥ ॥
तवहित कछु न अदेय हमारे ॥ सुनि केकै तब वचन उचारे ॥
मांगु मांगु बर जब तब कहऊ ॥ लेत देत फिरि कछू न अहऊ ॥
आगे देन कह्यो बर दोई ॥ अब लग मोहिं मिले नहिं सोई ॥
सुनि नरेश हँसि बोले लीन्हा ॥ कव मांगेहु कव हम नहिं दीन्हा
हमरे कुल यह प्रकट प्रशंसा ॥ वचन न जाइ जाइ बरु हंसा ॥
झूठे दोष देहु जनि प्यारी ॥ लेहु मांगि किन द्वै के चारी ॥ ॥
जो पति शपथ राम की कीजे ॥ तौ हम मांगि उभे वर लीजे ॥
हँसि नृप राम सपथ तब खाई ॥ सुनि बिग मरिस उठी हरषाई
प्रथम देहु बर यही समाजा ॥ भरथहि बोलि करहु युवराजा ॥
दूसर राम धाम तजि राई ॥ चौदा बरष बसैं बन जाई ॥ ॥ ॥
सुनि नरनाह मूर्छि महि परेऊ ॥ मनहुँ तरङ्गिनि ते तरु गिरेऊ ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

धरि धीरज पुनि आखि उघारी॥ पुरह किरातिनि सरस निहारी॥
बोली बहुरि सुनो नरनाहा॥ भरत तने तब होइ न काहा॥
जासु राज सुनि भा दुख भारी॥ प्रथम देन कत कहो पुकारी॥
कह नृप सत्य कहौं तोहिं पाहीं॥ भरथ राज सुनि दुख मोहिं नाहीं॥
दूसर बरु मांगेहु दुख रासी॥ सांच हु सांच कि कीन्हो हांसी॥
तोहिं प्रिय राम रहै अति आगे॥ आजु कठिन केहि कारण लागे॥
जो कृत बैरिहु कर उपकारा॥ सो किमि करी मातु अपकारा॥
जेहि दुख दुसह देत सब काऊ॥ मैं तोसे निज कहौं सुभाऊ॥

दो॰ रहै भानु बिन दिवस बरु रहै मीन बिन नीर॥
राम बिना मम प्राण नहिं रहि हैं सुमुखि शरीर॥

कुण्डलिया—नारद ऐसे प्रभाव नृप संजे सुत मल्ल हेम। होत जानि हरि हरि हतन करि कछु लह्यो न नेम॥ करि कछु लह्यो न नेम तर कि तल्प पुनि भल्लते। हरि परि भव हित गोप गृह प पाल्यो गोपल ते॥ तेस्वा सिंहहि देखि दबकि बिल माहिं लुकान्यो। मिल्यो सुरभि को पाप स मुझि पाछे पछितान्यो॥ पछितान्यो तिमि तुम्हें शोच तो धरी बिचारद। मूरख की रघुनाथ इमपि कृत होत न नारद॥

चौ॰ तेहि ते पुनि मागहु मोहिं पाहीं॥ रहैं राम घर बनहिं न जाहीं॥
जेहि ते हमहु बरथ दइ एका॥ देखें भरथ राज्य अभिषेका॥
सुनि बोली बोढर जनि करहू॥ निज कुल रीति हृदय महं धरहू॥
देखो शिबि दधीच हरि चंदा॥ सहे धर्म हित दुख अति मंदा॥
मधु कैटभ सिर बिष्णुहिं दयऊ॥ बिट बहु ले कछु कष्ट न भयऊ॥
बोलि बचन जिन नहिं प्रतिपारे॥ कहत बेद तिन के मुख कारे॥
तेहि ते तजहु सत्य जनि नाथा॥ पठबहु जाहि बिपिन रघुनाथा॥
जौ न प्रात जैहैं मुनि बरणा॥ तुमहिं अयश होइ मम मरणा॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

सुनि पुनि नृप बहु बिधि समुझावा ॥ होनहार तेहिं तन कन भावा ॥
गिरयो भूमि हूँ बिकल भुवाला ॥ जानेहु तिय मिसि आयहु काला ॥
हृदय मनावत शंभु बिधाता ॥ करहु कृपा जेहि होइ न प्राता ॥
गुरु गणेश शारदा भवानी ॥ रहैं राम तजि घर मम बानी ॥

दो० भेषज सुर अभिषेक जन नेकन ना निरफल जात ॥
काल बिबस जग जाल जिमि नौ चढ़ि जल बहि जात ॥

चौ० यहि बिधि बिलपत भयो बिहाना ॥ बाजे जहँ तहँ द्वार निशाना ॥
बंदी गण गुण गावन लागे ॥ अनुदित प्रिय पुरबासी जागे ॥
सुनि नरपतिहि न नेकु सोहाई ॥ समर समय जिमि गारी गाई ॥
प्रात बशिष्ठ सभा महँ आये ॥ लखि सुमन्त्र ते बचन सुनाये ॥
सदा प्रथम आवत नरनाहा ॥ आजु गहर भे कारण काहा ॥
बेगि खबरि तुम लावहु जाई ॥ चले सुमंत्र परम चपलाई ॥
गये कोपमंदिर सुनि बाता ॥ सभय उलंघी ड्यौढ़ी साता ॥

दो० प्रथम तरुणा युग जेठ पुनि बालक ड्यौढ़ी चारि ॥
पंचम यौवन बिरध षट सप्तम गौरी नारि ॥

चौ० आगे जाइ केकइहि देखा ॥ परे बिकल तहँ भूप बिशेषा ॥
शीश नाइ बोले मृदु बानी ॥ भूप परे कस बिबरन रानी ॥ ॥
रामहि प्रथम लयावहु जाई ॥ भूप कुशल तब बूझेयो आई ॥
नृप रुख पाइ सुमंत्र सिधाये ॥ बेमन राम के मंदिर आये ॥
देखि पिता सम प्रभु सनमाना ॥ पूछे तेनिन हाल बखाना ॥
चले तुरत प्रभु संग उचारे ॥ देखि लोग सब भये दुखारे ॥
पहुँचे जाइ जहाँ नृप रानी ॥ बोले राम जोरि युग पानी ॥ ॥
जननि जनक केहि हेत दुखारी ॥ कहिय सो कृत जेहि होइ सुखारी
सुनहु राम दुख मूल सनेहू ॥ बढ़ी न सुख यहि कढ़ी न यहू ॥
हानि लाभ सुख दुख किन होई ॥ कहिये देन तेहि दीजे सोई ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

विविबर में मांगे इन पासा ॥ भरतहि राज तुम्हे वन बासा ॥ ॥
धर्म केतु कछु कहत न बानी ॥ तुम ते सधै करो सोइ जानी ॥
सुत सोइ जो पितु सुयश बढ़ावे ॥ आपयश देइ तेहि सुत को गावे
सुनि कैकै के वचन कठोरे ॥ बोले राम अमीजनु बोरे ॥ ॥ ॥
अतिलघु बात पिते दुखभारी ॥ अपहेतु कछु हे महतारी ॥
भरत सपथ मैं सत्य बखाना ॥ कारण आन मोर नहिं जाना ॥
तब रघुपति गहि नृपहि उठावा ॥ हाथ जोरि अस बचन सुनावा ॥
तात तर्कि तन तजहु गिलानी ॥ मंगल समय मोद उर आनी
जो जननी जाँचे बर दाना ॥ तामें अति हमार कल्याना ॥ ॥

दो॰ एक तो बन मुनिजन दरश भरत प्राणप्रिय राज ॥
पुनि निदेश पितु मातु कर मोहि विधि दाहिन आज ॥

चौ॰ ऐसहु पर निज करहु न काजा ॥ जानेहु मोहि मूढ़न कर राजा
मूढ़ सो सत्रा विधि के जानो ॥ कहे पूर्व मनु तैस बखानो ॥ ॥
मोहिं पत्री छं॰ कहैं इमपि पूर्व मनु स्वयंभू मूढ़ सत्रह होत जू
जन जो अधिक व्यहि करत शिक्षा तौन पहिले पोत जू ॥ हैं जौन सेव-
त दार दिहि धन देत दूजो तौन जू । करि तौन तो जो रक्षि शत्रुहि
कुशल चाहत जौन जू ॥ हैं सो चतुर्थ जो कथत निज मुख कर्म का-
रज पूर्ष जू । जो बैर ठानत प्रबल सो है निबल पंचम मूर्ख जू ॥ मूढ़
छठवां करत कुत्सित कर्म जो गुरु ज्ञान जू । गुण कहत सखा हीन
सों सो मूर्ख सतवों ख्यात जू ॥ गुरु गोत्र तिय सों करत निन्दित कर्म अ-
ठवां तौन जू ॥ जो पुत्र तिय गत्ति मान चाहत नौम सो अधा भौम जू
निज बीज जो पर खेत डारै दशम मूरख खेद जू । हैं सो एकादश मू-
र्ख तिय सो कहत जो निज मंत्र जू ॥ अरु देन कहि नहि देत जो सो
मूढ़ द्वादश गंथ जू । जो भेद जानो बिना जल पत तौन ते रहौं अन्य जू ॥
जो चतुर दशवां मूढ़ गुण तन कर्म को फल पाय जू । अरु पंचदश जो याचक न

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

सो कहत कटु रिस छाय जू ॥ जो दान भोगन करत सो रहौं मू-
ढ़ सो धनवान जू। निज बंधु भागहि हरण चाहत सत्र दृश-
मन दान जू ॥ जो लखत लोक प्रलोक नहिं सो मूढ़ सब में
श्रेष्ठ जू। सोउ पाइ ऐसो समय तज वन भजव है असपष्ट जू ॥

दो॰ धृति सम दम सुचित्ता दया सति प्रिय सुवचन नेम ॥
आनंद बरधन समन अघ दोउ दिशि दायक क्षेम ॥
मोह दीनता भूप के करत सकल गुण नास ॥
तातें दोउ तजि राखिये स्वधरम सहित हुलास ॥
सुत तिय तन धन धाम सोइ जासों सधै स्वधर्म ॥
तातें देहु निदेश मोहिं वन हित परिहरि भर्म ॥

चौ॰ सुनि नरेश अति ही अकुलाने ॥ मोह विवस रघुनायक जाने
करि प्रबोध पर्य्यंक सोवाये ॥ विदा होत हित हर्षि सिधाये।
आये प्रथम जानुकी धामा ॥ देखि दीन आसन अभिरामा
बोले प्रभु मोहिं पितु अरु माई ॥ आयसु दीन बसहु बन जाई
धर्म हेत धर मत्त नृपाला ॥ प्रगट सुरायसु चाहिय पाला ॥
चौदा बरष बास करि ज्यारी ॥ ऐहों फिरि तुम रह्यो सुखारी ॥
सासु ससुर की सेवा करेऊ ॥ नारि धर्म सो हिरदय धरेऊ ॥
कानन भय दुख नाना रंगा ॥ जाहित लेले त्यों निज संगा ॥
जो हठ बस चलि हो संग प्यारी ॥ तो गालव सम होव दुखारी

दो॰ गालव कौशिक केर शिषि कह्यो दक्षिणा लेहु ॥
सेवा ते संतुष्ट हम हयै तुष्ट नहिं एहु ॥
श्याम करण हय आठ शत हठ लखि बोले लाउ ॥
सुनि मुनि गयो ययाति नृप निकट विचारि प्रभाउ ॥
पूछि प्रयोजन तिन दई कन्या सो लै विप्र ॥ ॥
नृप हरश्व ते कह्यो यह लेह देहु हय छिप्र ॥ ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

एक भुवन जन माइ तिन दीन्हे दुइ शत बाज॥
तिमि काशीस उसीरींपति अरप्यो अर्भक काज॥
दुइ शत मिले नतेहु पर तब मुनि मानि गिलानि॥
गये विश्वामित्र ढिग अस हे हरु दुखदानि॥
चौ० सुनि बोली नवजनक दुलारी॥ सुनहु प्राण पति विनय हमारी
अनुज अम्ब पितु सुत सुख नाना॥ पिय बिन अमर्दे प्रेत समाना
तेहि विधि नाथ मोहिं जग माहीं॥ तुम बिन सुख्द कतहुं कोइ नाहीं
दो० ॥ रहे चंद्र बिन चन्द्रिका रहे मीन बिन पाथ॥
तो घरमें मोहिं राखिये बहुत कहों का नाथ॥
देखि प्रीति बोले चलहु संग चली हरषाइ॥
सुनेहु लषण बन जात प्रभु ढिग आये बिलखाइ॥
चौ० सोच नाइ शोचत मनमाहीं॥ मोहिं प्रभु संग लेहैं की नाहीं
देखि बिकल बोले रघुराई॥ धीरज धरि रहो घर भाई॥ ॥
भवन भरत नहिं प्रिय रिपु आरी॥ तात मातु मम बिरह दुखारी
जो मैं तुमहिं चलौं ले साथा॥ हूँ हैं पुरजन निपट अनाथा
जेहि नृप राज प्रजा दुख पावै॥ अवशि अधिप सो नर्क सिधावै
अस बिचारि रहिये गृह भाई॥ करहु मातु पितु की सेवकाई ॥
भव भय हरनि मातु पितु सेवा॥ बिमुख निरय भाषत महिदेवा
सुनि लक्षमण अतिशै दुख पावा॥ पद शिर धरि अस वचन सुनावा
दो० नाथ बात जो कही तुम नाहि करै नर सोइ॥
कीरति सुगति बिभूति तिय तनुज जाहि प्रिय होइ॥
चौ० मोहिं एक प्रभु तुमते नाता॥ अपर न जानहुं गुरु पितु माता
तेहि ते तजहु न किंकर जानी॥ सुनि रघुपति बोले मृदु बानी
दो० तात मातु ते बिदा है आइ चलो मम साथ॥
जाय सुमित्रा के चरण भय युत नायो माथ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

चौ० बोली देखि दुखित कै सताता॥ तब तहँ लषण कही सब बाता
सुनि गइ सहमि सुमित्रा रानी॥ धरि धीरज बोली मृदु बानी॥
तात राम सिय तव पितु माता॥ रहैं जहाँ अवध सुख दाता॥
जो बन जात राम सुकुमारा॥ तो घर में का काज तुम्हारा॥
तेहि ते बन तिन के संग जाहू॥ लेहु वत्स जगजीवन लाहू॥
मोहिं समेत भयो बड़ भागी॥ जो तव राम चरण रति जागी॥
करेहु तात सोइ बात बिचारी॥ जेहि न राम सिय होंइ दुखारी॥
सुनि लक्ष्मण उठि शीस नवायो॥ पाइ अशीस राम ढिग आयो॥
तब प्रभु सहित जानकी भ्राता॥ आये जहँ कौशिल्या माता॥
चरण छुवत निज उर बैठारे॥ भई गहर कत बचन उचारे॥
बोले तब रघुपति सुनु माता॥ बन को राज दीन मोहिं ताता॥
आयसु देहु मुदित मन ताते॥ कुशल आइ पद देखिय जाते
कौशिल्या सुनि अति दुख भयऊ॥ मनहु छीनि सुख सर बजु भयऊ
बोली केहि अपराध भुवारा॥ राज देन कहि बिपिन निकारा
सचिव सुवन सब बात बखानी॥ सुनि व्याकुल है बोली बानी

दो० सुत अरि ते दधि भक्षते रसावन पिता निकेत॥
हे बिधि राखे मोहिं तू यही देखावन हेत॥
धरि धीरज बोली बहुरि तात किहेउ अति नीक॥
पितु आयसु सब धर्म मय वदत वेद है टीक॥

चौ० जो मैं कहौं रहो सुत धरमा॥ बढ़ै बयरु शिर चढ़ै अधर्मा
तेहि ते अवशि जाहु बन भैया॥ आयहु बेगि जाइ बलि मैया।
सिय एकहु दुख जानत नाहीं॥ इनकर लाड़ सह्यो बन माहीं
मैं बहु भांति सिखावन दीन्हा॥ तदपि चलन हित हठि प्रण कीन्हा
लषण लाल अपति से सुकुमारे॥ रहत न तेउ संग जात तुम्हारे।
रूप स्वरूप सुख इनकर देखी॥ सहि न सक्यो सुधि लिह्यो बिशेषी

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

है स्वतंत्रवन दूनो भ्राता॥ करेउ न कबहुं जीव कर घाता॥॥
चलेहु सांई जेतना चलि जावै॥ कह्यो संदेश इते कोइ आवै
मोहिं सम नारि अभागिनि कोई॥ भई न अहै न आगे होई॥
जो जन तिउ आगे दुख एहा॥ तो नहिं कर तिउ नृप ते नेहा॥
जात विपिनि मम बालक वारे॥ देखि न निकसत प्राण हमारे
अस कहि अवनि गिरी मुरझाई॥ प्रभु जननी बहु विधि समुझाई
पुनि धरि धीर भाषि सुत बक्षा॥ लागि करन अंगन की रक्षा॥
**रोला छं०** नमो विष्णुपद पातु जानु तिविक्रम वीरा। क-
टिहि रक्ष गोबिंद नाभि अच्युत रणधीरा॥ गुल्म पातु पदु
माक्ष उदर हरि उर श्री नाथा। भुज मधुसूदन पातु कुक्ष पृथ्वी
धर साथा॥ कंठ जनार्दन पातु कृष्ण मुख मंडल सोहै॥ कर-
ण मूल बाराह घ्राण दामोदर जोहै॥ नेत्र निरंजन पातु भाल
लक्ष्मी नारायन। केशो पातु कपोल सर्व तन चक्र धरायन॥
पूर्व पातु पुरुषोत्तम सदा अग्ने गरुड़ध्वज। दक्षिण दिशि-
नरसिंह पातु नैऋत्य चतुर्भुज॥ वासुदेव बारुण्य पातु बाय
व्य विप्रव भराम रक्ष कौबेर्य शंख ईशान गदाधर॥ कमल
नाभि अध ऊर्ध पातु जल गिरि बन बावन। व्याघ्र सिंह ते पातु
सदा शंकर मन भावन भूत प्रेत बैताल ब्रह्म राक्षस छल का
रि। अग्नि चोर बिष बीछ सर्प ते पातु मुरारी॥ पर विद्या उभ
यंत्र मंत्र पर तंत्र जहां लो॥ माधौ सकल निवारु मारु र-
ज धूल तहां लो॥ यहि विधि रक्षा कीनि दीनि पुनि सुख द
अशीषा। सहित लषण सिय चले नाइ जननी पद शीशा॥
इति श्री विश्राम सागर सब मत आगर ग्रंथ उजागर श्री रघुनाथदा-
स राम सनेही कृत बन यात्रा नृप विषाद वर्णनो
नाम द्वादशो ऽध्याय: १२॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

दो० सुमिरि राम सिय सन्त गुरु गणप गिरा सुखदानि॥
बरणों मानस सहित कछु अगिनि बेस कृत आनि॥

चौ० कछुक शोच चित कछुक उछाहा॥ आये बहुरि जहां नरनाहा
भे सुनि विकल सकल पुरवासी॥ मनहुं दवाहु दिशि लागि दवासी
कर थिर धुनहिं भागि बिन जानी॥ मन मलीन तन दशा भुलानी
कोइ कहे भलन कैकई कीन्हा॥ कोइ कहे नृप काहे कबर दीन्हा
कोइ कहै विधि चाहै सो करई॥ कोइ निज कर्मन के सिर धरई
कोइ कहै भरतहु कर मत होई॥ सुनि कर कान्ह राखि कहै कोई
लागत पवक असकिय बखाना॥ राम भरत कहँ आश समाना
अगिनि होइ जल बरुन भ फूला॥ भरत न होब राम प्रति कूला
यहि बिधि कहत सुनत सब धाये॥ बिरह बिकल नृप मंदिर आये
भइ अति भीर भूप दरबारा॥ बरणि न जाइ बिषाद अपारा
तेहि अवसर के सुधि जब आवें॥ अजहुं दरार अवनि उरजावे

दो० तब रघुबर सिय लषण सुत नृप पद शीश नवाइ॥
कह्यो बिदा मोहिं कीजिय तात बिषाद बिहाइ॥
निरखि भूप शिशु रूप उठि लीन्हे हृदय लगाइ॥
हे बस धर्म सनेह कछु कह्यो न रह्यो चुपाइ॥
देखि कैकयी तमकि कै मुनि पट भाजन दीन॥
बोली पहिरहु जाहु बन जो चाहो हित कीन॥
अनुज सहित बलकल पहिरि करि पितु मातु प्रणाम॥
कृष्ण पक्ष बैशाख दिन छठे चले बन राम॥
विप्र बधू बर कैकयि हि रहीं बहुत समुझाइ॥
तेनहिं कीन्ह्यो कान तब चलीं अधिक दुख पाइ॥
कह्यो भूप तब सचिव ते रथ पर लेहु चढ़ाइ॥
बन देखाइ अन्ह बाइ सरि लावहु तात फिराइ॥

तुरत बाजि रथ साजि के गये राम के तीर ॥
सुनि बिनती आरूढ़ भे सिया सहित दोउ बीर ॥
चले अवध शिर नाइ सब पुरजन लागे साथ ॥
प्रभु फेरत नहिं फिरत सो खग मृग बिकल अनाथ ॥
आइ रहे तमसा निकट प्रथम दिवस बिन नीर ॥
करुणा मय भे दुखित तब देखि सजन के भीर ॥
लोग श्रमित गे सोइ तब कह्यो सचिव ते राम ॥
खोज मारि रथ हाँकिये नाहिंत बिगरत काम ॥
आयसु पाय चढ़ाइ रथ हाँक्यो खोज दुराइ ॥
जागि लोग भे बिकल तब जब न लखे रघुराइ ॥

चौ०। राम राम कहि खोजन लागे ॥ रथ कर चिन्ह न देख्यो आगे
फिरि आये गृह आपुहि जानी ॥ करदम मीन धन्य करि मानो
राम दरश हित जप तप नेमा ॥ लगे करन पुरजन युत प्रेमा ॥
इहाँ राम सिय सचिव सभाई ॥ शृंगबेर पुर पहुँचे जाई ॥
उतरि कीन सुरसरि अस्नाना ॥ यतने माहिं भील पति जाना
ले फल फूल भेंट तहँ आवा ॥ कीन्हि दण्डवत लखि सुख पावा
उठि रघुनाथ लीन उर लाई ॥ पूछी कुशल पास बैठाई ॥ ॥
नाथ कुशल सब भाँति हमारे ॥ पद पंकज दुख दलन तुम्हारे
आपु कहाँ इत कीन पयाना ॥ तब रघुपति सब हाल बखाना
सुनि निषाद मन भयो बिषादा ॥ बोल्यो बहुरि सहित अहलादा
तुम प्रभु होउ इहाँ के राजा ॥ हम सब सेवक सहित समाजा
चलहु भवन प्रभु कह तिन पाहीं ॥ ग्राम जान की आज्ञा नाहीं
तब सिसुपा तर लै गयऊ ॥ कुश साथरी बिछावत भयऊ ॥
तेहि पर उतरि सबन फल खाये ॥ पौन कीन पुनि सहज सुभाये
सोवत प्रभुहि निषाद निहारा ॥ दुखित लखण ते बचन उचारा

दो० जे सोवत रहे मणि पलँग पुरट महल के माँहिं॥
ते पौढ़े कुश साथरी विधि जु वाम केहि नाहिं॥
मुनि बोले सौमित्र कछु विधि कर दोष न होइ॥
निज कृत कर्म अभंग फल भोगत हैं सब कोइ॥
राम सच्चिदानन्द घन रहित समस्त विकार॥
करत चरित सुर सन्त हित धरि स्वतंत्र अवतार॥

चौ० अस विचारि दुख परिहरि नेहा। करहु राम पद पदुम सनेहा॥
मृगतृष्णा सम जग व्यौहारा। सतसंगति हरि सुमिरन सारा॥ ॥
तात परम परमारथ सोई। जो रघुबीर चरण रति होई॥ ॥ ॥
यहि विधि कहत सुनत भा भोरू। जागे सकल सुनत खग सोरू॥
करि स्नान सिर जटा बनाये। लखि सुमंत्र तब बचन सुनाये॥
नाथ कह्यो मोहिं कौशलनाथा। बन देखाइ लै आयो साथा॥
कहु प्रभु तात सकल तव जानी। धर्म न दूसर सत्य समाना॥
सो मैं सत्य तजहुं किमि जानी। अयश होइ पुनि धर्म कि हानी॥
तेहि ते तात जाहु घर आजू। नाहित होइ अवध अकाजू॥
कह्यो पिता सन बिनै हमारी। मम हित करैं न संशय भारी॥
जननिन ते कहियो शिर नाई। आवत सपदि फिरे दोउ भाई॥
कह्यो भरथ जब मंदिर आवैं। करहु राजि जेहिं सब सुख पावैं
गुरु पितु मातु बचन अनुहारी। करत कछू तेहिं लागि न खारी
यदु यमदग्नि गणेश हरी के। चरित चारु जग प्रचुर परी के॥
तुम पितु सम मम बिनै तुम्हारी। करेहु सो जेहि नृप रहें सुखारी
अस कहि चले सचिव शिर नाई। सुरसरि तट आये रघुराई॥ ॥
माँगी नाव न केवट लावा। कहै तुम्हार मरम मैं पावा॥ ॥ ॥
पाहन ते कीन्ह्यो मुनि नारी। तेहि ते कठिन न नाव हमारी॥
यहि ते पलत मोर परिवारा। नाथ न जानहुं अपर प्रकारा॥ ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

सुरसरि पार जान जो चहहू॥ तौ प्रथमै कलेश कछु सहऊ॥
लेन देहु मोहि पदरज धोई॥ मानुष करणा सुनिहै सोई॥ ॥
धोये बिनन देहौं अन्त जाना॥ लछमण कोप किन मारहिं बाना
सुनि वाणी प्रभु केवट केरी॥ बिहसे सिय लछमण तन हेरी॥
बोले पुनि लीजे पर छाली॥ कमठ पृष्ठ लावा जल हाली॥
पद पखारि जल कीन्ह्यो पाना॥ सुरन देखि बड़भागी जाना॥
नाव चढ़ाइ पार तब कीन्हा॥ शीस नाइ जब चाले लीन्हा॥
सिय मुद्रिका देन प्रभु लागे॥ बोला सहित जोरि कर आगे॥
तुम केवट भवसागर केरे॥ नदी नार के हम बहु तेरे॥ ॥
हमरी तुमरी कसि उतराई॥ नापित नापित की नहि बाई॥ ॥
सुनि प्रभु ताहि भक्ति वर दीन्हा॥ पुनि सुरसरि महँ मज्जन कीन्हा
करि बिनती सिय नायहु शीसा॥ दीन मुदित मन गंग असीसा
तब प्रभु सखे कह्यो घर जाहू॥ बोला तब भीलन कर नाहू॥
जैहों जहँ तहँ तक पहुँचाई॥ फिरिहौं तब प्रभु कुटी बनाई॥
सुनि चालि भे प्रभु सहित हुलासा॥ तेहि दिन भयो पथ में बासा।
नौमी दिन तीरथ पति गयऊ॥ त्रिवेणी जल मज्जन भयऊ॥
विप्र वृन्द सनमानि सिधाये॥ भरद्वाज के आश्रम आये॥ ॥
कीन दण्डवत सहित समाजा॥ उर लगाइ बोले ऋषिराजा।
आजु सफल मम जप तप ज्ञाना॥ तीरथ ब्रत योग मख दाना।
धन्य जन्म जग जीवन भारी॥ भयो कृतारथ तुम्हें निहारी॥
अब करि कृपा देहु वर मोही॥ काय वचन मन सुमिरौं तोही
जब तक तव पद प्रेम न होई॥ तब तक सुख न लहै नर कोई।
अस कहि मधुर मूल फल दीन्हे॥ सबन सहित प्रभु भोजन कीन्हे
तेहि निशि रहि करि प्रात स्नाना॥ मुनिहि नाइ शिर कीन्ह पयाना।
ग्राम निकट जेहि निकसहिं जाई॥ थकित होहिं लखि लोग लुगाई

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

एक एक ते कहैं विचारी ॥ ए बालक बन योग न प्यारी ॥ ॥ ॥

दो० कोइ कहे इनके मात पितु हैं कठोर मम जानि ॥
कोइ कहैं होय न होय हरि निकसे मानि गलानि ॥

चौ० कोई कहैं नृपसुवन शिकारी ॥ बन विचरत मिलिंगे सुरनारी ॥
कोइ कहै बरबस भूपकुमारी ॥ बरिआंग बन भवन बिसारी ॥
कोइ कहै काम बाम ले रूरी ॥ चंद्र शम्भु पर बैर बिसूरी ॥ ॥
कोइ कहै विप्र शाप बस आहीं ॥ सिद्धि समेत सिद्ध कोइ आहीं
कोइ कहैं है ठग लिहे ठगोरी ॥ ठगत फिरत मन मति करि भोरी
कोइ कहै ए सुकृती हैं कोई ॥ निज परलोक सुधारत सोई ॥
उदय भये कछु भाग हमारे ॥ भरि नयनन जो इन्हें निहारे ॥
यहि बिधि कीरति कै करि भूरी ॥ पूंछे निज निज जाइ हजूरी ॥
कहेउ राम सति बचन तुम्हारे ॥ फलत भाउ जस बैर हमारे
तेहि अवसर तापस एक आवा ॥ करि बिनती हरि धाम सिधावा

दो० मगबासिन सुख देत इमि उतरे यमुना जाइ ॥
मज्जन करि हरि सखहि तब बिदा कीन बरिआइ ॥
चले लषण सिय सहित प्रभु करि यमुनहिं परनाम ॥
उतरे सीतहि श्रमित लखि बट तरु तर ढिग ग्राम ॥

चौ० एक अली लखि गइ निज गेहा ॥ कहत सखिन ते सहित सनेहा
सखि यहि ग्राम पथिक द्वै आये ॥ गौर श्याम छबि धाम सोहाये

दो० तिन संग सुन्दरी एक जेहि लखि लाजत अगमेव ॥
चारि सुमन फल चारि पसु विहंग चारि श्रुति देव ॥

चौ० सुनि पुरजन सब देखन धाये ॥ उतरे प्रभु जहँ तहँ चलि आये
लख शिख सुभग स्वरूप निहारी ॥ सीता ढिग आईं मिलि नारी ॥
पूछहिं हे स्वामिनि सुकुमारे ॥ ये दोउ बालक कौन तुम्हारे ॥ ॥
देवर लषण कहेउ सिय बैनन ॥ निज पति प्रभु इ बतायो सैनन ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

कोशल पुर है इनकर धामा॥ नृप दशरथ के सुत अभिरामा॥
कारण कौन फिरत बन माही॥ कोमल पद पद त्राता हुं नाहीं
सासु सबनि कीन्ह्यो उत पाता॥ दियो बन बरष सात अरु साता
सुनि सिय बचन सकल बिलखानी॥ बोलीं बिधि गति जान न जानी
निपट निठुर चित करत जो भावै॥ नीके माहिं जवून लगावै॥
आधि सीतल घट बद सकलं की॥ कोमल कुवलै किहि सिकटकी
रूप कल्प तरु जल निधि खारी॥ नीच धनिक बड़ बिप्र भिखारी
इनकर रूप अनूपम कीन्हा॥ तेहि पाछे कानन लिखि दीन्हा
जो पै इन्हें दिहिसि बन बासा॥ तो कत कीन्हि सभोग बिलासा
यहि बिधि कहि सब आपुस माहीं॥ बोलीं पुनि रघुपति के पाही
आजु रहो चलि हमरे धामा॥ आखिर रहा दिवस यक यामा॥
कह प्रभु हमें दूरि है जाना॥ अस कहि उठि बन कीन्ह पयाना
लखि सब लोग उठे अकुलाई॥ मनहुं गई गृह सम्पति आई
दृग जल पूरि कहत बरजोरी॥ फिरत करे उइत कृपा बहोरी
हरि इच्छा जस समय बिलोकी॥ कर बल सथा थल पथ रोकी
प्रभु सिय लखण जात इमि लागा॥ भक्ति सहित जनु ज्ञान बिरागा
मग में देखि ज्योतिषी कहई॥ राज चिन्ह सब तुम्हरे अहई॥
सो बन बिचरत बिन पद त्राना॥ ज्योतिष झूठ हमारे जाना॥
बहुरि बिचार कराहिं गनि आछे॥ होई राज कछुक दिन पाछे॥
जो देखैं सो संग सिधावै॥ बूझहि तब जब बहु समुझावै॥
जिन सिय राम बटोही हेरे॥ भव दुख दूरि भये तिन केरे॥
अजहुं जासु उर वह छवि सोवै॥ निश्चय सो पर धाम सिधावै
मग निवास करि प्रात सिधाये॥ बालमीक के आश्रम आये

दो० कीन्हि दण्डवत मुनिहि प्रभु लीन बिप्र उरलाय॥
लखण राम सिय रूप लखि भये मुदित ऋषिराय॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

कंद मूल फल अमी सम दीन्हे करि सनमान ॥
भोजन करि पति भृत्य ते बोले राम सुजान ॥
नाथ चतुर दश बरष मो बन दीन्हों महिपाल ॥
सुथल बतावहु निर विघन तहां रहौं कछु काल ॥
कह मुनि राम नरेश प्रिय अरहु काह निज तंत्र ॥
अद्भुत चरित तुम्हार लखि कोन भूलि हैं मंत्र ॥
अकथ अलौकिक रूप तव तर्कि सकै नहि केउ ॥
जानै सोइ करि कृपा तुम जाहि जनावो देउ ॥
निज रहिवो हित बेस्म जो पूछेउ सो सुनि लेहु ॥
कहें सुनें तव चरित जे तस्य हृदय तव गेहु ॥
मंत्र राज तव जपहिं जे रटैं निरंतर नाम ॥
निरद्वंदो निस्पृह सदा तस्य उरसि तव धाम ॥
पर त्रिय जानै जननि जिमि पर धन गरल समान ॥
सम लोष्ट सम कांचन नहिं तस्य मनसि तव थान ॥
जाति पाँति धन धाम तजि तुम्हे रहैं लवलाय ॥
तिनके मन मंदिर बसहु सिया सहित दोउ भाय ॥
तिनके मान न मोह मद त्वद दासन में नेह ॥
काम क्रोध कटु रहित जे ते मानस तव गेह ॥
तव उच्छिष्ट भोजन करैं तव प्रसाद पट लेहिं ॥
बसहु तासु उर राम जे क्षुधित हि भोजन देहिं ॥
दुख सुख समुझै एक सम शांत शुद्ध चित मौन ॥
जगत रीति ते रहित जे तस्य उरसि तव भौन ॥
षट विकार मय बपु लखै आतम रहित विकार ॥
करैं सदा सत संग जे तेहि उर भवन तुम्हार ॥
श्री मम सेवै गुरु चरण नावे द्विज पद माथ ॥

करौं नाम प्रभाव नित तहां बसहु रघुनाथ ॥
तप तीरथ व्रत दान करि मागहिं तव पद प्रीति ॥
बसहिं तरथ अपवर्ग जे चले राम रसजीति ॥

चौ० और हु इमि बहु आश्रम अहहीं ॥ बसेउ राम तुम लखि सुख तहहीं ॥
यहि अवसर सम सुफल जो चहऊ ॥ तौ चलि चित्रकूट में रहऊ ॥
चरणन सुर मुनि संत बिधाता ॥ चित्रकूट चिंतित फल दाता ॥
भले राम कहि कीन पयाना ॥ आइ कीन पयसरि अस्नाना ॥
तेहि दिन कामदगिरि प्रभु आये ॥ समाचार सुर सन्तन पाये ॥ ॥
आइ सकल सब नाये माथा ॥ नाथ आजु हम भये सनाथा ॥
पर्ण कुटी सुग सुभग बनाई ॥ निज निज लोक गये सुख पाई
सुनि सुनि आये कोल किराता ॥ कंद मूल फल धरि धरि पाता
देइ भेंट जो हाथ जोहारी ॥ निरखि राम छबि होइ सुखारी ॥
करि सनमान राम बैठारे ॥ तिन तब प्रभु ते बचन उचारे ॥ ॥
धनि तिन जानि प्रभु दरशन दीन्हों ॥ हम सब काहु कृतारथ कीन्हों
अब तुम इहैं बसहु सब मासा ॥ सकल सोज कर अहै सुपासा
हम तव दास सहित परिवारा ॥ आयसु देत न करब बिचारा
करि परितोष बिदा प्रभु कीन्हे ॥ चले भवन चरणन चित दीन्हे
जब ते राम बसे बन आई ॥ तब ते भयउ सकल सुखदाई ॥
फूलहिं फलैं बिटप बहु भांती ॥ सुर तरु सम बिहरत अलि पांती

दो० करि हरि कपि वृक कोल मृग बिचरत बैर बिहाइ ॥
प्रेम बिबस चलि जाहिं तहँ जहँ दरशन होइ भार ॥

गीतिका छं० चलि जाहिं तहँ जहँ बंधु दोउ तब देखि सुर तापस कहैं । ये अहैं बड़भागी सकल जे प्रभु इ सब लोकन रहैं ॥ हि म मोल सुर तरु जन्तु जा गिरि गहन पय सरि देखहीं । तहँ भाग्य जानहिं तुच्छ पायुहि तिन्है बड़ करि लेखहीं ॥ ॥

इति श्रीविश्रामसागर सब मत आगर ग्रंथ उजागर श्रीरघुनाथदासरामसनेही कृत श्रीरामचित्रकूटआगमनो नाम त्रयो
ऽध्यायः १०॥

दो० सुमिरि राम सिय सन्त गुरु गणप गिरा सुखदानि॥
बरणौं मानस मत कछुक आगिवेश कृत आनि॥
चित्रकूट प्रभु जिमि बसे सो मैं कहौं बखानि॥
अब सो सुनहु सुमन्त जिमि अवध गये दुख मानि॥
केवट ह्वै हरि ते बिदा जब आयो निज ग्राम॥
देख्यो परे सुमंत महि रटै राम हा राम॥ ॥
जाइ निषाद विषाद बस लीन्ह्यो गोद उठाइ॥
चर्चि चढ़ाये रथ विषे बहुत भांति समुझाइ॥
लीन्हे सेवक बोलि निज दीन्हे करि तिन साथ॥
चलत न हय हिहिनात हैं फिरि देखि दृग रघुनाथ॥
इत उत ऐंचत अटत मग लेत जो हरि को नाम॥
चित वत तेहिं तन हरि दिवस पहुँचे कोशल धाम॥
पुर प्रवेश नहिं करि सकत तकत सचिव निशि छोर॥
जैसे जाइ चोराइ गृह सब कर समुझा चोर॥ ॥
मनमें करत विचार मोहिं देखि पूछिहैं लोग॥
कौन उतर दैहौं तिन्हें नृप रानिन तव भोग॥
निकसत निठुर न प्राण मम रहत कौन सुख लागि॥
धृग जीवन रघुवीर बिन जरत न बपु बिरहागि॥
अर्धघरी निशि गत गये कौशिल्या के धाम॥
सुनि नृप उठि उर लाइ कह कहु सुमंत कहँ राम॥
तब सुमंत बोले समुझि धीरधरहु उरनाथ॥
हानि लाभ जीवन मरण दुख सुख सब के साथ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

सब का कौन अराम प्रभु सीता लषण समेत॥
आपु गये बन लवचन लगि मोहिं पठै दुख हेत॥
सुनि महिपाल बिहाल है गिरयो धरनि पछिताइ॥
अन्ध आपकी सुरति करि कही सबन समुझाइ॥
सत्रिय विप्र दै बाध सुतश्रवण बध्यो गज जानि॥
तजिहों तन सुत बिरह इमि दिहिनि शाप दुख मानि॥
पतंगिका के पूंछ में सींक चलाई जोन॥ ॥
लहौं तासु फल महा मुनि भूल तहां हम कौन॥
कह्यो शंभु को लिङ्ग जहं जल जासन को माथ॥
मिटत कर्म बस भानु जहं तहं हम का रघुनाथ॥
सत्य कहत श्रुति कर्म बिन भोगे छूटत नाहिं॥
नाम रटनिते मिटत जिमि चूना परि निधि माहिं॥
राम मातु बोली बिलखि नाथ धरहु उर धीर॥
तो मिलिहैं सिय राम फिरि सो भ सुनी रघुबीर॥
हाय राम सिय लषण कहि हाय राम करि शोक॥
तृन सम हरि हित त्यागि तनु भूप गयो सुरलोक॥
लखि लागीं रोवन रवनि गुन बल तेज बखानि॥
बिलपहिं दासी दास सब पुरजन परिजन जानि॥
यहि बिधि बीती राति सब प्रात काल मुनि आइ॥
शोक मिटायो सबन कर बिबिध प्रसंग सुनाइ॥

चौ॰ कह वशिष्ठ मन धीरज धरहू॥ धर्म बिचारि शोच परिहरहू॥
जो जनमत सो मरत बिशेषी॥ देह दृष्टा यह अघटित देखी॥
कनक कसिपु हरणाक्ष सरीखे॥ गुणिन केर गुण गुणि यत जीखे॥
सागर सहस भुज आदि नरेशा॥ सुमिरन मात्र रहो अवशेषा॥
जिन के रथ यहि बन ते सागर॥ भेय सो भये काल बस नागर॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

पूर्व कर्म अनुसार जहाना ॥ हात मौत करि बिबिध बहाना ॥
प्रथम सृष्टि जब रची बिधाता ॥ लहै न कोइ तहं जीव निपाता ॥
तब रचि मौत बधाय सु दीन्हा ॥ अयश समुझि तेहि रोदन कीन्हा ॥
आंसुन ते भय रोग घनेरे ॥ कह बिधि ये सब संचर तेरे ॥
इनके वोट हरो तुम प्रानी ॥ कल सोई बिधि आज्ञा मानी ॥

दो॰ मेदिनि मेरु मझारि सुर सोउ एक दिन नशि जात ॥
गज श्रुति सम नर आयु चर ताको कौन बिसात ॥
लही बड़ाई भूप वर हरि हित परिहरि देह ॥
षट बिकार परते परे आतम आनन्द गेह ॥
छेदि सकै नहिं शस्त्र जेहि पावक सकै न जारि ॥
मारुत सकै न सोषि यहि बोरि सकै नहिं बारि ॥
जिमि बिहाइ जीरन बसन धारत मनुज नवीन ॥
तिमि देही तनु जीर्ण तजि नूतन गहत नवीन ॥
आदि अन्त अव्यक्त है मध्य जासु कछु व्यक्त ॥
तेहि आतम के हेत की करहु कलस नात्यक्त ॥
रोये जो मिलि जाइ तेहि रोवै भले पुकारि ॥
जोन मिलै रघुनाथ तो धीरज धरे बिचारि ॥
सज्जन के संसर्ग ते कश्यन मानस ताप ॥
मिटी मिटत मिटिहै न मुनि त्यागिये सबन कलाप ॥
तेल नाव तनु राखि नृप लिये दूत युग बोलि ॥
बेगहि लावहु भरत कहं कह्यो न तुम कछु खोलि ॥
चले चार दूत पवन जिमि जहं भरत दोउ भाइ ॥
दीख भयावन स्वप्न निशि भावन पहुंचे जाइ ॥

चौ॰ भूतादिक तहं पहुंचे जाई ॥ गुरु निदेश सुनि दोनहु भाई ।
चपल बाजि चढ़ि तुरत सिधाये ॥ कुहू दिवस निज नगरहि आये

पुर प्रविशत भे असगुन भारी ॥ घरे देखि सब जीव दुखारी ॥ ॥
लोग मिले नहिं कुशल सुनावैं ॥ गवैं जोहारि जोहारि सिधावैं ।
गे चलि प्रथम केकई गेहा ॥ बैठारे तिन सहित सनेहा ॥ ॥ ॥
पूंछि कुशल निज नैहर केरी ॥ बोले भरत तासु तन हेरी ॥ ॥
भूप कहाँ सुरलोक पधारे ॥ कारण राम विरह के मारे ॥ ॥ ॥
दुख किं देत रहे युवराजू ॥ काहे न दिहिनि कि हेउ मैं काजू ॥
कौन काज नृप पद तब हेता ॥ लिहेउं दिहेउं रामै बन चेता ॥
राम कौन सुत सवति के जानी ॥ सवति कौनि कौशिल्या रानी
बोलत कस कहं राम सभाई । गे बन बंधु सहित महि जाई ॥
सुनि महि मुरछि गिरे दोउ भ्राता ॥ कहि हा राम लषण सिय ताता
हा पितु स्वर्ग लाग प्रिय तोहीं ॥ रामहिं सौंपि गयऊ किन मोहीं ।
हा सिय राम लषण मम पाछे ॥ सहिहैं दुख बन मुनि पट काछे
हे जननी तैं अस वर मांगे ॥ हरे सकल सुख एकहि लागे ॥ ॥
जौ तें यहे रहे उर धारे ॥ जनमत मोहिं मारि किन डारे ॥ ॥
राम सबहि प्रिय प्राण समाना ॥ तैं किमि तिन्है कहे बन जाना ॥
भूप प्रतीति कीन्हि भलि तोरी ॥ मरन काल कछु मति भइ भोरी
भूप लगाइ न दोष तुम्हारा ॥ दुख कर मूल अभाग हमारा ॥
अब दृग ओट बैठ उठि जाई । तेहि छिन लहौं मैं घरा आई ।
लखि कर पु दवन लात यक मारी ॥ गिरी भूमि हा हाय पुकारी ॥
पकरि केश झटत उत घसि लावा ॥ पर अपकार केर फल पावा ।
भरत साधु लखि दीन छुडाई ॥ कौशिल्या गृह गे दोउ भाई
राम मातु उठि हृदय लगाये ॥ जनु बन राम लषण फिरि आये
रोदन करि पुनि हाल सो बरना ॥ राम गवन बन भूपति मरना ॥
जन्म मरण फल भल नृप लीन्हा ॥ मोहि विधि विरचि बज्र करि दीन्हा
मातु गिरा सुनि दुख रस बोरी ॥ बोले भरत बिलखि कर जोरी ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

मातु मृषा मोहिं विधि जन मावा ॥ मम पाछे सबहुन दुख पावा ॥
कैकै सुत अपयश अधिकाई ॥ मातु मते मोहिं कौन बताई ॥

दो० जो अघ गो द्विज मातु पितु सुत तिय मारे होइ ॥
जो मम सम्मत होइ तौ मोहिं अघ लागै सोइ ॥
शिव निरमाय लपल भवीमद विभिचारा सोर ॥
जो गति पावै सोइ मोहिं मिलै मानि मत मोर ॥
जे श्रुति निंदक हरि विमुख खल संगति न सोहातु ॥
तिनकी गति मोहिं मिलहि जो होइ अरमत मातु ॥
मातु भरत के वचन सुनि बोली सुचि सुख धाम ॥
रामहिं प्रिय तुम प्राण सम तुम्हें प्राण सम राम ॥

सो० तात मातु मत माहिं । तुम्हें कहैं मति मन्द ते ॥
सुगति लहैंगे नाहिं । अस कहि लियेउ लगाइ उर ॥

चौ० एहि विधि विलपत रैनि सेरानी ॥ होत प्रात आये मुनि ज्ञानी
करि प्रबोध भरतहि समुझावा ॥ उठे तुरत गुरु आयसु पावा ॥
नृपतन छालि बेवान बनाई ॥ राखी मातु सकल समुझाई ॥
गंधसार समधी बहु लीन्ही ॥ दाह क्रिया सरयू तट कीन्ही ॥
पांडु पीर वाते श्रुति रीती ॥ दीन्हि तिलांजलि सबन सप्रीती ॥
गौर पक्ष ग्यारसि दिन जाना ॥ कीन भरत दश गात्र विधाना ॥
द्विजहि दान दीन्ह्यो सब भांती ॥ तिसरे दिन भइ तेरही सांती
पितु हित भरत कीन्ह अस करनी ॥ सो मुख सह सहु जाइ न बरनी

दो० एका दिन गुरु जन सकल जुरे सभा मधि आइ ॥
शोच बिवस लखि भरत ने तब बोले ऋषि राइ ॥

चामर छं० सुवन सुनि लीजिये । सबन सुख दीजिये ॥
दृगन जल पोंछिये । नृपहि कत शोचिये ॥

छप्पै शोचिय द्विज निज धर्म त्यागि जो रहे विषे रत । शोचि

य नृप नय रहित सहित तम तोष पोष गत ।। शोचिय बरिा-
क बजाइ पाइ धन धर्म न ठानहिं। शोचिय तिय पिय छलनि
शूद्र विप्रहिं अपमानहिं ॥ शोचिय यती विराग विन तिय
न शोचिय सब भांति भल। सुर दुरलभ तनु पाइ जिन भजे-
उ नरायहिं छांड़ि छल ॥

चौ० शोचनयोगन जनक तुम्हारे॥ नीति निरत त्रिभुवन उजियारे
प्राण पुत्र तजि राखे बचना॥ प्रगटी प्रेम प्रीति की रचना॥ ॥
अस जिय जानि शोच परिहरहू॥ पितु आयसु सो सिरपर धरहू
तुम्हें राज्य दैगे नृप ज्ञानी ॥ पालहु प्रजहि परम हित मानी ॥
सुरपुर नृप पर तोषै पैहैं ॥ राम लषरा सिय सुनि हरषैहैं ॥ ॥
यामें दोष न निगम बतावै ॥ जेहि पितु राजि देइ सोइ पावै ॥
सुनि सुमित्र कौशिल्या बोली॥ गुरु आज्ञा सुत अहै अमोली
पुनि पितु बचन जाइ बलि संबा॥ होउ तात सबका अवलंबा
सुनि मृदु बचन भरत अकुलाने॥ बोले सबन नेह बस जाने॥

दो० यदपि मातु पितु गुरु बचन बिन बिचार चहि कीन॥
तदपि मोह बस उतरु मैं देत क्षमेहु लखि दीन॥

चौ० प्रथम पिता पन पूर निबाहा॥ राम लषरा सिय बन भल चाहा
जो मोहिं राजि देत बरजोरा॥ यामें हित तुमार की मोरा॥ ॥
मम हित सो रघुपति पद सेवा॥ अपर उपाइ न जानहु देवा।
हित तुम्हार हम ते किमि होई॥ केकै सुवन जान सब कोई ॥
जेहि उदगारि सबका दुख दीन्हा॥ कारण ते कारज कइ चीन्हा॥
मन मुख मूल सरिस सुखदायक॥ धर्म शील चाहिय नर नायक
तेहि ते सबै कहौं शिर नाई॥ आयसु याहि देहु हरषाई ॥ ॥
प्रात काल रघुपति पहँ जावों॥ जरनि मिटै जब दरशन पावों।
भरत बचन सुनि सब हरषाने॥ बोले मुनि तुम परम सयाने॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

शोक सिंधु बूड़त अवगाहू ॥ तुम अवलंब दीन सब काहू ॥ ॥
मातु मते औ तुम्हे बताई ॥ सो सठ कीट नर्क दुख पाई ॥ ॥ ॥
अवशि चलहु बन जहँ अवधेशू ॥ गे निज निज गृह पाइ निदेशू ॥
भरत बोलि सुचि सेवक लीन्हे ॥ भवन भंडार सौंपि सब दीन्हे ॥
सचिवहि दीन तिलक कर साजू ॥ विपिनि देव गुरु रामहि राजू ॥
होत प्रात चढ़ि पुरजन जाना ॥ सबन कीन बन ओर पयाना ॥ ॥
जेहि राखहिं गृह रक्षा हेता ॥ सो कहैं हरि बिन जरै निकेता ॥
सुक सारिका पिंजरन बोलैं ॥ अधिक उचाट कपाटन खोलैं ॥
चढ़ि चढ़ि रथ ऋषि द्विजन समेता ॥ चले सकल बन रघुपति हेता ॥
शिबिका सुभग समूह सँवारी ॥ चढ़ि गवनी मुनि तिय नृप नारी ॥
जेष्ठा दी बिबेक कहि मोदे ॥ भरत शत्रुहन चले पयादे ॥ ॥
भरतहि देखि लाग अनुरागे ॥ तजि तजि जान चलन पग लागे ॥

दो० कौशिल्या दिग जाइकै कह्यो चढ़ो रघुनात ॥
है है पुरजन बिकल अति सुनत चढ़े होउ भ्रात ॥
प्रथम दिवस तमसा रहे उभै गोमती तीर ॥
तिसरे दिन बस सई दिग प्रात चली सब भीर ॥

इति श्री बिश्रामसागर सबमतआगर ग्रंथ उजागर श्री रघुनाथ दास राम सनेही कृत भरत चित्रकूट गमनो नामच-
तुर्दशोऽध्यायः १४॥

दो० जेठ कथा चतुरथ दिवस भृग सरु नियरान ॥
आवत भरत निषाद सुनि गुरि फराइ दिल खान ॥
प्रथम मातु मिलि दीन बन अब लै कपट समाज ॥
चढ़े राम सिय लषण पर करन अकंटक राज ॥
जो न होत यह बात उर तौ न लेत दल साथ ॥
उभै भाँति गुह जाति सब बोलि लिये रघुनाथ ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

चौ० तिन ते कहिसि सजग सब होहू ॥ पारि हारि तात सुतन कर छोहू ॥
सन्मुख समर भरत ते करहू ॥ राम हेतु तनु तजि भव तरहू ॥ ॥ ॥
चतुर चित्र नीते मनि लेहीं ॥ मूढ रतन कौड़ी लगि देहीं ॥ ॥
भले नाथ कहि भट अनुरागे ॥ कसि कसि अस्त्र शस्त्र भे आगे
सब निज कटक देखि गुह राजा ॥ कहेसि जुझार बजा बहु बाजा
तेहि अवसर भइ बांयें छींका ॥ सगुनिन कहा सगुन यह नीका
रामहिं भरत मनावन जाहीं ॥ तुमते होव रारि कछु नाहीं ॥ ॥ ॥
राम नाथ सुनि सबसे कहेऊ ॥ मैं अब जात सजग तुम रहेऊ ॥
लेहों भेद भरत कर जाई ॥ प्रीति अप्री तिन छित छिपाई ॥ ॥
कंद मूल फल सुरसरि नीरा ॥ घटन भराइ गयो तिन तीरा ॥ ॥
मुनिहिं कीन लखि दण्ड प्रणामा ॥ दीनि अशीस समुझि प्रिय रामा
भरत बिलोकि तुरत रथ त्यागा ॥ चलि तेहि मिले सहित अनुरागा
भेटत देखि देव अनकूला ॥ जयति जयति कहि बरषे फूला ॥
कहें वशिष्ट कहं भरत निषादा ॥ भेटत ताहि सहित अहलादा ।
यह हरि शरण केरि प्रभु ताई ॥ नीचहु होत पवित्र लखाई ॥ ॥
पूंछी कुशल भरत ता केरी ॥ अबसब भांति कुशल भइ मेरी ॥
समुझि मोहि जे प्रभुइ न भजहीं ॥ ते जग वंचक सब सुख तजहीं ।
बहुरि मिले रिपु दवन कुमारा ॥ पुनि सब रानिन कीन जोहारा ।
दिहिनि अशीष लषण सम जानी ॥ पुरजन लखि हरषे सुख मानी
कहैं सकल यह है बड़ भागी ॥ भेटे जाहि राम अनुरागी ॥ ॥
तब निषाद निज लोग बोलाये ॥ घर बन बाग सकल भर जाये ।
प्रथमें सब सुरसरितट गयऊ ॥ करि मज्जन सुख पावत भयऊ ।
मांगि मांगि रघुपति पद नेहा ॥ टिके आइ जहं तहं तरु गेहा ॥
तब गुह पति बहु असन मंगाये ॥ कन्द मूल फल सबहि नखाये ॥
भक्त सखा कहि लीन जवाई ॥ गे जहं रैनि रहे रघुराई ॥ ॥ ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

कुस साथरी देखि तरु पयामा ॥ परिकमा करि कीन प्रणामा ॥
दो० सजल नैन हि मखाते बोले सकुल समेत ॥
हाय राम सिय लषण बन सहत विपति मम हेत ॥
चौ० जनक सुता अतिशै सुकुमारी ॥ सासु ससुर पति प्राण पियारी ॥
लोने लषण सरिस सुचि भ्राता ॥ भयो नअहै नहै है ताता ॥ ॥
मृदु मूरति रघुपति सुकुमारे ॥ जीव चराचर सबहिं पियारे ॥ ॥
ते सोवत बन दर्भ डसाई ॥ बिधि गति मति कछु जानि नजाई ॥
जिन्है प्राण सम पितु महतारी ॥ जोगवत रहे नगर नर नारी ॥ ॥
तेबन चिचरि फूल फल खाहीं ॥ देखि हृदय मम फाटत नाहीं ॥
छण छण छण मोहिंबारहि बारा ॥ धन्य तात प्रण भल प्रति पारा ॥ ॥
सुनि बोला कर जोरि निषादू ॥ जानि बाम बिधि तजहु निषादू ॥
नाथ आपु प्रिय रामै भारी ॥ करत रहे उत कथै तुम्हारी ॥ ॥
धरहु धीर सुख समुझि प्रनामा ॥ करहु सयन चलि गये मुकामा
हरि गुण कहत भयो भिन सारी ॥ करि मज्जन सब भये तयारा ।
केवट नाव अनेक मगाई ॥ उतरि सकल चलिभे हरखाई ॥ ॥
सानुज भरत पयादे देखी ॥ सुचि सेवक सकुचाहिं बिशेखी ॥ ॥
तिसरे पहर प्राग चलि आये ॥ करि अस्नान सबन शिर नाये ॥ ॥
बिप्रन दान दीन बहु भांती ॥ मांगि राम पद प्रीति सोहाती ॥ ॥
जानि काम प्रद तीरथ नाथा ॥ बोले भरत जोरि युग हाथा ॥ ॥
सब फल दायक तुम भगवाना ॥ दीजे आज्ञु सकृत मोहिं दाना ॥
दो० चहौं न सुगतिन सुमति सुख रिधिसिधिमें नहिं नेह ॥
बढ़े रामपद प्रीति नित यही दान मोहिं देहु ॥
शशि चकोर घन मोर धन कृपिन मकर मधुरीति ॥
सातृक स्वाती ते अधिक प्रभु पद बाढ़े प्रीति ॥
जो कहो प्रथमें तजि तिन्हें कतगवनेहु परभोन

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

अंत अनुग अज्ञान ते अघन होय अस कौन ॥ ॥

सो० भरथ बचन सुनि सार । भईत्रिवेणी में गिरा ॥
तात तजहु कुविचार । तुम रामहिं प्रिय प्राणसम-

चौ० बेनी बचन भरत सुनि हरषे । कहि बड़ साधु सुमन सुर बरषे ॥ ॥
भरद्वाज पहँ गे दोउ भाई ॥ कीन दण्डवत मन सकुचाई ॥ ॥
शीष अरतु पुनि भेजल भारी ॥ पद झलकत झलका जनु बारी ॥
लखि मुनीश उठि हृदय लगाये ॥ देइ अशीश निकट बैठाये ॥ ॥
कहि अरथि तुम सकुचत कत ताता ॥ अचल ईश गति बाम बिधाता ॥
रामहिं प्रिय तुम समनहिं कोई ॥ तब मन कहब लहब अघ सोई ॥
मल लेहु भजाहि तदपि नहिं फीका ॥ प्रभु पद प्रेम किहेउ अति नीका ॥
तेहि पर कहि कलंक बड़ येहू ॥ हम सब का उपदेशहि देहू ॥ ॥
समुझि परत मोहि अस निरबहेऊ ॥ राम कृपा मूरति तुम अहेऊ ॥
बालक बिधि सम सुयश तुम्हारा ॥ हरण ताप तम पाप अपारा ॥ ॥
भरि नयनन छबि निरखि तुम्हारी ॥ हम आपुनि बड़ि भाग बिचारी ॥

दो० सब साधन कर फल लहा लखण राम सिय दर्श ।
तेहि फलकर फल अब भयो भरत त्वया अस्पर्श ।

चौ० सुनि मुनि बचन भरत तब बोले ॥ पुलकि गात जल लोचन लोले ।
नाथ मोहिं नहिं पितु कर शोचा ॥ नहिं दुख जिय जग कहे कि पोचा
बिगरे परलोक लोक न शंका ॥ नहिं कछु डर बिधि भयो बिवंका ॥
एकहि कष्ट हृदय मम भारी ॥ लषण राम सिय होत दुखारी ॥ ॥
यहि आमय की औषद आवे ॥ तब कछु और बात मन भावे ॥ ॥
कह मुनि करहु न शोच तुम्हारे ॥ सब दुख मिटिहैं प्रभुइ निहारे ॥
आजु होउ तुम अतिथ हमारे ॥ भले नाथ कहि कटक सिधारे ॥ ॥
तब मुनि करि बिचार सुख पाई ॥ ऋद्धि सिद्धि अणिमादि बोलाई
कह्यो करहु सबहिन की सेवा ॥ हरषी सकल पाइ बड़ देवा ॥ ॥ ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

प्रथम कनक मय महल सोहाये ॥ कैयो योजन माहिं बनाये ॥ ॥
दीन्ह्यों बास सुरुचि सब काहू ॥ सुभग सेज स्त्रक सरस उकाहू ॥ ॥
असन बसन बर भोग अनेका ॥ दिये तोपि तिन एक पर एका ॥ ॥
दासी दास अप्सरा नाना ॥ बाग तड़ाग बिबिधि पोमाना ॥ ॥
सुर दुरलभ सुख लहि सब लोगा ॥ बिसरे घर बन बिरह बियोगा ॥
भरथ बिलोकि मुनीश प्रभाऊ ॥ भयो राम पद अधिकहु चाऊ ॥
चक्र बाक सम रैनि बितायो ॥ प्रात नहाइ मुनिहिं शिर नायो ॥
बर बिराग बिपेन्द्र निहारी ॥ मुदित दिये संग सेवक चारी ॥ ॥
आयसु पाय सुसेन सिधाये ॥ बीच बास करि यमुनहि आये ॥ ॥
रघुपति बरण निरखि बर बारी ॥ हरषत भये सकल नर नारी ॥ ॥
भरत भाव भरिग सक तन धोखा ॥ अपर कबिहि अति अगम बिशेषा
जिमि मन मलिन मनुष्यन कैहा ॥ दुरलभ ब्रह्मानन्द अग मेहा ॥
तेहि निशि रहि तहँ उठि भिनसारा ॥ एकै खेव भये सब पारा ॥ ॥
करि अस्नान चले शिर नाई ॥ देखि कहैं मग लोग लुगाई ॥ ॥
का दोउ राम लषण हैं सोई ॥ होती संग सीय कहे कोई ॥ ॥
सैन साथ पुनि मानस खेदा ॥ तब इक सखी कह्यो सब भेदा ॥
सुनि सो कथा सकल अनुरागीं ॥ भरतहिं बहुरि सराहन लागीं
कैकेय योगन सुतये अहहीं ॥ ॥ एक कठोर बिधाते कहहीं ॥
भली भई भव भूत बिगारी ॥ एक कहैं अस कहो नप्यारी ॥ ॥

दो० राज्य हरण पुनि पितु मरन बिपिनिचरण जगदीश ॥
दैव करै ऐसी बिपति परै न काहू शीश ॥ ॥

चौ० यहि बिधि जहँ तहँ ग्रामनिवासी ॥ कहैं सुनैं सुमिरैं सुख रासी ॥
भरतहि जिन देखे मग लोगा ॥ तिनके सकल मिटे भव रोगा ॥
सहित समाज जहां मग धरहीं ॥ महि कोमल तरु छाया करहीं ॥
यह बड़ि बात भरकै नाहीं ॥ जिन्हैं राम सुमिरत मन माहीं ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

लखि गुरु ते बोले सुरराजा ॥ बनी बात ऽअब होत ऽअकाजा ॥
रामहि भरत मनावन जाहीं ॥ ऽअस कछु करहु मिलें जेहि नाहीं
दो० कहहु सुर गुरु हरिभक्त जो कोउ ऽकरत कुचालि ॥
परत पलटि तेहि शीश सोइ ज्यों रज रविहि उछालि ॥
सेवक की सेवा किहे हरिहि होत परितोष ॥ ॥
करै भक्त ते बैर जो जरै राम के रोष ॥ ॥
यद्यपि एक रस एक प्रभु गहत न मारा सार ॥
तदपि सुभक्तन हित करत सम ऽअरु विषम बिहार ॥
चौ० ऽअस जिय जानि तजहु ऽअविचारू ॥ सुमिरहु भरत चरण सुखसारू
सुनि सुरपति उर धीरज ऽआवा ॥ बरषि सुमन पद प्रेम बढ़ावा ॥
पूछत प्रभु भरतहि चलि ऽआये ॥ नय निवास करि प्रात सिधाये
सब के उर ऽअभिलाख बिशेखी ॥ कब सिय राम लखण मुख देखी
तब निषाद गिरवरहि देखावा ॥ प्रेम मगन सबहिन शिर नावा ।
सुमिरत नाम दशरथ की ऽआथा ॥ उभय कोश चलि कीन निवासा
प्रात काल उठि चले बिशेखा ॥ इतै सिय स्वप्न प्रात ऽअस देखा
पुरजन सहित भरत जनु ऽआये ॥ सासु ऽआन बिधि सब दुखताये
सुनि प्रभु कह्यो स्वप्न भल नाहीं ॥ कीन ऽअस्नान शोच मन माहीं
उत्तर दिशि देखी नभ धूरी ॥ दुरे ऽआइ खग मृग तहँ भूरी ॥ ॥
तब तें चकित उठे रघुराई ॥ ऽआइ किरात न खबरि जनाई ॥
भरत ऽआगमन सुनि रघुबीरा ॥ भये प्रेमबस पुलक शरीरा ॥
पुनि मन शोच कीन रघुराऊ ॥ उत सुर हित इत बंधु स्वभाऊ
बहुरि समुझि मन भये सुखारे ॥ भरत कहे महँ ऽअहैं हमारे
दो० लखण लख्यो प्रभु शोच बस उर मनुष शर साधि ॥
बोले सन्मुख जोरि कर सहित क्रोध ऽअह लाधि ॥
चौ० नाथ कनक रसना प्रभुताई ॥ पावत पुरुष जात बौराई ॥

बेनु नहुष भुज सहस सुरेशा ॥ शशि त्रिशंकु ययाती दिनेशा ॥
अरु कृतवीर्य दसगति गाई ॥ सुरसरी में नहिं सिंधु समाई ॥ ॥
भरत साधु बड़ रहे सयाने ॥ तेउ राज मद पाइ भुलाने ॥ ॥ ॥
विपिन नयकाकी समुझि सुभाये ॥ करन अकंटक राज सिधाये
जो मन में यह बात न आवत ॥ तौ केहि कारि हारि कटक सोहावत
प्रथम मातु मिलि किहिनि खोटाई ॥ समय पाइ फल लागन आई
भरतहि आजु सबन्धु प्रचारी ॥ नाथ सपथ रण डरिहौं मारी ॥
अति अपमान रजहिं नहिं सोहै ॥ हम नृपतनै करावहु सोहै ॥ ॥
सुनत बचन लोकप भय मानी ॥ तब तहँ भई गगन इमि बानी ॥
ऐसे भलहैं तात तुम्हारे ॥ परिबुध करत न कछु अविचारे ॥
सकुचे लषण राम सनमाने ॥ तात बचन तुम सत्य बखाने ॥
भरत सरिस शुचि बंधु जहाना ॥ भयो न अहै तात नव आना ॥
गरुड़े बहु रजु अहि गहि खावै ॥ गोपद बूड़ि घटज बरु जावै ॥
भरतहि होब न नृप मद भाई ॥ बिन मांकि पयनिधि इव हरखाई
गुण अवगुण मय जग विधि कीन्हा ॥ भरत हंस जल तजि पय लीन्हा
यहि विधि प्रभु इत करत बड़ाई ॥ उतै भरत पय सरित नहाई
सकल समाज राखि तेहि तीरा ॥ आपु चले जहँ सिय रघुबीरा ॥
संग निषाद नाथ लघु भ्राता ॥ विविध कुतर्क करत मग जाता ॥
कैके सुत लखि चहैं तजि देहीं ॥ सेवक समुझि अपर करि लेहीं
तजेहु अतजेहु मोहिं गति याहीं ॥ शिशु न तजि मातु पितहि कित जाहीं
यहि विधि ठटु कल बदत अधीरा ॥ आये चलि प्रभु आश्रम तीरा
फूले विटप अनेक प्रकारा ॥ खग मृग मधुकर करत बिहारा ॥
दो० पाकरि जंबु तमाल चुल तामधि बट लख श्याम ॥
जेहि तर सरिता तट बनी परण कुटी अभिराम ॥
तहँ तुलसी तरु सुमन लक रुचिर वेदिका एक ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

होत कथा नित आइ तहँ बैठत साधु अनेक॥

चौ॰ चलत शोभा जब भरत निहारी। मिटे सकल दुख भये सुखारी॥
चले प्रणाम करत दोउ भाई। पहुँचे जब रघुपति पहँ आई॥
उठे तुरत प्रभु जबै निहारा। कहुँ धनु शर कहुँ दूर बिसारा॥
धाइ उठाइ लाइ उर लीन्हो। मिलनि निरखि सुर जय जय कीन्हो॥
प्रीति प्रतीति भरत रघुवर की। बिधि हरि हर सुर सकहिं न तरकी॥
हौं केहि भांति कहौं मति थोरी। मिले लषण ते भरत बहोरी॥
राम सखहि भेंटे हरषाई। मिले शत्रुहन प्रेम बढ़ाई॥
केवट लषण शत्रुहन भेंटे। पुनि दोउ बंधु सियापद लेटे॥
दीनि अशीश सहित बैठारे। भे अनुकूल बिलोकि सुखारे॥
तब केवट वर बचन सुनाये। प्रभु मुनि मातु लोग सब आये॥
गुरु आगवन सुनत रघुबीरा। गये जहाँ सरि तट सब भीरा॥
मुनिहिं प्रणाम कीन दोउ भाई। प्रेम समेत लिये उर लाई॥
विप्र विप्र बनितन शिर नावा। आशिर्बाद सबन ते पावा॥
आरत लोग समुझि सुखाला। पल मा सबै मिले दोउ भ्राता॥
पुनि देखी सब मातु बिहाला। प्रथम कैकइहि मिले कृपाला॥
पद परि प्रभु तेहि कीन सुखारी। बहुरि सकल भेंटी महतारी॥
मिले सुमित्रहि पुनि दोउ भाई। कौशिल्यै भेंटे अकुलाई॥

दो॰ अति सनेह बस मातु दोउ बंधु लिये उर लाइ।
तेहि क्षण भयो बिलाप जस तस को पै कहि जाइ॥

सो॰ भेंटि सबै दोउ भाइ। गुरुहि कह्यौ पग धारिये।
मुनि कर आयसु पाइ। उतरे जल थल हेरि सब॥

चौ॰ द्विज गुरु सचिव मातु लै साथा। आये निज आश्रम रघुनाथा॥
सिय उठि मुनि पद नायो माथा। उचित अशीश दीनि अरुंधिमाथा॥
मुनि गुरु तिय द्विज प्रिय पद लागी। दीन अशीश सकल अनुरागी॥

मासुन सकल मिलो बैदेही ॥ लखि लखि सबै लाइ उर लेही ॥
तब मुनीश सब का बैठाये ॥ प्रथम कछुक हरि चरित सुनाये ॥
पुनि नृप सुरपुर गवन जनावा ॥ सुनि सिय राम दुसह दुख पावा ॥
करहिं बिलाप लषण युत रानी ॥ सो करुणा नहिं जाइ बखानी ॥
तब बिधि सुत दीन्ह्यो सहज्ञानी ॥ सबहिन जाइ कीन्ह अस्नाना ॥
दशम दिवस रह्यो तेहि दिन चीन्हा ॥ बरतनि जला सबहिन कीन्हा ॥
प्रातहि जो ऋषि आयसु दिहेऊ ॥ सो प्रभु सहित प्रीति ते केहेऊ ॥
करि पितु क्रिया बेद बिधि रीता ॥ मदन दिवस भे शुद्ध पुनीता ॥

सो० परम पुनीत जोइ । कोइ न जानत जासु गति ॥
नर नाटक कृत सोइ । करत निजा नुग भाव बस ॥

इति श्री विश्राम सागर सब मत आगर ग्रंथ उजागर श्री रघुनाथ दास राम सनेही कृत भरत चित्रकूट आगमन राम मिलाप बर्णनो नाम पञ्चदशोऽध्यायः १५ ॥

दो० सुमिरि राम सिय मन्त गुरु गणप गिरा सुखदानि ॥
बरणौं मानस मत कछुक अगिनि बेस कृत आनि ॥
कौशल पुर बासी सकल सुखप्रद परवत पास ॥
बसत कमत तनु लसत लखि न शल जगत की सास ॥
तब रघुपति गुरु ते कह्यो नाथ बिकल सब लोग ॥
लखि मोहिं श्रम सम जात पल नहिं फल भस यायोग ॥

चौ० बोले मुनि तुम सुनहु कृपाला ॥ प्रथम लोग सब रहे बेहाला ॥
मन ते कीन्हिनि दरश तुम्हारे ॥ तबही ते सब भये सुखारे ॥ ॥
तेहि ते रहन कछुक दिन देहू ॥ भले नाथ कहि गे निज गेहू ॥
लागे रहन मुदित नर नारी ॥ देखि शैल सब होइ सुखारी ॥ ॥
पय सरि करहिं त्रिकाल सनाना ॥ कंद मूल फल लै सै नाना ॥
कोल किरात मुदित ले आवैं ॥ धरि धरि आगे शीश नवावैं ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

देहिं लोग धन लेहिं न सोई ॥ कहैं हमार भला किमि होई ॥ ॥
तुम सुकृती हम बनचर पापी ॥ राम कृपा भयउ दरश कलापी ॥ ॥
प्रिय पाहुन तुम सब सुख दाता ॥ सेवा योग न कीन विधाता ॥ ॥
फल दल लेहु दीन जन जानी ॥ रीझत साधु प्रेम पहि चानी ॥
सुनि मृदु बचन सकल अनुरागे ॥ तिनके भाग सराहन लागे ॥
प्रीति बिलोकि लेहिं फल फूला ॥ सुखी होहिं तब लखि अनुकूला ॥
यहि बिधि लोग सकल हरषाहीं ॥ बासर बीति पलक सम जाहीं ॥
सबके मन इच्छा यह होई ॥ जहँ सियराम तहैं सब कोई ॥
सिय करि सब सासुन पद सेवा ॥ किहिनि सुजस कोइ जानन भेवा ॥
यहि बिधि रीधि बासर चलि गयऊ ॥ तृतिया दिन सब बहुरत भयऊ ॥
भरत आगमन राम मुनि रानी ॥ निज मति सरिस कहैं सब बानी ॥
तेहि क्षण जनक दूत युग आये ॥ प्रभु देखि भे दुखित सुभाये ॥
बूझत गुरु विदेह कुशलाई ॥ बोले तब सुचार सिर नाई ॥ ॥
प्रभु अब कहहु कुशल कहि लागी ॥ कुशल हेतु सो भयो बिरागी ॥
ततरु कुशल गे अज सुत साथा ॥ मिथिला युत भइ अवध अनाथा ॥
नृप परलोक सुना जब राजा ॥ भये बिकल तब सहित समाजा ॥

**दो०** पुनि धीरज धरि अवधपुर दूत पठाये चारि ॥
खबरि कही तिन आइ तब आपुइ चले बिचारि ॥
किहिनि निवास न मग कहूं चलत भये दिन तीनि ॥
आइ पहूंचे खबर हित तब मोहिं आज्ञा दीनि ॥

**चौ०** जनकागमन सुनत रघुबीरा ॥ आनन चले संग बहु भीरा ॥
पुरजन सुनि सब भये सुखारी ॥ कहैं कि रहब बहुरि दिन चारी
गिरवर देखि जनक रथ त्यागा ॥ कीन प्रणाम सहित अनुरागा ॥
मग श्रम स्वल्प न काहूं पावा ॥ मनु प्रभु पास प्रथम हीं आवा ॥
इत उत लोग सकल नियराने ॥ लागे मिलन प्रेम रस साने ॥ ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

जनक मुनिन पद नायउ माथा॥ ऋषिन प्रणाम कीन रघुनाथा॥
मिले बिदेहैं बंधु समेता॥ लै आये सह प्रीति निकेता॥॥
दोउ समाज मिलि भये बेहाला॥ रहन ज्ञान धीरज तेहि काला॥
भूप रूप गुण शील बखानी॥ रोवहिं सकल बिकल नृप रानी॥
रामहिं देखि अधिक उरदाहा॥ हाइ बाम विधि कीन्हे का हा॥
सुरनर मुनि सब भये दुखारी॥ नृप बिदेह की दशा निहारी॥॥
मोह बिवश भे जनक सुज्ञानी॥ यह रघुपति पद प्रीति पिछानी॥
जप तप योग बिरति बिज्ञाना॥ राम प्रेम बिन लोन्य समाना॥
मुनिवर सबहि बोध बहु दीन्हा॥ राम घाट तब मज्जन कीन्हा॥
उतरे सब जहँ तहँ जल तीरा॥ तेहि दिन सकल रहे बिन नीरा॥
आन सबन उठि कीन सनाना॥ कोल किरात बात सुनि नाना॥
कंद मूल फल सरस सोहाये॥ भरि भरि भार भूरि भट लाये॥॥
मुनिवर भेट जनक यहँ दीन्हे॥ सेन सहित नृप पारण कीन्हे॥
यहि बिधि भे गत बासर चारी॥ प्रभुहि देखि सब लोग सुखारी

दो॰ दोउ समाज कहँ नारि नर अवन जाब घर दूरि॥
सिय रघुपति संग रहब बन सुरपुर ते सुख भूरि॥
जेठ शुक्ल जिय युग दिवस जनक राज रनिवास॥
आयहु सुनि सब कारण तहँ जहँ सिय की सब सासु॥

चौ॰ कौशिल्या सादर बैठारी॥ श्रवत नयन जल सकल दुखारी
सिया मातु बोली बिधि करणी॥ परम कठिन कछु जान न बरणी
देखहु बिध बायस बहु तेरे॥ मधु मराल कहुं मिलत न हेरे॥॥
जन्म बिवाह उछाह अपारा॥ कहँ वह सुख कहँ यह दुख डारा
लखण मातु कह ऐसे अहई॥ बाल चरित सम कन जो रहई॥
कौशिल्या कह बिधिहि न दोषू॥ निज कृत कर्म केर सब रोषू॥
मोहिं न शोच भूपति कर कोई॥ नहिं बन जात राम सिय सोई॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

गूढ़ सनेह भरत कर देखी ॥ यही एक मोहिं शोच विशेखी ॥ ॥
तेहि ते दीन्ह कहेउ नृप नाहीं ॥ बहुरे लषण भरत संग जाहीं ॥
भरत शील गुण प्रेम बड़ाई ॥ कहैं शेष पर सकैं न गाई ॥ ॥
जब लग मोसे बंदें महीपा ॥ भरत भये हमरे कुल दीपा ॥ ॥
कनक कसौटी चढ़ि खुलि जाई ॥ पुरुष परखिये औसर पाई ॥
मुनिवर वचन सकल बिलखानी ॥ अरहु धीर पुनि कह्यो सुबानी ॥
लषण मातु तब कह्यो सप्रीती ॥ देखि दशाइ युग यामिनि बीती ॥
कौशल्या कह अब थल जाहू ॥ हमरे तब पति शाप निबाहू ॥
सुनि बोली अस का इन कहहू ॥ राममातु दशरथ प्रिय अहहू ॥
अंगीकार करे गुरु नाहीं ॥ न्याय गिरि सम प्रतिपालन नाहीं ॥
तब हित हरि काहु को अनुसरई ॥ रवि सहाइ कहुं दीपक करई ॥

दो० रामलषण सिय जाव बन करि सुर मुनि को काज ।
फिरि ऐहैं निज नगर तब पैहैं त्रिभुवन राज ॥

चौ० याज्ञवल्क्य नारद इमि काहा ॥ झूठ न होव सत्य हम चाहा ॥
अस कहि सिय हित बिनै सुनाई ॥ आई निज थल करत बड़ाई ॥
प्रिय परिजन नाहिं मिल्यो लखि सीता ॥ भे सब बिकल मोह मद जीता ॥
जनक सियहि उर लाइ ल्यो लाई ॥ बोले पुनि धरि धीरज राई ॥
पुत्रि पवित्र सेउ कुल कीन्हो ॥ पावन सुयश सकल पुर लीन्हो ॥
सुनि पितु बचन सिया सकुचानी ॥ रैनि रहे भल यहाँ न जानी ॥
लखि रुख भे प्रसन्न पितु माता ॥ पठइ नि तब तहँ भेंटि सुगाता ॥
सियामातु तब पतिहि सुनाई ॥ कौशल्या कृत भरत बड़ाई ॥
सुनि पुलकित तन बोले राऊ ॥ ऐसे हैं प्रिय भरत प्रभाऊ ॥
हम वशिष्ठ मुनि बहु अवगाहा ॥ मिली न भरत बुद्धि की थाहा ॥
योग भोग युत नय मैं राऊ ॥ किमि जानो हरिजन कर भाऊ ॥
भरत भाग्य गुण शील बिचारा ॥ शेष कहैं पर लहैं न पारा ॥ ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

महिमा भरत केरि सुनु प्यारी॥ जानै राम न सकैं उचारी॥
तौ फिरि अपर सकै को गाई॥ चिरिया उर कहु सिंधु समाई॥

दो० लखगाहिं फेरहु भवन तव कहौं भरत बन जान॥
जो मैं पावहु थाह कछु प्रीति प्रतीति अमान॥

चौ० राम भरत के बाल प्रमाना॥ जानैं राम भरत नहिं आना॥
इमयि भरत की करत बड़ाई॥ हर्ष सहित सब रैनि बिताई॥
प्रातकाल करि मज्जन तीरा॥ जनक वशिष्ठ भरत रघुवीरा॥
कौशिकादि पुरजन अधिकाई॥ बैठे सब बट तरु तर आई॥
बोले तब राघव ऋषि तेरे॥ नाथ सहत दुख लोग घनेरे॥
जो आयसु मोहिं होइ गोसाईं॥ सो मैं करौं दास की नाईं॥
बोले मुनि तुम धर्म जहाजा॥ कसन कहो यहि बिधि महराजा॥
अस कहि बहुरि भरत ते भाषा॥ कहो तात निज मन अभिलाषा॥
बोले भरत जोरि करि दोऊ॥ अवसर समुझि कहत सब कोऊ॥
बैठ जहँ प्रभु त्रिभुवन त्राता॥ पुनि कौशिक मुनि उभै बिधाता॥
तुम प्रभु विधि गति छेकन हारे॥ सचिव जनक पितु और हमारे॥
औरो ऋषि बैठे बहु ज्ञानी॥ तहँ हो लघु किमि सकहु बखानी॥
जो तुम सबकर आयसु होई॥ सोइ हित मानि करैं सब कोई॥
कह मुनि मम सम्मत सुनि लीजे॥ जो कछु राम कहैं सोइ कीजे॥
तृगुरा आदि दै जहँ लग ज्ञानी॥ राम रजाय सबन सिर आनी॥
कौशिक सचिव भरत मिथिलेशा॥ सबन कह्यो भल सम्मत एहा॥
जानि राम निज ऊपर भारू॥ बोले पुनि मुनि ते श्रुति सारू॥

दो० नाथ सपथ मुनि मांह जग भरत सरिस शुचि भाइ॥
भयो न है नहिं होन अब बहुत कहो का गाइ॥
जे गुरु पद रज सिर धरैं लोक वेद बड़ तौन॥
तेहि पर रौरे की कृपा भरत सरिस जग कौन॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

चौ० मुखपर केहि विधि करौं बड़ाई। सकुचत सुमति समुझि लघु भाई॥
भरतै पावक कहै जो कोई। महा मूढ़ पापी है सोई॥ ॥ ॥
मातहि दोष देइ सोउ मूढ़ा। जानि न जाइ ईश गति गूढ़ा॥ ॥
मातन में अति प्रिय सोइ माता। भाइन में प्रिय भरत सुभ्राता॥
भरत देइँ मोहिं आयसु जोई। शम्भु सपथ मैं करिहौं सोई॥ ॥
सुनि प्रभु बचन डरे सुरराई। पठवत शारद सो नहिं आई॥ ॥
नब बास बशत पर अपकारी। निज उच्चाट सदन शिव डारी॥
जनक भरत मुनि सचिवै त्यागी। सुरमाया सो सब के लागी॥
मन उच्चाट भये सब केरे। छिन सोहात घर छिन बन हेरे॥ ॥

दो० बोले तब मुनि भरत ते तात कहौ अब सोइ॥
जेहि ते जावत जीव जग सबहि न कर हित होइ॥
सुनि मुनि ते बोले भरत देव कहौं सति भाव॥
मैं जानत निज नाथ कर अतिशै सरल सुभाव॥
जननि जनक सोदर सखा सेवक सचिव परोस॥
काहु न देख्यो आजु तक प्रभु कर बदन सरोस॥

चौ० सब पर कृपा करत सम लखाई। तदपि प्रीति मोपर अधिकाई॥
शिशुपन में खेलत प्रभु संगा। कबहुँ न किहिनि मोर मन भंगा॥
जो कछु वस्तु अनेरा खो पावें। मोहिं दिये बिन आपु न खावें॥
महूँ आजु तक अति पृथु जानी। प्रभु सन्मुख कछु बात न ठानी॥
निशिदिन रही दरश अभिलाखा। सो सनेह बिधि मोर न राखा॥
सेवक धर्म स्वामि सेवकाई। सो तजि गयो करन अध माई॥
सुनि प्रभु मातु पिता गुरु बानी। परिहरि चहुँ बेउ पास प्रमानी॥
ऐसेहु अघ प्रभु गने न राई। शरण जानि लीन्ह्यो अपनाई॥
ऐसे प्रभुइ नहीं अनुहरहूँ। सेवक है मन मुख हठ करहूँ॥ ॥

दो० निज स्वारथ हित स्वामि ते हठै सो सेवक पोच॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

जो मोहिं आयसु देहिं प्रभु सोइ करौं तजि शोच॥

चौ० सुखद वचन सुनि सब हरखाने। भरतहिं धर्म धुरंधर जाने॥
राम भरत ते वचन उचारे। तात रहत मम हित धुर यह तुम्हारे॥
जो हम मही परा राख्यौ बाता। तौ अब कहौं सुनौ हे ताता॥
जो प्रथमैं पितु आयसु दीन्हा। हमैं तुम्हैं सोइ चाहिय कीन्हा॥
जिन गुरु पितु पति गिरा न धारी। तिन जानहु नेह डारयौ मारी॥
अस जिय जानि मानि हित भाई। पालहु प्रजहिं अवधि भरि जाई॥
होइहि तुम्हैं न लेस कलेशू। सिर पर गुरु मुनि मिथिलेशू॥
महूं बिपिनि रहि अवधि बिताई। ऐहौं सपदि भवन सुख पाई॥

दो० सुनि रघुपति के वचन मृदु भा भरतै संतोष॥
मनहु लह्यो फल जन्म कर मिटे सकल दुख दोष॥

चौ० बोले बहुरि जोरि युग हाथा। तिलक साज सब लायों नाथा॥
सो अब कहा करिय रघुबीरा। कह प्रभु चलहु चली ऋषि तीरा॥
अत्रै मुनि जहं देइं बताई। तहं धरि देहु काम फिरि आई॥
अस कहि चले गये मुनि धामा। करत भये सब दण्ड प्रणामा॥
आदर करि मुनिवर बैठारे। भरत अत्रि ते वचन उचारे॥
नाथ नीर सब तीरथ केरा। धरिय कहौ सो करहु निबेरा॥
कह मुनि है एक कूप रसाला। लोपत सो छिन को नेउ काला॥
ताही में जल राखहु ताता। सुनि तब भरत कीनि सोइ बाता॥
भरत कूप कह बावन सोई। पीवत जल निरमल मन होई॥

दो० पुनि अनुनै बोले भरत नाथ जो आयसु होय॥
आवहुं तीरथ देखि सब राम कह्यो भल सोय॥
धाइ रजायसु चले तब जहां जहां चलि जात॥
नेम प्रेम लखि भरत कर मुनि जन मन सकुचात॥
पांच दिवस में सकल बन देख्यो भरत दिठोरि

हरिदिन प्रात स्नान करि प्रभु ले करैं बहोरि ।।
दीजै मोहिं अधार कछु जेहि लखि अवध सिराय ।।
सुनि दीन्ही निज पादुका भये मुदित मन पाय ।।
जननि जनक गुरु सचिव प्रिय पुरजन सखा सुभ्रात ।।
भेंटि सबन कीन्हे बिदा चले सकल बिलखात ।।
तेहि छन माया मुनन की सबका भई सहाय ।।
नाहि त रघुपति बिरह ते तरन सकत कोउ जाय ।।
बैठे प्रभु सिय अनुज युत परनकुटी के माहिं ।।
करत बड़ाई भरत की हृत अघ मन सब जाहिं ।।
तेहि दिन रहि यमुना निकट उभे भीलपति ग्राम ।।
तीसर बासा गोमती चौथल अवध मुकाम ।।
भूता दिन आये अवध जनक रहे दिन चारि ।।
जहँ तहँ सबनि बसाइ के निज पुर गये सिधारि ।।
भरत सुदिवस सोधाइ के पुनि गुरु आयसु मांगि ।।
सिंहासन प्रभु पादुका बैठारी अनुरागि ।।

**गीतिका छं०** बैठारि प्रभु पद पादुका सिरु नाइ अनुज बो-
लाइ के । सौंपाइ पुरजन मातु सब तब आपु आयसु पाइ के ।।
पुर दक्षिणा योजन एक नंदिग्राम गुफा बनाय हू । लागे रहन
फल पात भषि जग भोग सब बिसराय हू ।। सुनि अवध सुरख सु-
रराज लाजत धनद धनु लखि राग ही । तेहि त्यागि दीन्हेउ
भरत किमि जिमि मधुप चम्पक बाग ही ।। रघुबीर पिय पु-
नि बंधु तेहि जड़ मोहि माया किमि सकैं । जे अहैं सनमु-
ख राम के नेउ तासु तन नाहीं तकैं ।। यह भरत चरित पुनीत
पावन करन मुनि बर्णन कर्यो । रघुनाथ करि संक्षेप क-
छु बिश्राम सागर में धर्यो ।। कहिहैं जे सुनिहैं मुदित तिन

की प्रीति प्रभुपद बाढ़ि हैं। नशि हैं सकल दुखराम धामन-जात कोउ ऽपाड़ि हैं॥

दो० श्री गुरुदेवा दासके चरणकमल धरिमाथ॥
भरत चरित संक्षेपकरि कहा कछुक रघुनाथ॥

सो० हरिहरजन गुण गूढ़। मूढ़ न लखै बिमूढ़ बिन॥
जिमि संथित आरूढ़। बूढ़ न जानत जीवगति॥

इतिश्री बिश्राम सागर सबमत ऽागर ग्रंथ उजागर श्रीरघुनाथदास राम सनेही कृत ऽयोध्याकाण्ड संपूर्ण नाम षोड़शो ऽध्याय:
॥(१६)॥

श्रीगणेशायनमः

# अथविश्रामसागर

## आरण्यकाण्डप्रारम्भः

दो॰ सुमिरि राम सिय सन्त गुरु गणप गिरा सुखदानि ॥
बरणौं नाटक मन कछुक आदि रमायण जानि ॥

चौ॰ भरत चरित्र कहे कछु नाना ॥ अब सुनिये रघुपति की बाता ॥
सीता अनुज समेत कृपाला ॥ बसत कामता पर सब काला ॥
चहुँ दिशि सघन लता तरु नाना ॥ मनहु काम रति रचित बिताना ॥
शीतल मंद सुगंधित बाऊ ॥ डोलत बोलत वय करि चाऊ ॥
नामधि फटक शिला अति सोहै ॥ उपमा देन हार अस को है ॥
तहँ एक दिन प्रभु निज करतेरे ॥ चुनि प्रसून स्रक रचे घनेरे ॥
सीतहि पहिराये सुख मानी ॥ तिलक करनि किमि जाइ बखानी ॥
तेहि प्रकार मिथिलेश कुमारी ॥ प्रभु के अंगन सजे सँवारी ॥ ॥
बैठे सहित सनेह सान की ॥ आस दोऊ दिशि प्रेम पान की ॥
करहिं प्रकाश पास मनि भारी ॥ रही छिटकि पूनौ उजियारी ॥
तेहि निशि नारि जयन्ता केरी ॥ आई तहँ लै सुमुखि घनेरी ॥ ५
रघुपति रूप बिलोकि जुड़ानी ॥ नृत्य गान कीन्ह्यो कल बानी ॥
मनभावन बर मांगि सिधाई ॥ सो सुधि कतहु जयंतै पाई ॥ ॥
इरषा बस बायस बपु बनिके ॥ मार्‍यो सिय पद चँगुल भरिके ॥
रुधिर देखि प्रभु तृण एक लीन्हा ॥ ब्रह्म मंत्र पढ़ि पाछे दीन्हा ॥
ज्यों ज्यों भागत जात जयन्ता ॥ त्यों त्यों बढ़त बान बल हंता ॥ ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

दो० बत्तीबेधाबिरूपाक्षयक्षपादि सब पास ॥
गयौ दयो नहिं रहन केहुं किमपि जानि निजनाश ॥
सुखद सुखद है जात तब जब रोखत रघुबीर ॥
विकल देखि तेहि देव ऋषि कहि पठये प्रभु तीर ॥
है निराश दुखवास मम आइ नाइ शिर दैन ॥
बोल्यो सन्मुख जोरि कर जय प्रभु करुणा ऐन ॥
जय जग जीवन जगतपति प्रणत पाल तुम एक ॥
आनिये ॥ किमि सिंधु नांघे गोप ह्ज्यों केहि हेत सिय चोरे-
लखे। सिय कौन कन्या जनक की तुम बानगे जाके भखे ॥
कस बान सोइ बलि भुवन जेहि तेहि बाँधि नाच नचा यहू।
को कहत यहि विधि पद्मिनी जेहि जलधि माँभ चलायहू॥
सठ बाँधि आयसि यही बात नबात यह नहिं आन है। तब त्रि-
यन लखि अघ त्याग पुनि तोहिं देन शिक्षा ज्ञान है। देकौन
शिक्षा देत याही बयर प्रभुसे जनि करी। परि पाइ सीतहि देह

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

सब बिन मोत जाते नामरी ॥ को मारिहै मोहिं कर्म तेरे कोन तिन ते राखिहै । श्रीराम करुणा धाम जब तें शरण मुखने भाषिहै ॥ मम शरण त्रिभुवन आजु तो हमशरण काकी आहिरे । नहिं जाइ है तो पाइहै फल कटुक कछु दिन माहिंरे ॥ मृग नारि द्विज कपि नाह हों खर दूषणां धक निरबली। मोहिं भेंटि जब फिरि जाइ है तब बात कछु आगे चली ॥ जब समर रोरिबहें राम सब को सुभट सायक सहि सकी । सुनि समुझि बूझत नाहिं श्रीसहु नयन फूटे बर बकी ॥ रेपोच कपि नहि डरत काको मोहिं तू सठ है कहां । नहिं दीन आयसु ईश नातरु ख्याल कर त्यों जस चहा । यमराज तो हिं करि सुभट रसु युत लेक खल खल तोस्वयं । पुट पाक करि सुर पतिहि देत्ता घने घन घल तो त्वयं ॥ सुर नाग नर दिग पाल सब जग जाल जेहि कर तल अंहे । तेहि शत्रु ते करि रारि जीवन मरण दोनो भल रहें ॥ अबलीन सेना मापि तव नहिं सबल कोउ मोते हवे । पर डरत आयसु भंग ते नत सबन करिजाता सवे ॥ सुनि किहिसि निश्चर बोलि यह कपि काल बसबध कीजिये । बर बाग की गति किहिसि जिमि तिमि बाँटि तन को लीजिये ॥

**सो०** सुनि धाये जिमि भूत । कह्यो विभीषण आरिकर ॥
नाथ न मारिय दूत । घटत कि दधि दलि बूंदयक ॥

**चौ०** अपर दराड कीजे जो चहऊ ॥ तो बालधि पावक ते दहऊ ।
जहि ते फिरि तप सिन महँ जावे ॥ कपिन समेत इहां ले आवे ॥
एक गये जो मिले अनेका ॥ तो तुरते तजि दीजे एका ॥ ॥
सबहिन कहा मंत्र यह मूला ॥ लगे लयावन घृत पट तूला ॥
जहँ तहँ लगे लपेटन बोरी ॥ कपि खेलार करलूम बढ़ोरी ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

ठोर ठोर पावक पर जारी॥ ज्यों कोटि रवि किधौं दैबारी॥ ११
लघुहै निबुकि मेरु समअथऊ॥ रावनभवन कूदि चढ़िगयऊ॥
नाराच छं० चढ़ौ फलांगि धाम धूम लाम को उठायऊ।
मनो अकाश ते नदी कृसानु की बहायऊ॥ किलंकलोल
नेककाल ओह सो पसारेहू। किधौं अनीक अयफ सूर सय
फ सीनि कारेहू॥ किधौं सुरेश चाप की कलापदामिनी मंहै।
बिलोकि जातुधान सो पराल भे जहैं तहैं॥ फिराइ लाइ लाइ
अयन मयन से लगे बरैं। गयंद छोरि बाजि छोरि बाजि छो-
रि ऊंट छोरि ये खरै॥ अनेक शाल बालकी सुतात मातबो-
लहीं। बचाइ लीजिये हमें सबै समान डोलहीं॥ अनेक ना-
रि मारि रिंभ डिंभ काढ़ि लावहीं॥ अनेक डारि डारि बस्तुवा-
रि लेन धावहीं॥ अनेक कंत बीर ने पुकारि वयन यौं कहैं।
उठाइ लेहु लाल माल जाल दे परान हैं॥ बिलोकि दैत्यौं
कहै कपीश यज्ञ माठनी। सुरारि सोज लंक कुंड हाक स्वाह सो-
भनी किधौं बिराट के सुरारि राज रोग जानि जू। तिभिल तासु वद्ज्यो
र भूंगाक बानि जू॥ मथंति मद राजकी मनोज फागु खेलई। बिरागभू-
त्यबोध को बिमोह बंधु ठेलई॥ गिरे कपूर हूति ते बिबेक है मंदोदरी।
बिहाइ लोक लाज का निभाग तीन बैंग अरी॥ अरे अकंपनाय किला
य कंठ की महा धरं। लबाइ लेउ अद्भ गाति पूत नाति सोदरं॥ अ-
नेक बार मैं कही बुझाइ हू बिभीषणं। नमामि रादि आरु को कुठा-
र वंस तीषणं॥ निकेत द्वार अई ऊद्ध हाट बाट मैं जहां। लुका-
त जाय नीर कीश तीर देखिये तहां॥ घने स्व बस्त्र जात के-
निसात स्वस्ति पावहीं॥ बोलाइ शेष राघवेश जानकी क-
हावहीं॥ बधू जो कुम्भ करी की पसारि पानि भाखिये।
देहाइ रामचन्द्र केरि मोरकन्त राखिये॥ अनेक धाइ

धाइ जाइ रावरो सुनायहू। बिचारि बीर मेघनाद से बली पठायहू॥ अनेक अस्त्र शस्त्र लाय आइ मारने लगे। घुमाइ दीनि बालधी पुकारि कूर से भगे॥ सुमंत्र जाइ यों कही बड़ोबलाइ कीश है। निशंक बंकहू बड़ो सुनोन ऐस दीस हैं॥ बिशाल ज्वारल जानि कोपि मेघ बोलियों कही। बुलाइ देहु आगिरे बहाइ जन्तु को सही॥ भले सुनाय चाप आय पुंज पाथ छाँड़ेऊ॥ यथा सनेह पाइ चौगुनी कृशानु बाढ़ेऊ॥ लगी जु अङ्ग अङ्ग बाण प्राण ले भगे सबै। निहारि रीति मालवान स्यान बोलियों तबै॥ न आहि याहि आभिसूस आहि ईश बामता। समीर स्वांस सीय की जु राम रोष भामता॥ बिड़ोजब्रह्म बिष्णु रुद्र आदि देव जोन हैं। डेरात मोहिं सर्व बङ्ग ईश और कौन हैं॥ बोलाइ कालते कह्यो लगूल लाउ मारिकै॥ बटोरि भूत प्रेत गण्ण दण्ड चंड धारिकै॥ बिलोक बात जान घात कीनि मयन तासुको। उठाइ गाल में धरयो परयो खंभार जासु को॥ समेत शंभु भास राम दास पास आयहू॥ सभीत पंकजा सनादि बीनती सुनायहू॥

**दण्डक छं०** जयति श्री बात संजात विख्यात बल बिपुल पन बाल रवि गाल धर्ता॥ लोक लिपि कही श्रुत शास्त्र विद्यानि पुराण निरस संसार महिं भार हर्ता॥ जयति बज्रंग रण रङ्ग अरिभङ्ग कृत कर्म निहिं भर्म रिक्ष मूक बासं। सत्य सुग्रीव सुख हेतु बुध केतु बपु बचन मन काय रघुनाथ दासं॥ जयति गुण ज्ञान विज्ञान बैराग निधि नाम बसु जाम उर धाम धारी। साधु सुर रंजनं असुर गण गञ्जनं दुष्ट मुख भञ्जनं बिपति हारी॥ जयति कपि सिंह पर सिंह-

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

पावक परम धर्म धुर धर्ता हरि दर्प हन्ता। स्वर्ण से लाभ ज-
ल दाम विग्रह बरण विमल यश मूर्त वीराग्र गन्ता॥ जय-
ति जन कात्मजा शोच मोचन बिपिनि निधन निर्द्वन्द्व द-
श ग्रीव जाता। निपट निर संक गढ़ लंक दाहक काम क्रोध
मद देव दानंद दाता॥ जयति शिर श्रवण दृग स्वेत कटि उ-
दर कर शूल निरमूल नाभिस्थ आमं। पातु पूरब दक्षि बिदि-
शि पश्चिम उत्तर ऊर्ध अध सर्वदा सर्व ठामं॥ जयति पर
यंत्र पर मंत्र नेवारणं साकिनी डाकिनी घोर मारी॥ भूत य-
म दूत बैताल पावक प्रेत चोर बिग बिच्छु अहि बंध नारी॥
जयति सुर सिद्ध मुनि वृन्द वन्दित चरण सरण भय हरण
धृत कुधर हाथं। अंजनी आनि दोहाइ श्रीरामकी हरहु दु-
ख सपदि रघुनाथ नाथं॥

दो० देहु छाँड़ि यम राज कहँ यही बीनती मोरि॥
परबस आयों स्रवन सुनि दीन गाल ने छोरि॥
जरत देखि पुर जान किहि भयो शोच कपि हेत॥
लागी सोंपन सब बिबुध बिस्नुहि प्रीति समेत॥
बैदेही की सुरति करि हरि हु लाग पछितान॥
पुनि अपनी दिसि देखि के दूरि कीन अज्ञान॥
बच्यो बिभीषण भवन अरु कुंभकरण कर द्वार॥
अपर लंक सब जारि कपि कूद्यो जलधि मँझार॥
पूछ बुझाइ बनाइ लघु वपु आय सिय तीर॥
कह्यो चिन्ह कछु देहु मोहिं जिमि दीन्ह्यों रघुबीर॥
सुनि सह प्रीति उतारि निज चूड़ामणि तब दीन्हि॥
गहबर बोली तात तुम भले समय सुधि लीन्हि॥
जिमि मनि बिन व्याकुल भुजग जल बिन व्याकुल मीन॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

तिमि देखे रघुनाथ बिनु तलफत हौं मैं दीन॥
कहु सुत अब कब आइ हैं दीनबंधु यहि पार॥
दैहैं राज बिभीषणै करि निशिचर संहार॥
बिजै पाइ कब राजि हैं मोहिं सहित दल माहिं॥
देवबंदि ते छूटि कब बिनय करब प्रभु पाहिं॥
कबधौं बिधि यहँ आइ है फिरि कोशलपुर नात॥
भरत शत्रुहन लोग सब कब लहिहैं मुद मात॥
ह्वैहैं मंगल काज कब पुजिहैं याचक काम॥
नख सिख कब अवलोकिहौं रघुपति छबि अभिराम॥
सीस मुकुट मणि गण जटित श्रवणनि कुंडल लोल॥
जग मगात कब देखिहौं टोपी दिये अमोल॥
अलकैं सौंधी अतर सो निकट कपोलन मुक्त॥
भरि लोचन कब देखिहौं कुसुम कलिन संयुक्त॥
भाल तिलक भासित उरद भृकुटी धनु अनुहारि॥
भूरिभाग कब देखिहौं नयनन पलक बिसारि॥
चंचल चारु बिशाल बिवि लोचन मोचन मान॥
चितवत हिसि कब देखिहौं मन को करहि कुरबान॥
कीर तुंड सम नासिका लटकन की छबि भूरि॥
कब चकोर सम देखिहौं मुख मयंक तृण तूरि॥
अरुन अधर दाड़िम दशन रसन चारु मृदु हास॥
हे हरि कब अवलोकिहौं ससि कर सरिस प्रकास॥
मधुर बचन जन मन हरण कब सुनिहौं निज कान॥
चिबुक चारु कब देखिहौं चितवन अमी समान॥
कंबु कण्ठ तुलसी सुभग मनि मोतिन की माल॥
उर दीरघ अवलोकिहौं कब त्रिवली सुखजाल॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

भुज विशाल करि कर सरिस करतल कमल समान॥
अहित विभूषण देखिहौं कब लीन्हे धनुबान॥
कौन भृगा पहिरे ललित ताऊपर पट पीत॥
कब निज नयन सेराइहौं देखि उहर उपबीत॥
कटि केहरि हरि कर धनी पट पर दनी सुरंग॥
कब पद पदुम पलोटिहौं आनु पानि सब अङ्ग॥
मैं सुत कंत अनन्त कर जानत सरल सुभाउ॥
तातें कहलन सहत दुख तुम तें कौन दुराउ॥
विरह आगिनि ते देखि तोहि सीतल भय निज देह॥
सोउ कहत तुम जान फिरि सोइ दुख सहब सनेह॥
दीन बचन सुनि सीय के भयो बिकल कपि राय॥
नीकि न लागी अमरता छल बल कछु न बिसाय॥
कीन्हो मातु प्रबोध तब होइ तुव मन जौन॥
चल्यो नाइ शिर नाद करि कूद्यो सागर लौन॥
आवत जानि लंगूल सब चढ़े बिटप गिरि धाइ॥
देखत पहुँचे आइ हनु कह दिवस सुखदाइ॥
भये कौन ते पीन सब शाखा मृग एक साथ॥
वृहद रमायन केर मत कहा कछुक रघुनाथ॥

इति श्री विश्रामसागर सब मत आगर ग्रंथ उजागर श्री रघुनाथ दासराम सनेही कृत हनुमान लंका पुरी विध्वंस वर्णनो नाम द्वाविंशोऽध्यायः २२॥

दो० सुमिरि राम सिय सन्त गुरु गणप गिरा सुखदानि॥
सार रमायण कहे कछु गीतावलि मत आनि॥
सिये रंजे बन भंजि पुनि धुर जराइ मनि पाइ॥
आयो मारुत सुत हि लखि हरषे कपि समुदाय॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

भेंटि भेंटि पूछा सबनि हाल कहा हनुमान॥
सुनत चले सानन्द है जहँ सुकराठ भयवान॥
मार्ग पञ्चमी शुक्ल दिन मधुवन पहुँचे आइ॥
खाये फल दल मधु सबनि रखवारे बिड़राइ॥
षष्ठी दिन कपि पतिहि मिलि मुदित कहा सब हाल॥
सतयें दिन आये प्रबिल जहँ रघुनाथ कृपाल॥

चौ॰ चरणपरत भेंटे रघुवीरा॥ सानुज बैठारे निज तीरा॥ ॥
जामवन्त तब सकल बखाना॥ जेहि विधि काज कीन्ह हनुमाना
सुनत समोद गोद भरि अङ्का॥ हनुमानहिं पुनि मिले श्रीरङ्का
उपपधारि बूझी कुशलाता॥ किमि सिय खबरि लयायो ताता

गीतिका छं॰ किमि तात लायहु सीय सुधि सुनि पवन सुत पद गहि कहा। प्रभु पास ते जब चलेन ढूंढ़त दूरि एक सागर चहा॥ शत योजनं कर तेहि नाघि चालिस कोस त क आराम है। पुनि हेम के त्रैकूट लङ्क सुवेल सुन्दर नाम है॥ तहँ पाँच लाख पषान के गृह दारु के नव लक्ष हैं। पुनि ताम्र के मुनि कोटि घर श्रुति कोटि रजके स्वक्ष हैं॥ ते तनेहि कञ्चन केर केवल कोटि पङ्कज राग क। षट को- टि तृण के वंश छद के कोटि सत बहु भाग के॥ अस्फटि क के नव कोटि मेचक दाम कोटि सहस्र से। मैं दीख रतनं- ति लै लंका दुर्ग सत योजन नवसे॥ दश शीश नाकोईश जाकि कोप तें त्रिभुवन कँपै। उपवाग तामें जानकी नव विरह पावक में तपैं॥ जहँ रहत तहँके विहंग निज निज भवन साजि भजि भजिगये। भइ भेंट स्वास समीर ते तिन फिरि न तिहुँ मद पगदये॥ कृशगात सो जरि जान लजि दृग बारि निज दिन रा- खहीं। तब नाम सुमिरत याम आठों और कछु नहिं भाषहीं॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

जब प्राण मीन समान बिन जल जानि तन त्यागो चहैं। तब सींच प्रभु गुण राखि त्रिजटा जाय मैं देखी तहें ॥ शिर नाइ दीन्ह्यों मुद्रिका कहि कुशल बन भंजन कह्यो। बधि रा-क्ष लङ्क जराइ चूड़ा रत्न सीता ते लिह्यो ॥ सोलीजिये र-घुनाथ ले निज हाथ हृदय लगायहू। भे प्रेम पुलकित गात शिथिल न बात मुखते आयहू ॥ सुनि शोग सीय बियोग सागर माझ बूड़न लागेहू। हनुमान बोहित सरिस लीन उठाइ आतुर लागेहू ॥

चौ० शोश नाइ बोले हनुमन्ता। केतनिक बात करो प्रभु चिन्ता ॥
कहो रावणै दल युत मारौं। कहौं आनि तव चरणन डारौं ॥
कहो लङ्क ले सागर बोरौं। कहौ त्रिकूटे घट इव फोरौं ॥ ॥
कहौं लाइ गिरि सागर तोपौं। कहौ पान करि जल उर लोपौं।
कहो धरौ मैं सघन बढ़ाई। तापर सेन उतरि सब जाई ॥ ॥
कहौं तुम्हे लेसिय दिखावौं। कहौ जानकी आनि मिलावौं ॥
तव प्रताप ले सब कछु करिहौं। बिन निदेश पथ पाउ न धरिहौं
तातेजो भावे सो कहऊ ॥ कह प्रभु तुम सुन ऐसे अहऊ ॥
सब विधि हौ निज मन अनुमाना। तुम सम मोर हितू नहिं आना
प्रति उपकार योग मैं नाहीं। तेहिते हौं ऋनिया तुम पाहीं ॥ ॥
सुनि हनुमान सकुचि अस भाषा। तव प्रताप मे का मृग साषा

दो० धूरि मेरु गोपद जलधि जल पावक भय प्रीति ॥
नाथ कृपा जापर करहु विपरीते विपरीति ॥
सुनि प्रभु लीन लगाइ उर बोले सम्मत नीक ॥
मांग्यो जोन रजाइ तुम तात रहे सो ठीक ॥

चौ० परमें निज शायक बरि राखे। रहिहैं सुधित तुम्हारे भाखे।
रूजग हित लीला नहिं बाढ़ी। मिटी आस दसमुख की गाढ़ी

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

कर्म प्रधान बिश्व मैं कीन्हा॥ देव चहैं निज बदला लीन्हा॥
सो सब फिरि रहि जाई ताता॥ तातें अब कीजे यह बाता॥ ॥
ले कपि भालु चलहु चढ़ि लङ्का॥ देखौं महँ कैस गढ़ बङ्का॥ ॥
कह कपिनाथ बेगिही कीजे॥ अभिजित समुझि कूच करि दीजे

दो० सुपदिन यह साइति सुभग जहँ अपयोगन खान॥
सुनत अष्टमी दिवस प्रभु रविलौरव कीन पयान॥

गीतिका छं० प्रभु कीन लङ्क पयान जब तब धनुष निज
टंकोरेहू। सुनि शब्द घोर कठोर चौंके शम्भु बिधि मुख मोरेहू।
भयो काम सकल निकाम शिरसे गंग धारा बहि चली। ध-
रि धीर हृदय बिचारि निज निज काज लागे बिधि भली॥ भ-
य बिकल सब दिगपाल चौदहु भुवन के बासी डरे। दशमौ-
लि सभय बेहाल पुरजन गर्भ तिन के गिरि परे॥ कपि भालु
ठोकहिं ताल अति बिकराल बहु कट कट करै। बदि बाद कू-
दहि नादकरि हरि सप्त उपरो पर परैं॥ अति पीन परम बिसाल
कर गिरि बिटप धृत चञ्चल महैं। मुख बिकट लोचन पिङ्ग
जिन्हैं बिलोकि भय कालहु लहैं॥ धरु मारु भुजा उखारु
अरिदल डारु सागर लोपई। नहिं होय देखब ताहि जो ते-
हि हेत तन को कोपई॥ यहि भाँति मर कट कटक बोलत
चलत मरु पंगुल भये। शशि भानु लोप जान नभ थल धू-
रि परि सब पटि गये॥ अपनि मेरव बहत निमेरव मानलि स-
हस दृग अकुलाने हूं। सुनि हांक श्री हनुमान की पर अपन
काहु न जाने हूं॥ बल खात दिग्गज कोल कूरम शेष शिर
हालत मही। सुख मुहुर मुहुरा मर्थि कर्षत गई तन करक-
स मही॥ श्रीराम राजत पवन पर जिमि उदे गिरि पर रबिल-
सै। सौमित्र अंगद कंध मानहुं अगनि घर बेदा बसै॥ कसम

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

सत इमि मग बसत बितयें दिवस सिंधु तट आयहू । उतरे नि-
रखि जल रासि फल दल फूल सबहिन खायहू ॥ इत रह-
त असुर सशंक जब ते लंक गो कपि जारि के । सुत सचिव
रावण बोलि बूझ्यो मंत्र कहो बिचारि के ॥

चौ० सुनि घटश्रुति बोला अहंकारी ॥ को है त्रिभुवन सरिस हमारी
जो सन्मुख सक नयन मिलाई ॥ अस कहि चला बिवस ओंघाई
तब सक्रोध बोला अतिकाया ॥ आयसु मोहिं देहु करि दाया ।
अबहीं छिति नर हरि बिन करहूँ ॥ और मंत्र का बहुत उचरहूँ ।
कामरूप बोला घननादा ॥ मम प्रभाव जग जानत आदा ॥
बिधि हरि हर बस किहेउँ जुझारू ॥ नर बानर हित कौन बिचारू
कुंभ निकुंभ दंभ छलकारी ॥ बोले बिभुता बिदित हमारी ॥ ॥
रूपा हरषि सब देव निहारें ॥ देखत उच्चासन बैठारें ॥ ॥ ॥
भोजन हित कहियत तिन पाहीं ॥ हम काहू कर छुधा न खाहीं ।
डाटत बोलि सकै नहिं एकू ॥ कपि मानुष हम गनें न नेकू ॥ ॥
मत्सर रूप अकंपन कहई ॥ हमें जियत अस को मिल लहई ॥
कहा उपाइ करौ अब सोई ॥ नर बानर जेहि बचे न कोई ॥ ॥
अपर कथा कहिये का छोभी ॥ तब भा भनत महोदर लोभी ।
जो आवे अनगन्त करोरी ॥ डारों खाइ भरे महि झोरी ॥ ॥
तो कपि सहस लाख केहि लेखे ॥ जैहैं घूमि न अब हम देखे ।
बोला तब दुर्मुख पाखंडी ॥ छल करि हरि आनो दोउ दंडी ।
जो चाह्यो सो कीन्ह्यों पाछे ॥ दस मकराक्ष कपट बपु काछे ॥
बिपुल बिप्र जोमें बरि आनी ॥ भूसुर बानि कोइ सकै न जानी ॥
जनि बो करत सकत करि काहा ॥ सो किमि जात जासु नर नाहा
सुनि प्रहस्त बोला डर पाई ॥ मम मत सीतहिं देहु पठाई ॥ ॥
नारि पाइ जो फिरि चढ़ि आवै ॥ करहु युद्ध जेहि जान न पावै ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

यामें नहिं अधर्म की बात्ता ॥ बोला तब हिं सकु नर घाता ॥ ॥
सकल बस्तु भोगन हित आवे ॥ धर्मा धर्म कहां कह बावे ॥ ॥
करत बत कही कादर केरी ॥ यह नहिं मारिहि सबन खदेरी ॥
नीति कहत हम कादर ठहरे ॥ जाना अब तुम सोइ हो छहरे

दो॰ कह्यो सुमति मंदोदरी सुनहु कंत मम बात ॥
कर जामय रिपु अगिन नृप लघु करि गनेन जात ॥
भुव नेप्वर सर बज्र जो गनत छोट तुम नाहिं ॥
मीचु बेसाहत सुकर यह भली बात नहिं आहि ॥
सुवन सचिव तव मंद मति कहत वचन सुख पेखि ॥
नगर जरत तव सबन कर लीन पराक्रम देखि ॥
तेहिते श्री जानुकी कहं पठइ देउ मन मानि ॥
नाहित दूषण बालि की होई गति सति जानि ॥
नारि बचन सुनि मोह बस बोला सोहिं समान ॥
सबल कुटुम्बी नृप धनी पर तापी को आन ॥
भागत सुर जेहि नाम सुनि सको को तातें जूझि ॥
जान्यो तेहिं है काल बस परे न तातें सूझि ॥
सूहि बिभीषण नाइ सिर तेहि अनुसासन पाइ ॥
जो चाहौ निज भद्र तो सीतहि देउ पठाइ ॥
तात राम नहिं नर अधिप अखिल लोक करतार ॥
गो द्विज सुर महि संत हित लीन मनुज अवतार ॥
जप तप तीरथ ध्यान करि जिनके दरशन दूरे ॥
सो प्रभु आयो अकुल अधि धन्य भाग तव भूरि ॥
मेघनाद भट आदि जे बैठे मारत गाल ॥
ते किमि सकब धरि धीर जब छुटि हैं बान कराल ॥
तेहिते सकल बेकार तजि नाउ राम पद शीश ॥

मिटै सकल अपराध जेहि बने रहैं भुज बीश ॥

सो० सुनि तिरछे करि पक्ष । बोला शठ जीवत इहां ॥
करत शत्रु कर पक्ष । जाउन कहि मारयो चरण ॥
करि बिचार शिरु नाइ । आयो घर निज मातु ढिग ॥
कही कथा सब गाइ । सुनि बोली मन मानि सो ॥
कहा भयो जो लात । मारी पितु सम भ्रात बड़ ॥
इहां रहे कुशलात । वहां गये नहिं नेकु भल ॥
समुझि बिमोहित बयन । चलेउ वन्दि सचिवन सहित ॥
आये धनपति अयन । लखि कीन्ह्यो सनमान तिन ॥
कह्यो सकल निज हेतु । सुनि कुबेर सोचन लगे ॥
बोले तब वृषकेतु । तात कियेउ अतिनीक तुम ॥

दो० औषधि हित उपदेश बहु करत न लागत जाहि ॥
रुज असाधि शठ जानिकै तजत सुजन जन ताहि ॥

चौ० पर अवशर रा राम की जाहू ॥ शापदि मंत्र बूझो मति काहू ॥
सुन सुत राम बिमुख जे प्रानी ॥ भूले भव वन गज चढ़ि मानी ॥
आगे रुद्र राक्षसी देख्यो ॥ पाछे सिंग भयानक पेख्यो ॥
तब तो गज वह गयो बिलाई ॥ आपु कूप गृह गिरयो डेराई ॥

दो० तेहि नर ताक्यो काल सम अजगर छाड़ी नाहिं ॥
तब गहि दुर्बा आर बल्ल लटकि रहा तेहि माहिं ॥

चौ० तहँ सुंदरि मधु लागि निहारी ॥ प्रमुदित है तेहि गहि सि अनारी ॥
सहित कुटुम्ब उड़ी सब मारवी ॥ लपटि गईं पग कटि मुख आँखी ॥
पर यक बूंद कि हिसि मधुपाना ॥ सो सुख मूढ़ परम सुख माना ॥
श्याम सेत बिबि मूषक खूबा ॥ लागे निशिदिन काटन दूबा ॥
चुटि गे जबै गिरा हहराई ॥ तुरतै अजगर लीन चबाई ॥
यह गति सब जीवन की जानो ॥ बिन हरि शरण न कतहुँ ठिकानो ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

दो॰ रामशरण बिन काल ते बचा चहै भजि आन॥
सो शठ अहि भय गरुड़ तजि दादुर पक्ष लुकान॥
राम बिमुख जग जीव जे तपत ताप त्रै माहिं॥
तेहि दुख नाशन हित यतन बद श्रुति सो इमि आहिं।
जिमि सिसु हित पितु रोग गद नीर तरन हित नाव॥
पालत पावन चढ़त पर थिर कर होत अभाव॥
याते सांचे सुचि सुखद शरणापाल रघुबीर॥
केवल ताके शरन बिन मिटै न भव भय भीर॥

चौ॰ सुनि सुख पाइ सिवै सिर नावा। मंत्रिन सहित समोद सिधावा॥
अंतह करण सहित जिमि जीवा। हरिहित के दुख सुभ अतीवा॥
करत मनोरथ मग इमि जाहीं। प्रभु मिलन गुण अतिहरषाहीं॥
अहो भाग्य मम उदै अपारा। कौन कौन अस शुभ आचारा॥
साधु विप्र कवका अस दीन्हा। कौन अपूरब नय हम कीन्हा॥
जो सबौं पर प्रभु सुख अयना। देखिहौं जाइ आजु भरि नयना॥
निज जन हित श्री बपु प्रगटाये। धराभार भंजन महि आये।
शोभा सिंधु दरश अब पैहों। तब का परमानन्दन लैहौं॥ ॥
जे पद पदुम भजैं सब सन्ता। बिधि हरि हर सनकादि अनन्ता॥
जिनके चिन्ह धरा दुख हारी। रजकन परसि तरी ऋषि नारी॥
जासु बारि भव निज सिर धारा। जेहिं तारे जग अधम अपारा॥
जिन पद पीठ भरत मन रंजा। धरिहौं मैं शिर तिन पद कंजा॥
जेहिं कर कमल असुर बहु मारे। भय साधु श्रुति रक्षण हारे॥
जेहिं कर गहि भंज्यो भव चापा। परसत मिटत काल परि तापा॥
करत प्रणाम नाथ मोहिं जानी। मम मस्तक धरिहैं सोइ पानी॥
पूछिहैं जब तब कहिहौं नामा। नाथ होव मैं तोर गुलामा॥ ॥
निशिदिन निज करिहौं सेव काई। छांडि कपट हठ मान बड़ाई॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

यहि रव पद उतरे जो पैहों ॥ बची बचाई जूठनि खैहों ॥ ॥ ॥
सुनि लैहैं अपनाइ कृपाला ॥ तब होयहौं सब भांति निहाला ॥
निसदिन देखिहौं प्रभु की झांकी ॥ तब का रही करणा की बाकी ॥
भरतो जाइ कहां बिललाई ॥ यह गति शंभु कृपा हम पाई ॥
निज दिस देखि शंक मन धारे ॥ हरषे जब प्रभु रीति बिचारे ॥

दो० यहि बिधि करत मनोरथ आये जहँ हरि सैन ॥
करि बिचार नभ दूरि ते बोले गदगद बैन ॥
जय सर बज्ञ कृतज्ञ प्रभु कृपा सिंधु गुन गाथ ॥
शरणा भये पाले बिपुल अब मोहिं पालहु नाथ ॥
नाम बिभीषण असुर कुल रावण रिपु कर भ्रात ॥
श्रवण सुयस सुनि शरण तव आयो लै निज गात ॥

चौ० सुनि प्रभु बोलि सचिव सब लीन्हा ॥ बूझयो यहि का चाहिय कीन्हा ॥
कहँ कपि पति रिपु सोदर येहू ॥ भेद लेन आवा गहि लेहू ॥
कह अंगद आरि बर बध करना ॥ अबहीं क्यों न हतत है सरना ॥
जामवन्त कह रिपु कर भ्राता ॥ अब हमते यहि ते कस नाता ॥
सीय हरी तब क्यों नहिं आवा ॥ दे हु जान मुख अनत सुनावा ॥
कह नल दूत पठै मत लीजे ॥ ऐसहि कैसे बिदा करीजे ॥ ॥
उत्तम होइ तौ राखहु पासा ॥ नाहित हतत बनैल प्रकासा ॥
सांचेहु यह शरनागत आवा ॥ राखिय देव मोहि अस भावा ॥
सभय तजे अघ लाग अनन्ता ॥ होइ जो मात पिता कुल हन्ता ॥
कह हनुमन्त सुनहु रघुराया ॥ राक्षस है न शरण जो आया ॥
बलि प्रहलाद सुकंठ यथा धू ॥ जानहु तुम तिन सम यह साधू ॥
छली न प्रभु तव सन मुख होई ॥ फिरे सभीत द्वार ते कोई ॥ ॥
बहुरि बात कछु कहन न पाई ॥ बीच बिभीषण गिरा सुनाई ॥

दो० अब तब आवत दीन के हरत रह्यो दुखभार ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

अस अभाग बड़ मोर जेहि सुरतरु करत बिचार ॥
दीनबंधु सुनि दीनके बचन उठे अकुलाय ॥
कह्यो लयशा हनुमान ते अबहीं लावहु जाय ॥

सो० लाये करि सनमान। पूसबदी भूता दिवस ॥
प्रभु छबि देखि सुजान। कीन दंडवत ताहि कहि ॥

चौ० प्रभु उठाइ भेंटे उरलाई ॥ बैठे निज समीप बैठाई ॥ ॥ ॥
पूछी कुशल कहो लंकेशा ॥ दुष्ट संग सम कछुन कलेशा ।
बोले नाइ बिभीषण भाला ॥ सुमिरन जे तव करत कृपाला ।
तिन्हैं कुशल मंगल कल्याना ॥ देत बिरंचि बिनै करि नाना ।
जो मूरति मुनिजन अनुमारी ॥ करहिं ध्यान नहिं सकैं निहारी ।
तेहि भरि अंक मिल्यो मैं आजू ॥ याहिते अधिक कवन सुखसाजू
कह प्रभु सत्य कहौ मैं तोही ॥ दास सरिस प्रिय अपर न मोही ॥
जिनके हों हित अनन्य नेहा ॥ तिन हित आइ धरौं मैं देहा ॥
अस कहि जलु सागर कर लीन्हा ॥ तिलक बिभीषणाके शिर कीन्हा
सुनि सुभाव लखि कपि सब हरषे ॥ जय जय कहि प्रसून सुर बरषे

दो० जो पुर कलह कलेश करि रावण पाये तीन ॥
सो प्रभु छिन बिभीषणहिं तृण सम अस सम दीन ॥
ऐसे प्रभुहि बिसारि जे करत आनकी आस ॥
ते शूकर श्वान हित धर्महिं तजि भजत दासको दास ॥
चंद्रोदय परबोध मत मूल सार श्रुक गाथ ॥
बरन्यो सुंदरकाण्ड शुभ सुखप्रद जन रघुनाथ ॥

इति श्री बिश्राम सागर सब मत आगर ग्रंथ उजागर श्रीरघुनाथदास
रामसनेही कृत सुंदरकाण्ड संपूर्ण नाम त्रयो

विंशोऽध्यायः २३॥

श्रीगणेशायनमः

# अथ विश्राम सागर

## लङ्का काण्ड प्रारम्भः

दो० सुमिरि राम सिय सन्त गुरु गणप गिरा सुखदानि॥
बरणौं केकिल कहनि कछु अमिन वेसमत आनि॥
प्रात पंचमी दिवस प्रभु पूंछा सचिव बोलाइ॥
केहि विधि उतरिय उदधि सुनि बोले कपिकुलराइ॥
नाथ आपु कर एक शर सोखे सागर कोटि॥
तदपि नीति अस सिंधु तें मागहु मारग ओटि॥
कहो तात भल होइ हित जो करें दैव सहाइ॥
लषण जूहि सर मारि मैं शील सो को भाइ॥
बोले प्रभु नहिं उचित मोहिं साधु अवज्ञा तात॥
तोहि ते यह करि लीजिये पुनि कहु दानव बात॥

चौ० अस कहि दर्भ डासि दधि तीरा॥ बैठे करि प्रणाम रघुवीरा।
विनवत तीनि दिवस चलि गयऊ॥ तब प्रभु कोपि शरासन लयऊ।
अग्निबान संधान्यो जबहीं॥ लागेउ जलन वारिनिधि तबहीं।
विप्ररूप धरि हरि ढिग आवा॥ रतन भेंट दे पद शिरुनावा॥
नाथ सृष्टि सब तुम्हरी अहई॥ जेहि जस कीन्ह्यो सो तस रहई।
अब जस आयसु होइ तुम्हारा॥ सोई करौं मैं परम उदारा॥ ॥
कहो सुखाइ जाउं एक बारा॥ मरि जैहैं जल जीव अपारा॥ ॥
कृपा सिंधु बोले हँसि ताता॥ कपि दल तरै करो सोइ बाता॥ ॥
तेहि तब कहा नील नल कीशा॥ तिन पर से जल तरत गिरीशा।

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

आयसु देहु रचै ते सेतू ॥ महूं सहाय करब तव हेतू ॥ ॥ ॥
अस कहि नौमी दिन सोगयऊ ॥ परा रंस दशमी ते भयऊ ॥
चहुं दिशि बोलन देहि कपि आनी ॥ सो नल नीलहिं देहिं निज पानी
रचहिं सेतु अति सुदृढ़ बनाई ॥ शिव स्वरूप थाप्यो रघुराई ।
कह्यो महातम चिरजग हेतू ॥ तेरसि दिवस सिद्ध भा सेतू ॥
बिस्तीरण दश योजन केरा ॥ दीरघ कोस चारि सत हेरा ॥ ॥
प्रभु नल नीलहि बहुत सराहा ॥ पूजी भुजा सहित उत्साहा ॥
प्रात चतुर्दशि लाग उतारा ॥ प्रभु छवि देखत जीव अपारा ॥
राजत हनोमान के कांधे ॥ लछिमन बालितने के रांधे ॥
दो० विपुल चले जल चर णिकपि बिपुल सेतु असमान ॥
जैसे भव निधि तरण हित कर्म उपासन ज्ञान ॥
चौ० इमि उतरत निश दिन इकधारा ॥ द्वितिया दिवस भये सब पारा
पाइ रजाय निकट फल खाये ॥ तृतिया दिन सुबेल गिरि आये
कोष्ठा टालक गोपुर शृंगा ॥ दशमी तक उतरे पल बंगा ॥ ॥
हरि दिन शवण दूत पठाये ॥ दल देखन सुक सारण आये ॥
चरचि चपल गहि मारण लागे ॥ रामशपथ दीन्हा तब त्यागे
आये तब दशमुख के तीरा ॥ बोला लखि कहु कपि दल भीरा
काल बिवस आये यहि पारा ॥ होइ हैं एक दिवस कर चारा ।
पुनि कहु रहे बिभीषण भीरू ॥ जानि बूझि भा जब कर कीरू
बहुरि भाखु तपसिन की बाता ॥ जिन्हें निकारि दीन पितु माता
मुनि बोले शुक सारन ऐसे ॥ सुनो कृपा करि बूझ्यो जैसे ॥
कुण्डलिया सहस लाख कर कोटि यक सहस कोटि
कर शंकु । सहस शंकु कर अरबुद सहस दबुद बिर्द कु ॥ स-
हस दबुद बिर्दकु सहस कर पदुम प्रमाना । सो अष्टा दश-
सुने संग युत्थप बल वाना ॥ बल बानाकपि जाल मबकाल-

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

सरिस हम लखि गहस। कहत मिलावन लंक तब पंक माहिं ऐसे सहस॥

दो० आयसु मिलत न पिलत पुर भये बिभीषण राज॥
तिन ते सम्मत बूझि के करत आपहू काज॥
मुनि बोला हौंस बादि क्यों करै बड़ाई भूरि॥
जासु बिभीषण से सचिव परी कि तिन ते धूरि॥

चौ० तब शुक कह कछु दूरि न भारी॥ चढ़ि अट्टालक लेहु निहारी॥
सहित सुसुख भट चर तेहिं बारा॥ चढ़ि देखी कपि कटक अपारा॥
शुक सारन कहि नाम बताये॥ अंगदादि जे भट सँग आये॥

दो० वे अंगद हनुमान वे वे सुकराठ नल नील॥
वे सुखेन वै रिच्छपति वे दीध मुख सत शील॥
जटा मुकुट मुनि पट धरे धनुर्बाण तूणीर।
अस्थित हरि मृग चर्म पर सेवत थट बहु बीर॥
गौर श्याम छबि धाम वे सहित लक्ष्मण राम॥
बैठि बिभीषण गुरह लखि कीन्हि सिमन पर नाम॥
ऐसो कपिदल दरसि के बोला बिहँसि निसंष
देख्यो कौतुक काल कर दिहिसि पिपिलकन पंख॥
इत प्रभु छत्र समेत तकि मार्यो शर यक सङ्ग॥
मुकुट प्रसून गिराइ पुनि प्रबिस्या आइ निषङ्ग॥

चौ० देखि अचम्भित रहे सब लोगा॥ कोइ कहै प्रथम भयो अपयोगा
बोला यामें अपसगुण काहा॥ सिर दुख से भट करे उमाहा॥
तेहि ते शयन करहु सब जाई॥ चलि भे सकल रजायसु पाई॥
तब मय सुता कह्यो भय भीता॥ हे पति काल भयो विपरीता॥
जे तव सन्मुख सके न बोली॥ ते अब तुम ते करत ठठोली॥
जेहिं पुर सकै बिष्णु नहिं आई॥ ताहि तुच्छ कपि गयो जराई॥

जेहि जग नांघ सके नहिं कोई ॥ ताम सेतु कि गिरिकर होई ॥
जासु नाम सुनि सुर भजि जावैं ॥ तापर कीश असन चढ़ि आवैं ॥
जो सोदर निजु करत बिलासा ॥ सो कि जाइ किमि शत्रुन पासा ॥
तुमहूं अस हठ कबहुं न ठानी ॥ तेहिं ते परत बाम बिधि जानी ॥
अवते परि हरि हठ सठ ताई ॥ करहु काम किन होइ भलाई ॥
जेहिं प्रभु मधु कैटभ संहारा ॥ हिरनाकुस हिरनाक्षहि मारा ॥
जेहिं खरादि बहु भट बध कीन्हे ॥ बालि प्रान इक बानहि लीन्हे ॥
सोइ प्रभु सेतु समुद्र में बांधा ॥ बीसहु नयन होहिं जनि आंधा ॥
मोहिं समेत जग दम्ब हि लैके ॥ पायन परहु राम कहं दैके ॥ ॥
प्रनात पाल प्रभु कृपा अगाधू ॥ तुरतहिं क्षमिहैं तव अपराधू ॥
बोला सत्य बचन तव प्यारी ॥ पर इक बात न जानि निहारी ॥

**कुण्डलिया** शिव निर्माल्य शीश ये रघुपति लायक नाहिं । तेहि ते इन्हे निवारि हों समर रसा के माहि ॥ समर रसा के माहिं प्रथम बल तिन्हे देखहों । प्रभु आये जेहि हेत तस्य मन साध मिटैहों ॥ साध मिटैहों तस्य मैं आपन छाड़ि शरीर सब । मिलिहों निज नाथैव सों जस गैहें सन कादि शिव ॥

**दो०** चौंसठि युग जिन बांह बल किहेउ अकंटक राज ॥
तिन्हें अकृत अरि पद परों धृग कादर कर काज ॥

**चौ०** मम बस सकल जीव जग जेता ॥ ते यहि भांति डरत कहि हेता ॥
जासु बिनाश निकट जब आवै ॥ तेहि बिपरीति क्रिया अति भावै ॥
अस कहि सो सोई चुप साधी ॥ जागत निशि बीती सो आधी ॥
प्रात काल उठि सभा सिधावा ॥ आपन बल सब भटन सुनावा ॥
सुनि सठ सचिव सेनपति हरषे ॥ लगे कहन कादर जन करषे ॥

इति श्रीविश्रामसागर सबमत आगर ग्रंथ उजागर श्रीरघुनाथदासरामसनेही कृत श्रीरामसुबेल आगमनो नाम चतुर्दशोऽध्यायः २५ ॥

दो० सुमिरि राम सिव सन्त गुरु गनप गिरा सुखदानि॥
बरणौं मानस मन कछुक कोकिल काव्य बखानि॥
दशमुख इतहू दिसि दरसि दीन्हे दलपति फेरि॥
आपु जानकी पास है आयो तेहि थल फेरि॥

चौ० इहाँ प्रात परि वादिन प्राता॥ अंगद ते बोले सुर त्राता॥
बालि तनै बल बुद्धि बिशाला॥ लंकहि जाहु जहाँ दशभाला
हित उपदेश दिहेउ तुम भूमी॥ नहिं मानै तो आयो सूमी॥ ॥
भले नाथ कहि माथ नवाई॥ चले राखि उर प्रभु प्रभुताई॥ ॥
पुर प्रबिसत रखवारन रोका॥ सुनि युवराज सबनि कहँ ठोंका।
रावण सुत बिय मुख तेहि दीशा॥ बोला बदि तें काकर कीशा।
राम केर को जाकी भामा॥ हरि लायो पितु अपने धामा॥ ॥
सोई राम जिन दे लघु भ्राता॥ तव फूफ काल्प नियाता॥ ॥ ॥
इतना सुनि तेहि पाँव उठारा॥ अंगद पकरि भूमि दै मारा॥ ॥
हेरि असुर भट केते हि काला॥ एक एक ते कहे न हाला॥
पुरजन चहहि चट पट देखेहीं॥ बूझे बिन बताइ मग देहीं॥ ॥
मन में कहैं दशानन मीचू॥ सिय का आनी सबकी मीचू॥
आवा प्रथम नगर जेहि जारा॥ यह धौं काह करै करतारा॥ ॥
जहँ अब निस दिन मचो लराई॥ तेहि पुर बसि पुनि कौनि भलाई
आवत कपि रावण सुनि पावा॥ दूत पठै निज सभा बोलावा॥
दश मुख बैठि दीख कपि आई॥ सहित तहँ सजनु गज गिरि राई॥
सुर मुनि असुर नाग गन्धर्वा॥ चितवत तेहि भृकुटी दिसि सर्वा॥
हरि लखि उर सकल इक धारा॥ बोला तव रिस करि अनि हारा॥

छन्द पढ़ै न क्यों विधि बिनै शंभु कत ध्यान देवै। जीव करै कत सोर धर्म क्यों न ध्यान सेवै॥ रहै न दूरि दिनेश देव ऋषि स्वर लय गावै। पवन सहित कुबेर बेर करि क्यों नित आवै॥

चंदन बोले मंद मति मातलि सभान यह अहै। बैठि आहु
ग बैदि सब तब रावरा कपि ते कहै॥ रे वानर तू कौन दूत ह-
म रघुपति केरे। इत आयो केहि हेत अहं रक्षा हित तेरे॥
कौन विपति सठ मोहिं शत्रु सिर पर प्रभु आये। ईश कोपि
रघुनाथ जासु तुम तिय हरि ल्याये॥ कौन कहत हनुमान
को जेहि तेरी लंका दही॥ करुणा सिंधु सर्वज्ञ सो सुनि-
व्याकुल है यों कही॥ जाय जाय कोइ जाय धाय रावरो सु-
नावै। जेहि सिय देहि बताइ रंक कर जिउ बचि जावै॥ सु-
नि बोले सब सुभट नाथ जो हम चलि जैहैं। उजुर करौं क-
छु शत्रु ताहि बिन बधे न ऐहैं॥ तब प्रभु नहिं पठयो तिन्हैं॥
मोहिं कह्यो लखि साधु सुनि। मोरेहु मन आई दया निज
पितु कर तोहि मित्र गुनि॥ ताते आयों तात बात अब मा-
नहुं मेरी। जाते तब भल होइ बंचै सब रै अत तेरी॥ श्रीम-
द महिप सुभाव जान अथवा बिन जानेहुं। हरि आन्यो ज-
गदम्ब आदि भल यहै न मानेहु॥ सो जस भा तस भा अज-
हुं सीते लै निज नारि सुत। जाहु शरण श्री राम के मिटिहैं।
सब अपराध उत॥ रे बानर रहु चुप्प बादि बक वाद-
न ठानै॥ विश्व विदित तै मोर अभै पर भाव न जानै। सुर-
नर मुनि पशु नाग जीति सब निज बस कीन्ह्यो। शिवै दियों
सिर स्वकर गिरिहि कंदुक इव लीन्ह्यों॥ अस मैं पुनि भ्रा-
ता सुभट जेहि देखत दुनिया डुरै। मेघनाद अस सुवन जो-
महि आन्यो सुर पति धुरै॥ कह अंगद सो सत्य अहै एसब-
ल तोरा। पर नहिं राघव साथ सिंह हित जिमि गज जोरा॥
जे जे भे प्रति कूल परी नहिं किसी कि पूरी। सठ नाक का सुवा-
हु मिले खर दूषण धूरी। विश्व सुभट बल शंभु धनु हरि-

बैठ्यो तेहि धरि दलो। ताको मिलि तजि मान मद जो चाहै आपन भलो॥ ऐसर कट मम सरिस अहै को सुभट अनारी। सो कहु को तव पिता बालि कपि नाथ बिचारी॥ रहा रहा कपि रहा भले कहु हैं सो नीके। कछु दिन में तहँ जाय कुशल पूछ्यो निज जीके। राम बिमुख कर जौन हाल होत सो सब नीके पढ़ी। जानि बूझि बातें गढ़ल रदन मोत तव थिर चढ़ी॥

दो० मरम बचन युवराज के सुनि रावण रिसयोंकि॥
बोला सुख सुर भेद हित प्रथम सुकर महिखोंकि॥

कहयो हे अंगद बल वन्त बालि सुत तोही आही। तव सम जौके पुत्र तासु ऐसी गति चाही॥ जन मत क्यों नहिं मर्यो बालि कर नाम धरायो। जेहि डार्यो पितु मारि तासु शठ दूत कहायो॥ अबते मम दल ले सकल कपि तुव करु निज राज चलि। हनिसन भलसु सुश्रुयुचे आठ आठ दिशि देहु बलि॥ कहु अंगद रे नीच मोचबस मति बदि बोले। मम मन ठानत भेद पवन ते गिरि कहुं डोले॥ जासु भृत्य ब्रह्मादि तासु हम हैं करि दाशा॥ बैरि दीन कुल कह सि अह सिते निशिचर बाशा॥ तेहि कछु करत बिचार नहिं सो फल पैहै सपदि बरु। जावत आवत अवधि नहिं तावत मावत सोइ करु॥ रेरे कपि जगमाहिं मोहिं को हूय फल दाई। लोक पाल यम काल नमत मोको नित आई॥ चहों जाहि नृप करों चहों तेहि रंक बनावों। उजुर न करता कोइ बहुत का तोहि सुनावों॥ कहु अंगद ते अजित अस सो रावण औरै दियो। जदव सहस भुज बालि बलि अयध नृपन जेहि दुख दियो॥ सुनि अंगद के बचन मूढ़ लज्जित है बोला। बालपने

की बाल गाल तव निरवल्ल होला ॥ कौशल्ल नृप सब जीनि प्रथम अपने बश का हौ। जबते भये दलीप छाड़ि तब नेक र दीहौं ॥ ताहित जे कछु घटि गयो भयो नमन में एक तिल। विदित बरेहु शिर शिवहि शिव गिरि करि धाऱ्यो यथा शिल ॥ कह अंगद का भयो शीश जो निज कर काटे । बाजीगर बहु करे बेठि कौड़ी हित हांटे ॥ कहा भयो गिरि लयो भालु कपि धारे डोले। तहौं नपायो सुयश आजु रोउना सब बोले॥ कहाभयो सब जग जयो भयो न जो रघुनाथ जन। तोसब जानो स्वप्न सम अवनि रवनि सुत धाम धन॥ कह रावण हैं सिराम दास तुमहीं जोभयऊ। दिहिनि काल मुख आइ लाभयामें कालयऊ॥ तीनलोक परलोक शोक सब तन के नाशे। मिलिहैं तोतन बियत जियत जव जाव इहां से॥ तहें ऊँतव सुग्रीव रिपु तासु विभीषण केर में। अपर कीश रीछहैं असुर रहें तपसी घर में॥ कह अंगद रे चोर बालि जिन इक सर मारा॥ भृगुपति कर बल दर्प सर्प लीलि संहारा॥ खर दूषण त्रिशिरादि दनुज यदि बचि नभागे। तोरि चाप सिय बरी सकल भूपन के आगे॥ यस्य अनुग इक लंक दहि चतुर अन्स तव भट दले। तिनसों ते लरिहै कहा गाल मारि ले चहु भले॥ कह रावण जो अहै सबल अस स्वामि तुमारा। तो पठवत केहि हेत बसीठी बारे बारा॥ करहि आइ कलि कर्म धर्म जो क्षत्रिन को है॥ रिपु ते डरत अनीति लाज नहिं लागत जो है॥ मन कदराइ तो जाइ फिरि भागे को नहिं हम हने। यदि आवे जो मोत बस सकल कौन पन की बने॥

दो॰ पाथि समुद्र बाँधे कहा अभै परे भुजबीश॥
कुऐहै नना घनहार कोउ सुनि बोल्यो पुनि कीश॥

**कुण्डलिया** कारण ज्ञान अज्ञान का बल निर्बलक-र अन्त। कारज ते खुलिजात जिमि नारि कपट सुत पंथ॥ नारि कपट सुत पंथ तुम्हैं हम तबहीं जान्यौं। जब धरि ता-पस रूप विपिनि सिय ते छल ठान्यो॥ ठान्यो लेखा गृहप गयो धनु रेखा पारण। आयों मैं न बसीठ राम पठयो यहि कारण॥

**कुण्डलिया** बोले कपि सब आजु चलो प्रभु शत्रुहि मारी। कह हरि तेहि बध किहे कौन होइ यश भारी॥ जिमि मृग पति ह-ति भेष शेष सर खप थिर लीन्हे। तिमिल घुता लघु दान ज्ञान मूरुख कहँ दीन्हे॥ यद्यपि यह जानत तदपि छत्रि जाति कर रोष अपति॥ ताते अबहूँ दीन है सीते ले मिलु मन्द मति॥ कह रावण नृप सुवन संग सब कीश लबारा। प्रथमै आवा एक झूंठ ही जाय पुकारा हमहीं दीन छड़ाइ भीर मैं मरयो अक्ष सुत। लागि गई गृह आगि कहिसि मैं कीन काम उत॥ तैसे तोहू नरन की करत बड़ाई क्रूरगति॥ मोको जानत छोट करि विश्व विदित जो सूर सति॥ कह अं-गद मति मन्द छन्द रत बोलु विचारी। कल्प विटप सम वि-टप सकल सीता सम नारी॥ चिन्ता मणि पाषाण सरित शर स्वान समाना। अभै दान विज्ञान सरिस लौकिक कर ज्ञाना॥ यगली बातें अकनि तब अस मन होत हमार ह-रि। तोहि सहित सब लंक लैबोरौं उदधि मझार परि॥

**कुण्डलिया** शोचु न घालत साधु फिरि राज करी के-हि भौन। मोहिं जियत किमि होइ नृप तोहि जियन कहैं को-न॥ तोहि जियत कहैं कौन काम बस अजसी मूढ़ा। जीव-त मृतक समान सरुज हरि विमुखमति बूढ़ा॥ तव शोणित के भूषित पुनि रघुपति के नाराच। तेहि ते राखत रोकि ॥

रिस नाहित बन त्यों सांच ॥

छप्पै कह रावण जो होत हिरस यहि विधि बलतेरे । तौ-कत कर त्यों आदु देशई पितु ऊपरि केरे ॥ करत मातु संग भोग सूर सुत सो तप जानै । मरत नशठ विष खादु बान हू मत्त बादि हानै ॥ नरबन रन की कौन गति तीनि लोक मिलि जो चढ़ै । करौंलमर मन सुख तभू कभू न पग पीछे परै ॥ तब अंगद करि कोप पटकि दोउ भुज महि दीन्हे । गिरा अधर सुख भट मुकुट कर मैं चुति लीन्हे ॥ प्रेरे प्रभु के पास धरे पवन जमहि आगे । भूरि भानु सम तेज नरकि कपि देखन लागे ॥ राम बिभीषण के शिरसि भूषित कियें सवांरि तिन । देखि देव बोले विमल जय जानकि पति भगत हित ॥ तब तम चर पति नमकि कह्यौ धरि धरि हरि खाहू । मिलि मारो दोउ बंधु बंक कपि कल मत जाहू ॥ अब तक नीति बिचारि बचन सुनि रोसन कीन्हा । आखिर चढ़्यो कपार अधिक अधमैं मुख दीन्हा ॥ जिन बल बाढ़त बलकि बल तिनके अहै न अलपसन । पर तिय पर धन पर अहित करत डरत जो छाम छल ॥

कुण्डलिया तब अंगद कह चरण मम जो कोइ देवै टारि । फिरैं राम निज धाम मैं जाहु जानकिहि हारि ॥ जाहु जानकी हारि सुनत घन नादिक योधा । लगे उठावन भूरि भूरि बल करि करि क्रोधा ॥ डग मगात महि सुतल नभ उदर सिंधु सुर बिकल सब । बालि बलीके सुवन कर पग नहिं हाल्यो नेक तब ॥

छप्पै लीख रावण हिय हारि आपु उठि कपिहि प्रचारयो । चरण छुवत तेहि देखि बचन युवराज उचारयो ॥ मम पद

पैन ठीक गहै बिन हरि पद जाई । सुनि सिंहासन सपदि बैठ मन माहिं लजाई ॥ कहिं कि कौन पतने है सो क्यों नहिं डारत खाइ खर । हँसि कपि कुंन पवाहाइ निज कहि कै चल्यो उडाइ ऊपर ॥

सो० दीरघ एक प्रसाद पर पद परसत पतें है सोउ ॥
बहुरि चल्यो करि नाद प्रभु पद नायो आइ शिर ॥

दो० लखि बोले रघुनाथ हँसि तात किहेउ भल काम ॥
कह अंगद मम मान नहिं तव प्रभाव सब राम ॥

इति श्री विश्राम सागर सब मल आगर ग्रंथ उजागर श्री रघुनाथ
दास राम सनेही कृत अंगद रावण सम्वाद व-
र्णनो नाम पंच विंशो ऽध्यायः २५ ॥

दो० सुमिरि राम सिय सन्त गुरु गणप गिरा सुखदानि ॥
बरणौ मानस मत कछुक कोकिल कहनि बखानि ॥
इहाँ दशानन अभै निशि निज सित उरधाखार ॥
लागे निरखन नित्त की कौतुक करें अपार ॥
राम लखण कपि भालु सब हँसे समुझि अभिमान ॥
साहिन सके सुग्रीव बिन बूझे कीन पयान ॥
दश योजन कर बीच तहँ पहुंचे एक कुलांच ॥
सिंहासन ते अवनि पर पटक्यो मारि तमाच ॥
गिरा न बांचे सभरि कै भिरा क्रोध करि सोउ ॥
कर पद मुष्टिक पेंच शिर निज निज मारे दोउ ॥
यहि बिधि बाजे जाम भरि परे कोउ सका न हारि ॥
लाग्यो माया करण तब कपिपति चले बिचारि ॥

चौ० इहाँ न प्रभु सुग्रीवै देखा । भये धाल बस सोधि विशेखा ।
इतने में सो पहुंचे आई ॥ बूझे ते सब बात जनाई ॥ ॥ ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

कह प्रभु अस औषधि पै नहिं चाहीं॥ सो कछु होत रहत गहि काहीं
हम सिय लय का करतें नु ताता। दें तनु त्यागि तुरत निज गाता
सुनि नासत सब कुटुम्ब हमारा॥ नाथ कृपा को मारन हारा॥
अस कहि पाइ रजायसु सोये॥ उठि प्रभात पुनि हरिपद जोये
दुनिया दिन करि कटक बिचारा॥ लंका घेरी चारिउ द्वारा॥
पूरब दिशि नल नील बिराजा॥ दक्षिण सेन सहित युवराजा
पश्चिम पवन पुत्र बलधामा॥ उत्तर रहे अनुज युत रामा॥ ॥
मध्य सुकंठ माह संग योधा॥ चहुं दिशि लखत बिभीषण सोधा
यहि बिधि पुर निरोध सुनि रावण। चहुं दिसि निज भट लाग पठावन
प्राची दिशा प्रहस्त पठावा॥ जाम्या द्वार महोदर आवा॥
मेघनाद दिसि गयो प्रतीचा॥ रहा दशानन द्वार उदीचा॥ ॥
बिरूपाक्ष तिष्ठा मधि देशा॥ नारंतक चहुं ओर प्रवेशा॥ ॥
यहि बिधि राखि सबन ते बोला॥ गहि गहि खाउ भालु कपि टोला

दो० भले नाथ कहि हाथ गहि परसु भिंड असि साग॥
तोमर मुगदर सूल सब धाये दै दै बाग॥ ॥
बाजे बाजन युद्ध के सुनि भट गने न बोध॥
आवत तमचर चाहि कै धाये कपि करि क्रोध॥

गीतिका छं० करि क्रोध धाये भालु कपि ग-
हि बिटप परवत अपन गने। दोउ ओर ते लागे चला
वन अस्त्र शस्त्रादिक घने॥ कोउ गिरत कोउ उ-
ठि भिरत कोउ पुर फिरत कोउ लरत कारई॥ को
उछुरत कोउ भट मुरत नाहिं कोउ हटत कोउ चढ़ि
मारई॥ यक साथ सब रघुनाथ बल पल बंग गढ़-
पर चढ़ि गये। बिकलाइ असुर निकाय मर्द अपर
लखि भागत भये॥ पुर पुरेउ हाहाकार बिपुल कुमार बनित

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

रोवहीं। दूरि देहि गारी दश मुखै अब जासु हम दुख ओवहीं॥ दि-
शि शीश निज दल बिचल लखि सबते कहिसि गोहराइहै।
घर आइहै जो भागि सो मम हाथ मारा जाइहै॥ सुनि सु-
भट मानि गलानि घूमे जानि बध दोउ बीर ते। करि युद्ध की-
न्हे चौंसत बानर भागि चले गढ़ घोर ते॥ एक एक दिति-
सुत दाबि कूदे नाहि नीचे राखि कै। बिन प्राण करि हरि बी-
र बोले बचे आगलि भाखि कै॥ हनुमान पश्चिम बीर सुनि
घननाद के पग मारेहू। रथ सूत हति तेहि बिकल करि पु-
नि लंक आइ प्रचारेहू॥ इत कूदि आयो बालि बच्च मिलि
उभै रावण गृह गये। लागे ढहावन भौन जहँ तहँ राम गु-
ण गावत भये॥ कपि खेल करि डर बाइ राम कहाइ तिन्है
निवारेहू। फाँदे बहुरि रिपु सयन महँ अगणित निशा-
चर मारेहू॥ खरभरि परी सब ग्राम तम चर बाम फिर
पुनि यों कहैं। उतपात के घर कीश दोऊ आजु घर आये
अहैं॥ केतनेक खग गहि पटकि रावण निकट दीन चला-
इकै। केतने फिकै प्रभु पास गति नेहि देत राम बजाइ कै॥
निशि जानि आये नाथ पहँ दोउ देखि प्रभु बिन श्रम करे।
हनुमान अंगद गये थल सुनि भालु मर्कट सब फिरे॥ अनि-
रोध पाइ प्रदोष बल धाये असुर जय बोलि कै। कपि देखि
भिरे प्रचारि पुनि सब चले निश्चर डोलि कै॥ निज हारि ल-
खि अतिकाय आदिक अनिप निज माया रनी। भये नि-
मिरि में अंधियार सूझन हाथ भागी कपि अनी॥ वहँ बा-
र ते मग मिलत नहिं कच रुधिर बरषत बालुका। लखि-
राम मारयो बिसिख एक मिटि गई माया मालुका॥ कपि गी-
रु पेखि प्रतिभट पलटे बहुरि रिपु भागत भये। तब असिन

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

आये राम पहं पग परत सबके दुख गये ॥ यहि भाँति बा-
सर आठ निज निज घाट कपि कीनप लरे । तब कहो रावण
सचिव ते कस करिय दल बहु भट मरे ॥ सुनि माल्यवंत सु-
मंत्र बोलेहु आपु जबते सिय हरी । तबते कियो बहु बात
एकहु तात नहिं पूरी परी ॥ अबते समुझि भल जानकि-
हिं गहि पाइ प्रभु कहँ दीजिये । भये मूढ़ मारहु तेहि का पर
बैठ मुख करि लीजिये ॥ कछु रीति पुछियत नाहि सो श-
ठ अधिक भाँति देखावई । जिमि कहै कोइ गिरि मेरुते भु-
कि जाहु आँधी आवई ॥ तेहि तुरत जान्यो कालबस स-
ठ नाहि उठि घरका गयो । तब मेघनाद सदर्प सन्मुख आइ अ-
स बोलत भयो ॥ देख्यो पराक्रम काल्हि मम बहु आनु-
का निज मुख भनौं । सुत बचन सुनि हरषान मन रणसूर
सुनि करखा मनो ॥ उठि प्रात नौमी दिवस रथ चढ़ि मुकुत
कपि दल आयहू । कहँ राम कहँ सौमित्र कहँ हनुमान कहँ
कच जायहू ॥ सुनि भालु कपि धाये कुधर गहि देखि सो मा-
रन लगा । लखि तासु बाना वरी सब अकुलाइ मर्कट दल
भगा ॥ तब भिरे लषण प्रचारि बाणन मारि तेहि ब्याकुल
किया । जब भयो बिनरथ सूत जानिसि मारि इन मोको लि-
यो ॥ तब ब्रह्मदत्त प्रचण्ड शक्ती लषण के हिय दे हनी । म-
हि मुरछि गिरे अनंत रहा उदार करि माया धनी ॥ किमि
उठै जगदाधार लखि हनुमान मुष्टिक मारेहू । पुनि लात
मारि अचेत करि धरि लंक ऊपर डारेहू ॥ निशि जानि तब
हनुमान शेषहि लादि प्रभु पहँ लायहू ॥ लखि राम हृदय
लगाइ भ्रातहि बिरह बचन सुनायहू ॥ हा ईश जगनन शी-
श मैं इक पात तैं बिरचा रहे । भट भांति भायप मित्र गुणनि

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

चढ़ाइ अब बोरा चहे ॥ हा तात तजि पितु मातु बनमम बिपति आइ बटायहू । तिन साथ हौं सुर लोक लौंहँसि प्राण नाहिं पठायहू ॥ निज कर्म निज कर भूति ते तुमता- त सब सुकृती भये । मैं शखि तुम बिन देह धीरज नाहिं सि- अप यश लए ॥ अस समुझि परत कठोर ता मम हृदयते कुलिसे भई । जो समुझि आप सनेह तुरते द्रवकि दर ज- न ह्वै गई ॥ पितुमरण भामिनि हरण खग बध दहिन भु- जा गवायहू । सब भाँति अपने बंधु सुचिमें कालि मामेंल- यहू ॥ जिन तुम्हे सौंप्यो मोहिं तिन सों कहा कहि हौं जाइ के । पिय बंधु खोयो वाम हित तेहि सक्यौ नाहीं लाइ के ॥ कपि भालु जैहैं गिरिगुफन तब संग मोको रोचहै । है हे विभी- षण की कवनि गति यही बड़ मोहिं शोच है । दुख देखि स- कत नरह्यो मम अब हेत केहि करुना तजी । जेहि देत न- हिं उठि बोध बीरन कौन बल धनुशर सजी ॥ धन धाम सु- त तिय कुटम्ब जग ह्वै जात पुनि पुनि आवही । पितु मातु सोदर जन्मभरि नहिं मिलत जबते जावही ॥ प्रभु वचन न- र अनुहारि सुनि कपि भालु सब हिय हारे हू । तब रीछ पति हनुमान कहें तेहि समय जानि प्रचारेहू ॥ ✣ ॥ ✣ ॥ ✣

चौ० कह हनुमंत जोरि युग हाथा ॥ लषण शोच जनि कीजे नाथा
कहो चन्द्र मैं पट इव गारी ॥ अबहीं देहुं अमी मुख डारी ।
कहो बिबुध बैदे गहि आनो ॥ मीत मारि सबके दुख भानो
कहो फोरि नभ रविहि निकारों ॥ रिपुसेहि द्वार राहु बैठारों ॥
कहो ब्रह्म हरि हर का आनी ॥ अमर अमर बोल वावों बानी
कहो पताल जाइ हति नागा ॥ आनों अमी कुराड यहि जागा
कहो देहुं निज देहे त्यागी ॥ अबहीं उठें लषण घट जागी

दो॰ जो कछु तब मन में रुचै सो मोहिं आयसु होइ॥
नाथ सपथ खरा में करौं प्रभु प्रताप बल सोइ॥
पवन तनै के बचन सुन सहित राम कपि भाल॥
उठे जागि जिमि मंत्र सुनि सर्प ग्रसित द्रुम जाल॥
बोले श्रीपति सत्य सुत सब लायक तुम आहु॥
चाही वेद सुखेन है अरिपुर आनन जाहु॥
पहुँचे तुरत बिचारि तेहि ल्याये सदन समेत॥
तासु बचन सुनि पुनि चले शीघ्र सजीवन हेत॥
कालनेम मग मारिकै सब गरा साठि हजार॥
रोकत लूम लपेटि सोइ देखा जाइ पहार॥
देखी जहँ तहँ ओषधी तब मन माँझ बिसूरि॥
लीलै चले उठाइ गिरि दलि दश मुख भट भूरि॥
किधौं अपत्र पलास बन किधौं प्रभात लखाइ॥
छाँडि प्रभु गये बहुरि मग दरयो अवध पर आइ॥

चौ॰ देखि भरत मन असुर बिचारा॥ बिनु फर बान हृदय महँ मारा
कपि महि गिरत राम मुख भाषा॥ पवन साधि द्रोणाचल राखा
तेज तासु पुर गयो समाई॥ ज्यौं सरिता सागर महँ जाई॥ ॥
दौरि भरत गहि हृदय लगावा॥ जागन जब तब बिलखि सुनावा
जो रघुपति पद प्रीति हमारी॥ बहुरि होइ अनकूल खरारी॥
तौ कपि होउ बिगत श्रम पीरा॥ सुनि उठि बैठ राम कहि बीरा॥
भरत रिपु हने लखि भ्रम छायो॥ का घर राम लखण फिरि आयो
पुनि पहि चानि पुलकि शिर नावा॥ पूछा सब बिरतान्त सुनावा
व्याकुल है बोले धृग हम हीं॥ प्रभु के काज न आयौं कबहीं।
कुसमय जानि कह्यो धरि धीरा॥ चढि सर सपदि जाहु प्रभु तीरा
सुनि सह गर्व बैठ सर जबहीं॥ सुमन समान उठायो तबही॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

देखि प्रभाव उतरि कपि परेऊ ॥ शीघ्रगवाइ प्रशंसा करेऊ ॥
तव प्रताप उर धरि रघुबीरा ॥ जैहौं अति लाघव प्रभु तीरा ॥
भले भरत कहि बोले ताता ॥ पाछे सुनि दुख पैहैं माता ॥ ॥
तेहि ते चलि दीजै समुझाई ॥ आइ भवन सब कथा सुनाई ॥
सुत घायल सुनि साधु सुमित्रहि ॥ भयो हरष अरु शोच विचित्रहि
बोली धन्य सुवन मम आजू ॥ जूझ्यो समर स्वामि के काजू ॥
पर इक कलंक होत बड़ि ताता ॥ कुसमय भये राम बिन भ्राता
पुनि सुभाय रिपुहन ते कहेऊ ॥ जाहु तात तुम प्रभु पहँ रहेऊ ॥
सब बिधि कह्यो भजन सोइ सच्चा ॥ नर तन को फल याही बच्चा
सुनत उठे मुद सहित प्रकासा ॥ बिधि बस सुदर दरे जनु पासा

दो० अम्ब अनुज गति देखि मन मानी सबन गलानि ॥
बोली रघुपति मातु तब कपि ले धीरज आनि ॥
प्रथम भेंट कहि कह्यो इमि कह्यो कठिन उदम्ब ॥
लाल लछिमण ते ललित लागत अहो कदम्ब ॥
बोले मारुतसुवन तव सकल धरहु मन धीर ॥
कुशल जानकी लषण युत ऐहैं घर रघुवीर ॥
अस कहि चले समेत गिरि आये जहँ भगवन्त ॥
औषधि कीन सुखेन उठि बैठे तुरत अनन्त ॥
कृपा सिंधु बंधु इ मिले मिट्यो सकल दुख भार ॥
मुदित भालु कपि जन लह्यो समर पयोनिधि पार ॥
भेंटि सचिव बूझन लगे बड़ दुख पायो तात ॥
कहत नछत मेरे लग्यो पीर भई प्रभु गात ॥
होत पदिक के कान्ति जिमि दुख सुख लहे भुआर ॥
मुक मुक जानत धाइ करि अरथ पदारथ हार ॥
बिमल बचन सुनि शेष के कहन लगे सब बीर ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

रामलषण की प्रीति कौं उपमा क्षीर न नीर॥
इति श्री विश्राम सागर सब मत आगर ग्रंथ उजागर श्री रघुनाथ दा-
स राम सनेही कृत लक्ष्मण हित राम विरह व-
र्णनो नाम षट् विंशो ऽध्यायः २६ ॥
दो० सुमिरि राम सिय सन्त गुरु गणप गिरा सुखदानि॥
बर्णौं मानस मत कछुक सार रमायण जानि॥
चौ० पुनि ताही थल पवनकुमारा॥ धरि आये गिरिवैद अगारा
सुनि रावण मन परयो खभारा॥ प्रान लगे कपि चारहु द्वारा॥
मेघनाद पुनि रथ चढ़ि आवा॥ बरषि बान कपि दल बिचलावा
दश दश बिशिष सबन के मारे॥ जहं तहं भट कहरत हैं डारे
पुनि विधि बचन लागि दोउ भाई॥ नाग फांस ते लीन बंधाई॥
मुदित पिता ढिग लंक हि लावा। रावण देखि परम सुख पावा।
बिबिधि प्रशंसा करि सुत केरी॥ सीतहि जाइ देखाइसि टेरी।
प्रभु बन्धन लखि सिय अकुलानी॥ गरुड़े तब पठयो विधि ज्ञानी
आइ सकल पन्नग बिचलाये॥ पुनि दोउ बंधु कटक महं लाये
अस्तुति करि सुनि रघुपति बचना॥ हरिपुर गये गुणान प्रभु रचना
इहां बिभीषण हनुमत दोऊ॥ सोधा दल अचेत सब कोऊ।
कह्यो बिभीषण रिच्छ पति ते॥ हे कछु चेत चलहु गे से रे॥ ॥
जामवन्त तब बचन बखाना॥ कहो अहैं नीके हनुमाना॥ ॥
सुनि दनुजेश कह्यो धरि धीरे। पूछ्यो नहीं लषण रघुबीरे॥
तजि कपि पति युवराज समेता॥ हनुमाने बूझ्यो केहि हेता॥
जो होइ हे जीवत हनुमंता॥ तौ जानौ सब जियत अनन्ता॥ ॥
जो कदापि गिरिगे हनुमानो॥ तौ तुम मृतक सबन कहं जानो
सुनि लंकेश सरस सुख पावा॥ पवन तने चरणन शिर नावा॥
आयसु होइ करौ सोइ बाता॥ लावहु चारि औषधी ताता॥ ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

दो॰ एक बिसल्य करनी अहै युग सांवर्नीनाम ॥
तीसरि संजी वनि तुरत संधानी अभिराम ॥

चौ॰ सुनि मारुत सुत तुरते धाये ॥ आनि जरी सब सुभट जिआये
भये सबल सब गाजन लागे ॥ देखि राम लक्ष्मन अनुरागे ॥
हरि दिन चढ़ि धुम राक्षसुरारी ॥ आइ कीनि अति संगर भारी ॥
भये बिकल कपि भालु अपारा ॥ दुबादसी दिन पवन जमारा
आवा बहुरि अकंपन योधा ॥ महा समर कीन्हिस सह क्रोधा ।
तेरसि दिन गंजेहु युवराजा ॥ बहुरि प्रहस्त आइ रण गाजा ।
किहिसि मारि सर जरजर गाता ॥ परिवा दिन तेहि नील निपाता
तीनि दिवस तब लरा करीशा ॥ पंचम्या दिन सुनि दशशीशा
कुम्भ करन कहँ आनि जगावा ॥ नाना विधि करि कुटिल उपावा
पुनि बहु भाँति कराइसि भोजन ॥ बोला सो निज कहो परोजन
कह रावण हैं मानुष आये ॥ शत्रु समुझि हम तिय हरि लाये
सेतु बाँधि उतरे यहि पारा ॥ सुभट समूह कि हिनि संहारा ॥
मिला बिभीषण जाइ अयाना ॥ मोहिं तोहि नहि नेकु डेराना ॥
कपिन सहित तेहि भक्षण कीजे ॥ सहित कुटुम्ब मोहिं सुख दीजे
सुनि घट करन कह्यो सुर साली ॥ प्रथम पूछि किन किहेउ कुचाली
यक दिन बात जनाई थोरी ॥ प्रकटी नाहिं सीता की चोरी ॥ ॥
त्रिभुवन पति सों बैर बढ़ाई ॥ पुनि सुख चहत कहा अब भाई ।
ताते त्यागि कुटिल पन येहू ॥ जग दम्बा लै रामहिं देहू ॥ ॥
जेहि ते करौ सकल सुख भेरी ॥ सुनि बोला रावण मुख हेरी ॥
कितो करौ चलि संगर भारी ॥ कितो रहो पुनि सोइ सभारी ॥ ॥
नाहित भीरु बिभीषण जैसे ॥ परो पाइ रिपु पायन तैसे ॥ ॥
मैं निज बल बिरोध यह ठाना ॥ करि हौं निमि सब कर कल्याना ।
सुनि घट करन काल कृत जानी ॥ प्रभु दरशन हित मन में आनी

अनुजै भेंटि समोद सिधावा॥ लखि रावण बहु सुरा पियावा
करि मद पान भयो मतवारा। चला कहत कहँ भूपकुमारा
हाय हाय करि खेचर भागे॥ लखि तेहि मिले विभीषण आगे
चरण परसि निज नाम बतावा॥ सुनि सखाहि प्रभु पास पठावा
कहिनि नाइ रघुपति पद माथा॥ कुम्भकरण यह आवत नाथा
रावण बंधु विपुल बल लाहू॥ जो त्रिभुवन में गनत न काहू॥
उड़ै अकास ब्योम चर मारै॥ धसै पताल फनिक फन फारै
मणि उतारि लावत है कैसे॥ उपवन ते सुहपन को जैसे॥
बिनही प्रलै प्रलै करि देतो॥ जो षट मास न सूतत येतो॥
पर प्रभु भृकुटी कुटिल निहारी॥ लोप होत भव का तम वारी
सुनि कपि भालु चले करि हूहा॥ डारिनि तेहि शिर शैल समूहा
सुमन सरिस बरषत जिय जानी॥ धावा सुख पसारि दोउ पानी
कोटिन कपि चापि गे तरवारे॥ कोटिन कर समेटि मुख मोके।
कोटिन श्रवण नाक मग मारवी॥ निकसहिं जिमि बाबिन ते पाखी
कोटिन दिशा विदिशा उड़ि भागे॥ कोटिन प्रभु के पाछे लागे।
कोटिन हनुमंतादिक बोले॥ कोटिन कुनप दुरावत डोले
कोटिन गये समुद महँ बूड़ी॥ कोटिन काटि चलाये मूड़ी
आगे लखि रघुनाथै पावा॥ करि प्रणाम मन वचन सुनावा

दो॰ नामें आहौं ताड़ुका नामें अहौं सुबाहु॥
नाहौं धनु मारीच मग नाहौं खर कपि नाहु॥
मैहौं रावन केर रिपु आइ करौ रन राम॥
जेहि चढ़ि आयेगर्व करि मो अब पूजो काम॥

चौ॰ सुनि सुग्रीव लात यक मारी॥ पकरि तिन्हें पुर चला प्रचारी
लखि सब हनन लगे यक साथा॥ सोरस पाइ निकस्यो कपि नाथा॥
श्रवण नाक कर मुरवते कारी॥ गयो राम यहँ प्रभु के आगी॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

चला रुधिर तब देखि लजाना ॥ फिरि कपि निकर किरेसि दिनशन ॥
हनो मान निज लूम लपेटी ॥ डारिन सिंधु मांझ जिमि फेंटी ॥
धावा तब करि क्रोध कराला ॥ मारि कीस सब किहिसि बिहाला ॥
नारद आइ कही असि बाता ॥ बधउ बेगि प्रभु प्रोक्त बिधाता ॥
थीथि नाइ जब कीन पयाना ॥ तब हरि धनुष बान संधाना ॥
मारे शायक बिपुल प्रचारी ॥ धावा मुख पसारि गिरधारी ॥
लखि राघो भुज काटि गिराई ॥ लिहिसि बाम कर सोउ उड़ाई ॥
बिन भुज गिरि मंदर सम धावा ॥ शीस काटि प्रभु लंक बहावा ॥
लुराड मुराड बिन चल्यो प्रचंडा ॥ तब प्रभु काटि किये युग खंडा ॥

दो० देखि देव बरषे सुमन हरषे मुनिन समेत ॥
मुदित भालु कपि कटक मधि सोहे कृपा निकेत ॥

चौ० अनुज शोच लखि रावण शोचा ॥ असन बसन तेहि भये अशोचा ॥
मेघहिं रखि शिर रावण ताके ॥ चला महोदर लै भट बाँके ॥
कपि दल आइ समर अति ठाना ॥ एका दिवस हता हनुमाना ॥
फाल्गुण कृष्ण आदि दिन भोरा ॥ चढ़ा नरंतक लै भट घोरा ॥
नाना बिधि तेहि युद्ध मचावा ॥ जाना कपिन काल निजु आवा ॥
हरिबल पाइ लरत तेहि चीन्हा ॥ फनि दिन निधन अराननकीन्हा ॥
तब अति काय आय रन ठाना ॥ अष्टम्या दिन भेगत प्राना ॥
कुम्भ करण सुत कुंभ निकुंभा ॥ आइ किहिनि दोउ युद्ध असंभा ॥
लरत लरत दिन पांच बिताये ॥ तेरसि दिवस गये दोउ पाये ॥
तब खर सुत मक राक्षसि धावा ॥ कपि दल दलतु लक्ष्मण पहं आवा ॥
मारे अस्त्र शस्त्र भट नाना ॥ कटेन बहु बिधि कर बर दाना ॥
झपटि लखण कहं निगलिसि धावा ॥ मनहुं मयंक हि तुदन दुरावा ॥
हाहा कार भयो दल भारी ॥ निकसे लखण उदर तेहि फारी ॥
फाल्गुण शुक्ल प्रथम दिन जूझा ॥ भा रावने मोह यथा बूझा ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

मेघनाद लखि बचन सुनावा। केहि हित तुम अस खेद बढ़ावा
जब लग मैं जीवत सुत तोरा। तब लगि करहु राज्य बर जोरा
देखो आजु मोर संग्रामा। अस कहि चला दिव्य रथ तामा
एक अदृश्य पुनि निसि नभ गामी। आवा जहां भालु कपि स्वामी
गर्ज्जा प्रलय पयोद समाना। सुनि कटु शब्द सबन भय माना
अस्त्र शस्त्र पुनि बरषन लागा। मघा नखत सम असि सर सांगा
गहि गिरि तरु कपि जाहिं अकासा। मिलै न कोउ लवफिरें उदासा
भये बिकल कपि भागन लागे। जहां जांइ मग मिलै न आगे।
अंगद हनोमान नल नीला। शेष सुकंठ बिभीषण कीन्ला।।
औरौ दुर्द्द रादि जे बीरा। मारि सबन कह किहिसि अधीरा
पुनि अति समर राम ते ठाना। नाग फांस बस भै भगवाना।
जासु नाम भव बंधन हर्त्ता। सो कि होइ पर बस जस कर्त्ता।
समय समान चरित प्रभु करहीं। अस बिचारि बुध भर्म न परहीं
देखा सबन बिकल घन नादा। तब भा प्रगट कहत दुर्वादा।।
देखि नर अपति चले प्रचारी। तब तेहि तीब्र शक्ति तकि मारी
जामवन्त सोइ मारि गिरावा। चरण पकरि पुनि लंक पठावा
गरुड़ आइ प्रभु बंधन काटा। भे सब सबल राम जब डाटा।
गहि गहि गिरि गुरु पादप धाये। मारि सकल निश्चर बिचलाये
मेघनाद मुरछा ते जागा। जाय अजैमख करन सो लागा

दो॰ आनि बिभीषण प्रभु सों कह्यो जोरि युग पानि।।
इन्द्र जीत निकुम्भ लै गा मख हित रिसि आनि।।

सो॰ जब लगि होइ न सिद्धि तब तक ताको मारि अपु।
पाछे पाइ प्रसिद्धि बेगि न जाइहि जीति रिपु।।

चौ॰ सुनि प्रभु कहा लषण ते तबहीं। जाहु तात लै कपिदल अबहीं
मख बिध्वंसि पुनि मारेहु ताही। भलेनाथ तव आयसु आही

अस कहि साजि धनुसर तूनीरा॥ चले संग हनुमन्त सुवीरा।
आवहिं कपिन अंग सब कीन्हा॥ मारुत लखि धनु छीनेहि लीन्ही
छ सर जाम बन्त के छेदे॥ तीनि बाण अंगद के भेदे॥ ॥
चारि विभीषण अंगनि फारे॥ पांच विशिख पवनज के मारे।
एक एक सर सबके दयऊ॥ पुनि लक्ष्मण पर छाड़त भयऊ
सकल अनंत काटि महि डारे॥ पुनि निज बाण कराल पबारे
आवत लखि सब भयो अलोपा॥ छाँड़िसि बहुरि शूल करि कोपा
तुरत कीन्हि सत खण्ड अहीशा॥ तब यक गिरि महि डारिसि शीशा
रज सम करि सोऊ महि पारा॥ अस्त्र शस्त्र पुनि तजेसि अपारा
सो तब लक्ष्मण नेवारत भयऊ॥ यहि विधि बीति मास दिन गयऊ
महा युद्ध लखि सुर मुनि सारे॥ हर्ष शोक बस होइ विचारे॥
तब लक्ष्मण करि कोप कराला॥ छाँड़ेउ एक बाण बिशाला
जासहि शिर भुज काटेउ तासू॥ गर्जत पुनि मारेसि आसू॥
राम लक्ष्मण कहि सह अनुरागा॥ तेरसि दिवस भये तन त्यागा
सुनि बोले अंगद हनुमाना॥ धन्य मातु तव तोहि बलवाना
कटि तनु पर्यो समर महि तामा॥ दहिनी भुजा गई तेहि धामा
शिर लै कीश राम पहं आये॥ अनुजहि लखि प्रभु हृदय लगाये
फेरि कमल कर छत हरि लीन्हा॥ बरषे देव सुमन जय कीन्हा
पुनि रघुपति कपि भालु बिलोके॥ भये सकल श्रम रहित विशोके
अरि पुर मेघनाद की नारी॥ पति भुज लखि मन संशय धारी॥
दीन्हि कलम खरि कर गहि लीन्ही॥ लक्ष्मण की कीरति लिखि दीन्ही
कोटि कल्प जो योग कमावै॥ सो उन लखण की यश सरि पावै॥
सुनत सखिन युत रोवन लागी॥ आजु दशानन भयो अभागी
कपिहं कीश मुदित पुर फेरी॥ छूटि बंदि सब देवन केरी॥ ॥
कोइ जय लहै हमें का करना॥ जस्यो जगत जो आपन जरना।

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

असकहि भुजपालकी चढाई ॥ आपु बैठि रावण पहँ आई ॥
सासु ससुर पद शीश नवाई ॥ रोदन करि सब कथा सुनाई ॥
जो पावौं निजपति कर माथा ॥ तौ रचि चिता जरहुँ तेहि साथा ॥
मय तन यादि जहाँ तक रानी ॥ लगीं बिलाप करन दुख मानी ॥
सुनि दशमुख हु मुर्छित महि परेऊ ॥ पुनि धरि धीर बचन अनुसरेऊ ॥
सुमुखि समुझि जिय करहु न शोका ॥ प्रकट नाम याको मृत लोका ॥
मातु भूमि पितु बीज बिचारा ॥ काल किसान जीव तृण भारा ॥
पालत पुनि लूटत सोइ खाई ॥ कौन कौन हित रोवै धाई ॥
दो० रह्यो न कोइ रहैगो पुनि कछु जाइ न साथ ॥
धन्य भाग्य इन सबन के जो जूझे प्रभु हाथ ॥
सब सम जानन मोहि तू मैं हौं पति बलवान ॥
देखो कालिहि कपिन कर मेटि हौं जाइ गुमान ॥
बालि बिभीषण पवन बिधि तापस नील कपीश ॥
इन सब शीशन सहित तव आनौं पति कर शीश ॥
बड़ बिमोह बस जानि तेहि कछु न उत्तर दीन ॥
नारद के वर बचन तव भयजा अस्थान कीन ॥
तातें निज हित राम पहँ जाहु सकल तजि शोक ॥
होइ भूप धरमज्ञ जहँ तहँ कोउ रहे कि बोक ॥
बहुरि रहत तहँ ससुर तव भय न कछू शिरनाइ ॥
चली यान चढ़ि भवन युत पहुँची कपि दल जाइ ॥
सो० लखि हरषे कपि भालु । बिन श्रम पाई जानकी ॥
मिटा सकल जंजालु । भयो सुयश हम सबन कहँ ॥
चौ० यहि बिधि गई जहाँ रघुराई ॥ नख सिख लखि दोउ बंधु लोनाई ॥
कीन्ह दण्डवत बिनय समेता ॥ तब लंकेश कहा सब हेता ॥
सुनि कृपाल बोले अनुरागी ॥ जो भावै सो लीजै मागी ॥ ॥

कहौं देहु पति तोर जियाई ॥ भूजहु राज कल्पभरि जाई ॥
सुनि सुर मुनि कपि भालु डेराने ॥ बहुरि सुलोचनि वचन बखाने
कृपा सिंधु मैं दीख विचारी ॥ यहि मरने ते जीवन खारी ॥ ॥
बिष बदले जो अम्मृत पावै ॥ लेइ फेरि सो मूढ़ कहावै ॥
ताते नाथ देहु पति शीशा ॥ दीन देवाइ तुरत जग दीशा ॥
दो० मस्तक पाइ हँसाइ तहँ लाई सागर पास ॥ ॥
भई सती पति सहित पुनि कि हिसि सत्य पुवास ॥
इति श्री विश्राम सागर सवमत आगर ग्रंथ उजागर श्रीरघुनाथ दा-
स राम सनेही कृत मेघनाद बध और सुलोचना
सती बर्णनो नाम सप्तविंशो ऽध्यायः २७
दो० सुमिरि राम सिय सन्त गुरु गणप गिरा सुख दानि ॥
बरणौं मानस मत कछुक सार रमायण जानि ॥
तेहि दिन भयो न समर कछु दश मुख शोचै लीन ॥
अहिरावण को यादि करि आकर्षन जप कीन ॥
चौ० दंड चारि महँ सो तहँ आवा ॥ रावण लखि निज हाल सुनावा
सकल सैन कपि भालुन मारी ॥ तात रही यक आस तुम्हारी ।
सुनि बोला यह केतिक बाता ॥ जैहौं लै पताल दोउ भ्राता ॥
देहौं बलि कामद कहँ सोई ॥ जानेहु नभ प्रकाश जब होई
अस कहि बिरचि बिभीषण रूपा ॥ गयो जहाँ लछिमन सुर भूपा
सोवत लखि लै गगन उड़ाना ॥ दश मुख देखि सत्य तेहि जाना
यहि विधि सो लै गयो पताला ॥ प्रभु बिन भे कपि भालु बेहाला
तब सब हाल बिभीषण काहा ॥ अहि रावण लै गा नर नाहा ।
दहत नाग पुर जो कोइ लावै ॥ सो सब को दे प्राण जियावै ॥
कह हनुमान तजहु सब शोका ॥ लैहौं प्रभुहि ढूँढ़ि तिहु लोका
चले खबरि मग खगते पाई ॥ छिन महँ अहिपुर पहुँचे जाई ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

द्वारपाल मकरध्वज आहा ॥ तासु पूंछि तेहि बांध्यो गाढ़ा ॥
पुनि लघु बन देवी मठ गयऊ ॥ होत होम लखे दानव भयऊ ॥
तब नहैं बिकट रूप धरि लीन्हा ॥ गे धामि प्रान सुतल थल दीन्हा ॥
देखि सहित कुल हरषा राजा ॥ प्रगटी देवि भया अब काजा ॥
नाना बिधि मेवा पकवाना ॥ आनि चढ़ाये पूरजन नाना ॥
यावति बस्तु सकल कपि खाई ॥ पुनि बलि हित आने दोउ भाई ॥
बाजहिं बाजन गावहिं नारी ॥ सुनि निश्चर सब होइ सुखारी ॥
तब प्रभु ते बोले सब साई ॥ सुमिरो जो कोउ तुम्हरे होई ॥
सुनि रघुपति तब कीन बखाना ॥ यहि अवसर चहिय हनुमाना ॥
मारन हित खिघे सब ठाढ़े ॥ घन समान कपि गर्जेहु गाढ़े ॥
निश्चर डरि अस कहत बिरोधी ॥ क्रोध कीन देवी नर देखी ॥
बहुरि गर्जि कपि प्रभु उठावा ॥ दोउ भे यन दोउ कंध चढ़ावा ॥
निज लंगूर कर कोट बनाई ॥ असि लै मारेहु खल समुदाई ॥
अहि रावण शिर काटि कुमारा ॥ देवी की आहुति में डारा ॥
पौरी असुर मिले ते मारे ॥ पुनि ले प्रभु चलेहु लखि द्वारे ॥
बिनै कीन मकरध्वज माथे ॥ राज देइ निज सेनहिं आये ॥
लखि कपि भालु सुखी सब भयऊ ॥ बूड़त मनहु थाह मिलि गयऊ ॥
हनुमानै सब लोग सराहैं ॥ कह प्रभु इन बिन को मम आहैं ॥
बोले पवन तनै शिर नाई ॥ आपु चहै तेहि देउ बड़ाई ॥

दो० यहां दशानन दूत मुख सुनि अहिरावण नाश ॥
एका दिन निज सैन लखि चढ़ा समर बिन त्रास ॥
बाजहिं बाजन बिबिधि बिधि अपसगुन होइ अपार ॥
गनहिं न एकहु गर्व बस महि सहि सकत न भार ॥

चौ० निज निज नाथ कीरति भाखी ॥ धाये इत उत भट अभिलाखी ॥
कपि कर मुक दल संगम भयऊ ॥ जनु घन श्याम सैन मिलि गयऊ ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

गर्जहिं मनहुं बाजने बाजें ॥ चमकहिं खड्ग छटासी राजें।
बर्षहिं बान बूंद जनु भारी ॥ छूटे तोब गाज जनु पारीं ॥ ॥
भयो अँधेर उड़ी रज कूरा ॥ इन्द्र धनुष बहु लसै लंगूरा ॥
गिरहिं सुभट मंदिर हहराई ॥ स्रोनित सरित चली उमड़ाई।
भुज अहि कच्छप चर्म सोहावै ॥ कुंजर अस्व ग्राह द्युति पावै ॥
फिरत चक्र आवर्त अनेका ॥ उछरहिं शीश सुमिटि गएका
भूषण भेक उपल सम रेनू ॥ धनुष तरंग बहै पट फेनू ॥ ॥
कर पद मीन जु केस सेवाला ॥ दोउ दल कूल बिटप रथ जाला
बहु भट बहैं न टे खग नीचा ॥ जनु नेवार खेलहिं सरि बीचा।
खैंचै आँत गीध गहि तीरा ॥ बंशी मनहुं लगाई कीरा ॥ ॥
भूतरु प्रेत पिसाच पिसाची ॥ मंजहिं मुंडन्ह जोगनी नाची ॥
बीर बिनोद लहैं सर देखी ॥ कायर त्यागहिं प्राण बिशेषी ॥
देखि कटिन कोपेहु हनुमाना ॥ मर्दन लगे निशाचर नाना।
गजते गज घोड़ेन ते घोरा ॥ खर ते खर रथ ते रथ तोरा ॥ ॥
महिष ते महिष ऊँट ते ऊंटा ॥ पैदर ते पैदर दल कूटा ॥ ॥
कोटिन कर शिर लातन मारे ॥ कोटिन पटकि सिंधु महँ डारे।
कोटिन हाथ पाय बिन कीन्हे ॥ कोटिन फेंकि गगन महं दीन्हे
हँसि प्रभु कहैं लखण ते हेरी ॥ देखउ लरनि पवन सुत केरी।
निज दल बिचल देखि दशशीशा ॥ धावा लै धनु सर भुज बीसा
जहं तहं उड़े कीस भय पाये ॥ यथा पात बौंडर के आये ॥ ॥
अंगद हनुमदादि भट भारी ॥ लै लै गिरि मारे एक बारी ॥ ॥
फूटहिं पविसो मुरे न नेका ॥ लाग निपातन कीस अनेका ॥
दीन्हिसि पूरि दशहु दिशि बाना ॥ भागत कतहुं न मिलै ठिकाना
बिकल पुकारहिं जहँ तहँ ठाढे ॥ पाहि राम लछिमन दिन गाढ़े
सुनि लछिमन धनु बान सिधारे ॥ सरिस आइ सन्मुख ललकारे।

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

होउ सजग अब सुन दशभालू ॥ पहुँचेउ आइ तोर में कालू ।
सुनि तेहि अस्त्र शस्त्र बहु मारे ॥ सकल काटि सौमित्र निवारे
पुनि छांड़े निज बान अहीशा ॥ सूत समेत भयो रथ खीशा ।
सत सत बिशिष दसो शिर मारे ॥ मनहु चले बहु रुधिर पनारे
पुनि सत सर छाती महँ दीन्हे ॥ बीसहु भुज बरही सम कीन्हे
धावा बिकल क्रोध करि भारी ॥ बिधि की दीनि सांगि तकि मारी
लागत उर लक्षिमन महि परेऊ ॥ रहा उठाइ न नेकहु टरेऊ ॥
जेहि शिर रज सम भुवन अपारा ॥ तेहि उठाइ किमि सके लबारा
देखि पवन सुत मुष्टिक हनेऊ ॥ है अचेत अवनी ढन मनेऊ ।
प्रभु ले गयो जहाँ भगवाना ॥ देखि दसानन अचरज माना

दो० चैत्र कृष्ण नौमी दिवस अनुजै लखि रघुबीर ॥
कहौं काल के काल तुम सुनत उठे रन धीर ॥
पुनि रिपु सन्मुख जाइ तेहि बिकल कीन रनमारि ॥
लखि अचेत निज नगर तब लेगा सूत निकारि ॥

चौ० भवन दीख जब रावण जागा ॥ निज सुमंत्र कहँ खोजन लागा
रे मति मन्द भीरु धृग तोही ॥ रण ते बिमुख करायं मोही ।
अस कहि दशमी दिवस सचेता ॥ लाग करन मख बिजै के हेता
सुनि प्रभु भट पठये बहु पासू ॥ करहु विध्वंस जाइ मख जासू
अंगद हनुमदादि कपि बीरा ॥ कौतुक ही आये तेहि तीरा ॥
लखि लागे सब मारन लाता ॥ उठे न सो स्वारथ मन राता ॥
तब कपि करन उपद्रव लागे ॥ दिये छोरि हैगे मृग भागे ॥ ॥
फारि पट बितान धट फोरे ॥ छत्र चमर बिञ्जन गहि तोरे ॥
लखि मन्दोदरि उठी रिसाई ॥ दुरी चित्रशाला महँ जाई ॥
अंगद हू घुसि गे तहँ फूले ॥ ॥ बिबिधि चित्र पुतरी लखि भूले
धाइ धरैं पुनि तजैं निहारी ॥ नाचे किमि सुन्दरि बन चारी ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

देखि हँसी सुर कन्या एका॥ गहत बताइ सिनारि अनेका।
तेही देखाई रावण रानी॥ असुर निकट लाये गहि पानी
भूषण बसन परे सब छूटी॥ कामपुरी जनु शिव गण लूटी
आरत बचन पतिहि लखि कहई॥ जे जस करै सो तस फल लहई।
सीतहि दियो भूप दुख भारी॥ देखहु निरगति सोचु हमारी।
नारि बचन सुनि उठा रिसाई॥ गये भागि कपि जहँ रघुराई

त्रिभङ्गी छं॰ गे भागि कपीशा तब दशशीसा गहि भुज बीसा धनु तीरा। सँग सेन अपारा चलेउ जुझारा मद मतवारा रणधीरा॥ इन सुर प्रभु तीरा॥ कह्यो अधीरा मेदहु पीरा वेगि भले। कटि कसि पट बाँधा धनु शर साँधा दलन प्रबाधा हेतु चले॥ लखि इंद्र अजाना स्यंदन आना पवन समाना देखि प्रभू। हरि दिन तेहि माहीं चढि सब पाहीं कहो कि नाहीं नीक अभू॥ सुनि सब बनचारी भये सुखारी देखि मुरारी कोप ठन्यो॥ कहि बचन कठोरा धायक घोरा तजि बहु तीरा कीश हन्यो॥ है बिकल पराने सकल ठिकाने लखि अकुलाने बिसिरव भरे। तब राम सुजाना पावक बाना छाँडि नाना सकल जरे॥ दशमुख दीशा हयऊ रथ बिनभयऊ दूसर लयऊ क्रोध जुतं। पुनि सर बर घाटे सब प्रभु काटे निस्चर डाँटे बालि सुतं॥ कटिकटि भट परहीं पुनि उठि लरहीं बल करि धरहीं यक खाले। कोटिन बिन माथा धावहिं साथा कह रघुनाथा सिर बोले॥ धरु धरु धरु मारू पकरि पछारू करहु अहारू कोउ नबचै। अति चंचल कीसा बध बन रीसा जो बागीसा भूलि रचै॥ धाये कपि भालू जनु बपु कालू मारि बिहालू असु किये। नख उदर बिदारें आँत निकारेंलिज

गरु डारें हर्ष हिये ॥ लखि रावण कोपा प्रभु रथ तोपा दे-
खि अलोपा देव डरे। हय मारि गिराये राम उठाये सन्मु-
ख धाये क्रोध किये ॥ कर खेड सर दावा श्रुति तक आवा
तब कर बावा यों बोला। भोजन हित हारू रहत अगा-
रू समर पछारु कयों डोला ॥ सुनि कहीं जु आंहू पूछ-
न जाहूं दश शिर दाहूं की एका। प्रभु सकल बलाये अ-
स कहि धाये जाइ गिराये सिर तेका ॥ फिरि भये नवीने
पुनि प्रभु बीने पुनि हरि दीन्हे पुनि काटे। पुनि पुनि इमि जा-
में राम गिरामें दस दिशि तामें भरि पाटे ॥ जब असुर ति-
साई सांग चलाई लखि रघुराई आपु सही। चहि चल्यो
विभीषण जहँ रिपु तीक्षन बदन सुसी धन नीच गही।
अस कहि लल कारा गदा प्रहारा लगत प्रहारा धरणि
गिरा। मुख ध्वव नलि दाहा शोणित बाहा उठि करि हा-
हा बहुरि भिरा॥ मारे एक एके अस्त्र अनेके हरि बल छ-
के अमित लखा। पवनज तब धायो मारि गिरायो प्रभु ढि-
ग आयो राम सखा॥ रावण हनुमाना मेरु समाना भिर-
त बहाना असुर ठने। नभ सुर मुनि हेरी दुनहुन केरी ज-
य जय टेरी टेरि भने॥ कपि भालु निहारे हनु मति हारे
गिरि तरु धारे सब धाये। लखि निष्ठुर भूपा धरि बहु रू-
पा कीणा अनूपा बिचलाये॥ भागत भट घेरहिं आतुर ते-
रहिं मुख में गेरहिं भुज बीशा। दुरि देव पराने बहुरि पुजाने
रहे ठिकाने अज ईशा॥ ब्याकुल लखि बंदर हँसि कमु-
कंदर सब दस कन्धर नाश किये। पुनि एक निहारा मर्क-
ट धारा धाइ अपारा असुर छिये॥

दो॰ पुनि छाड़े निज बाण प्रभु काल सरिस बध हेत॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

लागे काटन असुर के यथा हाथ तृण खेत॥
सो० सात दिवस दिन राति। बाजेउ घंटा अनुक्रम॥
हरि पूजा की भाँति। भये सुभट संहार सब॥

कुंडलिया घंटा की परमान अब सुनु जेहि संगर बीच। नाग अयुत दश लाख है रथी इड़ सत मीच। रथी इड़ सत मीच लहै पैदल दस कोटी। तब एक नटै कबंध कोटि पर खेचर चोटी॥ खेचर नाचहिं कोटि बिना सिर के निह कंठा। तब राघो के धनुष का बाजत एक घंटा॥

श्लोक नागा नाम युतं तुरंगा नियुतं साहं रथी नार्बुदं॥
पादातां दस कोटि सन्निपतने निर्तत कबंधारव्ये॥
एवं कोटि कबंध नर्तन विधौ नृत्यत्तथा खेचर॥
तेषां कोटिक नर्तने रघुपते कोदण्ड घंटा रवः॥
एवं सप्त दिनिश्च्यातं स्वर्गमृत्ते रसातले॥
भवेन्मूरि भटं नाथ राम रावण संगरे॥

चौ० दशमुख आपुहि जानि अकेला॥ लाग करन माया कर खेला॥ भूत पिशाच प्रेत बैताला॥ अमित जंतु प्रकटे तेहि काला॥ लीन्हे धनुष सिली मुख चोखे॥ मारु मारु धरु बोलहिं रोखे॥ नितहिं करहिं रुधिर कर पाना॥ गहे कपाल योगिनी नाना॥ मुख पसारि दौरैं हम खावा॥ भागे कपि तहँ देखहिं दावा॥ ऊपर ते बरषैं बहु बालू॥ भये थकित सब मर्कट भालू॥ शेष सहित नवाहैं हाथ खरारी॥ सुनि प्रभु माया सकल निवारी॥ देखि सुभट धाये करि हूहा॥ प्रकटे तेहि कपि भालु समूहा॥ सन्मुख चले बिटप गिरि धारी॥ देखि क्रोध बोले हिय हारी॥ सब मर्कट है गे रिपु घोरा॥ कौन कुशल जो बिधि घर फोरा॥ आपुइ आप लरैं नहिं कोई॥ भागे अब कछु जीति न होई॥ बहुरि हरी माया भगवाना॥ तब तेहि रचे लषण हनुमाना॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

लखिकपि भालु सकहि नहिं मारी॥ घेरेनि रामहि धनुहिं गिर धारी।
डरे देव कपि प्रभु हरषाने॥ पुनि समूह शायक संधाने॥॥
छांड़त रिपु शिर काटन लागे॥ जनु समूह शर ते खग भागे।
रहे पूरि नभ केतु समाना॥ छेदे निकर एक यक बाना॥ ॥
लोक लोक गिरि गिरि बन जहईं॥ भयो राम रावण रण तहईं॥
सुर नर नाग सबै अकुलाने॥ जाइ कहा कोउ सुखद ठिकाने
मारु मारु धरु धरु शिर बोलैं॥ कालब्याल से रवेदे डोलैं॥
प्रभु काटत शिर बारहिं बारी॥ मनहुं अनार उडै फुलझारी।
सो॰ यहि विधि छीनत माथ बीते अष्ट दिवस तब॥
बोले श्री रघुनाथ। सुयश देन हित घटज से॥
इति श्री विश्राम सागर सब मत आगर ग्रंथ उजागर श्री रघुनाथ दास
राम सनेही कृत राम रावण समर वर्णनो नाम
अष्ट विंशो ऽध्यायः २८॥
दो॰ सुमिरि राम सिय सन्त गुरु गणप गिरा सुखदानि॥
सार रमायण केर मत कहौं इतिहास बखानि॥
चौ॰ नाथ थकित भे भुजा हमारे॥ तदपि असुर मरत नहिं मारे।
ताते यतन करहु जेहि छीजे॥ कह अगस्त मुनि प्रभु सुनि लीजे
प्रथम तुम्हारे पितर दिनेशा॥ जासु प्रताप विदित सब देशा
तिनकी विनय करहु कर जोरी॥ होइ विजै आनंद बहोरी॥॥
सुनि प्रभु देन बड़ाई हेता॥ बोले रवि दिशि प्रीति समेता॥

## भुजंग प्रयात छंद

नमो मार तंडं प्रचंडं नमारी॥ नमो कल्मषा मेदुरबालं कहारी।
नमो भानु मे पातु प्राच्यां दिवासं। नमो पातु वेदांगजाम्याले नाशं
नमो पातु ता पेन्द्र देव प्रतीचं। नमो मे रविं रक्ष रक्षेदुदीचं॥
नमो रश्मि गर्भ सिर ईशान देशं। नमो संयमा पातु देखे सुवेषं॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

नमो पातुनैऋत्य हीरन्य रेतं। नमो पातु वायव्य देवार्क मेतं॥
नमो मित्र मूर्द्धो निसे धिष्णु मर्ड्डं। नमो चारुतां पातु सर्वत्र बड्डं॥
नमो मातु सर्वांग सुर्या सतोयं। नमो जन्म मृत्यु जरा व्याधि भेयं॥
नमो धर्म का मार्थ निर्वान दाता। नमो दोष दारिद्र संताप हाता॥
नमो विश्व भूतात्म भूतात्म भूपं। नमो ज्ञान विज्ञान रूपं अनूपं॥
नमो लोक नाथादि मध्यांत शेकं। नमो तीव्र तेजार्क नामं अनेकं॥
नमो मेक चक्रं रथं दिव्य गामी। नमो कंद कालज्ञ कारुण्य स्वामी॥
नमो निर्मलं निर्विलोकं विरालं। नमो भूधिलं भूषणं रत्नजालं॥
नमो स्वर्ण संकाश माकाश वासी। नमो सज्जनानंद दा वेग रासी॥
नमो सुक्ष्म भावित्त प्रागल्भमीसं। नमो ब्रह्म विद्या विभो वैबली सं। नमो त्रैगुणं त्वं त्रिमूर्ति त्रिकालं। नमो त्वं तुरीयं निरीहं निरालं॥ नमो स्त्व सुरा सुर भू ता सेव्य मानं। करो सो कृपा ज्यों तज्यों शत्रु प्रानं॥ यही बीनती दास रघुनाथ की है। यथा बाल बानी लेहो जानि ही है॥

श्लोक सूर्याष्टकं जे शुभिदं पठे नराः मध्यान्हकाले शुचि नेम युक्तः नश्यन्ति सर्वा निरुजानि तस्य प्राप्नोति सो दाथ जया भि रामं॥

चौ॰ यहि विधि करि बिनती जगदीशा। छांड़े शरि युदीसि एक तीसा॥
यक भार नाम सरा मृतसो बा॥ बीस भुजा काटे करि रोषा॥
दस शिर काटि दसौं दिशि माहीं॥ धरि आये रघुनन्दन पाहीं॥
बिन भुज शिर धावा करि कोपा॥ कहां राम रण कहहु अलोपा॥
तब प्रभु काटि किये युग खंडा॥ गिरत भूमि हाल्यो ब्रह्मंडा॥
तासु तेज प्रभु बदन समाना॥ देखि देव नभ हने निशाना॥
जय धुनि पूरि रही चहुं वोरा॥ तिन मधि कोशल राजकिशोरा॥
कुसमित किंसुक तरु के बीचा॥ राजत तरु तमाल जनु सींचा॥

जटा मुकुट सोहत मुनि चीरा॥ कर कमलन फेरत धनुतीरा
राजिव दृग करि क्रिया निहारो॥ सुरनर मुनि सब भये सुखारे
यह छवि सुखद बसै उर जासू॥ मोह असुर तब होइ बिनासू
पति बध सुनि मैजादिक रानी॥ आईं तहँ शिर पीटत पानी
रावन गति लखि देह बिसारी॥ लागी कहन तासु गुण भारी
जेहि भुजबल जीतेउ सुर सबहीं॥ नन सुरह किहेउ सकल सहाली
सोइ वपु बाहु स्वान शिव खाहीं॥ राम बिमुख कछु अचरज नाहीं
जासु कर्म फल चाहिय सोका॥ तदपि कृपाल दीन निजलोका
देखि बिभीषण हूँ दुख पावा॥ प्रभु प्रेरित लछिमन समुझावा
अनुज क्रिया कीन्ही जस चाही॥ द्वितिया दिन आये प्रभु पाहीं
तब रघुपति लिय बोलि अनंतहि॥ कपि रिच्छप अंगद हनुमंतहि

दो० कह्यो बिभीषण आइ पुरराज देहु जस रीति॥
भलेनाथ कहि आइ शिर कीन्हों तिलक सप्रीति॥
बाजे बाजन बहु किये सुवतिन मंगल गान॥
सहित बिभीषण लखन पुनि आये जहँ भगवान॥

चौ० तब प्रभु कह्यो पवनसुत तेरे॥ जनक सुता हि लावहु हिय मेरे
सुनि पवनज अंगद लंके गा॥ आइ मातु पद नायो शीशा॥
पूछी कुशल कुशल सब भाषी॥ पुनि पवनज बोले मन माषी
मातु तम चरित तोहि दुख दीन्हा॥ तेहि ते इन्हें वही बध कीन्हा
कह सीता जनि मारिय ताता॥ रिछ मनुज की बरणी बाता॥
सुनि सुख सहित बिभीषण भावा॥ षोड़स विधि शृंगार करावा॥
शिबिका सुभग माँझ बैठारी॥ लाये सादर जहाँ खरारी॥
पावक ते प्रगटन के हेता॥ कहे बचन दुर्बाद समेता॥
सुनि जानकी बहुरि दुख पाई॥ लछिमन ते पावक मँगवाई
चिता रचाइ कह्यो तेहि पाहीं॥ रघुपति तजि गति दूसरि नाहीं

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

तौ जल सरिस होउ तुम केशा ॥ अस कहि तामें किये प्रवेशा
विप्र रूप धरि पावक लाये ॥ प्रभुइ सौंपि अस बचन सुनाये ।
राम बाम दिशि आसन दयऊ ॥ देखि भालु कपि हरषत भयऊ ।
लषण राम सिय शोभा रूरी ॥ निरखि सुमन बरषे सुर भूरी ॥
दशरथ सहित राम पहँ आये ॥ लषण सहित प्रभु सीस नवाये
बोले तव प्रसाद रिपु मारे ॥ सुनि बिनती सुर लोक पधारे ॥ ॥
तब बिरंचि बिनती बहु कीन्ही ॥ प्रभु पद प्रीति माँगि सो लीन्ही
आइ बिनै तब कीन पुरारी ॥ भल कीन्हे प्रभु बधे सुरारी ॥ ॥
मन बाँछित वर माँगि सिधाये ॥ तब सुरेश वर बचन सुनाये ॥
नाथ कृपा करि सुर मुनि रंजे ॥ दास जानि सब के दुख भंजे ॥ ॥
अब मोहिं जौन रजायसु देहू ॥ करहुँ सो सुनि बोले प्रभु येहू ।
तात देहु कपि भाल जियाई ॥ दिये जियाय अमी बर धाई ॥
तब लंका पति बचन उचारा ॥ नाथ करिय कछु अंगीकारा ॥
कह प्रभु तोर कोश गृह मोरा ॥ मोर कोश गृह तवन निहोरा ॥
करहु कल्प भरि राज मिरामा ॥ अंत समय आयो मम धामा ॥
पुनि बोले पट भूषण लाये ॥ कपि भालुन चहिये बरताये ॥
कह प्रभु होइ गहरु बिरोधी ॥ मम मन है भरतहि कब देखी
ताते लै अकाश महँ जाहू ॥ देहु बरसि मिलिहै सब काहू ॥
जाइ विभीषण नभ बरसाये ॥ पहिरि पहिरि सब प्रभु पहँ आये
नाना जिनिसि देखि कपि भालू ॥ बिहँसि सकल ते कह्यो कृपालू
तुम्हरे बल मैं रिपुरण जीता ॥ भे लंकेश मिली मोहिं सीता ।
होइ त्रिभुवन सुयश तुम्हारा ॥ पुनि पैहौ पर धाम हमारा ॥
अबहिं जाहु निज निज गृह भाई ॥ सुनि कपि भालु चले हरषाई

दो० सहित जानकी लषण युत यूथप सब लंकेश ॥
पुनि दिन पुष्पक यान चढ़ि चले आपने देश ।

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

लखत लखावत बास निज आये दंडक तीर॥
मिलि घट जादिक मुनिन कहँ पुनि गवने रघुबीर॥

सो० चित्रकूट में आइ। पर तोषे मुनि साधु सब॥
पुनि तीरथ पति पाइ। न्हाइ दान दीन्हो द्विजन॥

चौ० भरद्वाज कहँ मिलि सनमाना॥ सिंगबेर पुनि आयउ जाना
मिला गुहा अति प्रीति समेता॥ पवनज ते कह कृपा निकेता
जाइ अवध भरतहि सुधि देहू॥ तिन के रहसि कहेउ मोहिं तेहू
सुनि चलि भे कपि करि पर नामा॥ आइ रहे तेहि निशि तेहि ग्रामा
इहां सकल शोचहिं पुर वासी॥ आवत हैं की नहिं सुख रासी
रघुपति बिरह अनल सब जाहीं॥ सगुन सभूमि सुभ धीरज धरहीं
अवधि बीच एकहि दिन जानी॥ कौशिल्यादि मातु अकुलानी
फरिा दिन रबि भरगी सह चावा॥ तिसरे पहर गनिक बोल वावा
पग परि पूँछेहु सह अनुरागा॥ सुनि जोतषी बिचारे लागा॥

कुराडलिया तिथि रु पहर संयुक्त करि बारहु तार मिलाय। देइ सात कर भाग जो बचै तासु फल गाइ॥ बचै तासु फल गाइ एकते तेहि अस्थाना। द्वै ते आवन कहत तीनि ते मग में जाना॥ चतुरथ पहुँचे आइ दिग पंचम पुनरावृत्ति विधि। षष्ठे व्याधि समेत मुनि मृतक कहै इमि विसु तिथि॥

दो० यहि बिचार ते जानिये। आये प्रभु पुर पास॥
सुनि सब मातन दान बहु दीन्हे सहित हुलास॥

इति श्री बिश्राम सागर सबमत आगर ग्रंथ उजागर श्री रघुनाथदासराम सनेही कृत लंका कांडे रावण बध और श्री राम अयोध्या आगमन वर्णनो नाम ऊनत्रिंशोऽध्यायः २९॥

लङ्काकाण्ड समाप्तः॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

श्रीगणेशाय नमः

# अथ विश्राम सागर

## उत्तर काण्ड प्रारम्भः

दो० सुमिरि राम सिय सन्त गुरु गणप गिरा सुखदानि॥
सार रामायण केर मत कहौं इतिहास बखानि
रहा एक दिन अवधि का भरत समुझि मन माहिं॥
लागे शोचन विरह बस धीरज आवत नाहिं॥
तेहि अवसर हनुमान तहँ आये विप्र स्वरूप॥
रटत नाम अवलोकि कै बोले बचन अनूप॥
जासु विरह शोचत अहो आवत सो समरत्थ॥
लषण जानुकी सहित सुनि प्रभु हित मिलन भरत्थ॥
तात कह्यो सन्देश जस तस कछु नहिं जो देहुँ॥
तातें ऋनिया आपकर हौं मैं उऋण न लेहु॥
देखि भरत की प्रीति कपि कही राम ते जाइ॥
सुनत चढ़े प्रभु यान चढ़ि पुर ढिग पहुँचे आइ॥
भरत शत्रुहन सहित गुरु पुरजन सचिव समाज॥
लेन सिधाये रघुपतिहि कहिजननिन ते काज॥
जहँ तहँ सुनि पुर नारि नर धाये दरशन हेत॥
एक एक तें कहें तुम देखु कृपा निकेत॥ ॥
कोटिन चढ़ि गिरि तरु अटनि निरखैं व्योम विमान॥
कोटिन मंगल द्रव्य लै करहिं राम गुन गान॥
कुण्डलिया अवध विराजत आजु यामिनी जिमि-

विरहिनि त्रिय वारु। पति आवत सुनि मुदित मन कीन सु तन सिंगारु॥ कीन सुतन सिंगारु कोटि कटि किंकिनि जानो मनि विद्रुम मय भवन अंग प्रति भूषण मानो॥ साजे बसन सुरंग संग सखि चित्र अनेका। पगनूपुर पुर सोर घोर गति बाजन एका॥ चंचल अंचल पानि पताका धुज फहराहीं। ग्राम धाम के लोग सकल धाये प्रभु पाहीं॥ ऊंच अटनि पर छत्र उचकि चितवत मग फूली। कनक कलस कुच प्रगट मोद बस कंचुकि भूली॥ भूली कंचुकि मोद बस नेत्र झरोखा स्वर बबध। थक टक रहे निमेष तजि नारि रूपमय इमि अवध॥

दो० भरतहि आवत देखि प्रभु त्याग्यो तुरत विमानु॥
सन्मुख चले सनेह बस परे धनद पहं जानु॥
प्रथम मिले गुरु द्विजन पुनि गहे भरत प्रभु पाय॥
बलकरि तुरत उठाइ हरि भेंटे हृदय लगाय॥
राम शत्रुहन मिले पुनि भरत लछिमन दोउ॥
पुरवासी छिन में मिले बाल वृद्ध सब कोउ॥
भरत शत्रुहन सीय पद परसे पाय असीस॥
पुनि भेंटे सब कपिन कहं विप्रन सहित मुनीस॥
बाजहिं बाजन विपुल सुर वरषहिं सुमन सराहि॥
द्वार द्वार प्रति आरती करहिं लोग सब चाहि॥
सुनि सुनि धाई मातु सब ज्यों बच्छा हित धेनु॥
प्रथम कैकई भेंटि पुनि मिले सबन सुखदेनु॥
एकै दिन गे सबन गृह सब के भोजन कीन॥
केहू न जानेहु मर्म यह कच उतरावे लीन॥
प्रात सप्तमी दिवस मुनि कह्यो राज पद देन॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

सुनि रघुपति सब ऋषिन ते बोले कोमल बैन॥
नाथ द्रव्य मद राज मद विद्यामद बपु लेखि॥
जोबन मद तहँ राजमद सबते यहै विशेखि॥
तेहि पीने कछु सुख नहीं केवल निरे नेवासु॥
पुनि चंचल नहिं होत निजु ताते चहै न दासु॥
सो॰ नरतन कर फल एक। कहत वेद बुध साधु सम॥
परि हरि काम अनेक। भजे सदा जगदीश कहँ॥
सुनि बोले ऋषिनाथ। तुम बिन अस को कहै प्रभु॥
सो माया तव हाथ। काल कर्म गुण जासु बस॥
जो सुमिरत तव नाम। ते छूटत अभिमानते॥
प्रभु पर पूरन काम। तेहि की होइ श्रीराजपद॥
चौ॰ तेहिते लेहु राज पद राखा॥ पूजे हम सबकी अभिलाखा॥
भले भाखि पट भूषण साजे॥ घर घर मोद बधाये बाजे॥
मंगल दर्वि अनेक प्रकारा॥ लेले धाये अनुग अपारा॥
जोजन एक कनक की छानी॥ तामधि चंद्र वेदिकालीनी॥
ताके बीच महल यक रंभा॥ मनि मे चहुँ दिशि षोडश खंभा॥
कोनेन प्रति सुर तरु तहँ आसन॥ तेहि गृह मध्य रत्न सिंहासन॥
तेहि पर कमल अष्ट दल केरा॥ धरे विविध भाजन चहुँ फेरा॥
गुरु बशिष्ठ शुभसम्वत चाहा॥ तेहि ऊपर बैठन हित काहा॥
कुण्डलिया विप्रन शीश नवाइ के सिंहासन श्री राम॥
बैठे श्री सीता सहित मानो रति युत काम॥ मानो रति युत काम किधौ श्री युत भगवाना॥ किधौं तड़ित युत मेघ किधौं विद्या युत ज्ञाना॥ किधौं सिद्धि युत बृहद रवि कल्प लता प्रद छिप्र। छवि सिंगार श्रम कीर्ति लखि वेदु उच्चरे बिप्र॥ ससि सम छत्र सुकराठकर चँवर

विभीषण हाथ। लषण लिहे आदेश वर अंगद पावन पाय॥ अंगद पावन पाथ पान रिपु दल नप बाँवै। बिंजन करत निषाद भरत सब का ढिग लावै॥ जामवन्त हनुमन्त कर छरी छबीली शक्ति असि। बचन सुधारत तरनि नन चंरनु शिर चंद्रिका शशि॥ नाक नदी गुन मन जटी लटी न छटी अनूप। रटनि उटी नहिं कछु पटी मननि पटी पद रूप॥ मननि पटी पद रूप टहि विघटहि गतिऊपर॥ भटकि मुकर कटि मटकि लटकि पट कहि पग नूपुर। नूपुर पट कहि लटकि छवि लखि मट के बुधि बाक। तान कटी मुनि चट पटी लहे मनुज मुनि नाक॥ जान्यो जब अविशेष की आई घटिका सिष्ट। प्रथमे श्री रघुनाथ सिर कीन्हों तिलक वशिष्ट। कीन्हों तिलक वशिष्ठ अपर सब तिन के पाछे करहिं आरती मातु निछावरि पद अलि आछे॥ विप्रन दीन्हें दान सोई जेहि जो मन आन्यो। नृपन धरी बहु भेंट बंदि त्रिभुवन पति जान्यो॥ तब विरंचि कर जोरि के बोले सन्मुख बयन। जय रघुनाथ अनाथ पति प्रणत पाल सुख अयन॥ प्रणत पाल सुख ऐन मयन छवि कोटि बिराजै। धन्य भाग्य बड़ तासु लखा जिन याहि समाजै॥ लखा समाजै आज मोहि दान देहु निज भक्ति अब। सुनित थास्तु बैठे पुरहु आये मुदित महेश तब॥ बन्दे हं त्वत्पद प्रभो संसृताब्धि दृढ़ पोत। परि भवाब्धि धेयं सदा तीर्थास्पद सुख सोत तीर्थास्पद सुखसोतनुतं कमलजहं रिईशं। प्रणत पाल श्रीश द्रोह भृत्यारत खीसं खीसं कृत अघ वोघ सव्य श्री मुनिमानं दे। गुनामार मैं पातु सततं स्याहं वंदे॥ विप्र रूप धरि वेद तब बोले गिरा अनूप। जय जग दीश अजीस पति निर्गुण सगुण सरूप॥ निर्गुण

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

सगुण सरूप भूपभव पार उतारण। जे नर तजि तव भक्ति पचत जग सुखके कारण॥ सुर दुर्लभ तनु पाइ ते पत तनर्कम-हं छिप्र। चरण कमल रति देहु सुनि सबहि नजाने वि-प्र॥ बोले शिव मित्र तव जय जन वन मन हंस। रघुकुल कुमुद चकोर शशि शिव धनु कृत विध्वंस॥ शिवध-नु कृत विध्वंश वंश सुत असुर निकंदन। जय सुर नर मुनि पाल काल सब दशरथ नन्दन॥ दशरथ नन्दन भक्ति देहु निज मोहिं अडोले। तब तहं बाल सरूप आइ सन कादिक बोले॥ जय भगवन्त अनन्त अज अनघ अनामें एक। करुणा सिंधु सर्वज्ञ धिव सुख प्रद नाम अनेक॥ सुख प्रद नाम अनेक कर सतत पावन कारी। काम क्रोध मद मोह लोभ गज सिंकव खरारी॥ जगद धिता रन पोत दिद कहत सुनत हरि लेत भय॥ बसहु सदा मम उर अयन सीता लषण समेत जय॥ कह वशिष्ठ कर जोरि तव जय प्रभु रूप तुमार। वचन अगोचर बुद्धि पर जाने कहा गंवार॥ जाने कहा गंवार परम धर सके नजानी। प्रगट विष्णु अवतार वेग निज कीन्हिनि हानी॥ शिव अरधंगिनि दक्ष आ-श्रम बस बहु संकट सहा। खग पति काग भसुण्ड से भूले तो जड़ नर कहा॥ सगुण सरूप भूपभव पार उतारण।

दो॰ आपु जना बहु जाहि सो बिन श्रम लेइ पिछानि॥
मम उर करहु निवास नित यहि समाज सुखदानि॥

कुण्डलिया यहि विधि सुर नर नाग नृप सबहिन बि-नती कीनि। तब रघुपति सब कपिन कहं निज पर सादी दीनि॥ निज पर सादी दीनि मुकुट लंका पति पावा। कुंडल लहे मुकुराट आलु हनुमत गर नावा॥ पीताम्बर।

युवराज कहं दीन्हो जामा रिछपहि ॥ औरौ गहन मँगाइ ब-पु बच्यो न कोइ भाँति यहि ॥ सब विधि सवहि प्रसन्न करि बोले मुनिते राम। विपति माँझ ए सखा सब आये मेरे काम ॥ आये मेरे काम नाम जिन केर बतायो। तिनजो कीन पुरुषार्थ ता सुसह प्रीति सुनायो ॥ भरतहु ते मोहिं अधिक प्रिय देहुँ कहा अस कवनि निधि। लषण चरित का कहहुँ जिन सेवा कीन्ही सकल विधि ॥

सो० सुनत सभा हरषानि। जय कहि सुर बरषे सुमन ॥
प्रणत सुखद प्रभु बानि। पहिरे पट भूषण बहुरि ॥

छं० पुरवासी नर नारि जे कहैं कि आज विशेषि। नयन सफल करि लीजिये रघुपति छवि देखि। नील जलद मनि सरिस बपु दिनकर मनि सम तेज ॥ कोटि मनो भव ले रुचिर राजत मनि सेज ॥ रतन जटित मनि मुकुट सिर जग मगत अपार। श्रुति कुंडल निज केतु के दीन्हे जनु मार ॥ भृकुटी ललित लिलार में दिहे तिलक सुभास। जनु लाये अलि रवि किरिनि हित कमल प्रकास ॥ चंचल चारु बिशाल दृग मधि प्राण सो हाव। मानहु विवि षंजन लरै सुख करत बराव ॥ श्याम सुकेश प्रसून धर जनु मनि युत नाग। उतरे मुख शशि अमी हित लखि रिपु डर लाग ॥ बिंबा दाड़िम दसन मदि रसन सुरंग। कमल कोस में कुलिस जनु बसे दामिनि संग ॥ मंद हास बोलत मधुर खाये मुख पान। धर कृपा दृष्टि की वृष्टि सों करै अमी समान ॥ कुंबु कंठ कौस्तुभ लसै मुकतन की माल। पयद मध्य सोहीं मनो बग पाँति बिशाल ॥ भुज अरु जानु वर जनु बही युग यमुना धार। धनुशर तट भूषण भँवर

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

कर कंज उदार ॥ असित शयल उपवीत उर बोद्दे उप बीत। लसत पीत झरिला मनो चपला लखि मीत ॥ नाभि छिद्र सित्रिवली सुपथ रोमालि सेवाल। कटि केहरि हरि किंकिणी जनु मुखर मराल ॥ कदलि जंघ युग गुल्फवर नूपुर अनमोल। पुरट पदुम के कलिन में जनु अलिगन बोल ॥ अरुणा चरणा चिर चिन्ह युत युग पद जन स्वाभ। श्याम रक्त हरि रत्ननि जनु वैठे जल दाभ ॥ विधि हरि हर ध्यावत जिन्हें मुनि गन तजि साथ। तिन पायन में प्रीति दृढ चाहें जन रघुनाथ ॥

दो० यहि विधि नख सिख रूप लखि मुदित होइ सब कोइ ॥
एक एक ते आइ गृह बोली बूझेउ सोइ ॥

चौ० हे सखि आजु राम छवि देखी ॥ नयनन मम परि हरी निमेषी
तहं पुनि बसब अंग प्रभु केरे ॥ अद्भुत रचना हेरी नेरे ॥ ॥
युगल कंज दस दल तिन माहीं। बसत मराल उड़त ते नाहीं
पिक बक कीर लाल मिलि डोलें। बैठे घेरि चहूं दिशि बोलें ॥
तिन के मध्य मयन रथ केरे ॥ चक्र विराजत मनि मय हेरे ॥
कमल नाल रति गलकी हासा ॥ रंभा तरु तेहि ऊपर बासा ॥
तेहि पर गज करि पर मृग राई ॥ दिव्य बसन ते दीन उढ़ाई ॥
हरि पर सर मधि भवरु बिराजे ॥ बिविधि बरण के पंछी राजे
सर पर कनक केर गिरि दोई ॥ तिन पर रहा नील घन सोई ॥
तेहि पर सुमन पंचरंग फूले ॥ तामधि बैठि परेवा भूले ॥ ॥
तेहि पर कुसुम कुसुम परि अलि सुत ॥ तेहि पर युग बिंबा फल अद्भुत
तेहि पर सुक अपांति से लागत भल ॥ लीन्हे पल्लव चोंच सहित फल
सुक तर पिक ऊपर बिबि खंजन ॥ खंजनन पर धन पर शशि रंजन
इत उत दिनमनि उदित सोहाये ॥ मानहुं शशि सहाय हित आये

शशि ऊपर बहु नखत सोहावन॥ इन्दु मइन्दु लसत मन भावन
तेहि पर गिरि गिरि पर बन सोहे॥ तेहि बिच लाल पंथ मन मोहे
तेहि पर मनि धर नागिनि देखी॥ तेहि ऊपर दीरघ सरिता पेखी॥
तेहिं ते बही सरित युग जोई॥ जलचर बिपुल बिबिधि बिधि सोई
फूले कमल मिथुन यक संगा॥ कीड़त बिहंग जानि बहु रंगा॥
सुनत सखी सो देखन धाई॥ मुदित भूप के मन्दिर आई॥॥
दम्पति रूप देखि हरषानी॥ आई भवन तोरि तृण पानी॥

**दो०** यहि बिधि सायंकाल भो रहे दीप पुर पूरि॥
मनहुं शेष आये मिलन किधौं धरनि सुत भूरि॥

**चौ०** तब मुनि मुदित रजायसु दीन्हा॥ संध्याबंदन सबहिन कीन्हा
राज सभा पुनि बैठे आई॥ हरषि पहर भरि रयन बिताई।
सेवक आइ कही तब बाता॥ चलहु भवन प्रभु बोलत माता॥
उठे तुरत पुरजन सिरु नाई॥ गे निज भवन रजायसु पाई॥
आये रघुपति जहँ महँ नारी॥ अनुज सिया युत कीन बियारी
अचवन करि पुनि बीरी खादी॥ हनुमदादि जन लिहिनि प्रसादी
बोला सुख चलि सोवहु श्यामा॥ आये तब प्रभु कंचन धामा॥
देखि सखिन हँसि पाइ परवारे॥ मनि मिं उठ सिल्या बैठारे॥
स्रक सुगंध मेवा पकवाना॥ धरे कनक भाजन भरि नाना
सुर नर नाग सुता अनुरागी॥ नृत्य गान मिलि करने लागी।
देखत हीगे सोइ कृपाला॥ लखि प्रभात बोला तब सारता।
उठहु नाथ जग नाथ हमारे॥ बिधि हरि हर मुनि ठाढ़े द्वारे।
मिलि सबहिन कहँ दरशन दीजे॥ याचक सकल अजाचक कीजे
बिहंग बचन सुनि उठे खरारी॥ देखि सखिन आरती उतारी॥
प्रीति सहित दातूनि कराई॥ मिले सबनि पुनि द्वारे आई॥
बिप्रन दान देइ बहु रंगा॥ सेवक सखा अनुज ले संगा॥॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

जाइ कीन सरजू असनाना। देखि लोग सुख लहैं निदाना॥
पूजन करि पुनि मंदिर आये॥ मुदित मातु तब असन कराये
कछुक बार करि सयन कृपाला॥ पुनि सब मिलि आये नृपशाला
राम राज बैठे जब तेरे॥ त्रिभुवन दुःख मिटे सब केरे॥ ॥
काम धेनु भय भूमि सोहाई॥ मांगे मेघ देइं जल आई॥ ॥
चारिहु बरन धर्म निज चरहीं॥ कोउ काहूते बैर न करहीं॥
बाल वृद्ध यौवन नर नारी॥ सबके प्रभु पद प्रीति अपारी॥
रघुपति चरित सुनैं नित कहई॥ परमानन्द मगन सब रहई॥
अजहूं जे हरि पद मन लावैं॥ राम राज कर सुख ते पावैं॥
रघुपति चरित सुनैं जे कहहीं॥ निश्चै ते अव्यय पद लहहीं

दो० राम चरित्र बिचित्र अति कहि कोइ लहे किपार॥
सुख प्रद निज मति सरिस मैं तुम्हे सुनाये सार॥
सुनि हरखे श्रोता सकल धन्य भाग्य निज जानि॥
कहत दास रघुनाथ अब सहित जोरि युग पानि॥
हे प्रभु सीता नाथ तुम जस फुर मायो मोहिं॥
तस मैं भाख्यो ग्रंथ यह सो अरपत हौं तोहिं॥
श्री गुरु देवा दास के चरण कमल धरि माथ॥
राम चरित सुख प्रद कछुक बरने जन रघुनाथ॥

तोमर छं० श्री राम चरन प्रताप। कछु कीन किंचित आप॥ ते-
हि नाथ चरित सिखालि। अब कहत गुरु पर नालि॥ + ॥

कवित्त श्री रामानुज संप्रदाय द्वारा अग्रदास जूको तहां
के महन्त भे गोविन्द राम जानिये। तिन हीं के शिष्य सन्तदा-
स तस्य कृपा राम कृपा राम जूके राम चरन पिछानिये॥ राम
चरण जूके राम जन्न तस्य कान्हर भे कान्हर के शिष्य हरि
राम को बखानिये। हरी राम जूके देवा दासराम नामभाल

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

देवा दास जू के रघुनाथ मोहिं जानिये ॥

दो० इष्ट हमारो राम सिय राम नाम प्रिय भाल ॥ ॥
राम रकार मकार है बिन्दु जानुकी लाल ॥
पावन को पावन करन शिव को धनु सुनि वरौ ॥
सुचि सतन के प्रानहैं राम नाम दोउ वर्ण ॥
विविध ग्रंथ बहुबिध सुमन मम मति मारवी जानि ॥
विश्रामो दधि ग्रंथ मधु कीन इकट्ठे आनि ॥
स्वच्छ मधुर आरोग्य सुचि आवत सब के काम ॥
जतन किहे सह जे मिले नाहिन महँग दाम ॥
कथा रसिक जे संत जिमि गुन ग्राही रस चोर ॥
ते आदरि हैं ग्रंथ यह देखि परिश्रम मोर ॥
लहि हैं सुख सम्पत्ति विविध जेहैं मिटि तिहुँ ताप ॥
चारों युग में प्रबल है रघुपति भक्ति प्रताप ॥

छं० अति प्रबल भक्ति प्रताप सब पर ईश जेहि निज ब-स करे। कलि कालहू हरि भजन करि बहु जीव भव सागर तरे ॥ सर बज्र शंभु बिराग सुनि जप योग तप प्रेमी जने। सठ कोप जामुनि वर्जि शुचि नव नन्द गोपा दिक घने ॥ इमहि नाथ सुरु तरु तरनि नीवा दित्य तम भ्रमहा रेहू। मम मेघ मध्वा चार्य स्वामी बिष्णु वोहिन तारेहू ॥ गुरु निम्ब लाला चार्य्य रामा नन्द श्री रङ्ग रंगियो। पयपान कृत की लाग्र शंकर नाम सुर पारस वियो ॥ जय देव श्रीधर बिन्द मङ्गल ज्ञान देव त्रिलोचनं। भए जासु सेवक आइ श्री पति प्रेम बस दुख मोचनं ॥ पृथ रूप बल्लभ भूप जन जेहि राम सिय दधि मे लखे। विवि सूर कूबा गदा धर हर प्रेम निधि मङ्गल सखे ॥ गति गूढ़ हरि अनु-

करन राजहि आनि पुर आतम दियो ॥ प्रिय लागि कर्मा केरि खीचरि बोलि निजमंदिर लियो ॥ सिय टूक भजि निज सुतन बिसदै प्रभुइ पिय वाई भई । हरि हंस मामाभानजे सद वनिकी कसनी लई ॥ भइ भुवन की आसि सारकी सित केश देवा हित करे । दियो दाह कामध्वज कलेवर आइ जे मल दिशि लरे ॥ घर दीन महि घी गोपकी द्विज हेत चलि साखी भरी । थिर नयो गनिका काज शक्की दास लगि निज उर धरी ॥ सुख पाव सुन्दरि राम कहि रैदासहरिहि बोलायहू । बहु वार राम कबीर हित धनु दीन बरदी लायहू ॥ बिन बीज जामेहु धना को प्राशि सेन हित छुरहरि गही । रघुनाथ माधौ दास जनको सोच कर वायो सही ॥ हरिव्यास देविहि दीनि दिक्षा नर हरी सम धी लई ॥ त्रिपुरारि तत्वा जीव नित्या नन्द नाभा अपनभई ॥ भूगर्भ देव मुरारि गज गोविन्द गिरधर को सखा । गोपाल रूप सनात नानद दीन नग लीन्हे लखा ॥ बिठि लेण लाखा भक्त नरसी खलनि बह पर चै दये । परमार्थ के रसरूप पीपा पतित बहु पावन किये ॥ कोतह्ल केसौं भद मीरा लीन गिर धर में भई । रतना वती कर मैंतिभक्ति गरोशदे छेद करि गई ॥ चतुरंग तुलसीदास पावन रामजस जिन उर धरेहु । कवि कृष्ण लखरा प्रयाग जूड़े युगुल हरि जन आदरेहु ॥ भे और हू बहु सन्त अपवजे अहें आगे होइ हैं । रघुनाथ तिन के चरित सब कहि सके नहिं अस कोइ है ॥ जिमि क्षीर सिंधु अपार खग निज चोच सम भरि पावहीं । तेहि भाँति कवि निज मति सरिस हरि सन्त जन गुन गावहीं ॥ ॥

**कुंडलिया** अहो सन्त भगवन्त गुरु बिनै करहुं मम कान। जहां नमहि सुखदेव मुख बिधि सुख पुनि निर्वान॥ बिधि सुख पुनि निर्वान रिद्धि सिधि सकल धरीजै। जहं राखो प्रभु मोहिं तहां निज पद रत दीजै॥ दीजै पुनि सन्त संग जहं नव गुन सुन वाको लहौं। भक्ति बिमुख कर बदन जनि देख रायो सुख प्रद अहो॥

**चौ०** अयन तीसरे संख्या गाई॥ युग सहस्र नव सै हैं भाई॥ और सततर जानो जोई॥ इतनी है चौपाई सोई॥ ॥ दोहा पांचसै साठि सब जानो॥ नव्वै सोरठ सोउ पिछानो॥ है छप्पै बावन यहि माहीं॥ गितिका छन्द चवालिस आहीं॥ चौबोला युग यामे होई॥ मंजु छन्द एक सुन्दर सोई॥ छंदै हैं मुनि कहा सोहाई॥ कुंडलिया माहिं बीस लखाई॥ टोटक एक एक दण्डक जानो॥ कमल एक एक तोमर मानो॥ रोला वेद वेद अशोका॥ रुद्र त्रिभङ्गी छन्द बिलोका॥ एक मालिका यामे भाई॥ संख्या अयन कहा मैं गाई॥

**सो०** महिश्वर छन्द जो एक। युग नराच छंद अहैं॥
भुजग प्रिया ता एक। एक कवित यामें बिशद॥

**दो०** जो कछु देख्यो चूक मम छम्यो जानि अज्ञान॥
पराधीन जग जीव सब ज्ञानी इक भगवान॥

इति श्री बिश्राम सागर सब मत आगर ग्रंथ उजागर श्री मज्जगज्जनन जनक जानकी रामस्यानुगानुगोहं श्री रघुनाथदास राम सनेही निर्मित बिश्राम सागर ग्रंथः समाप्तः॥

(१)

| | | | |
|---|---|---|---|
| कमल<br>महादेव<br>हंस | कुन्द<br>धर्मराज<br>गरुड़ | निवारि<br>हनुमान<br>पपीहा | दुपहरिया<br>इन्द्र<br>गीध |
| बेला<br>राम<br>मैना | केवड़ा<br>गणेश<br>कोयल | गुल्दावदी<br>शनिश्चर<br>खूसट | पियावासा<br>भैरों<br>बया |
| कलगा<br>भरत<br>टीटीरी | सुदर्शन<br>पवन<br>सरदूल | गुल्मेहदी<br>जल<br>खड़रैचा | नरगिस<br>शारदा<br>चंडूल |
| कंदथल<br>अन्न<br>गरगवा | मरुवा<br>शुक्र<br>कटनास | गुलफिरङ्ग<br>अश्विनीकु०<br>तूती | सेवती<br>स्वामका०<br>सारस |

(२)

| | | | |
|---|---|---|---|
| गुलाब<br>हरि<br>सुवा | निवारी<br>हनोमान<br>पपीहा | कदम्ब<br>सूर्य<br>होरिल | दुपहरिया<br>इन्द्र<br>गिद्ध |
| बेला<br>राम<br>मैना | मोतिया<br>कृष्ण<br>बाज | गुलाचीन<br>प्रद्युम्न<br>सुरेला | गुल्दावदी<br>शनिश्चर<br>खूसट |
| चमेली<br>ब्रह्मा<br>काग | जूही<br>पावक<br>चकोर | अनार<br>नरसिंह<br>तीतर | गुलाबास<br>बृहस्पति<br>शारदूल |
| कलयर<br>अन्न<br>गरगवा | मरुवा<br>शुक्र<br>कटनास | नरगिस<br>शारदा<br>चंडूल | गुलफिरङ्ग<br>अश्विनीकु०<br>तूती |

(४)

| | | | |
|---|---|---|---|
| चाँदनी<br>सीता<br>लाल | कुन्द<br>धर्मराज<br>गरुड़ | गुल्लाला<br>गुरुजन<br>कठफोरा | मोतिया<br>कृष्ण<br>बाज |
| चमेली<br>ब्रह्मा<br>काग | निवारी<br>हनुमान<br>पपीहा | कलगा<br>भरत<br>टिटीरी | गुलमेहदी<br>जल<br>खड़रैचा |
| गुड़हल<br>देवी<br>महरि | जूही<br>पावक<br>चकोर | केतकी<br>मुनि<br>बटेर | सेवती<br>स्वामका०<br>सारस |
| कनेर<br>अन्न<br>गरगवा | मरुवा<br>शुक्र<br>कटनास | गुलाबास<br>बृहस्पति<br>सारदूल | गुलफिरङ्ग<br>अश्विनीकु०<br>तूती |

(८)

| | | | |
|---|---|---|---|
| गेंदा<br>लक्ष्मी<br>बकुला | केवड़ा<br>गणेश<br>कोयल | कदम्ब<br>सूर्य<br>होरिल | दुपहरिया<br>इन्द्र<br>गिद्ध |
| गुल्लाला<br>गुरुजन<br>कठफोरा | मोतिया<br>कृष्ण<br>बाज | पियावा०<br>भैरों<br>बया | नरगिस<br>शारदा<br>चंडूल |
| कलगा<br>भरत<br>टिटीरी | चम्पा<br>बुध<br>बुलबुल | केतकी<br>मुनि<br>बटेर | सेवती<br>स्वामका०<br>सारस |
| कनेर<br>अन्न<br>गरगवा | अनार<br>नरसिंह<br>तीतर | गुलाबास<br>बृहस्पति<br>शारदूल | गुलफिंरग<br>अश्विनीकु०<br>तूती |

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| हरिसिंगार<br>चन्द्रमा<br>कबूतर | सुदर्शन<br>पवन<br>भरदूल | गुलाचीन<br>शत्रुहन<br>मुनैला | गुल्दावदी<br>शनीचर<br>खूसट | अंगुली रख कर इस प्रश्न को निकालते हैं ॥ |
| गुडहल<br>देवीजी<br>महरि | गुल्मेहदी<br>जल<br>खडैचा | पियावा॰<br>भैंरौं<br>बया | नरगिस<br>शारदा<br>चंडूल | १ २ १३ ८ २६ २४<br>३१ २३ २८ ११ ७ |
| जूही<br>पापक<br>चकोर | चम्पा<br>बुध<br>बुलबुल | केतकी<br>सुरवर<br>बटेर | सेवती<br>स्वामका॰<br>सारस | १७ १४ २० २७ (१९ or ९)<br>६ १८ ४ २२ ५ |
| मरुवा<br>शुक्र<br>कारनास | अनार<br>नरसिंह<br>तीतर | गुलाबास<br>बृहस्पति<br>शारदूल | गुलाफे॰<br>अश्वनीकु॰<br>तूती | ३ २९ १६ ९ ३०<br>१५ १० १२ २५ २१ |

श्रीगणेशायनमः

बंदि गणाधिप शारदा राम सिया गुरु बिष्णु ॥
हरि प्रेरित रघुनाथ जन बरणत मानस प्रश्नु ॥१॥
कह महेश प्रभु पद कमल भजकुरि भेष मराल॥
ह्वै है मंगल लाभ बहु मिटिहै सब दुख हाल॥२॥
जैसा रंग गुलाब का तैसा यह संसार ॥ ॥
कह हरि मति भूले सुवा यामें दुक्ख अपार॥३॥
पढ़ि मैना बैदि में परयो अबते सुमिरहु राम॥
जब वह बेला आइहै तबहीं सरि है काम ॥४॥
कह सिय पिय गुन लाल से सुयश चांदनी छाय॥
सिलत मोद गावत सुनत गनत बिपति सब जाय॥५॥
कुंद सरिस तन आउ बढ़ि लखि मराल कुल नीक॥

कहत धर्म करि गरुड़ पति भजे होइ सब ठीक ॥ ६ ॥
काक भक्ष को त्यागि के लीन चमेली बास ॥ ॥
कह बिधि ग्रस सत संग है करु पूजी सब ग्रास ॥ ७ ॥
सुमिरि नाम चातृक सरिस मनका मैल निवारि ॥
कर तल तेरे चारि फल कह हनुमान पुकारि ॥ ८ ॥
जिन करि तू सुख चहत है तिनते होई दुक्ख ॥
बक गेंदा सम कुटिल तजि श्री पति सन मुख सुक्ख ॥ ९ ॥
बुद्धि मान गणपति सरिस बो लत कोकिल बैन ॥
भजहु हरिहि है केवड़ा तुम सम को सुख ऐन ॥ १० ॥
मित्र मिली होरिल मिली सम्पति मिली कदंब ॥
भूलेहु जनि रघुनाथ को मतिहि दुखायो ग्राम्ब ॥ ११ ॥
कीन क्रिया जिमि गीधि की तज्यौ इन्द्र सुत जानि ॥
तासु चरन दुप हर सरिस भजु तू सुख की खानि ॥ १२ ॥
सेवहु गुरु जन प्रीति करि फूली मुद गुल्लाल ॥
कह फाखता सम रिपु मिटी मिली सुहृद सुत बाल ॥ १३ ॥
भरत रहनि धरु हृदय महं तजु टीड़ी सुत मूल ॥
कलगा भक्ति बढ़ाइये निशि दिन मंगल मूल ॥ १४ ॥
गई नाहि ग्रब भरवे मति रही ते भजु नंदलाल ॥
काल बाज सिर सूझ नहिं परयो मोतिया जाल ॥ १५ ॥
कर्म कृषी भलि कीजिये जेहि उपजे सुख ग्रन्न ॥
सुगहि गरगवा जीवतब होइ नकं दयल मन्न ॥ १६ ॥
साम परेवा काल रवे करु तू हरि शृंगार ॥
देखु नयन भरि सुखद छबि एहि ग्रब सर एहि बार १७ ॥
भरुही के अंडा बच्चे बच्यो पवन सुत जानि ॥
तिमि तू बचि सुख भोगि है सुमिरु सुदर्शन पानि ॥ १८ ॥
गुल्ला चीन कर हार करि रिपु हंतहि पहि गाड ॥
पैहे बिजै बिनोद यश मोर तोर मति गाड ॥ १९ ॥
बसे शनीचर पायतेहि फिरे दावरी जेस ॥
बिन हरि सुमिरे सुख नहीं खोउ नखूसट लैस ॥ २० ॥
गुड़ हल सम तन हरि भगति देही शीस चढ़ाइ ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

होइ सिद्धि कल्याण जेहि महरि सुवन यश गाउ ॥ २१ ॥
दुख सुख आवत समय पर ज्यों खंजन ऋतु पाइ ॥
आनंद जल बरषत उठी गुल्मेहदी हरि आइ ॥ २२
जूही अपने मित्र हित पावक खात चकोर ॥
जो हरि सुमिरै प्रीति ते क्यों न होइ भल तोर ॥ २३ ॥
नारि खेहरिया सरिस है छू मति मन कट नाश ॥
मरुवा एकरि भुलाइ है काबि कौड़ी की आश ॥ २४ ॥
ज्यों मधुकर चंपहि तजै त्यों तू तजि यह काज ॥
बुलबुल से लड़ि आइ हौ कह बुध फिरि बन राज ॥ २५ ॥
बिन बर्षा खन समुझि घर दीन्हे बयन बिसारि ॥
धिया बास तव तिमि तजा भैरों आस निवारि ॥ २६ ॥
तीतुर त्यागे प्राण निज गा अनार तरु सूखि ॥
नर सिंह को करु आदि अब तू मति काहुइ दूखि ॥ २७ ॥
सुमिरि शारदा के चरण चढ़े न क्यों चंडूल ॥
नरगस करि क्या करहिंगे जो ईश्वर अनुकूल ॥ २८ ॥
रहिये रहनि बटेर की चहिये सुयश गजारि ॥
लहे केत की बास किमि मुनिवर कहत बिचारि ॥ २९ ॥
शारस बद को आदि करु है सो मंगल खानि ॥
स्याम कार्तिक रटत जेहि शंभु सेवती मानि ॥ ३० ॥
गुला बास की आस तजि शार दूल को ध्याउ ॥
होई सुख परदेश में कहत रहस्यति जाउ ॥ ३१ ॥
गुल फिरंग फूली बिपनि भई रूपरा के दवि ॥
कह रवि सुत हरि बिन वृथा तूती बोले गर्वि ॥ ३२ ॥
श्री गुरु देवा दास के चरण कमल धरि माथ ॥
बरणौं मानस प्रश्न यह पूरण जन रघुनाथ ॥ ३३ ॥
देव सुमन अरु खगन के नाम जानि यक तीस ॥
पंच धाम कोठा असी अंक पाँच तिन शीस ३४ ॥
सकल सुनावे नाम जो धाम मध्य ठहराइ ॥
अंक जोरि दोहा समुझि सगुन हिं देउ बताइ ॥ ३५ ॥

। इति ।

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

| नामकिताब | नामकिताब | नामकिताब |
|---|---|---|
| छन्दोर्णविपिंगल | दोहावलीरत्नावली | ज्ञानचालीसी |
| कविकुलकल्पतरु | गोकर्णमहात्म | मनमौजचरित्र |
| रसराज | हनुमानबाहुक | सौदागरलीला |
| सतसई सटीक | जनकपच्चीसी | बिनय प्रकाश |
| सभाविलास | बनयात्रा | वैद्यकवेदान्तआदि |
| तुलसीशब्दार्थप्रकाश | कल्पसूत्र | योगवाशिष्ठ |
| प्रेमरत्न | समरविहारविंद्रावन | प्रवोधचन्द्रोदयनाटक |
| युगलविलास | विहार विंद्राबन | सांख्य तत्त्व कौमुदी |
| चित्रचन्द्रिका | अनेकार्त्थकोष | रामाभिषेक नाटक |
| बारहमासा बलदेव प्र- | स्त्री दर्प्पण | कैवल्य कल्पद्रुम |
| साद कृत | शृङ्गार प्रकाश | आनन्दाऽमृतवर्षिणी |
| जगद्विनोद | शंकरदिग्विजयभाषा | निघण्ट भाषा |
| रागप्रकाश | ब्रह्मसार | अमरविनोद |
| लावनीवशेरबनारसी | परमार्त्थसार | वैद्यजीवन |
| शृङ्गारबत्तीसी | बारहमासाफ़क़ीरअ- | औषधसंग्रहकल्प- |
| शिवसिंहसरोज | लाबरव्स | वल्ली |
| नानार्थनौसंग्रहावली | सुन्दरीचरित्र | अमृतसागर |
| शनिश्चरकीकथा | रामकलेवा | अमृतसागरवड़ी |
| ज्ञानमाला | गंगालहरी | वैद्यमनोत्सव |
| गोपीचंदभरतरी | कथाचित्रगुप्त | ज्योतिष |
| कथाश्रीगंगाजी | भजनावली | जातकचन्द्रिका |
| अवधयात्रा | कृष्णबाललीला | जातकालंकार |
| भरतरीगीत | कायस्थदर्प्पण | सैवका भरण |

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

| नाम किताब | नाम किताब | नाम किताब |
|---|---|---|
| ज्ञान स्वरोदय | याज्ञवल्क्य स्मृति | जातकालङ्कार |
| रमल सार | व्रतार्क | षट् पञ्चाशिका |
| इन्द्रजाल | निर्णयसिन्धु | मुहूर्त्त गणपति |
| सामुद्रिक | लघु कौमुदी | मुहूर्त्त चिन्तामणि सटीक |
| मुहूर्त्तचक्र दीपिका | सिद्धान्त चन्द्रिका | मुहूर्त्त मार्त्तण्ड सटीक |
| संस्कृत पुराण स्मृति | अमरकोष प्रथम कांड | मुहूर्त्त दीपक |
| व्याकरण इत्यादि | अमरकोष भा-टी-स- | होरा मकरन्द |
| श्री मद्भागवत पुराण | सन्ध्योपासन | शीघ्र बोध सटीक |
| मार्कण्डेय पुराण | संग्रह शिरोमणि | **मुतफ़रक़ात** |
| भविष्योत्तर पुराण प- | शिवार्च्चन | विश्वविनय |
| म द्वितीया | कायस्थ कुल भास्कर | अक्षरावली |
| श्री सत्यनारायण कथा | कायस्थ धर्म निरूपण | स्वयम्बोध |
| भगवद्गीता | मथुरा सभा | ज्ञान चालीसी |
| श्री भगवती गीता | तुलसी तत्त्व भास्कर | बाला बोध |
| भगवद्गीता विष्णु सह- | श्री गोपाल सहस्रनाम | विद्यार्थी की प्रथम पु- |
| स्रनाम सहित | शार्ङ्गधर सटीक | स्तक |
| दुर्गापाठ सटीक | गीत गोविन्द भा-ति-स- | गणित काम धेनु |
| दुर्गा पाठ स्तोत्र | **ज्योतिष** | लीलावती भाषा |
| महिम्न स्तोत्र | जातका भरण | पटवारियों की पुस्तक |
| अपराध भञ्जन स्तोत्र | पाराशरी सटीक | चार भाग |
| मनुस्मृति उर्दू टीका स- | वृहज्जातक सटीक | पद्मावत |
| हारीत स्मृति | लघु जातक | **इति** |

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

Anek
91

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri